दैनिक सच्चाई की जंग

# लोकमित्र

वर्ष : 31 | अंक :107
प्रतापगढ़ | मंगलवार, 18 फरवरी-2025
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवान

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

# दिल्ली-एनसीआर में कांपी धरती

● वैज्ञानिकों ने कहा, नई दिल्ली के निकट ही रहा केंद्र, रिक्टर स्केल पर मापी गई 4.0 तीव्रता

## ▶▶ भूकंप के तेज झटके से दहशत में आकर घरों से बाहर निकल आए लोग



**नई दिल्ली (एजेंसियां)।** राष्ट्रीय राजधानी और आस-पास के इलाकों में सोमवार सुबह लगभग 5.36 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये। अचानक धरती हिलने से लोग दहशत में आकर घरों से बाहर निकल आए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4 मापी गई। कुछ लोगों ने भूकंप के बाद तेज आवाजें भी सुनने की बातें कहीं। हालांकि किसी नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

सोमवार भोर लगभग 5.36 बजे अचानक लोगों ने धरती में कंपन महसूस की। इससे दहशत में आकर लोग घरों से बाहर निकल आए। भूकंप के झटके इतनी तेज थे कि घरों से बर्तन नीचे गिरने लगे और घरों में भी जबरदस्त कंपन हुआ। अमेरिकी संस्था यूएसजीएस ने भी दिल्ली-एनसीआर में भूकंप आने की पुष्टि की। इसके मुताबिक 280 से अधिक लोगों ने सोमवार तड़के भूकंप के झटकों की सूचना दी। धरती में कंपन के बाद भूकंप की पुष्टि नेशनल सेंटर फार सिस्मोलॉजी (एनसीएस) ने भी की। इसका केंद्र 28.59 अंश उत्तरी अक्षांश और 77.16 अंश पूर्वी देशांतर पर था, जो जमीन से मात्र पांच किलोमीटर नीचे था।इस बीच वैज्ञानिकों का कहना है कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आया भूकंप इस क्षेत्र की भूगर्भीय विशेषताओं में प्राकृतिक कारणों से होने वाले बदलावों का परिणाम था। टेक्टोनिक प्लेट्स भूकंप की वजह नहीं रही। वैज्ञानिकों के मुताबिक भूकंप का केंद्र दिल्ली के धौला कुआं इलाके में जमीन से सिर्फ पांच किलोमीटर नीचे था। ऊपरी सतह पर ही भूकंप का केंद्र होने से झटके बेहद तेज महसूस किए गए।बता दें कि दिल्ली के धौला कुआं क्षेत्र में साल 2007 में भी 4.6 तीव्रता का भूकंप आया था।

हालांकि, उसका प्रभाव सोमवार के भूकंप जितना महसूस नहीं किया गया था। साल 2007 में आए भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में था। वैज्ञानिकों का कहना है कि दिल्ली भूकंपीय क्षेत्र के तहत आती है, जहां भूकंप का खतरा ज्यादा है इसके साथ ही हिमालय रेंज में भूकंप के खतरे के चलते भी यहां भूकंप का खतरा बना रहता है। दिल्ली ऐसा क्षेत्र है जहां मध्यम से लेकर खतरनाक स्तर तक के भूकंप आ सकते हैं।

### सहमे लोग बोले, ' जैसे ट्रेन का डिब्बा हिलता है, ठीक वैसे हिल रहे थे मकान'

देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार को आए भूकंप के झटकों को लेकर लोगों ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि भूकंप के झटके महसूस किए जाने के बाद वो अपने घरों से बाहर निकलकर खुले स्थान में आ गए। यह काफी डरावना था।गाजियाबाद के इंदिरापुरम में रहने वाले अजय कुमार भूकंप ने बताया कि यह भूकंप 5ः36 मिनट पर आया। जिस तरह से ट्रेन का डिब्बा हिलता है, ठीक उसी प्रकार से हमारा पूरा मकान हिल गया, हमारी पूरी छत हिल गई। एक पल के लिए हम और हमारा पूरा परिवार घबरा गए। भूकंप के झटके महसूस किए जाने के बाद हमारे बच्चे उठकर बैठ गए।लोग बोले, भूकंप के झटके महसूस किए जाने के बाद हमारे बच्चे काफी घबरा गए। इसके बाद हम सभी घर से बाहर निकल गए।

### बिहार में भी भूकंप के तेज झटके, लोगों में दहशत का माहौल; घरों से बाहर निकले

**पटना (आरएनएस)।** दिल्ली-एनसीआर में सोमवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप के तीव्रता चार मापी गयी। वहीं, बिहार के सिवान में भी सुबह 8ः02 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.0 रही।

## प्रयागराज, काशी और अयोध्या ने दिखाया भारत का पोटेंशियल - मुख्यमंत्री



**लखनऊ,(हि.स.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि अपनी संस्कृति और परंपराओं को सम्मान देकर किस तरह देश की एकता और आर्थिकी को प्रोत्साहित किया जा सकता है, यह महाकुम्भ के अवसर पर सहज ही अनुभव किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में अयोध्या, काशी और प्रयागराज में जिस प्रकार श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है, उसने भारतीय संस्कृति को नई पहचान तो दी ही है, अर्थव्यवस्था को भी बड़ा बूस्ट दिया है। अयोध्या, काशी और प्रयागराज ने भारत के पोटेंशियल को दर्शाया है। मुख्यमंत्री योगी, सोमवार को महाराष्ट्र से आये %युवा उद्यमियों से संवाद कर रहे थे। युवा भारत संस्था के तत्वावधान में मुंबई के औद्योगिक घरानों से जुड़े उद्यमी संवाद में शामिल हुए। संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ पर उंगली उठाने वालों को भी करारा जवाब दिया। बोले कि, महाकुम्भ का विरोध करने वालों से हमारी इकॉनमिक्स बेहतर है। उन्होंने उद्यमियों से पूछा कि अगर केंद्र व राज्य की तरफ से मिलकर 7500 करोड़ रुपये खर्च करके अर्थव्यवस्था में तीन से साढ़े तीन लाख की अतिरिक्त वृद्धि हो सकती है तो कौन सा सौदा सही है। उन्होंने कहा कि अयोध्या, प्रयागराज, काशी, चित्रकूट, गोरखपुर, नैमिषारण्य में बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर है। अयोध्या में सड़क चौड़ीकरण, इंटरनेशनल एयरपोर्ट निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम के दौरान यह लोग विरोध कर रहे थे, लेकिन जब सरकार ने दृढ़ इच्छाशक्ति से निर्णय लिया तो रिजल्ट सामने है। एक वर्ष में रामजन्मभूमि मंदिर में 700 करोड़ का चढ़ावा आया। इन लोगों को अब यह भी बुरा लगेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महाकुम्भ में अब तक 53 करोड़ श्रद्धालु संगम में आस्था की पावन डुबकी लगा चुके हैं। अगले 9 दिन तक यह उत्सव इसी रूप में चलेगा। यही भारत की पोटेंशियल है।

● ● सर्वदलीय बैठक ● ●

## जनहित के मुद्दों को सदन में रखें, स्वस्थ चर्चा से कराएं प्रदेश का विकास -मुख्यमंत्री

**लखनऊ,(हि. स.)।** विधानसभा का बजट सत्र 18 फरवरी मंगलवार से प्रारंभ होगा। इसके पूर्व सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक हुई।

इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत सभी दलीय नेताओं ने भी हिस्सा लिया।नेता सदन मुख्यमंत्री योगी ने विपक्षी दलों से सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों के नेताओं से कहा कि जनहित के मुद्दों को सदन में रखें एवं स्वस्थ चर्चा कर प्रदेश में विकास को और गति प्रदान करने में सरकार का सहयोग करें।विधानसभा सत्र संचालन के संबंध में विधान भवन में सोमवार को सर्वदलीय बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने की। नेता सदन योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सदन में स्वस्थ चर्चा होनी चाहिए। इससे प्रदेश का विकास भी होता है और जनता की समस्याओं का समाधान भी। जनप्रतिनिधि के रूप में जनता के हित से जुड़े हर मुद्दों पर सदन में सुचारू रूप से चर्चा होनी चाहिए।



सीएम ने कहा कि सदन के संचालन में किसी प्रकार की बाधाएं न आएं, इसका ध्यान सभी सदस्यों को रखना चाहिए।विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने भी सदन के सुचारू संचालन के लिए सभी सदस्यों का सहयोग मांगा।बैठक में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के विधायक बेदी राम, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी से विनोद सरोज आदि मौजूद रहे।

## 19 फरवरी को होगी भाजपा विधायक दल की बैठक, शपथ ग्रहण 20 को




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को होने वाली विधायक दल की बैठक दो दिन के लिए टाल दी है। अब यह बैठक 19 फरवरी को होगी और अगले दिन 20 फरवरी को शपथ ग्रहण समारोह होगा। पहले सोमवार 17 फरवरी को दोपहर 3 बजे विधायक दल की बैठक होने की खबर आई थी, जिसमें दिल्ली के नए मुख्यमंत्री के नाम पर अंतिम मुहर लगनी थी।

हालांकि, सूत्रों का कहना है कि अब बैठक 19 फरवरी को होगी।पहले खबर थी कि दिल्ली के नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह 19 फरवरी को हो सकता है, लेकिन अब यह कार्यक्रम भी एक दिन आगे बढ़ा दिया गया है।सूत्रों का कहना है कि 20 फरवरी को शपथ ग्रहण कार्यक्रम की जिम्मेदारी भाजपा के दो राष्ट्रीय महासचिव देखेंगे। भाजपा महासचिव विनोद तावड़े और तरुण चुग को शपथ ग्रहण कार्यक्रम सह रैली का इंचार्ज बनाया गया है।मिली जानकारी के मुताबिक, सभी 48 नवनिर्वाचित भाजपा विधायक केंद्रीय पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में भाजपा विधायक दल के नेता का चयन करेंगे, जो दिल्ली के अगले मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेगा।दिल्ली के नए मुख्यमंत्री के नाम को अंतिम रूप देने के लिए भाजपा जल्द ही केंद्रीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति करेगी, जो विधायकों से रायशुमारी करके सीएम के चेहरे का ऐलान करेंगे। फिलहाल सीएम की रेस में नई दिल्ली सीट से विधायक प्रवेश वर्मा, दिल्ली भाजपा के पूर्व अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, रेखा गुप्ता और सतीश उपाध्याय के नाम सबसे आगे बताए जा रहेहैं।दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 70 में से 48 सीटें जीतकर अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी (आप) को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया है।

## महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़

● प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन 28 फरवरी तक बंद



**लोकमित्र ब्यूरो**

**महाकुंभ नगर ।** महाकुंभ में आने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन 28 फरवरी तक बंद कर दिया गया है। यात्रियों को किसी भी परेशानी से बचाने के लिए यह फैसला लिया गया है।मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, महाकुंभ मेले के दौरान ट्रेनों में आने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन के अनुरोध पर रेलवे ने संगम रेलवे स्टेशन बंद करने का फैसला लिया है। रेलवे स्टेशन 17 फरवरी (आज) से 28 फरवरी तक बंद रहेगा। प्रयागराज में कुल नौ रेलवे स्टेशन हैं। जिनमें से संगम रेलवे स्टेशन मेला क्षेत्र के करीब स्थित है।बता दें कि महाशिवरात्रि 26 फरवरी को है। इससे पहले ही महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पहुंच रही है। शहर के भीतर और बाहर वाहनों की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। रविवार को छुट्टी होने के कारण से शहर और उसके आसपास के इलाकों में जाम देखा गया था। हालांकि, इस समय ट्रैफिक व्यवस्था ठीक चल रही है। कुछ-कुछ जगहों पर ही जाम की स्थिति है।एडीजी प्रयागराज भानु भास्कर ने रविवार को आईएएनएस से बातचीत की थी। उन्होंने कहा था, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर जो घटना घटी है, वह दुखद है। इस हादसे के बाद कई ट्रेनों को रिशेड्यूल किया गया है, जिस वजह से दिल्ली से चली ट्रेनें काफी देरी से प्रयागराज पहुंची हैं।उन्होंने कहा था, महाकुंभ में खोए हुए यात्रियों के लिए खोया पाया केंद्र बनाया गया है। हर थाने में खोए हुए यात्रियों की रिपोर्ट लिखी जाती है। पुलिस द्वारा रोजाना बड़ी संख्या में खोए हुए लोगों को उनके परिवारों से मिलाने का काम भी किया जा रहा है।एडीजी ने कहा कि प्रयागराज से सटे जितने भी बॉर्डर हैं, वहां पर सुरक्षा बढ़ाई गई है। दिल्ली की घटना के बाद बॉर्डर वाले एरिया में खास ध्यान रखा जा रहा है। पिछले सप्ताह की तुलना में इस बार ज्यादा भीड़ बढ़ी है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।ज्ञात हो कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार देर रात मची भगदड़ में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई थी

## वर्क प्लेस पर सीनियर्स की डांट-फटकार पर क्रिमिनल एक्शन नहीं लिया जा सकताः सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसले के तहत कहा है कि वर्क प्लेस पर सीनियर्स की डांट-फटकार को 'इरादतन अपमान' मानकर उसपर आपराधिक एक्शन नहीं लिया जा सकता है। साथ ही कहा कि ऐसे मामलों में व्यक्तियों के खिलाफ आपराधिक आरोप लगाने की अनुमति देने के नतीजे बुरे साबित हो सकते हैं इससे कार्यस्थल पर आवश्यक अनुशासनात्मक माहौल बिगड़ सकता है। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि महज गाली-गलौज, अशिष्टता, बेरुखी या बदतमीजी आइपीसी की धारा 504 के तहत जानबूझकर अपमान नहीं मानी जाएगी।मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति संजय कड़ोल और संदीप मेहता की पीठ ने स्पष्ट किया कि केवल गुस्से में कही गई बातें, रूखा व्यवहार या असभ्य भाषा आईपीसी की धारा 504 के तहत जानबूझकर अपमान की श्रेणी में नहीं आते। गौरतलब है कि धारा 504 के तहत यदि कोई व्यक्ति किसी का जानबूझकर अपमान करता है, जिससे शांति भंग होने की संभावना हो, तो उसे दो साल तक की सजा हो सकती है। जुलाई 2024 से यह धारा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 352 से बदल दी गई है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला एक 2022 के आपराधिक मामले को रद्द करते हुए दिया।

## चीन दुश्मन नहीं, भारत को बदलना होगा नजरिया : सैम पित्रोदा



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राहुल गांधी के करीबी सैम पित्रोदा ने कहा कि चीन से खतरे को अक्सर बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया जाता है। अब समय आ गया है कि हम पड़ोसी देश को पहचानें और उसका सम्मान करें।

पित्रोदा ने भारत-चीन संबंधों पर अपनी राय रखते हुए कहा कि भारत को अपनी मानसिकता बदलने की जरूरत है और यह धारणा छोड़ने की जरूरत है कि चीन दुश्मन है।उन्होंने कहा कि भारत का दृष्टिकोण हमेशा से टकराव वाला रहा है, जो दुश्मनी पैदा करता है। उनका मानना है कि सोचने का यह तरीका बदलना चाहिए, यह जरूरी नहीं कि हम हमेशा चीन को दुश्मन मानें और यह सिर्फ चीन के लिए नहीं बल्कि सभी के लिए होनी चाहिए।सैम पित्रोदा ने कहा, मुझे नहीं पता कि चीन से क्या खतरा है। मुझे लगता है कि इस मुद्दे को अक्सर जरूरत से ज्यादा बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है, क्योंकि अमेरिका को हमेशा दुश्मन की पहचान करनी होती है।कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि अब सभी देशों को एक साथ आने का समय है। हमें सीखने, संवाद बढ़ाने, सहयोग करने और मिलकर काम करने की जरूरत है, हमें %कमांड और कंट्रोल% की मानसिकता से बाहर निकलना होगा।उन्होंने कहा, चीन चारों ओर है... चीन बढ़ रहा है... हमें इसे पहचानना और समझना होगा। हर देश आगे बढ़ रहा है, कुछ तेजी से, कुछ धीमे। जो बहुत गरीब हैं, उन्हें तेजी से बढ़ना होगा, और जो संपन्न हैं, उनकी वृद्धि धीमी होगी। जो विकसित हैं, उनकी आबादी बुजुर्ग होगी, जबकि विकासशील देशों की आबादी युवा होगी। हमें इन सब चीजों को एक साथ देखना होगा।पित्रोदा की यह टिप्पणी हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई बैठक के बाद आई है, जिसमें भारत-चीन सीमा तनाव पर चर्चा हुई थी।13 फरवरी को हुई एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत और चीन के बीच चल रहे तनाव में मध्यस्थता करने की पेशकश की, जिससे यह संकेत मिला कि अमेरिका स्थिति को शांत करने में अपनी भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

### कांग्रेस ने सैम पित्रोदा के बयान से किया किनारा

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** कांग्रेस ने चीन को लेकर इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा के बयान से किनारा कर लिया हैं। पार्टी महासचिव (संचार) एवं राज्यसभा सदस्य जयराम रमेश ने आज यहां कहा कि सैम पित्रोदा का बयान कांग्रेस का बयान नहीं है।जयराम रमेश ने एक बयान में कहा कि सैम पित्रोदा द्वारा चीन पर व्यक्त किए गए कथित विचार निश्चित रूप से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विचार नहीं हैं।

जयराम रमेश ने कहा कि चीन हमारी विदेश नीति, बाह्य सुरक्षा और आर्थिक क्षेत्र की सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने चीन के प्रति मोदी सरकार के दृष्टिकोण पर बार-बार सवाल उठाए हैं, जिसमें 19 जून 2020 को प्रधानमंत्री द्वारा सार्वजनिक रूप से चीन की दी गई क्लीनचिट भी शामिल है।

## बड़ा फैसला : नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री पर रोक



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की घटना के बाद प्लेटफॉर्म टिकटों की काउंटर से बिक्री को 26 फरवरी तक के लिए बंद कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि भगदड़ के बाद से हृष्ठरु पर किसी भी प्लेटफॉर्म टिकट को जारी नहीं किया जा रहा है। दिल्ली पुलिस ने भी रेलवे स्टेशन पर क्राउड मैनेजमेंट के लिए इंस्पेक्टर रैंक के छह अधिकारियों को तैनात किया है। ये अधिकारी पहले से हृष्ठरु में कार्य कर चुके हैं, जिनमें से कुछ नई दिल्ली रेलवे पुलिस स्टेशन में स्॥ह्र के पद पर भी रहे हैं।गौर हो कि शनिवार रात को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मची थी, जिसके बाद स्टेशन का हालात रोंगटे खड़े कर देने वाले थे। महाकुंभ की तैयारी में स्टेशन पर शाम चार बजे से ही यात्रियों की भीड़ जुटने लगी थी, जिनमें कुछ लोग अपने बच्चों को भी साथ लेकर आए थे। प्लेटफॉर्म नंबर 14 पर इंतजार कर रहे यात्रियों की भीड़ का दबाव दिन-प्रतदिन बढ़ता जा रहा था।इसी के साथ, सटे हुए प्लेटफॉर्म नंबर 13 पर दरभंगा जाने वाली स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस के लिए भी भारी भीड़ जमा हो गई थी। दोनों प्लेटफार्मों पर इतनी भीड़ हो गई थी कि पैरों के लिए जगह ही नहीं बची थी। ऐसा ही नहीं, घंटे भर में लगभग 1500 सामान्य टिकटों की बिक्री भी हो गई, जिससे पूरे प्लेटफॉर्म 13-14 पर भीड़ पहुंच गई थी।

## सोनीपत की अदालत में पेश नहीं हुए अरविंद केजरीवाल

● यमुना के पानी में जहर मिलाने के बयान मामले में अगली सुनवाई 20 मार्च को

**चंडीगढ़, (हि.स.)।** दिल्ली में विधनासभा चुनाव के दौरान हरियाणा पर यमुना के पानी में जहर मिलाने का आरोप लगाकर विवाद में उलझे दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल सोमवार को सोनीपत की अदालत में पेश नहीं हुए। केजरीवाल की जगह उनके वकील भुवेश मलिक कोर्ट पहुंचे थे।सोनीपत में सिंचाई विभाग के एक्सईएन अभियंता आशीष कौशिक ने कोर्ट में याचिका लगाई है।



जिसमें कहा गया है कि 28 जनवरी को यमुना नदी से सटे कई गांवों के लोग सिंचाई विभाग के कार्यालय में पहुंचे। उन्होंने कहा कि यमुना नदी में जहर क्यों डाला। इससे जानवरों और लोगों की मौत हो जाएगी। लोगों से जब कारण पूछा गया तो उन्होंने सोशल मीडिया पर चल रही एक वीडियो क्लिप दिखाई। वीडियो में अरविंद केजरीवाल बयान दे रहे थे कि हरियाणा सरकार ने यमुना नदी में जहर मिलाया है। दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों के अलर्ट के कारण पानी में जहर की जानकारी मिली है। जिसके चलते दिल्ली के लोगों की जान बच गई है।अधिकारी ने याचिका में बताया कि लोगों की बात सुनने के बाद उन्होंने सबको शांत किया। उनसे कहा गया कि वायरल वीडियो में जो कहा जा रहा है, ऐसा कुछ भी नहीं है। पानी में किसी तरह का जहर नहीं है। अरविंद केजरीवाल का बयान गलत है। इसके बाद भीड़ शांत हुई और चली गई।इसके बाद हरियाणा सरकार ने केजरीवाल के खिलाफ बीएनएस की धारा 223 के तहत क्रिमिनल शिकायत फाइल की थी। चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट नेहा गोयल की कोर्ट ने केजरीवाल को आज के लिए नोटिस जारी किया था।

## मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार आज होंगे सेवानिवृत्त, आयोग ने दी विदाई

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** चुनाव आयोग ने कल मुख्य निर्वाचन आयुक्त के पद से सेवानिवृत्त होने जा रहे राजीव कुमार को आज विदाई दी। राजीव कुमार 01 सितंबर 2020 को चुनाव आयुक्त बने थे और 15 मई, 2022 को देश के 25वें मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया था।अपने विदाई भाषण में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए 1.5 करोड़ मतदान अधिकारियों को उनके समर्पण के लिए धन्यवाद दिया।

## रोक के बाद भी बुलडोजर कार्रवाई से सुप्रीम कोर्ट नाराज

● उत्तर प्रदेश सरकार को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया है। इस नोटिस में सुप्रीम कोर्ट ने पूछा है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने कुशीनगर में मस्जिद में तोड़फोड़ करके उनके 13 नवंबर 2024 के आदेश का उल्लंघन किया है। 13 नवंबर 2024 को दिए आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने बिना पूर्व नोटिस और दूसरे पक्ष को सुने बिना तोड़फोड़ कार्रवाई पर रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल कुशीनगर मामले में आगे किसी भी तरह की तोड़फोड़ कार्रवाई पर रोक लगा दी है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए पूछा कि क्यों ने संबंधित अधिकारियों के खिलाफ अदालत की अवमानना करने के लिए कार्रवाई की जाए? सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर आदेश पारित करते हुए कुशीनगर मामले में आगे किसी भी तरह की तोड़फोड़ कार्रवाई पर रोक लगा दी है।



गौरतलब है कि कुशीनगर जिले में प्रशासन ने मदनी मस्जिद के एक हिस्से में तोड़फोड़ की है। आरोप है कि मस्जिद का निर्माण जमीन पर अतिक्रमण करके किया गया। इस महीने की शुरुआत में प्रशासन ने बुलडोजर से मस्जिद के कथित अवैध हिस्से को गिरा दिया। याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि जांच में पता चल गया था कि मस्जिद के निर्माण में कोई अतिक्रमण नहीं हुआ है और एसडीएम की रिपोर्ट में इसका जिक्र है। इसके बावजूद कार्रवाई की गई।

याचिकाकर्ता का आरोप है कि उस पर दबाव बनाने के लिए उसके खिलाफ फर्जी एफआईआर दर्ज की गई। याचिकाकर्ता ने याचिका में दावा किया कि प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवमानना की है। साथ ही तोड़फोड़ से पहले प्रशासन ने याचिकाकर्ता को अपना पक्ष रखने का भी मौका नहीं दिया। याचिकाकर्ता ने किसी भी तोड़फोड़ कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने और तबाह किए गए हिस्से के पुनर्निर्माण या मुआवजा देने की मांग की है।

# महाकुम्भः 54 करोड से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

## अब तक 53 करोड़ से अधिक श्रद्धालु कर चुके स्नानः मुख्यमंत्री

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ में सोमवार की सायं 4 बजे तक 54 करोड से अधिक श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगा कर रिकार्ड बनाया है। यह महाकुंभ महाशिव रात्रि तक चलेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि अपनी संस्कृति और परंपराओं को सम्मान देकर किस तरह देश की एकता और आर्थिकी को प्रोत्साहित किया जा सकता है, यह महाकुम्भ के अवसर पर सहज ही अनुभव किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि महाकुम्भ में अब तक 53 करोड़ श्रद्धालु संगम में आस्था की पावन डुबकी लगा चुके हैं। अगले 9 दिन तक यह उत्सव इसी रूप में चलेगा। यही भारत की पोटेंशियल है। भारत की आस्था को यदि सम्मान दिया गया होता तो भारत और भी ऊंचाइयों को प्राप्त किया होता।



उन्होंने कहा कि 2013 में प्रयागराज कुम्भ में 55 दिन के आयोजन में 12 करोड़ श्रद्धालु आए थे। 2019 में अर्धकुम्भ को हमने कुम्भ के रूप में आयोजित किया, तब लगभग 24 करोड़ श्रद्धालु आए थे। इस बार प्रयागराज महाकुम्भ में 45 दिन के आयोजन में बीते 36 दिन में 53 करोड़ श्रद्धालु आ चुके हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 35 दिन के अंदर 40 रूटीन के साथ फ्लाइट के साथ ही 700 से अधिक चार्टर उतरे हैं। रेलवे को प्रतिदिन सैकड़ों मेला स्पेशल रेल चलानी पड़ रही है। परिवहन निगम की 14 हजार बसों का बेड़ा चल रहा है। उन्होंने बताया कि 28 से 30 जनवरी तक 15 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। 28 को लगभग साढ़े पांच करोड़, 29 जनवरी को लगभग आठ करोड़ व 30 जनवरी को ढाई करोड़ श्रद्धालु आए थे। केंद्र व राज्य सरकार ने अपने स्तर पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई। इंफ्रास्ट्रक्चर-कनेक्टिविटी अच्छी हो, मेले का विस्तार हो, संगम में जल की प्रचुर मात्रा हो। इस पर पहले से एक्सरसाइज की गई। अंततः सारी व्यवस्थाओं व कार्यक्रम को आगे बढ़ाने में हमें सफलता प्राप्त हुई। सीएम ने कहा कि आस्था को सम्मान देने के साथ इसका इकॉनमिक ऑस्पेक्ट भी महत्वपूर्ण है।

# महाकुम्भ सेवा और समर्पण का अद्वितीय उदाहरण- एसपी सिंह बघेल

## केन्द्रीय मंत्री बघेल ने महाकुम्भ में लगाई पावन डुबकी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**महाकुम्भ नगर।** केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने महाकुम्भ में पवित्र स्नान किया, उसके बाद अपने अनुभव साझा किए। एसपी सिंह बघेल ने कहा कि महाकुम्भ में पवित्र स्नान का अवसर पाकर मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानता हूं। यह ईश्वर की कृपा और जीवन का एक महत्वपूर्ण क्षण है। उन्होंने विपक्ष के कुप्रबंधन के आरोपों पर करारा जवाब भी दिया।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि महाकुम्भ केवल आध्यात्मिक आयोजन नहीं, बल्कि यह सेवा, सहयोग और समर्पण की भावना का जीवंत उदाहरण है। लाखों श्रद्धालुओं के बीच फैली आस्था और सेवा की यह परंपरा भारतीय संस्कृति के गौरवशाली स्वरूप को प्रस्तुत करती है। विपक्ष द्वारा महाकुम्भ में कुप्रबंधन के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए एसपी सिंह बघेल ने बताया कि मैं, विपक्ष से कहना चाहता हूं कि जब उनकी बेटी की शादी में 200-300 मेहमान आते हैं, तब उनकी धड़कनें तेज हो जाती हैं और घबराहट होती है। लेकिन यहां अब तक 50 करोड़ लोग आ चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह निश्चित रूप से एक सफल और ऐतिहासिक आयोजन है।

इस कुम्भ ने सभी पिछले कुम्भ के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।

उन्होंने कहा कि अडानी ग्रुप के सहयोग से इस्कॉन द्वारा प्रतिदिन एक लाख लोगों को महाप्रसाद दिया जा रहा है। यह सेवा कार्य कुंभ की भावना को और पवित्र बनाता है। हम इसे महा प्रसाद कहते हैं, क्योंकि हमारे देश में 80 करोड़ लोगों को प्रतिमाह पांच किलोग्राम गेहूं और चावल निःशुल्क दिया जा रहा है। यह भारत की सेवा और समर्पण की परंपरा का परिचायक है।

# पूर्व क्रिकेटर आरपी सिंह ने संगम में लगाई डुबकी



**महाकुम्भ नगर।** पूर्व क्रिकेटर आरपी सिंह ने सोमवार को संगम में पवित्र डुबकी लगाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि महाकुम्भ का अनुभव अविस्मरणीय है। यह मेरा दूसरा महाकुम्भ है। यहां दोबारा आकर और कुम्भ स्नान का अवसर पाकर वह स्वयं को सौभाग्यशाली महसूस कर रहे हैं। यह कल्पना करना भी कठिन है कि 50 करोड़ लोगों को कैसे संभाला जा सकता है, लेकिन सरकार ने इसे बेहद शानदार तरीके से संभाला है।

# प्रयाग कुम्भ में शुरू हुई दुनिया की पहली हवाई डाक सेवा के 114 वर्ष पूर्ण- कृष्ण कुमार

## प्रयाग कुम्भ मेले के दौरान 18 फरवरी 1911 को शुरू हुई थी दुनिया की पहली हवाई डाक सेवा–6,500 पत्रों को लेकर उड़ा था विमान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महाकुम्भ नगर।** डाक सेवाओं ने पूरी दुनिया में एक लम्बा सफर तय किया है। भारत को यह सौभाग्य प्राप्त है कि दुनिया की पहली हवाई डाक सेवा यहीं से आरम्भ हुई। भारत में डाक सेवाओं पर तमाम लेख और एक पुस्तक 'इंडिया पोस्ट ~ 150 ग्लोरियस ईयर्ज़' लिख चुके पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि यह ऐतिहासिक घटना 114 वर्ष पूर्व 18 फरवरी, 1911 को प्रयागराज में हुई थी। संयोग से उस साल कुम्भ का मेला भी लगा था। उस दिन दिन फ्रेंच पायलट मोनसियर हेनरी पिक्वेट ने एक नया इतिहास रचा था। वे अपने विमान में प्रयागराज से नैनी के लिए 6500 पत्रों को अपने साथ लेकर उड़े। विमान था हैवीलैंड एयरक्राफ्ट और इसने दुनिया की पहली सरकारी डाक ढोने का एक नया दौर शुरू किया पोस्टमास्टर जनरल के अनुसार प्रयागराज में उस दिन डाक की उड़ान देखने के लिए लगभग एक लाख लोग इकट्ठे हुए थे जब एक विशेष विमान ने शाम को साढ़े पांच बजे यमुना नदी के किनारों से उड़ान भरी और वह नदी को पार करता हुआ 15 किलोमीटर का सफर तय कर नैनी जंक्शन के नजदीक उतरा जो प्रयागराज के बाहरी इलाके में सेंट्रल जेल के नजदीक था। आयोजन स्थल एक कृषि एवं व्यापार मेला था जो नदी के किनारे लगा था और उसका नाम 'यूपी एक्जीबिशन' था। इस प्रदर्शनी में दो उड़ान मशीनों का प्रदर्शन किया गया था। विमान का आयात कुछ ब्रिटिश अधिकारियों ने किया था। इसके कलपुर्जे अलग अलग थे जिन्हें आम लोगों की मौजूदगी में प्रदर्शनी स्थल पर जोड़ा गया। प्रयागराज से नैनी जंक्शन तक का हवाई सफ़र आज से 114 साल पहले मात्र 13 मिनट में पूरा हुआ था। कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि हालांकि यह उड़ान महज छह मील की थी, पर इस घटना को लेकर प्रयागराज में ऐतिहासिक उत्सव सा वातावरण था। ब्रिटिश एवं कालोनियल एयरोप्लेन कंपनी ने जनवरी 1911 में प्रदर्शन के लिए अपना एक विमान भारत भेजा था जो संयोग से तब प्रयागराज आया जब कुम्भ का मेला भी चल रहा था। वह ऐसा दौर था जब जहाज देखना तो दूर लोगों ने उसके बारे में ठीक से सुना भी बहुत कम था। ऐसे में इस ऐतिहासिक मौके पर अपार भीड़ होना स्वाभाविक ही था। इस यात्रा में हेनरी ने इतिहास तो रचा ही पहली बार आसमान से दुनिया के सबसे बडे प्रयाग कुम्भ का दर्शन भी किया।



भारतीय डाक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी कृष्ण कुमार यादव के अनुसार कर्नल वाई विंधाम ने पहली बार हवाई मार्ग से कुछ मेल बैग भेजने के लिए डाक अधिकारियों से संपर्क किया। जिस पर उस समय के डाक प्रमुख ने अपनी सहर्ष स्वीकृति दे दी। मेल बैग पर 'पहली हवाई डाक' और 'उत्तर प्रदेश प्रदर्शनी, इलाहाबाद' लिखा था। इस पर एक विमान का भी चित्र प्रकाशित किया गया था। इस पर पारंपरिक काली स्याही की जगह मैजेंटा स्याही का उपयोग किया गया था। आयोजक इसके वजन को लेकर बहुत चिंतित थे, जो आसानी से विमान में ले जाया जा सके। प्रत्येक पत्र के वजन को लेकर भी प्रतिबंध लगाया गया था और सावधानीपूर्वक की गई गणना के बाद सिर्फ 6,500 पत्रों को ले जाने की अनुमति दी गई थी। विमान को अपने गंतव्य तक पहुंचने में 13 मिनट का समय लगा।

भारत में डाक सेवाओं पर तमाम लेख और एक पुस्तक 'इंडिया पोस्ट ~ 150 ग्लोरियस ईयर्ज़' लिख चुके कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि इस पहली हवाई डाक सेवा का विशेष शुल्क छह आना रखा गया था और इससे होने वाली आय को आक्सफोर्ड एंड कैंब्रिज हॉस्टल, इलाहाबाद को दान में दिया गया। इस सेवा के लिए पहले से पत्रों के लिए खास व्यवस्था बनाई गई थी। 18 फरवरी को दोपहर तक इसके लिए पत्रों की बुकिंग की गई। पत्रों की बुकिंग के लिए ऑक्सफोर्ड कैंब्रिज हॉस्टल में ऐसी भीड़ लगी थी कि उसकी हालत मिनी जी.पी.ओ सरीखी हो गई थी। डाक विभाग ने यहां तीन-चार कर्मचारी भी तैनात किए थे। चंद रोज में हॉस्टल में हवाई सेवा के लिए 3000 पत्र पहुंच गए।

आज दुनिया भर में संचार के तमाम माध्यम हैं, परंतु पत्रों की जीवंतता का अपना अलग स्थान है। ये पत्र अपने समय के जीवंत दस्तावेज हैं। इन पत्रों में से न जाने कितने तो साहित्य के पन्नों में ढल गए। आज हवाई जहाज के माध्यम से देश-दुनिया में डाक पहुंच रही हैं, परंतु इसका इतिहास कुंभ और प्रयागराज से अभिन्न रूप से जुड़ा हुआ है। इन पत्रों ने भूमंडलीकरण की अवधारणा को उस दौर में परिभाषित किया, जब विदेश जाना भी एक दुःस्वप्न था। हवाई डाक सेवा ने न सिर्फ पत्रों को पंख लगा दिए, बल्कि लोगों के सपनों को भी उड़ान दी। इन तमाम ऐतिहासिक घटनाओं से जुड़ी बातों और पहलुओं को एक-जगह से दूसरी जगह ले जाने में हवाई डाक सेवा का योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा।

# महाकुम्भ के सेक्टर-08 में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू



**लोकमित्र ब्यूरो**

**महाकुम्भ नगर।** प्रयागराज महाकुम्भ में सोमवार को एक बार फिर से आग लगने की घटना सामने आयी। कुम्भ मेला क्षेत्र के सेक्टर 08 स्थित बजरंग दास मार्ग पर स्थित श्री कपि मानस मंडल शिविर में आग लग गई। आग लगने से टेंट व अन्य सामान जलकर राख हो गया। हालांकि फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया है। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। महाकुम्भ में आग लगने की यह पांचवी घटना है।

फायर ब्रिगेड के अनुसार उपभोक्ता संरक्षण समिति शिविर में टेंट में आग जल रही थी, जिसे तत्काल फायर यूनिटों द्वारा गाड़ियों से पंपिंग करके आग को पूर्ण रूप से बुझाकर शांत किया। यहीं से आग कपि मानस मंडल के शिविर में लगी है। आग की चपेट में आने से कवि मानस मंडल के तीन टेंट और उपभोक्ता संरक्षण समिति के दो से तीन टेंट जलकर राख हो गए। हालांकि, घटना के समय टेंट में कोई मौजूद नहीं था, लेकिन वहां रखा सारा सामान जलकर राख हो गया।

उन्होंने बताया कि आग कल्पवासियों द्वारा खाली किए गए तंबुओं में लगी थी। आग तेजी से फैल रही थी, लेकिन समय रहते फायर ब्रिगेड और एनडीआरएफ की टीम ने आग पर काबू पा लिया है।

# यूरिया की कालाबाजारी से किसान आहत-राहुल तिवारी

## समितियों में खाद उपलब्ध न होने से बढ़ीं दिक्कतें



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** भाजपा सरकार किसानों की आय दोगुनी करने का दावा करती है। किसानों को खाद,बीज समय पर उपलब्ध कराने का भी जिम्मेदार नेता दावा करते रहे हैं लेकिन समितियों में यूरिया नदारत है।किसानों को खुले बाजार से महंगे दाम पर खरीद करनी पड़ रही है।

सहकारी समिति तेंदुआ कला के अध्यक्ष राहुल तिवारी ने उर्वरक आपूर्ति पर सवाल उठाते हुए कहा कि यूरिया की कालाबाजारी से किसान आहत हैं। किसानों ने बताया कि समितियों में खाद का अभाव होने की वजह से किसान गेहूं की सिंचाई करने के बाद मजबूरी में प्राइवेट दुकानदारों से 500रु बोरी तक यूरिया की खरीदारी कर रहे हैं। जिसकी जानकारी प्रशासन को भी बखूबी है।

अध्यक्ष राहुल तिवारी ने बताया कि समिति द्वारा पैसा जमा किया है बावजूद , काफी दिनों से खाद नहीं आ पा रही है।यह कोई एक समिति की बात नही है।यूरिया को लेकर पूरे यमुनापार में हाहाकार मचा हुआ है। श्री तिवारी ने कहा कि यदि यूरिया की आपूर्ति नही की गई तो किसान सड़क पर उतर सकते हैं।

# चंद्रकला यूनिवर्सल की लगातार चौथी जीत

## शैलेंद्र, इमरोज़ और उदय चमके




डॉ. डीएन तिवारी स्मृति वेटरन क्रिकेट लीग में उदय प्रताप सिंह को मैन ऑफ द मैच देते अखिलेश सिंह।

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** चंद्रकला यूनिवर्सल प्रा. लि. ने शिक्षा निदेशालय को नौ विकेट से हराकर प्रथम डॉ. डीएन तिवारी स्मृति टी-20 वेटरन क्रिकेट लीग में लगातार चौथी जीत दर्ज की। इस जीत में शैलेंद्र सिंह (53 रन नाबाद, 31 गेंद, आठ चौके, दो छक्के), इमरोज अली (41 रन, 16 गेंद, छह चौके, दो छक्के) एवं उदय प्रताप सिंह (4-0-16-3) की महत्वपूर्ण भूमिका रही।विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल मैदान पर खेले गए मैच में शिक्षा निदेशालय ने टॉस जीतकर 20 ओवर में 9 विकेट पर 107 रन (दाऊद खान व सौरभ गुप्ता 20-20, अभिषेक गौर 16, उदय प्रताप सिंह 3/16, विजय सिंह 2/19) बनाए। जवाब में चंद्रकला यूनिवर्सल प्रा. लि. ने 9.3 ओवर में एक विकेट पर 111 रन (शैलेंद्र सिंह 53 नाबाद, इमरोज़ अली 41, दीपू पांडेय 1/24) बना लिए। उदय प्रताप सिंह को भाजपा नेता व प्रयागराज नगर निगम कार्यकारिणी के पूर्व उपाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। मैच में हितेश श्रीवास्तव व मोहम्मद नबी अंपायर एवं खुर्शीद अहमद स्कोरर रहे।

# सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी के अध्यक्ष घनश्याम प्रसाद ने किया मेजा ऊर्जा निगम का दौरा

## महाकुम्भ में कम्पनी के पवेलियन का जायजा लेकर बोले, ऑल इस वेल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** घनश्याम प्रसाद, अध्यक्ष, सीईए (सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी) अध्यक्ष घनश्याम प्रसाद ने बीते 15 फरवरी को मेजा ऊर्जा निगम का दौरा किया। उन्होंने मेजा स्टेज- ढ्ढ के संचालन और रख-रखाव एवं मेजा स्टेज- ढ्ढढ्ढ की प्रगति पर मेजा ऊर्जा निगम के अधिकारियों के साथ एक संवादात्मक सत्र के दौरान बातचीत की। उन्होंने महाकुंभ के अरैल घाट पर स्थित मेजा ऊर्जा निगम पवेलियन का दौरा किया, निरीक्षण किया और ब्रांडिंग प्रयासों की सराहना की।

इस दौरे में मेजा स्टेज-ढ्ढढ्ढ परियोजना स्थल, स्टेज-ढ्ढ कोल हैंडलिंग प्लांट का वैगन टिपलर क्षेत्र और स्टेज-ढ्ढ का केंद्रीय नियंत्रण कक्ष (सीसीआर) शामिल था।संवादात्मक सत्र में मेजा ऊर्जा निगम की सुरक्षा व्यवस्था पर भी चर्चा की गई, जिसमें मेजा ऊर्जा निगम के लिए काम कर रहे सहयोगी कर्मचारियों के जीवन पर इनके प्रभाव को प्रमुखता से उजागर किया गया।

संवादात्मक सत्र मेजा ऊर्जा निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशेष कुमार चट्टोपाध्याय, अविजित चटर्जी, मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएँ), सभी महाप्रबंधक, सभी विभागाध्यक्ष, विभाग प्रमुखों और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

# पूरबनारा में हुई पीडीए की बैठक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** ग्राम पंचायत पूरबनारा में समाजवादी पार्टी के सेक्टर नं आठ की एक बैठक पीडीए के तहत की गयी। बैठक की अध्यक्षता विन्ध्येश्वरी प्रसाद सरोज ने की।

बतौर मुख्य वक्ता प्रदेश सचिव दूधनाथ पटेल ने बाबासाहेब के सम्मान एवं संविधान पर विस्तार से चर्चा की।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष जीतलाल पासी, ब्लाक अध्यक्ष बेनीमाधव विश्वकर्मा, जियालाल फौजी, राम सजीवन, बाबूलाल सरोज, अमर सिंह यादव, ब्लॉक महामंत्री मातादीन, मनोहर गौतम, भोलानाथ, पप्पू भाई सहित बड़ी संख्या में महिलाएं भी सम्मिलित रहीं।



# बड़ा ताजिया मोहर्रम कमेटी ने की श्रद्धालुओं की सेवा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** संगम में स्नान के बाद लौटते हुए श्रद्धालुओं को बड़ा ताजिया मोहर्रम कमेटी ने बड़ा ताजिया कंपाउंड में उनके रुकने और सोने की व्यवस्था की। सोने के लिए बिस्तर और ओढ़ने के लिए चादर दी गई। उनका हर तरह से ख्याल किया जा रहा था।

बड़ा ताजिया मोहर्रम कमेटी के सदस्यों ने रात भर जागकर श्रद्धालुओं की सेवा की। नाश्ते में चाय बिस्किट जलेबी और खाने में तहरी तथा पूड़ी कचौड़ी दी गई। सेवा कार्य में इमरान खान, आमिर खान, वसीम खान, रेहान खान, अकरम अर्शी, आसिफ खान आदि ने अपनी सेवा दी।



# एसीए के पिच क्यूटर की मां के निधन पर शोक

**प्रयागराज।** इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन की शोक सभा निदेशक ताहिर हसन की अध्यक्षता में हुई जिसमें इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के पिच क्यूटर मुकेश भारतीय की मां कुसुम देवी (75 वर्ष) के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर शोक जताया गया। पिछले तीन माह से बीमार कुसुम देवी अपने पीछे तीन पुत्र एवं दो पुत्री को छोड़कर गई हैं।इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक आरपी भटनागर ने मुंबई से दूरभाष पर शोक जताया।निधन पर डॉ. सुनील वर्मा, डॉ. सुरेश द्विवेदी, एसडी कौटिल्य, यासर हसन, डॉ. जूली ओझा, राघव द्विवेदी, सत्यव्रत सहाय, अनुराग श्रीवास्तव, उत्पल दास, सलीम अहमद, एलबी काला, सोमेश्वर पांडेय, शिशिर मेहरोत्रा, खुर्शीद अहमद, विवेक सिंह, अजय कुशवाहा, अंकित पांडेय, प्रितेश सोनकर आदि ने दुख व्यक्त किया है।

# भूत प्रेत के चक्कर में मारपीट, चार नामजद

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** स्थानीय थाना के समसपुर निवासी सूरज सिंह यादव ने गाँव के चार लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। सूरज ने पुलिस को बताया कि गाँव के परमानन्द, अंकित यादव, भोंदू यादव और बलबीर ने मिलकर उसके पिता को भूत प्रेत का बहाना लेकर लाठी, डंडा और राड से जमकर मारापीटा तथा घर में लगे काँच को भी तोड़ दिया। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# दूध देकर लौट रहे युवक को पीछे से अनियंत्रित ट्रक ने मारी टक्कर , घटना स्थल पर मौत

## घटना के बाद कुछ समय तक कोरांव लेड़ियारी रोड पर रहा जाम

**कोरांव (प्रयागराज)।** कोरांव के लेड़ियारी रोड स्थित बिरहा गांव के पास सोमवार को सुबह सड़क दुघर्टना में एक परिवार का इकलौता चिराग हमेशा के लिए बुझ गया और घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक बिरहा करपिया गांव निवासी अरुण कुमार गुप्ता (35 वर्ष) पुत्र मंगला प्रसाद गुप्ता अपने पिता का इकलौता चिराग था। सोमवार को सुबह वह घर से दूध लेकर साइकिल से गांव स्थित टावर के पास डेयरी पर दूध देने गया था। दूध देकर वापस अपने घर लौट रहा था कि लगभग 7~45 बजे सुबह पीछे से अनियंत्रित गति में कोरांव की ओर जा रही नई ट्रक चेचिस ने जोरदार टक्कर मारी कि युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। ट्रक चालक वाहन सहित मौके से भागने में कामयाब रहा। घटना के बाद घर परिवार के लोगों में कोहराम मच गया और लोग दहाड़े मार रोने बिलखने लगे। घटना की जानकारी पर पहुंची इलाकाई पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पुलिस थाना निकल गई जहां से शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया। पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर जाने के बाद कुछ समय तक कोरांव लेड़ियारी रोड जाम रही और दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई। बताते चलें कि मृतक अरुण कुमार गुप्ता अपने पिता का इकलौता चिराग था जिसकी शादी मिर्जापुर के गड़बड़ा धाम गांव में हुई थी। मृतक को चार अविवाहित बेटियां रक्षा रानी रिया व अंशिका हैं। बेटियों के अलावा मृतक के परिवार को आगे बढ़ाने वाला कोई वारिस नहीं है। फिलहाल घटना के बाद मासूम बच्चियों पत्नी माता पिता सहित सगे संबंधियों में कोहराम मचा रहा।

# दिल्ली क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष रोहन जेटली ने लगाई डुबकी

**महाकुम्भ नगर।** भाजपा नेता रहे स्व. अरुण जेटली के पुत्र एवं दिल्ली क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष रोहन जेटली ने सोमवार को संगम में पावन डुबकी लगाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वह पत्नी के साथ महाकुम्भ का दिव्य अनुभव प्राप्त कर धन्य और सौभाग्यशाली महसूस कर रहे हैं। इस विशाल आयोजन और अपार जनसमूह के बावजूद स्थानीय प्रशासन ने अत्यंत कुशल और उत्कृष्ट प्रबंधन किया है।

# केपीएस भरवारी में 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा का सफल आयोजन, 300 विद्यार्थियों ने दिया फिजिकल एजुकेशन का पेपर



लोकमित्र ब्यूरो

**भरवारी, (कौशाम्बी)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षाएँ आज से शुरू हो गई, जिनके पहले दिन फिजिकल एजुकेशन विषय की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा केंद्र केपीएस भरवारी में चार अलग-अलग स्कूलों केपीएस कासिया, एम वी कॉन्वेंट ओसा, सेंट फ्रांसिस, और नंदी वनी स्कूल भरवारीकृ के विद्यार्थियों को परीक्षा देने का अवसर मिला। कुल 301 छात्र पंजीकृत थे, जिनमें से 300 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि एक छात्र अनुपस्थित रहा। परीक्षा केंद्र पर पूरी व्यवस्था अत्यधिक अनुशासित और सुरक्षित तरीके से संचालित की गई, जिससे छात्रों को बिना किसी बाधा के अपनी परीक्षा देने का अवसर मिला। केपीएस भरवारी में परीक्षा का संचालन सेंटर सुप्रिटेंडेंट एवं विद्यालय की डायरेक्टर सीमा पवार की देखरेख में किया गया। परीक्षा प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए डेप्युटी सुप्रीटेंडेंट दीपक खरवार और सौरभ सिंह भी मौजूद रहें। परीक्षा की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सीबीएसई की ओर से आब्जर्वर के रूप में सेंट जोसेफस्कूल के प्रिंसिपल जोसेफरवि उपस्थित थे। उन्होंने परीक्षा केंद्र की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और परीक्षा संचालन को संतोषजनक बताया। विद्यालय प्रशासन द्वारा परीक्षा को निष्पक्ष और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक दिशा-निर्देशों का पालन किया गया।

परीक्षा हॉल में प्रवेश से पहले विद्यार्थियों की सघन जाँच (प्रॉपर चेकिंग) की गई। किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि को रोकने के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन किया गया। पूरी परीक्षा प्रक्रिया शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुई। परीक्षा केंद्र पर अनुशासन बनाए रखा गया और विद्यार्थियों को एक सुविधाजनक माहौल प्रदान किया गया, जिससे वे बिना किसी बाधा के परीक्षा दे सकें। विद्यालय प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों को आगामी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएँ दीं और उनसे मेहनत और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने का आग्रह किया।

## जनपद के छः परीक्षा केंद्रों में शुरू हुई मदरसा शिक्षा परिषद बोर्ड की परीक्षा

**कौशाम्बी।** उप्र मदरसा शिक्षा परिषद लखनऊ द्वारा संचालित मुंशी मौलवी व आलिम की परीक्षा 17 फरवरी से शुरू होकर 22 फरवरी तक दो पालियों में आयोजित की जा रही है। मदरसा बोर्ड की परीक्षा हेतु जनपद में कुल छः परीक्षा केंद्र बनाए गए है जिनमें कड़ा ब्लॉक के सौरई बुजुर्ग का मजरा चूहापीरन में स्थित मदरसा अरबिया मदीनतुल उलूम निश्वा, चूहापीरन में स्थित मदरसा इस्लामिया गौसिया नईमियां , अलीपुर जीता में स्थित मदरसा इस्लाहुल मुस्लेमीन, भरवारी में स्थित मदरसा दारुल उलूम नूरिया एहसानिया , मंझनपुर में स्थित मदरसा जहांगीर मदरसा ए निश्वा एवं मंझनपुर में स्थित मदरसा दारुल उलूम एहसानिया में परीक्षा संपन्न कराई जाएगी , डीएम कौशांबी मधुसूदन हुल्गी ने परीक्षा को शांति पूर्ण व सकुशल ढंग से कराए जाने हेतु एसपी को पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए हैं।

## आरबीएस पब्लिक स्कूल में दीक्षांत समारोह धूमधाम से संपन्न



लोकमित्र ब्यूरो

**विजिया चौराहा, (कौशाम्बी)।** आरबीएस पब्लिक स्कूल, विजया चौराहा में दीक्षांत समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्कूल के छोटे-छोटे विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया प्रदान जिससे बच्चों और उनके अभिभावकों में खुशी का माहौल रहा।

समारोह में छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें नृत्य, नाटक और गीत-संगीत की शानदार झलक देखने को मिली। बच्चों के आत्मविश्वास और कला को देख शिक्षक और अभिभावक मंत्रमुग्ध हो गए। इस खास मौके पर शिक्षा क्षेत्र की प्रतिष्ठित हस्तियों ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और स्कूल प्रबंधन की सराहना की। छोटे-छोटे बच्चों को डिग्री प्राप्त करते देख अभिभावकों की खुशी देखते ही बन रही थी। उन्होंने विद्यालय प्रशासन और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया और बच्चों की इस उपलब्धि पर गर्व महसूस किया। समारोह के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रदीप सिंह यादव ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि यह बच्चों के लिए एक नए सफर की शुरुआत है और वे भविष्य में सफलता की नई ऊंचाइयों को छुएं। इस शुभकामनाओं के साथ समारोह का भव्य समापन हुआ।

## सिराथू में आयोजित विशेष कैंप में 79 आदेशों को आर 6 में अमल दरामद कर वितरण की गई खतौनी



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सिराथू तहसील सभागार में सोमवार को आर 6 अमल दरामद के विशेष कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में एसडीएम की मौजूदगी में मौजूद अधिकारियों ने विशेष कैंप में 79 आदेशों को आर 6 में अमल दरामद कर उसका अंकन कर वादी-प्रतिवादियों का खतौनी में नाम दर्ज कर वितरित किया गया। कैम्प में सिराथू तहसील के एसडीएम न्यायालय, एसडीएम न्यायिक, तहसीलदार, तहसीलदार न्यायिक समेत तीनों नायब तहसीलदार न्यायालय में एक हफ्ते के भीतर बंधक, वरासत, भूमिधरी समेत विभिन्न न्यायालयों के हुए 79 मुकदमों के आदेशों को आर-6 में अमलदरामद कर वादी-प्रतिवादियों का नाम खतौनी में दर्ज कर दिया। इस दौरान एसडीएम सिराथू अजेंद्र सिंह , तहसीलदार अनंत राम अग्रवाल , रजिस्ट्रार कानूनगो एवं राजस्व निरीक्षक आदि मौजूद रहे है।

## वारण्टी आरोपियों को किया गया गिरफ्तार



**कौशाम्बी।** थाना चरवा पुलिस उपनिरीक्षक बिपलेश सिंहमय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी रामबाबू निवासी ग्राम फरीदपुर सुलेम थाना चरवा को गिरफ्तार किया गया।

## निरोधात्मक कार्यवाही में आठ गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना पश्चिम शरीरा से 01, थाना कौशाम्बी से 02, थाना सैनी से 02, थाना कड़ाधाम से 03 कुल 08 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

# बोल तू कहां मरना चाहता है......!

**● अंजान नंबर से आई काल से भट्ठा व्यापारी को मिली धमकी , मुकदमा दर्ज**

लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** कोखराज थाना के एक गांव में एक भट्ठा व्यापारी को अंजान नंबर से आई कॉल से से जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि बोल तू कहां मरना चाहता है जितने असलहा इकठ्ठा करना चाहता है करले, कप्तान से कहकर दो चार बॉडी गार्ड और लगा ले यह बात अंजान नंबर से आई कॉल में धमकी देते हुए ईद से व्यापारी को जान से मारने की धमकी दी है जिससे डरा सहमा व्यापारी कोखराज पुलिस को तहरीर देकर जानमाल की गुहार लगाई है , पीड़ित व्यापारी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

कोखराज के बरीपुर शाखा निवासी मो तारिक पुत्र मो तैय्यब ने कोखराज पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह ईट भट्ठा व्यापारी है, मो तारिक ने बताया कि शनिवार की रात उसके मोबाइल पर अंजान नंबर से काल आई जिसमें दूसरी ओर से बात कर रहे व्यक्ति ने फिल्मी अंदाज में जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि बोल तू कहां मरना चाहता है जाजमऊ कानपुर या मलवा फतेहपुर या फिर अपने ऑफिस में इसके बाद कहा कि जितने असलहा इकठ्ठा करना है करके कप्तान से बोलकर दो चार बॉडी गार्ड लगा ले लेकिन ईद के पहले तुझे शूट कर दिया जाएगा। जिसके बाद डरे सहमे तारिक ने कोखराज पुलिस से जानमाल की गुहार लगाई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर फोन करने वाले व्यक्ति की तलाश में जुट गई है।

## विद्यालय की भूमि पर कब्जा कर शुरू किया निर्माण, शिकायत

**चायल, (कौशाम्बी)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के दरियापुर गांव में एक दबंग विद्यालय की भूमि पर कब्जा कर दीवार का निर्माण कर रहा है। ग्रामीणों के विरोध करने पर वह गाली कर मारपीट करने की धमकी दे रहा है। ग्रामीणों ने सोमवार को एसडीएम से शिकायत कर निर्माण कार्य रुकवाने की गुहार लगाई है।दरियापुर गांव निवासी शिवभजन और बृजेंद्र कुमार पाल आदि ने बताया कि गांव में भूमि पर जूनियर परिषदीय विद्यालय स्थित है। विद्यालय की खाली पड़ी जमीन पर काफी दिनों से गांव के दबंग की नजर लगी थी। आरोप है कि खाली पड़ी जमीन पर कब्जा कर आरसीसी दीवार का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है।

## जल भराव के चलते राहगीरों को आवागमन में कठिनाई



लोकमित्र ब्यूरो

**बेनीराम कटरा, (कौशाम्बी)।** मूरतगंज विकास खंड के हौसी गाँव मे जल भराव के चलते राहगीरों को आवागमन में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। बताया जाता है कि मूरतगंज विकास खंड के काजू गाँव सभा के हौसी गाँव के मुख्य मार्ग जी टी रोड को जुड़ने वाली सड़क पर गाँव के कुछ दंबग किसम के लोगों द्वारा नाली पाट दिए जाने से नाली का गंदा पानी सड़क पर बहने से आने जाने वाले राहगीरों को काफी मशक्कत झेलनी पड़ती है तथा कभी कदापि जरा सी असावधानी हुई कि दोपहिया सवार फिसल कर उक्त पानी भरे गडढे मे गिर कर चोटहिल हो जाया करते हैं तथा वही कुछ गाँव वासियों ने बताया कि काजू गाँव का परधान इस संबंध में दबंगो के खिलाफ कुछ उचित कार्यवाही करना मुनासिब नही समझ रहा है तथा अंजान साबित हो रहा है यदि समय रहते इस मार्ग पर जलभराव के बारे धेयान न दिया गया तो किसी दिन दुखद घटना को नहीं कहा जा सकता है।

# जिलाधिकारी ने चल रहें महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत किये गये रूट डायवर्जनों का निरीक्षण कर लिया जायजा, दियें आवश्यक दिशा-निर्देश





लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी श्री मधुसूदन हुल्गी ने चल रहें महाकुम्भ-2025 से सम्बन्धित जनपद से वाहनों को निकालने, पास कराने के लिए किये गये रूट जायवर्जनों का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सौंपे गये दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन किया जाय, महाकुम्भ प्रयागराज सहित अन्य स्थानों पर जाने एवं वापस आने वाले श्रृद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाये। इसके साथ ही उन्हांने श्रृद्धालुओं एवं उनके वाहनों को रूकने के लिए बनाए गए आकस्मिक वाहन पार्किंग स्थलों पर विद्युत, पानी, शौचालय एवं साफसफाई सहित आदि अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित रखने के भी निर्देश दियें।

## डीएम व एसपी ने यातायात व्यवस्था का लिया जायजा

कौशाम्बी। महाकुम्भ 2025 के अवसर पर यातायात, सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी व अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के साथ थाना कोखराज अंतर्गत डायवर्जन प्वाइंट श्रद्धालुओं के सुगम एवं सुरक्षित आवागमन की लगातार मॉनिटरिंग करते हुए यातायात व्यवस्था पर नजर रखे हुए हैं। यातायात व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित हो रही है। जनपद में श्रद्धालुओं के आवागमन में कोई बाधा नहीं है। महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा थाना कोखराज अंतर्गत डायवर्जन प्वाइंट पर ड्यूटी में लगे पुलिस बल को चेक कर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए यातायात व्यवस्था का सुचारु रूप से संचालन कराया जा रहा है। जनपद में श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन में कोई बाधा नहीं है।

महाकुम्भ-2025 के अवसर पर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद से होकर जाने वाले विभिन्न मार्गों पर ड्रोन के माध्यम से निरंतर निगरानी की जा रही है एवं यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित कराई जा रही है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से सड़क पार कर रहे युवक की मौत

**अजुहा, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली के अजुहा कस्बे से घर का रहे युवक को सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया, हादसे में युवक की दर्दनाक मौत हो गई, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।सैनी कोतवाली के अजुहा कस्बे के वार्ड नं 11 नेता नगर निवासी राम मिलन पुत्र गंगा सागर उर्फ कल्लू महराज 38 वर्ष कस्बे में बने कांशीराम कालोनी के ब्लाक नं 9 कमरा नं 98 में अपनी मां ब्रहम्मा देवी व बड़े भाई राकेश कुमार के साथ रहता था ,बड़ा भाई राकेश भट्ठे में मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता है। पिता गंगा सागर उर्फ कल्लू महराज लाक डाउन के पहले लापता हो गए हैं, युवक रविवार को रात किसी काम से अजुहा बाजार गया था, करीब दस बजे रात जैसे ही वह अजुहा कस्बे के मोक्ष धाम के नजदीक पहुंचा सड़क पार करते समय फतेहपुर की तरफ से आ रहे अज्ञात वाहन ने युवक को टक्कर मारकर फरार हो गया।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कर्पूरी ठाकुर की कांग्रेसियों ने मनाई पुण्यतिथि




लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के आवाहन पर जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी गौरव पाण्डेय के निर्देशानुसार आज प्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जननायक कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि नगर अध्यक्ष चरवा निक्की पाण्डेय के पेट्रोल टंकी पर मनाई गई। जहां मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रदेश सचिव रामबहादुर त्रिपाठी ने उनकी छायाचित्र पर माल्यार्पण किया। रामबहादुर त्रिपाठी ने कहा 1952 में कर्पूरी ठाकुर पहली बार विधायक चुने गए दो बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे, इनको जननायक के रूप में जाना जाता था। श्याम सिंह भदौरिया ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर जी ने अपनी विरासत में अनेकों प्रकार के पदों को सुशोभित करते हुए भी एक भी मकान नहीं बनाया। इस मौके पर श्याम सिंह भदौरिया, सोसल मीडिया कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय, अनिल सेन, आलोक त्रिपाठी,सिकंदर सिंह,अरविंद यादव,रामभवन यादव,समर सरोज, सुरेंद्र यादव,राहुल मौर्य,रंजीत सिंह,दिलीप गौतम,राजेश सरोज,मैकू लाल,तमाम कांग्रेसी मौजूद रहें।

## भागवत श्रवण कथा का का छठवां दिन, रुक्मिणी का विवाह की हुई कथा



**कौशाम्बी।** शाहपुर में भागवत कथा के छठे दिन आज रुक्मिणी का विवाह की कथा सम्पन्न हुई। जहां कथावाचक उमाशंकर मणि जी ने मुख्य यजमान श्री गनेश प्रसाद भार्गव सुन रहे हैं जहां आज श्रोता के रुप में उ0प्र0 कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राम यज्ञ द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार पप्पू मिश्रा, द्वारिका प्रसाद भार्गव मण्डल अध्यक्ष प्रमोद भार्गव, विवेक तिवारी, बब्बू भार्गव आदि लोग शामिल हुए कथावाचक ने रूक्मिणी जी के विवाह की विधि पूर्वक कथा सुनाई जहां श्रोताओं ने मनमुग्ध रहे कथा सुनने के लिए दूर-दूर से लोग कथा सुनने के लिए लगातार पहुंच रहे हैं।

## सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों ने दिया फिजिकल एजुकेशन का पेपर



लोकमित्र ब्यूरो

**भरवारी, (कौशाम्बी)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (ब्ठैम्) की कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षाएँ सोमवार से शुरू हो गई, जिनके पहले दिन फिजिकल एजुकेशन विषय की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा केंद्र केपीएस भरवारी में चार अलग-अलग स्कूलोंकृ केपीएस कासिया, एम वी कॉन्वेंट ओसा, सेंट फ्रांसिस, और नंदी वनी स्कूल भरवारी के विद्यार्थियों को परीक्षा देने पहुंचे कुल 301 छात्र पंजीकृत थे, जिनमें से 300 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि एक छात्र अनुपस्थित रहा। परीक्षा केंद्र केपीएस कसिया में अलग-अलग स्कूलोंकृ भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी, एसपीटी सिराथू, वीबीपीएस काजीपुर, एसएवी सैनी, एलबीसीएस अजुहा,एमवीसीएम पुरामुफ्ती, प्राइवेट विद्यार्थी के विद्यार्थियों को परीक्षा देने पहुंचे। कुल 347 छात्र पंजीकृत थे, जिनमें से 344 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 03 विद्यार्थि अनुपस्थित रहें। परीक्षा केंद्र भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी में अलग-अलग स्कूलोंकृ रिजवी स्प्रिंग फील्ड स्कूल करारी, एमजीएमके भरवारी, सेंट जोसेफ काजीपुर, केपीएस भीटी विद्यार्थी के विद्यार्थियों को परीक्षा देने पहुंचे। कुल 350 छात्र पंजीकृत थे, जिनमें से 346 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 04 विद्यार्थि अनुपस्थित रहें।

## गुरौली चौकी इंचार्ज पर युवक ने मारपीट का लगाया आरोप, एसपी से शिकायत

**अवाना आलमपुर, (कौशाम्बी)।** कौशाम्बी थाना के गुरौली चौकी इंचार्ज की पिटाई से एक युवक घायल हो गया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत सोमवार को एसपी से की है। गुरौली चौकी में तैनात दरोगा विमल कुमार पर आपसी विवाद में पक्षपात करने और युवक की बेरहमी से पिटाई करने का गंभीर आरोप लगा है।गुरौली निवासी राम कुशल निषाद ने बताया कि गांव के शिवपूजन व रामपूजन से आपसी विवाद चल रहा है। रविवार को विपक्षी ने उसकी मां के साथ मारपीट किया था।जिसकी शिकायत लेकर वह चौकी गया था। चौकी इंचार्ज ने विपक्षी को बुलाकर दोनो पक्ष को बंद कर दिया।आरोप है कि चौकी इंचार्ज ने विपक्षी से साठ गांठ कर उसकी चौकी में ही बड़ी बेरहमी से उसकी जमकर डंडे और जूते से पीटा पिटाई की। उसके बाद दोनों पक्ष पर निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया।

# मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत चलाया गया जागरूकता अभियान



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत आज पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक, आरक्षियों द्वारा चौराहों, बस स्टैण्ड, टैक्सी स्टैण्ड, जिला अस्पताल, विद्यालय, गांव व कस्बा में भ्रमण कर, चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस क्रम में थाना कड़ाधाम पुलिस टीम द्वारा शीतला माता मंदिर, कड़ाधाम में जाकर, थाना चरवा पुलिस टीम द्वारा ग्राम बेरुआ में जाकर एवं थाना मंझनपुर व थाना कौशाम्बी पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर, चौपाल लगाकर, कार्यक्रम का आयोजन कर छात्राओं, बच्चियों, महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया। महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉलध्पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना, आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

## भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित सेवा शिविर में जिलाध्यक्ष ने पहुंच कर परोसा भोजन



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जिलाध्यक्ष भाजपा धर्मराज मौर्य के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अध्यक्ष वीरेंद्र सरोज फौजी की अगुवाई में नगर पालिका परिषद मंझनपुर के समदा में सेवा शिविर लगा कर निःशुल्क जलपान व भोजन की व्यवस्था कराई गई। लोक आस्था का पर्व महाकुंभ को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों पर लगातार सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रयागराज महाकुंभ में आने व जाने वाले श्रद्धालुओं को जलपान व भोजन करा कर मार्गो की सही जानकारी देकर रवाना किया जा रहा है जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने नगर पालिका परिषद मंझनपुर द्वारा संचालित सेवा शिविर में पहुंच कर भोजन वितरण किया व श्रद्धालुओं का कुशलक्षेम जाना व इस बात से आश्वस्त किया कि कौशाम्बी जनपद से होकर आने जाने श्रद्धालुओं किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता भोलेशंकर कुशवाहा, नगर पालिका परिषद मंझनपुर अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय तिवारी भार्गव, ज्योति केसरवानी, ज्ञानेन्द्र साहू, आदि कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### भक्त प्रहलाद की कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रामपुर बावली के समीप टोडरपुर में चल रहे श्रीमदभागवत कथा में कथाव्यास आचार्य शैलेन्द्र शुक्ल जी महराज ने प्रहलाद चरित्र का वर्णन किया। भक्त प्रहलाद की कथा सुन श्रद्धालु भावविभोर हो उठे दिखे। कथाव्यास आचार्य शैलेन्द्र शुक्ल ने बताया कि प्रहलाद के पिता राजा हिरण्यकश्यप खुद को भगवान समझता था लेकिन भक्त प्रहलाद भगवान विष्णु को ही भगवान मानते थे। कथा प्रसंग में आचार्य ने बताया कि इससे नाराज राजा हिरण्यकश्यप ने अपने पुत्र प्रहलाद को एक खम्भे से बंधवाकर भगवान को प्रकट करने की बात कही। कथाव्यास ने बताया कि भक्त प्रहलाद की भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने उस खम्भे से नरसिंह अवतार रूप में प्रकट हुए और उन्होनें हिरण्यकश्यप का बध किया। मुख्य यजमान रामनरेश ओझा ने वैदिक मंत्रोचार के बीच व्यासपीठ का पूजन किया। संयोजक संतोष ओझा ने श्रद्धालुओं का स्वागत तथा संजय ओझा व संदीप ने आभार जताया। इस मौके पर देवीशरण मिश्र, शीतला प्रसाद द्विवेदी, कमल सिंह, सुजीत ओझा, राजू सिंह, सोनू मिश्र, कमलेश पाण्डेय, भुवनेश्वर शुक्ल, जितेन्द्र द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

### तीन के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने मारपीट व धमकी को लेकर तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के कलंदर कला भदारी निवासी लल्लन प्रसाद वर्मा पुत्र जयराम वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि सोलह फरवरी को सुबह बच्चों के विवाद में गांव के विपक्षी अरविंद वर्मा, विष्णु वर्मा व शिव वर्मा पुत्रगण दिनेश वर्मा एकराय होकर गालीगलौज करने लगे। पीडित के मना करने पर आरोपियों ने उसे व परिवार के लोगों को मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### जेजेएम के नेशनल कांफ्रेंस में अजय क्रांतिकारी आमंत्रित



**प्रतापगढ़।** जल शक्ति एवं ग्रामीण पेयजल आपूर्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित जल जीवन मिशन के तहत वाटर एड इंडिया द्वारा ग्रामीण पेयजल आपूर्ति प्रणाली के संचालन एवं रखरखाव विषय पर 19 फरवरी को एम वाई सी ए होटल कनॉट प्लेस नई दिल्ली में नेशनल कांफ्रेंस में का आयोजन किया गया है। नेशनल कांफ्रेंस में एक ओर जहां पूरे देश के जल विशेषज्ञ भाग लेंगे, वहीं उत्तर प्रदेश राज्य से जनपद प्रतापगढ़ से नेशनल वाटर चैंपियन एवं पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी को भी कांफ्रेंस में आमंत्रित किया गया है। ईमेल द्वारा आमंत्रण मिलने पर पर्यावरण सेना के पर्यावरण सैनिकों एवं कार्यकर्ताओं में विशेष हर्ष का माहौल है। लोग पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी को इस उपलब्धि और जनपद का नाम राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने के लिए बधाई दे रहे हैं।

### नाबालिग से दुष्कर्म का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**पट्टी प्रतापगढ़।** जनपद के थाना दिलीपपुर के सुनील कुमार गुप्ता मय हमराह कांस्टेबल आशीष कुमार द्वारा सोमवार को दिन में 2ः00 बजे के आसपास थाना क्षेत्र में संदिग्धों की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर खास की सूचना पर जगदीशगढ़ चौराहे के पास से नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी अजय कुमार गुप्ता पुत्र लालमणि निवासी ग्राम पूरे पांडेय दिवानगंज को गिरफ्तार किया।

### सद्भावना दिवस समारोह कल



**प्रतापगढ़ ।** वरिष्ठ पत्रकार स्व. अरुण कुमार पाण्डेय की स्मृति में आयोजित सद्भावना दिवस समारोह का आयोजन बुधवार को शहर के लीला पैलेस में दिन में 1 बजे से किया गया है । यह जानकारी देते हुए समारोह संयोजक व इंटर कॉलेज रामनगर (अठगवां) के प्रबंधक डॉ. अनूप पाण्डेय ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में सरदार सिंह अपर सचिव (प्रशासन) माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज व विशिष्ट अतिथि के रूप में आर. एन. विश्वकर्मा संयुक्त शिक्षा निदेशक प्रयागराज मण्डल प्रयागराज सहभागिता करेंगे।

## किसानो को खेती सम्बंधी समस्याओ से निजात दिलाना क्षेत्र पंचायत की प्राथमिकता-प्रशांत सिंह

### हंडौर ग्राम प्रधान ने दर्जनो गोवंशो को गौशाला भेजा



**सगरासुन्दरपुर प्रतापगढ़।** किसानो की खेती सम्बंधी समस्याओ से निजात दिलाने के लिए क्षेत्र पंचायत लक्ष्मणपुर की ओर से कैटल कैचर की उपलब्धता हो गई है। इससे किसानो की खेती सम्बंधी समस्या दूर होने की आशा दिखाई देने लगी है। अब कैटल कैचर के द्वारा पशुओ को पकड़कर गौशाला भेजने मे आसानी हो गई है । इसकी शुरुआत में हंडौर ग्राम प्रधान नितेश सिंह वीरू द्वारा मंगलवार को दर्जनो गोवंशो को देवली और कटैया की गौशालाओ मे भेजा गया। इसके पूर्व लक्ष्मणपुर विकासखंड के ब्लॉक प्रमुख प्रेम लता सिंह के पुत्र ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रशांत सिंह ने हरी झंडी दिखाकर कैटल कैचर को रवाना किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि किसानो की खेती की समस्याओ से निजात दिलाना क्षेत्र पंचायत की प्राथमिकता मे है। कैटल कैचर द्वारा गांव मे लहलहाती फसलो को नष्ट करने वाले गोवंशो को अब बिना खर्च के कैटल कैचर से गौशाला भेजने का इंतजाम हो गया है। इससे आम जनमानस को सुविधा मिल सकेगी। ग्राम प्रधान नितेश सिंह वीरू ने हंडौर के किसानो की समस्याओ को देखकर लगभग सत्तर गोवंशो को गौशाला मे भिजवाया । इस अवसर पर ग्रामीणो की उपस्थिति रही।

# भक्तों को श्री हनुमान मंदिर चिलबिला में आज तक पचास हजार से अधिक श्रद्धालुओं की सेवा का मिला अवसर

**● नेपाल, उड़ीसा, मुंबई, बंगलौर से आए श्रद्धालुओं की सेवा का आज मिला सौभाग्य - रोशनलाल उमरवैश्य**



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** महाकुंभ प्रयागराज संगम जाने वाले श्रद्धालुओं को प्राचीन हनुमान मंदिर चिलबिला में ठहरने आदि की व्यवस्था मंदिर समिति ने की है। यहां पर प्रतिदिन सैकड़ो श्रद्धालु ठहरकर रात्रि विश्राम कर एवं प्रसाद ग्रहण कर संगम जा रहे हैं। यहां पर श्रद्धालुओं के लिए स्नान आदि की भी व्यवस्था की गई है। मंदिर समिति के व्यवस्थापक समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि संगम और अयोध्या जाने वाले श्रद्धालु यहां पर रुक कर विश्राम कर प्रसाद ग्रहण करके जा रहे हैं। सभी की सेवा के लिए हनुमान भक्त तत्पर है। श्रद्धालुओं को महीने भर से ठहरने आदि की सारी व्यवस्था हनुमान भक्त कर रहे हैं। मकर संक्रांति से अभी तक पचास हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं की सेवा करने का अवसर हनुमान भक्तों को मिल चुका है। आज भी नेपाल से मां सीता की जन्मस्थली जनकपुर मिथिला से आए श्रद्धालु व बॉम्बे, उड़ीसा, बंगलौर आदि प्रान्तों के श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में विश्राम कर सुबह स्नान आदि कर हनुमान जी महाराज का भजन कीर्तन करके प्रसाद ग्रहण किया। रात्रि विश्राम करने के बाद सुबह प्रयागराज संगम के लिए रवाना हुए। यहां ठहरे हुए श्रद्धालुओं ने हनुमान जी महाराज का पूजन अर्चन कर भजन करते हुए एवं झूमते हुए नजर आए। जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के निर्देशों का शत प्रतिशत पालन कर हनुमान भक्त सेवा में लगे हुए हैं। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा आदि की भी पूरी व्यवस्था की गई है। जो श्रद्धालु यहां पर ठहरते हैं उन सबको पूरी व्यवस्था देने की कोशिश की जा रही है। बहुत से श्रद्धालु स्वयं भोजन तैयार कर रहे हैं। जिनके पास व्यवस्था नहीं है हनुमान भक्त प्रसाद की व्यवस्था करा रहे हैं। जो श्रद्धालु मंदिर परिसर पर ठहरें थे सभी के लिए हनुमान भक्तों ने प्रसाद आदि की पूरी व्यवस्था देकर सेवा करने की कोशिश की। इस दौरान किशन लाल, श्याम, कपिल देव,सुरेश अग्रवाल, सत्य प्रकाश केडिया, रामगोपाल, आशीष कुमार, छेदीलाल, संतोष कुमार, देवानंद, आदर्श कुमार, विवेक कुमार, पंकज यादव, श्याम बाबू, सूरज उमरवैश्य, पप्पू, शनि महाराज, सोनू महाराज, आशीष लाइट, सुरेश माली, अशोक कुमार, विजय बाबू, अमन गुप्ता, श्याम बाबू, राकेश कुमार, हरिनाम सिंह, सचिन, विजय आदि भक्तगण सेवा में लगे हैं।

## कृषकों को नैनो उर्वरकों के प्रयोग हेतु प्रोत्साहित किया जाये



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** विकास भवन के सहकारिता अनुभाग में सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता देवेन्द्र बर्मन की अध्यक्षता में विभागीय योजनाओं/कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता द्वारा क्षेत्रीय प्रतिनिधि इफ्को को निर्देशित किया गया कि नैना यूरिया/नैनो डीएपी का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुये जनपद स्तरीय तथा विकास खण्डवार रोस्टर तैयार कर कार्यशाला/गोष्ठी का आयोजन किया जाये जिसमें क्षेत्र के प्रगतिशील किसानों को बुलाकर नैनो उर्वरकों के प्रयोग हेतु प्रोत्साहित किया जाये तथा यथा सम्भव ड्रोन द्वारा नैनो उर्वरकों के प्रयोग का प्रदर्शन किया जाये। सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी को निर्देशित किया गया कि पैक्स कम्प्यूटराईजेशन के कार्य को 31 मार्च 2025 से पूर्व पूर्ण कर लिया जाये। साथ ही समितियों के नये सदस्यों की ऋष्टा सीमा स्वीकृत कराकर शासन द्वारा निर्धारित दर पर ऋष्टा वितरण किया जाये। सभी सहायक विकास अधिकारी (सह0), अपर जिला सहकारी अधिकारी/तहसील प्रभारी को निर्देशित किया गया कि अपने कार्य क्षेत्र में गतिशील रहकर सहकारिता की योजनाओं/कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार प्रसार आम जनमानस तक पहुँचाना सुनिश्चित करें तथा सभी वर्गो को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित कराना सुनिश्चित करें। बैठक में समस्त सहायक विकास अधिकारी (सह0), अपर जिला सहकारी अधिकारी/तहसील प्रभारी, सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी डीसीबी, समस्त शाखा प्रबन्धक एलडीबी, क्षेत्रीय प्रतिनिधि इफ्को आदि उपस्थित रहे।

## पेंटिंग में मानसी एवं भाषण प्रतियोगिता में तृप्ति अव्वल

## जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा हेतु प्रतियोगिता आयोजित




लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** आज 17 फरवरी को उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश एवं जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा के आदेश के क्रम में जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा के लिए एक प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य श्रीमती गीता एवं उप प्रधानाचार्य डॉ मोहम्मद अनीस के कुशल निर्देशन में किया गया। इसमें पेंटिंग, भाषण ,और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गयाद्य सभी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर सफल प्रतिभागियों का चयन किया गया। निर्णायक मंडल में श्रीमती सविता सिंह पूर्व प्रधानाचार्य कुकवार पट्टी प्रतापगढ़, डॉ कल्पना और सीमा तबस्सुम रही। मुख्य अतिथि डॉ विंध्याचल सिंह, राजकीय इंटर कॉलेज रामपुर कांपा, रहे। इस अवसर पर डॉ अस्मत नीलू अंसारी, ऋचा मिश्रा, मधु रावत, उमर जमील आदि रहे। प्रतियोगिता के परिणाम के अनुसार पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कुमारी मानसी पटेल द्वितीय स्थान पर निधि सोनी तृतीय स्थान पर शगुन विश्वकर्मा रही। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कुमारी तृप्ति द्वितीय स्थान पर प्रिया प्रजापति और तृतीय स्थान पर मुस्कान यादव रही।

क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कुमारी फिजा बानो द्वितीय स्थान पर मुस्कान बानो और तृतीय स्थान पर रागीनी पटेल रही। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य डॉ मोहम्मद अनीस और मुख्य अतिथिपेंप ने सभी चयनित छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कांग्रेसियों ने पुण्यतिथि पर पूर्व सीएम कर्पूरी ठाकुर को किया नमन




लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर जी की पुण्य तिथि आज जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय, इंदिरा भवन, अंबेडकर चौराहा, पर निवर्तमान जिला अध्यक्ष डॉ0नीरज त्रिपाठी की अध्यक्षता में मनाई गई। कार्यक्रम का प्रारंभ कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। इसके पश्चात कांग्रेस कार्यालय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का संचालन निवर्तमान नगर अध्यक्ष इरफान अली ने किया। संगोष्ठी में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए निवर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ0नीरज त्रिपाठी ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर जी हमेशा दलित, शोषित, वंचित एवं पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए प्रयत्नशील रहे और संघर्ष करते रहे द्य उनका सादा जीवन, सरल स्वभाव, स्पष्ट विचार, अदम्य इच्छाशक्ति बरबस ही लोगों को प्रभावित कर लेती थी और लोग उनके विराट व्यक्तित्व के प्रति आकर्षित हो जाते थे द्य बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में उसे प्रगति पथ पर लाने और विकास को गति देने में उनके अपूर्व योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। इस दौरान निवर्तमान कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला,विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मकरंद शुक्ला, नगर प्रभारी संजय इश्तियाक, एन.एस.यू. आई के जिलाध्यक्ष शुभम मिश्रा, पिछड़ा वर्ग विभाग के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, राम रतन तिवारी,जयदेव शर्मा, फिरोज खान, मो वसीम,रियाज सुलतान, तीरथ राज गुप्ता, मो.ईदरिशी, राजेन्द्र मौर्य, चन्द्रनाथ शुक्ला,राधे श्याम दूबे, सुरेश मिश्रा, रामधन यादव, अश्वनी उपाध्याय, अरुण पाण्डेय , मो.दिलशाद आदि उपस्थित रहे

# इग्नू प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ी

**● अनुसूचित जाति जनजाति छात्रों के लिए मुफ़्त शिक्षा**



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विवि (इग्नू) ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में एडमिशन लेने की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 28 फरवरी कर दी है। यह जानकारी देते हुए इग्नू अध्ययन केंद्र प्रतापगढ़ के समन्वयक डॉ अभिषेक सिंह ने बताया कि वर्तमान में पंजीकरण पोर्टल भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों छात्रों के लिए खुला है। उन्होने प्रवेश जागरूकता कार्यक्रम के दौरान यह बताया कि इग्नू स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा और प्रमाणपत्र कार्यक्रमों सहित विभिन्न विषय क्षेत्रों में 200 से अधिक पाठ्यक्रम प्रदान करता है। इग्नू छात्रों को अपना अध्ययन केंद्र व परीक्षा केंद्र अपने सत्र के दौरान भारत में कहीं भी स्थानांतरण करवाने की सुविधा भी प्रदान करता है।कार्यक्रम में एमडीपीजी महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो अरविंद मिश्र ने कहा कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय सभी वर्ग के सभी आयु के इच्छुक शिक्षार्थी को पसंदीदा कोर्स से लाभान्वित होने का मौक़ा प्रदान करता है। उन्होंने यह भी बताया कि यूजीसी के नियमों के तहत अब कोई भी छात्र रेगुलर कोर्स के साथ मुक्त विश्वविद्यालय से कोई भी दूसरा कोर्स कर सकता है जिससे उसे एक ही सत्र में दो डिग्रियां करने का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में उपस्थित इग्नू के काउंसलर डॉ सीएन पांडेय ने इग्नू के विभिन्न रोज़गार परक कार्यक्रमों जैसे एम ए एजुकेशन, एम ए मनोविज्ञान, एम ए ग्रामीण विकास, पत्रकारिता में डिप्लोमा, एकल विषय स्नातक, इत्यादि पर प्रकाश डाला और छात्रों को इन कोर्सेस में प्रवेश लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने यह भी बताया कि इग्नू एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है और यह अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्रों को डिग्री कोर्सेस में मुफ़्त शिक्षा की सुविधा प्रदान करता है। इच्छुक छात्र ऑनलाइन प्रवेश ले सकते हैं अथवा अध्ययन केंद्र पर संपर्क कर सकते हैं।

## गोपाल जी के निजी सचिव जीवेंद्र पाल का भांजा लापता, रिपोर्ट दर्ज



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़ ।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के वर्तमान एमएलसी पूर्व सांसद कुंवर अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी के निजी सचिव ग्रामसभा भुवाल पुर डोमीपुर थाना कोतवाली देहात निवासी जीवेंद्र पाल के भांजा आकाश पाल निवासी आधारपुर थाना अंतू जिसकी उम्र 14 वर्ष है। वह विगत 12 फरवरी को सायं 4 बजे कोचिंग जाने की बात कहकर निकला,लेकिन फिर वापस नहीं लौटा। इससे परेशान लोगो ने आस पड़ोस रिश्तेदार आदि के यहां बहुत तलाश किया लेकिन कुछ पता नहीं चला। बच्चे के लापता होने की आशंका के मद्देनजर जीवेंद्र पाल ने थाना कोतवाली नगर में 12 फरवरी को ही गुमशुदगी की तहरीर दी। गुमशुदगी की तहरीर पर कोतवाली नगर पुलिस ने 13 फरवरी को गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज करते हुए लापता बच्चे की तलाश तेज कर दी है। ज्ञात हो कि उक्त लापता बच्चा गोपाल जी के व्यक्तिगत सचिव जीवेंद्र पाल के मौसी के यहां जीवेंद्र पाल के ही कहने पर उन्हीं के घर अचलपुर लेखपाल कालोनी पोस्ट कादीपुर थाना कोतवाली नगर में रहकर शहर के बाबागंज स्थित शिशिर कोचिंग में कक्षा 10 के कोर्स की पढ़ाई कर रहा था। बताते चलें कि लापता होने के दिन यह बच्चा घर पर ही अपना मोबाइल फोन भी छोड़ गया है। इससे परिजन और ज्यादा हैरान व परेशान हैं।

## सीपीएस क्रिकेट टूर्नामेण्ट में मोहसिन इलेवन बनीं विजेता




लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सगरा सुंदरपुर बाजार स्थित मैदान में चल रहे सीपीएस क्रिकेट टूर्नामेण्ट में सोमवार को मोहसिन इलेवन व लच्छी का पुरवा इलेवन के बीच मैच खेला गया। मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करने उतरी मोहसिन इलेवन की टीम ने मैच के निर्धारित दस ओवरों में छः विकेट खोकर एक सौ चौवालिस रन बनाये। जबाब में लच्छी का पुरवा इलेवन की टीम ने सात विकेट खोकर एक सौ पन्द्रह रन ही बना सकी। मोहसिन इलेवन की टीम को तीस रन से विजेता घोषित किया गया। वहीं आयोजन समिति की ओर से मोहसिन इलेवन के खिलाड़ी सुनील को सर्वाधिक बासठ रन का योगदान देने पर मेडल प्रदान किया गया। इस मौके पर रत्नाकर तिवारी, राजेन्द्र मिश्र, फकरूल हसन, शिवशंकर शुक्ल, जाकिर अली, रामनयन वर्मा, अनीस अहमद आदि मौजूद रहे।

## ऑल इण्डिया एग्रो इनपुट डीलर्स की हुई बैठक



**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर में सोमवार को आल इण्डिया एग्रो इनपुट डीलर्स एसोशिएसन के लालगंज तहसील इकाई की बैठक हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष अतुल त्रिपाठी ने कहा कि वह कृषि क्षेत्र में कार्य कर रहे व्यापारियों के मान सम्मान पर आंच नहीं आने देंगे। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राजकुमार मिश्र ने कहा कि ऑनलाईन व्यापार से किसान और व्यापारी दोनों का नुकसान हो रहा है। उन्होनें आनलाईन व्यापार पर प्रतिबन्ध लगाने की मांग उठाई। इसके साथ ही जिले में आवंटित खाद का वितरण रैक प्वांइट से ही करने की मांग भी की। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने आगामी नौ मार्च को कानपुर में होने वाले अधिवेशन में सभी से शामिल होने की अपील की। जिला उपाध्यक्ष बब्बू मौर्य ने सभी के प्रति आभार जताया। इस मौके पर लल्लन वर्मा, संतोष केसरवानी, गोविन्द, लाल बाबू दुबे, रामकिशोर पाण्डेय, मो0 असगर, देवेन्द्र सिंह, शिव प्रसाद मौर्य, शिवलाल मौर्य, अनूप तिवारी, राजेश पाण्डेय आदि व्यापारी मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

## पड़ोसी ने साथी संग गाली-गलौच का विरोध करने पर महिला को पीटा

**चरवा, (कौशाम्बी)।** चरवा थानाक्षेत्र के रैयादेह माफी गांव में सोमवार की सुबह गाली-गलौज का विरोध करने पर पड़ोसी ने साथी संग एक महिला को जमकर पीट दिया। पिटाई से महिला को काफी चोटें आई। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल महिला ने थाने जाकर मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।रैयादेह माफी गांव की सुमन देवी पत्नी रविशंकर ने बताया कि दो दिन पूर्व पड़ोसी का लड़का घर के सामने से उसका पालतू कुत्ता उठा ले गया था।उसके पुत्र हिमालय ने पड़ोसी के घर जाकर अपना कुत्ता मांगा। इसपर पड़ोसी ने उसे डांटकर भगा दिया। सोमवार की सुबह वह घर के बाहर बैठी थी। इसी दौरान पड़ोसी अपने एक साथी के साथ उसके पास पहुंचा और उसी विवाद को लेकर गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि गाली का विरोध करने पर उन दोनों ने महिला की जमकर पिटाई कर दी। पिटाई से उसे काफी चोटें आई। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायल महिला ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## कुनबे ने रास्ते के विवाद को लेकर महिला को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**चायल, (कौशाम्बी)।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के चिकवन का पूरा मजरा सैंता गांव में रास्ते के विवाद को लेकर कुनबे ने एक महिला को जमकर पीट दिया। पिटाई से उसको काफी चोटें आई।शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया।घायल महिला ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी।तहरीर पाने बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दिया है। पुलिस चौकी मूरतगंज क्षेत्र के सैंता मजरा चिकवन का पूरा गांव की कैलशिया पत्नी रामदास के मुताबिक पड़ोसी से खेत जाने के लिए रास्ते को लेकर उसका काफी दिनों से विवाद चल रहा है। रविवार की शाम इसी बात को लेकर पड़ोसी अपने परिजनों संग घर पर चढ़ के गाली गलौज करने लगा। आरोप है कि विरोध करने पर पड़ोसी कुनबे ने मिलकर लाठी डंडे से उसकी पिटाई कर दी। इससे उसको काफी चोटे आई। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़िता ने थाने जाकर महिला समेत सात आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

## पुलिस ने दो पक्षों के बीच हुए झगड़े में छह लोगों के खिलाफ किया मुकदमा दर्ज

**चायल, (कौशाम्बी)।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के कुरई गांव में शुक्रवार शाम पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडों से मारपीट हुई। जिसमें दोनों तरफ से महिला समेत चार लोग घायल हो गए थे। घायलों ने थाने जाकर एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने क्रास केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दिया है।कुरई गांव की आशा देवी ने बताया कि पड़ोसी अनुज से पुराने विवाद को लेकर रंजिश चल रही है। आरोप है कि इसी बात को लेकर अनुज ने शुक्रवार शाम मेवालाल, ज्ञानमति और गुड़िया के साथ उसके घर पहुंच गाली गलौज कर लाठी डंडे से हमला कर दिया। बीच बचाव करने आये पति विजय कुमार को भी पीट दिया। इससे दोनों जख्मी जो गए। जबकि गुड़िया का आरोप है कि विजय शराब के नशे में आया और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर विजय और उसकी पत्नी आशा देवी ने डंडे से पिटाई शुरु कर दी। बीच बचाव करने आई जेठानी फूलमती को भी पीट दिया। इससे दोनों लहूलुहान हो गई। घायलों ने थाने जाकर एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी। रविवार शाम पुलिस दोनों पक्ष से मुकदमा लिख घटना की छानबीन में जुट गई है।

## श्रद्धालुओं के कार की टक्कर से पशुधन प्रसार अधिकारी घायल, मुकदमा दर्ज

**कसेंदा, (कौशाम्बी)।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के पिपरहाई नहर के समीप शुक्रवार को बाइक से ड्यूटी आ रहे पशुधन प्रसार अधिकारी को कुंभ से आ रहे श्रद्धालुओं की कार ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में पशुधन प्रसार अधिकारी घायल हो गए। सूचना पर आई डायल 112 पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। मामले में पशुधन प्रसार अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है।

सरायअकिल कोतवाली क्षेत्र के पूरेघासी राम गांव निवासी बृजेश सिंह पिपरहाई राजकीय पशु चिकित्सालय में पशुधन प्रसार अधिकारी के पद पर तैनात हैं। शुक्रवार की सुबह वह बाइक द्वारा प्रयागराज से पिपराहाई पशु चिकित्सालय आ रहे थे।इसी दौरान पिपरहाई नहर के समीप कुंभ मेला से आ रहे श्रद्धालुओं की चार पहिया वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से पशुधन प्रसार अधिकारी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से भाग निकले। सूचना पर आई डायल 112 पुलिस ने घायल को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के बाद रविवार को घायल की तहरीर पर पुलिस ने कार के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## भैंस लेकर जा रही महिला के साथ मारपीट, कार्यवाई

**सैनी, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली के एक गांव में भैंस लेकर जा रही महिला के साथ पड़ोसियों ने मारपीट कर धमकी देने लगे , पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

सैनी कोतवाली के त्रिलोकपुर गांव की निशा देवी पत्नी संजय सोनकर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शनिवार को वह अपनी भैंस लेकर बाग की तरफ बांधने जा रही थी , महिला का आरोप है कि इस दौरान पड़ोस के कुछ लोग भैंस बांधने का विरोध करते हुए गाली गलौच करने लगे , जिसका विरोध करने पर लाल चंद्र , दीपक , आभा आदि लोग मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने लगे ।पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

## शिक्षिका ने बच्चों को बताए सड़क सुरक्षा के नियम



**शहजादपुर, (कौशाम्बी)।** सिराथू के जानकीपुर में स्थित प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षिका शालिनी सिंह ने विद्यालय के कक्षा-1,2 के बच्चों के साथ सड़क सुरक्षा पर चर्चा करते हुए सड़क सुरक्षा के नियम बताए । शिक्षिका ने बच्चों को बताया कि हमारा जीवन बहुत महत्वपूर्ण हैं , हमें अपने जीवन की रक्षा करनी चाहिए ,सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं से हमें स्वयं बचना चाहिए और दूसरों को भी समझाना चाहिए।सड़क सुरक्षा के लिए कानूनों का पालन करना और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहना जरूरी है। शिक्षिका ने सड़क सुरक्षा हेतु सीटबेल्ट पहनने , रात में वाहन न चलाएं जाने , शराब पीकर वाहन न चलाएं जाने एवं ट्रैफिक नियमों का पालन करने को कहा।

# व्यापार मंडल की बैठक में छाया रहा भरवारी कस्बे में जाम का मुद्दा

## ● नगर प्रशासन ने व्यापार की समस्याओं को लेकर हुई बैठक



लोकमित्र ब्यूरो

**भरवारी, (कौशाम्बी)।** नगर पालिका परिषद भरवारी के वीरांगना दुर्गभाभी सभागार में सोमवार को आयोजित व्यापार मंडल की बैठक अधिशासी अधिकारी रामसिंह व नगर अध्यक्ष कविता पासी की अध्यक्षता में आयोजित हुई, बैठक में छाया रहा भरवारी कस्बे के जाम का मुद्दा। नगर कार्यालय में आयोजित व्यापारियों की बैठक में ज्योति केसरवानी ने कहा कि भरवारी कस्बे में जाम की मुख्य वजह से व्यापार चौपट हो रहा है, सड़क किनारे लगने वाली सब्जी बाजार को अंदर लगाई जाए व अतिक्रमण लगने न दे इसके लिए जागरूक किया जाए स वही व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष प्रवेश कुमार केसरवानी ने कहा कि बाल गोविंद का हाता को साफ करवा कर वहीं ई रिक्शा खड़े हो जब तक रेलवे क्रासिंग पर पुल न बन पाए जिससे जाम की संभावना कम होगी स नया बाजार रेलवे क्रासिंग से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया तक व्यापारी से बात कर सब्जी विक्रेताओं से बात कर सब्जी बाजार प्राइमरी स्कूल में लगे स नगर क्षेत्र में लोगों को मकान का खसरा अब मिलना बंद हो गया,अब मकान का कागज क्या दे लोन लेने पर बैंक वाले को नगर क्षेत्र के सभी राजस्व रकबा को ऑनलाइन किया जाए जिससे सभी लोग ऑनलाइन अपने पेपर निकाल सके, वही बताए कि पहले 2 प्रतिशत दाखिल खारिज में शुल्क लगता था अब नगर प्रशासन के सहयोग से 0.50 प्रतिशत ही अब राजस्व शुल्क जमा हो रहा है स नगर भ्रमण कर सभी अतिक्रमण करियों को समझाए जाए कि वो मान जाए, अतिक्रमण हटा ले नहीं तो अतिक्रमण करियों के विरुद्ध कार्यवाही हो स राजेश कुमार अग्रहरि ने कहा कि तीन वाटर कुलर लगाएं जाए पहला रेलवे क्रासिंग के पास वाले मंदिर, दूसरा करारी रोड के राम जानकी मंदिर, तीसरा मंझनपुर रोड में हनुमान मंदिर में लगे जिससे राहगीरों व बाजार आने वाले लोगों को पेयजल मिल सके। नगर अध्यक्ष कविता पासी ने आयोजित बैठक में व्यापारियों की समस्याओं को सुना गया और उनके निस्तारण का आश्वासन दिया गया। बैठक में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने पेयजल, जाम, गृहकर, खसरा,जलनिकासी, शौचालय, अतिक्रमण, बंदी जैसे विभिन्न मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की।नगर अध्यक्षा ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को समस्याओं का निस्तारण किये जाने का आश्वासन दिया,उन्होंने कहा कि समस्याओ का निराकरण जल्द करा दिया जायेगा। ईओ रामसिंह बताया कि ग्राउंड सर्वे रिपोर्ट के अनुसार कुल 26233 मकान नगर क्षेत्र में स्थित है,ज्योग्राफिकल इनफॉर्मेशन सिस्टम्स पर दर्ज है इनको जल्द ही मैनेजमेंट इनफॉर्मेशन सिस्टम्स के लिए ऑनलाइन करने के लिए टेंडर जारी कर दिया जाएगा, वही एक वॉर्ड के नक्शा, रकबा, मकान ऑनलाइन करवाने में लगभग एक लाख रुपए का खर्च आएगा, वही पालीथीन का प्रयोग कम करे, बाजार में थैला लेकर निकले जिससे पालीथीन का प्रयोग कम हो।

## सरस्वती ज्ञान मंदिर छात्रों का विदाई समारोह सम्पन्न



लोकमित्र ब्यूरो

**बारा, (कौशाम्बी)।** विजिया चौराहा स्थित सरस्वती ज्ञान मंदिर शिक्षण संस्थान, विजिया चौराहा में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के छात्रों के लिए विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक राजेश कुमार सिंह सहित शिक्षकगण, अभिभावक तथा छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह की शुरुआत माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद विद्यालय के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें गीत, नृत्य और भाषण शामिल थे। विद्यालय के प्रबंधक राजेश कुमार सिंह ने अपने संबोधन में छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह समय उनके जीवन का महत्वपूर्ण मोड़ है। उन्होंने छात्रों को सफलता के मंत्र दिए और आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी। शिक्षकों ने भी अपने अनुभव साझा किए और छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यार्थियों ने भी अपने स्कूल के यादगार पलों को साझा करते हुए शिक्षकों और अपने सहपाठियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। साथ ही, सभी छात्रों को स्मृति चिह्न भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस आयोजन ने छात्रों को भावनात्मक रूप से जोड़ा और उनके आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। पूरे विद्यालय परिसर में विदाई समारोह की उल्लासपूर्ण और भावनात्मक छटा बिखरी रही।

## घटमापुर में चौपाल लगाकर पीडीए पर चर्चा कार्यक्रम का हुआ आयोजन




लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** समाजवादी पार्टी विधानसभा सिराथू के सेक्टर घटमापुर में चौपाल लगाकर पीडीए पर चर्चा कार्यक्रम का आगाज किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष दयाशंकर यादव मौजूद रहें। जिला अध्यक्ष दयाशंकर यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक और महिलाओं का उत्पीड़न हो रहा है। सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण आम जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता रीढ़ की हड्डी होते है कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकना है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकार में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में भाजपा पूरी तरह से नाकाम रही है। भाजपा अपनी नाकामी को छिपाने के लिए धर्म का सहारा ले रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जगदीश सिंह यादव ने कहा कि सपा सरकार के कार्यकाल के दौरान उत्तर प्रदेश में कई विकास कार्य किए गए थे, लेकिन भाजपा के शासन में विकास पूरी तरह से ठहर गया है। भाजपा देश के सौहार्द को बिगाड़ने और भाईचारे को खत्म करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से परेशान जनता ने अब पीडीए के साथ जुड़ने का मन बना लिया है। इस मौके पर गणमान्य नागरिक सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## एएसपी ने तिराहे पर पुलिस फ़ोर्स के साथ श्रद्धालुओं को कराते रहे सुरक्षित यातायात सुगम



लोकमित्र ब्यूरो

**भरवारी, (कौशाम्बी)।** प्रयागराज महाकुंभ में बढ़ती भीड़ को सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त व बेहतर करने के लिए एएसपी राजेश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी चायल, उपजिलाधिकारी सिराथू अजेन्द्र सिंह,न्यायिक मजिस्ट्रेट मौज अख्तर, सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा,यातायात प्रभारी,एसओ कोखराज चन्द्र भूषण मौर्य व पुलिस फोर्स के साथ लगातार चौराहा टोल प्लाजा तिराहा व सकाढा तिराहा और गंगा नदी के किनारे ड्रोन के माध्यम से श्रद्धालुओं को सुरक्षा के बारे में लगातार जानकारी लेते रहे और टोल प्लाजा को निर्देशित करते रहे टोल प्लाजा में कोई भी गाड़ी रोकी न जाये न ही कोई उसूली हो तिराहे पर वाहनों का आना-जाना तेजी से लगा रहा भीड़ धीरे धीरे कम होती रही जिससे लगातार पुलिसकर्मी ने भी राहत की सांस ली पुलिस कर्मचारी लगातार भीड़ को नियंत्रित करते रहे जिससे जाम की स्थिति न बन सके इस दौरान निकलने वाले वाहनों को पुलिसकर्मियों ने चेक किया और संदिग्ध लोगों के कागजात भी चेक किया, सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के क्रम में अन्य थाना पुलिस द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में लगातार अहम योगदान दिया जा रहा हैं।

# पूर्व जिला पंचायत सदस्य रजनीश पाण्डेय ने कराई अनाथ कन्या का विवाह

लोकमित्र ब्यूरो

**चायल, , (कौशाम्बी)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र बलीपुर टाटा गांव में रविवार की रात समाजसेवी व पूर्व जिला पंचायत सदस्य रजनीश कुमार पाण्डेय ने अनाथ लड़की की विधिवत शादी संपन्न कराई। शादी में रजनीश कुमार पाण्डेय द्वारा लड़की पक्ष की ओर से कपड़ा व खाना की जिम्मेदारी उठाते हुए आर्थिक सहयोग किया। उन्होंने बताया कि 19 वर्षीय चांदनी सरोज के पिता मैकू लाल की मृत्यु लगभग 12 वर्ष पूर्व एक असाध्य बीमारी की वजह से हो गई थी। उसी बीमारी से चांदनी की माता गुड़िया देवी भी ग्रसित हैं जिनका इलाज चल रहा है। इसके आलावा चांदनी की छोटी बहन रोशनी व छोटा भाई सूरज है। पिता की मृत्यु के पश्चात इनका कोई कमाने खिलाने वाला नहीं था। किसी तरह से इनका



गुजर बसर होता था। पिता का साया सर से हटने के बाद इस तरह से वह अनाथ हो गई थी। इस कारण से चांदनी की माता के समक्ष अपने तीन बच्चों दो बेटी व एक छोटे बेटे की परवरिश का संकट खड़ा हो गया था। ऊपर से चांदनी की माता को असाध्य रोग ने पूरी तरह से तोड़ दिया था। उस विषम परिस्थितियों में तब से आज तक लगातार समाजसेवी रजनीश कुमार पाण्डेय ने उनका साथ सहयोग और आर्थिक सहायता करते रहे। इसी कड़ी में रजनीश जी ने 16 फरवरी को चांदनी सरोज की शादी में मानवीय आधार पर शादी में अहम भूमिका निभाते हुए शादी के महत्व पूर्ण खर्चे का बीड़ा उठाते हुए, चांदनी की शादी में खाना पीना और कपड़े का पूरा खर्चे उठाया और हिन्दू रीति रिवाज से शादी संपन्न कराई। नेवादा ब्लाक के सेउंथा गांव के रहने वाले शनि कुमार के साथ चांदनी का विवाह सम्पन्न कराया। इस दौरान उन्होंने वर कन्या पक्ष को कपड़े और जरूरत के उपहार व आर्थिक सहायता करते हुए नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया। इस मौके पर तमाम संभ्रांत गणमान्य लोग और ग्रामीण मौजूद रहे।

## बीडीओ ने क्षय रोगी को पोषण पोटली देकर पूछा हाल



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** खंड विकास अधिकारी सिराथू भवेश कुमार शुक्ला ने सोमवार को गोविंदपुर गोरियों गांव में क्षय रोग से ग्रसित अनाथ बेटी को पोषण पोटली देकर हाल-चाल पूछा और हर संभव मदद का भरोसा दिया। विकास खंड सिराथू के गोविंदपुर गोरियों गांव में क्षय रोग से पीडित रीता देवी के पिता राम बदन की चार साल पहले बीमारी के चलते निधन होने के बाद दो साल पहले मां का भी देहांत हो गया। ऐसे में रीता देवी का इलाज साल भर से सरकारी अस्पताल में चल रहा है। बीमारी से ग्रसित अनाथ बेटी को खंड विकास अधिकारी भवेश शुक्ला ने गोद ले रखा है। सोमवार को बीडीओ ने बाल विकास पुष्टाहार की ओर से पोषण पोटली देकर हाल-चाल पूछते हुए बेटी को मदद का भरोसा दिलाया।

## चोरों ने सेंध काटकर ज्वैलरी शॉप से लाखों के जेवरात किया पार



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली के टेढ़ीमोड़ में स्थित एक ज्वैलरी शॉप से बीती रात चोरों ने दुकान के पीछे से सेंध काटकर दुकान में रखे लाखों रुपए के जेवरात पार कर दिया , दुकान मालिक सुबह दुकान के अंदर गया तो नजारा देख दंग रह गया और मामले की लिखित सूचना पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

सैनी कोतवाली के चक बख्तियारा परसीपुर निवासी शिव शंकर पुत्र भोला मौर्य कोतवाली क्षेत्र के टेढ़ीमोड में ज्वैलरी शॉप खोल रखी है। शिव शंकर ने सोमवार को सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि रविवार की शाम वह दुकान बंद कर घर चला गया , सोमवार की सुबह दुकान पहुंचा तो दुकान में बिखरा सामान देख दंग रह गया । शिव शंकर ने बताया कि चोरों ने दुकान के पीछे से सेंध काटकर अंदर घुस गए और दुकान के काउंटर में रखा 12 जोड़ी चांदी की तोड़िया , तीन हाफ पेटी , पायल तीन जोड़ी , फूल पेटी एक , लगभग चार किलो चांदी , सोने के जेवरात , लॉकेट आदि सहित अन्य समान पार कर दिया , पीड़ित की सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन कर जांच पड़ताल में जुट गई है।

## हाईवे पर जाम के झाम में परेशान रहे राहगीर, दूसरे रुट से पहुंचे प्रयागराज

लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** प्रयागराज महाकुंभ के चलते हाईवे पर जाम का झाम के चलते राहगीरों को परेशान होना पड़ रहा है। ऐसे में महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालु मंझनपुर और प्रतापगढ़ के आलापुर रुट से होकर लोग प्रयागराज पहुंचे है। जिसके चलते सैनी चौराहे के देवीगंज और सिराथू मार्ग पर घटों आवागमन प्रभावित रहा है।

प्रयागराज त्रिवेणी पर आयोजित हो रहे महाकुंभ में अमृत स्नान के लिए देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं ।ऐसे में दो दिन से कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग में कोखराज के पास लगे जाम से लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। जाम के चलते कर्मचारी व व्यवसाईयों को भी हलाकान होना पड़ रहा है। हाईवे पर आवागमन बंद होने के पर बाहरी श्रद्धालु इंटरनेट मैप के जरिए सैनी से सिराथू व मंझनपुर करारी मार्ग और



प्रतापगढ़ हाईवे से प्रयागराज पहुंच रहे हैं। वाहनों के रूट बदलने के चलते सैनी चौराहे पर सोमवार को लंबा जाम लग गया जिसके चलते करीब एक घंटे तक आवागमन बंद होने से लोगों को परेशान होना पड़ा है। सड़क जाम होने के चलते बाहरी श्रद्धालुओं को भटकना पड़ रहा है। दिल्ली, हरियाणा राजस्थान, गुजरात, हिमांचल , आंध्र प्रदेशों से प्रयागराज कुंभ जा रहे श्रद्धालु जाम होने से धाता व देवीगंज आउट रोड में स्थित ढाबों में ठहरकर जाम खुलने का इंतजार कर रहे हैं।

## सम्पादकीय

# भाजपा की ऐतिहासिक जीत

भाजपा का दिल्ली में 27 साल से चला आ रहा राजनीतिक वनवास समाप्त हो गया जब उसने 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा की 48 सीट जीत कर आम आदमी पार्टी (आप) के तीसरी बार सत्ता पर काबिज होने के मंसूबे पर पानी फेर दिया।आप को 22 सीटें मिलीं। कांग्रेस अपना खाता तक खोलने में लगातार तीसरी बार नाकाम रही। भाजपा को 45.81 फीसद मत मिले जबकि आप ने 43.56 फीसद मत हासिल किए और कांग्रेस को 6.36 फीसद मतों पर संतोष करना पड़ा। आप के लिए सर्वाधिक निराशाजनक रहा कि उसके राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पार्टी में नंबर दो मनीष सिसोदिया समेत सौरभ भारद्वाज, सत्येंद्र जैन समेत कई धुरंधरों को मतदाताओं ने नकार दिया।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, जो दिल्ली में भाजपा की जीत के प्रमुख कर्णधार रहे, अपनी पार्टी को %प्रचंड जनादेश' मिलने पर मतदाताओं का आभार जताते हुए आस्त किया है कि राजधानी के चौतरफा विकास और लोगों का जीवन उत्तम बनाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। भाजपा की जीत को ऐतिहासिक करार देते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली एक दशक की %आप-दा' से मुक्त हुई है। कांग्रेस की इस बार भी दुर्गत हुई।पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के नेतृत्व में 15 साल तक सरकार चलाने के बाद सत्ता से बाहर हुई कांग्रेस इस बार भी एक भी सीट हासिल न कर सकी। विधानसभा की सभी 70 सीटों पर चुनाव लड़ी कांग्रेस के तीन प्रत्याशी ही जमानत बचा सके। अलबत्ता, पिछले विधानसभा चुनाव के मुकाबले उसके मत प्रतिशत में दो फीसद से ज्यादा बढ़ोतरी जरूर हुई है। आप का जन्म मध्यम वर्ग की तत्कालीन राजनीतिक माहौल से निराशा की वजह से हुआ था लेकिन बाद के वर्षों में आप खुद को गरीबों के लिए काम करने वाली चैंपियन पार्टी के रूप में उभारने सफल रही।लेकिन राजधानी में नागरिक सेवाओं की चरमराई स्थिति से पनपे आम जन के आक्रोश से बच न सकी। दिल्ली नगर निगम में भी आप की सत्ता होने के कारण आप के लिए यह भी संभव न था कि निगम की काहिली बता कर जनाक्रोश से खुद को बचा ले जाती।शराब घोटाला, जिसमें उसके कुछ वरिष्ठ नेताओं को जेल भी जाना पड़ा, आलीशान मुख्यमंत्री आवास, जिसे भाजपा ने शीशमहल कहा, जैसे मुद्दे ऐसे रहे जिनसे केजरीवाल की छवि खासी धूमिल हो गई। उनकी %कट्टर ईमानदार' की छवि को इन दो बातों ने चकनाचूर कर दिया। वे जनता को विश्वास ही नहीं दिला पाए कि उन्होंने भ्रष्टाचार नहीं किया है।

# आस्था के नाम पर कब तक होती रहेगी मौतें

**अशोक भाटिया**

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात में मची भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई। भगदड़ की यह घटना उस समय हुई जब महाकुंभ जाने के लिए बड़ी संख्या में लोग स्टेशन पर इकट्ठा हुए थे। इस दुखद घटना के पहले भी भगदड़ के कारण अनेक लोग हताहत हुए हैं। कुछ सप्ताह पहले प्रयागराज में महाकुंभ में भी भगदड़ मची थी। 29 जनवरी को महाकुंभ के संगम क्षेत्र में भगदड़ में 36 लोग मारे गए और 60 घायल हो गए, जब श्रद्धालु मौनी अमावस्या के अवसर पर स्नान करने के लिए इकट्ठा हुए थे।दरअसल महाकुम्भ प्रयागराज में भीड़ के कारण भगदड़ मचने से 36 लोगों की मौत के बाद नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कुम्भ स्नान के लिए जाने वाले 18 श्रद्धालुओं की मौत हो जाना दुखद त्रासदी है। मानव जीवन बेहद अनमोल है। उसे किसी भी स्थिति में कुचला नहीं जाना चाहिए। जो संसार में पैदा होता है उसका संसार से जाना तय है लेकिन मृत्यु वह होनी चाहिए जो नियति ने तय की हो। क्या प्रयागराज त्रासदी के बाद नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में हुई मौतों को नियति मान लिया जाए। महाकुम्भ की सफलता का श्रेय केन्द्र और उत्तर प्रदेश सरकार ले रही है तो भगदड़ और मौतों का ठीकरा भी उसी के सिर फूटना चाहिए। एक ओर तो महाकुम्भ में 51 करोड़ से भी ज्यादा श्रद्धालुओं द्वारा स्नान करने के वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम होने पर उत्सव मनाए जा रहे हैं लेकिन आस्थावान लोगों की मौत का क्या, जिनकी आस्था अधूरी रह गई। शायद यही उनकी नियति है। यह दुखद है कि ऐसे हादसों के बाद बेहतर तैयारियां तथा सुरक्षा प्रबंध पुख्ता किए जाने के दावे किए जाते हैं, मगर हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे।महाकुम्भ में इस बार पहले से ही अनुमान लगाया जा रहा था कि रिकॉर्ड तोड़ श्रद्धालु प्रयागराज पहुंचेंगे। सारा दबाव प्रयागराज पर था लेकिन किसी ने अनुमान ही नहीं लगाया कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भी भगदड़ की स्थिति हो सकती है। धार्मिक श्रद्धा का सवाल पूरी तरह से व्यक्तिगत है और आस्था प्रतिस्पर्धा या उन्माद का सवाल नहीं है लेकिन इस बार आस्थावान लोगों ने महाकुम्भ में स्नान कर पुण्य कमाने या मोक्ष प्राप्त करने की लालसा को उन्माद में बदल दिया। इसी उन्माद में उन्हें भीड़ के पांव तले कुचले जाने को विवश होना पड़ा। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ त्रासदी ने सिस्टम के पुराने जख्मों को फिर कुरेद दिया है। कारण कुछ भी रहे हों लेकिन रेलवे प्रशासन भीड़ का प्रबंधन करने में पूरी तरह से नाकाम रहा। श्रद्धालु रेलवे प्रशासन की कुव्यवस्था की नाकामी बता रहे हैं। कोई कह रहा है कि भगदड़ प्लेटफार्म बदलने से हुई, कोई यह कह रहा है कि महाकुम्भ के लिए भारी प्रचार का परिणाम यही होना था कि करोड़ों लोग डुबकी लगाने पहुंचने लगे और व्यवस्थाएं ध्वस्त होने लगीं।आस्था के नाम से जीवन की यह पहली घटनाएँ नहीं है इसके पूर्व भी आस्था के नाम पर कई घटनाएँ हो चुकी है जिसमें कई आस्थावान श्रधालुओं की जीवन लीला हर ली है । दिल्ली से करीब 200 किलोमीटर दूर उत्तरप्रदेश के हाथरस में बाबा नारायण हरि साकार उर्फ भोले बाबा के सत्संग में मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस भगदड़ की न्यायिक जांच कराने का निर्णय लिया है। हादसे के बाद बुधवार को हाथरस पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने मीडिया को इसकी जानकारी दी। योगी ने घटना में साजिश की तरफ इशारा करते हुए कहा, ''यह हादसा था या कोई साजिश और अगर साजिश थी तो इसमें किसका हाथ है यह जाँच में पता चल जाएगा ।हालांकि, हाथरस में ही पहली बार ऐसा हादसा हुआ है, ऐसा नहीं है। पहले भी भीड़भाड़ वाले स्थलों खासकर धार्मिक आयोजनों या धार्मिक स्थलों पर ऐसे हादसे होते रहे हैं। जिसके बाद जांच और कार्रवाई तो होती है पर कोई जिम्मेदार सबक लेता नहीं दिखाई देते है। कई हादसों की तो रिपोर्ट ही सार्वजानिक नहीं होती है ।आमतौर पर धार्मिक आयोजनों या धर्मस्थलों पर भारी भीड़ उमड़ती है। गहरी आस्था के चलते लोग अपने आराध्य के दर्शन करने या उनके बारे में सत्संग-प्रवचन सुनने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। एक जनवरी 2022 को माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े थे, जिससे भगदड़ मच गई थी। इस हादसे में 12 लोगों की जान चली गई थी, जबकि एक दर्जन घायल हुए थे।ऐसे ही महाराष्ट्र के सतारा में साल 2005 की 25 जनवरी को मंधारदेवी मंदिर में सालाना तीर्थयात्रा के दौरान मची भगदड़ में 340 से अधिक श्रद्धालुओं की कुचलने से मौत हो गई थी। तीन अक्तूबर 2014 को पटना के गांधी मैदान में दशहरा समारोह के समाप्त होने के बाद भगदड़ में 32 जानें गई थीं। चार मार्च 2010 को उत्तरप्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में स्थित मनगढ़ में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में मची भगदड़ में 63 लोगों की जान चली गई थी।पटना में गंगा के तट पर 19 नवंबर 2012 को छठ पूजा के दौरान अचानक अस्थायी पुल ढहने से भगदड़ मच गई थी। इसमें 20 लोगों की मौत हो गई थी। इससे पहले आठ नवंबर 2011 को हरिद्वार में गंगा किनारे हरकी पैड़ी पर मची भगदड़ में कम से कम 20 लोगों की जान चली गई थी।भारी भीड़ के कारण भगदड़ मचने के और भी कई उदाहरण हैं। इसके लिए कहीं न कहीं इंतजामों की कमी भी जिम्मेदार होती है। वास्तव में लोग अपनी-अपनी आस्था के कारण धार्मिक स्थलों या आयोजन में शामिल होना चाहते हैं और इसके लिए वे किसी बात की परवाह नहीं करते। ऐसे में जरा सी भी ऊंच-नीच भगदड़ का कारण बन जाती है। भारी भीड़ के बीच छोटी सी अफवाह भी बड़ा रूप ले लेती है। साल 2011 की 14 जनवरी को केरल के इडुक्की जिले में एक जीप सबरीमाला मंदिर में दर्शन कर रहे श्रद्धालुओं से टकरा गई थी। इसके बाद ऐसी अफवाह फैली, जिससे भगदड़ मच गई और इसमें 104 श्रद्धालुओं की जान चली गई थी।देश के कई धार्मिक स्थलों के परिसर तो काफी बड़े हैं पर मुख्य दर्शन या पूजा स्थल काफी छोटे हैं। इसमें एक साथ भीड़ का रेला आता है तो धक्के के कारण लोग एक-दूसरे के ऊपर चढ़ने लगते हैं। इस दौरान लोग खुद के शरीर को ही नियंत्रित नहीं कर पाते हैं। ऐसे में अगर एक व्यक्ति भी भीड़ में गिर जाता है तो लोग चाहते हुए भी खुद को रोक नहीं पाते हैं और उस पर चढ़ जाते हैं।नतीजा यह होता है कि भीड़ में किसी के गिरने, बेहोश होने या मौत की अफवाह फैलती है और बचने के लिए लोग भागने लगते हैं। भीड़ में शामिल लोग, खासकर बुजुर्ग, बच्चे और महिलाएं इस भगदड़ का सबसे ज्यादा शिकार होते हैं। इसके लिए स्थानीय प्रशासन भी कहीं न कहीं जिम्मेदार होता है, जो आस्था के आगे हाथ खड़े कर देता है। छोटे स्थल पर अधिक लोगों की भीड़ बढ़ने पर भी वह लोगों को रोकता नहीं है।हाथरस के मामले में भी ऐसा ही देखने को मिल रहा है। बताया जा रहा है कि हाथरस में अनुमति और आकलन से कहीं ज्यादा भीड़ पहुंच गई थी। इसके बावजूद प्रशासन तमाशबीन बना रहा और न तो आयोजन निरस्त किया और न ही लोगों को रोकने की कोशिश की। धार्मिक आयोजन हों या अन्य कोई आयोजन, जिसमें ऐसी हस्तियां पहुंचती हैं, जिनके कारण भारी भीड़ इकट्ठा हो सकती है तो आयोजक खुद को वीआईपी से भी बड़ा मानने लगते हैं। इसके कारण वे लोगों के साथ मनमानी करते हैं। उन्हें रोकते-टोकते हैं। इसके कारण लोगों में गुस्सा पनपने लगता है और यह किसी न किसी रूप में फूटता है। कई बार पत्थरबाजी और तोड़फोड़ होती है तो कई बार वीआईपी के लिए बनाए गए मंच आदि पर भीड़ चढ़ जाती है।हाथरस की घटना में भी इस तरह का नजारा सामने आने की बात प्रत्यक्षदर्शी कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि बाबा के काफिले को निकालने के लिए वहां मौजूद श्रद्धालुओं को आयोजन की व्यवस्था संभालने लगे लोगों ने रोक दिया था, जबकि वे किसी भी कीमत पर बाबा के पास पहुंचना चाहते थे। आमतौर पर प्रशासन भी ऐसे मामलों की अनदेखी करता है।मौसम का भी ऐसे आयोजनों के दौरान भगदड़ का अहम योगदान होता है। सर्दी, गर्मी हो या फिर बारिश का मौसम भारी भीड़ के कारण आयोजन स्थल पर उमस होती ही है। भीषण सर्दी में भी भीड़ के बीच लोगों के पसीना निकलने लगता है। इससे बचने के लिए वे बाहर निकलने की कोशिश करते हैं। अगर गर्मी का मौसम हो तो उमस उन्हें बेचैन करने लगती है। आयोजन अगर बंद स्थान पर हो रहा हो और ठंडी हवा की व्यवस्था न हो तो हर कोई परेशान हो जाता है। खुले में हो रहे आयोजन के दौरान जरा सी बारिश होने या बूंदें पड़ने पर ही लोग भागने लगते हैं।हाथरस के चश्मदीदों के हवाले से बताया जा रहा है कि सत्संग स्थल भीषण गर्मी थी। उमस से लोग व्याकुल हो रहे थे और इससे भक्तों को बचाने के लिए उचित प्रबंध नहीं किए गए थे।

ऐसे में आयोजन खत्म होने के बाद लोग जल्द से जल्द भीड़ से निकलकर हवादार स्थल या अपने घर पहुंचना चाहते थे। इसी जल्दबाजी में स्थिति और भी विकराल होती चली गई।मालूम हो कि हाथरस वाले मामले में उत्तरप्रदेश सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, ''इसमें प्रशासन और पुलिस के सेवानिवृत अधिकारियों को रखकर घटना की तह में जाएंगे और जो भी इसके लिए दोषी होगा उन सभी को सजा दी जाएगी।गौरतलब है कि जोधपुर के मेहरानगढ़ किले में हुए हादसे के अब 16 साल बीत चुके हैं। हाथरस वाले हादसे की तरह ही मेहरगढ़ दुखांतिका की जांच के लिए हाई कोर्ट के रिटायर जज जस्टिस जसराज चोपड़ा की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन हुआ था। लेकिन आपको यह जानकर हैरानी होगी कि 216 लोगों की मौत मामले में हुई जांच की रिपोर्ट आज 16 साल बाद भी सार्वजनिक नहीं हो सकी है। साल 2008 में राजस्थान में कांग्रेस की सरकार थी और अशोक गहलोत मुख्यमंत्री थे। 30 सितंबर को हुई इस दुर्घटना के बाद दो अक्तूबर को सरकार ने जस्टिस जसराज चोपड़ा की अध्यक्षता में एक न्यायिक जांच आयोग का गठन किया। जांच आयोग ने करीब ढाई साल बाद अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंप दी। लेकिन जब रिपोर्ट सौंपी गई कि तब राज्य में भाजपा की सरकार थी। कहा जाता है कि सरकार ने उस रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया और इस घटना के पीड़ितों के परिवारजन न्याय पाने के लिए दर-दर भटक रहे हैं।इसी साल मई में राजस्थान हाईकोर्ट खंडपीठ में जोधपुर के मेहरानगढ दुखांतिका को लेकर चोपड़ा आयोग की रिपोर्ट एवं दो कैबिनेट उप समितियों की रिपोर्ट को पेश किया गया था। इस दौरान महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद ने कहा, अब इस मामले को 16 साल हो चुके हैं। इसीलिए सामाजिक सद्भाव और शांति-व्यवस्था को देखते हुए इस रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं करना चाहिए। इस पर याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि पूरी रिपोर्ट को राज्य सरकार को सार्वजनिक करना चाहिए। अब मामले की अगली सुनवाई 29 जुलाई को है। मेहरानगढ़ हादसे की जांच रिपोर्ट सामने नहीं आने से अब यह सवाल उठता है कि बाकी भगदड़ पर गठित होने वाली कमेटी की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक होगी या नहीं।**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

## सरोकार

# विवाह के झूठे वादों से दुष्कर्म के बढ़ते मामले

**प्रियंका सौरभ**

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की नई रिपोर्ट में कहा गया है कि हर साल झूठी शादी की शपथ की आड़ में कई हज़ार बलात्कार के मामले दर्ज किए जाते है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा अतुल गौतम मामले में 2025 में दिए गए फैसले से यह सवाल उठता है कि न्यायिक व्याख्याएँ महिलाओं की स्वायत्तता और कानूनी सुरक्षा को कैसे प्रभावित करती हैं। बलात्कार और सेक्स के लिए सहमति देना स्पष्ट रूप से अलग-अलग हैं। इन स्थितियों में, न्यायालय को सावधानीपूर्वक विचार करना चाहिए कि क्या शिकायतकर्ता की पीड़िता से शादी करने की वास्तविक इच्छा थी या उसके कोई छिपे हुए उद्देश्य थे और उसने केवल अपनी वासना को शांत करने के लिए इस आशय का झूठा वादा किया था, क्योंकि बाद वाले को धोखा या छल माना जाता है। इसके अतिरिक्त, झूठा वादा न निभाने और उसे तोड़ देने में अंतर है। अभियुक्त द्वारा अभियोक्ता को यौन गतिविधि में शामिल होने के लिए लुभाने के इरादे के बिना किया गया वादा बलात्कार के रूप में मान्य नहीं होगा। अभियोक्ता अभियुक्त द्वारा बनाए गए झूठे प्रभाव के बजाय उसके प्रति अपने प्यार और जुनून के आधार पर अभियुक्त के साथ यौन सम्बंधों के लिए सहमति दे सकती है। वैकल्पिक रूप से, अप्रत्याशित या अनियंत्रित परिस्थितियों के कारण ऐसा करने का इरादा होने के बावजूद अभियुक्त उससे शादी करने में असमर्थ हो सकता है। इन स्थितियों को अलग तरीके से संभालने की आवश्यकता है। बलात्कार का मामला तभी स्पष्ट होता है जब शिकायतकर्ता का कोई दुर्भावनापूर्ण इरादा या गुप्त उद्देश्य हो।अतुल गौतम बनाम इलाहाबाद उच्च न्यायालय का फ़ैसला सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करता है। यह फ़ैसला अपर्णा भट बनाम के विपरीत है। 2021 के मध्य प्रदेश राज्य के फैसले में आरोपी और पीड़ित को द्वितीयक आघात से बचने के लिए जमानत पर रहते हुए संवाद करने से मना किया गया है। सर्वोच्च न्यायालय ने फ़ैसला सुनाया कि निष्पक्ष सुनवाई की गारंटी के लिए, जमानत की आवश्यकताओं को आरोपी और उत्तरजीवी के बीच संचार के लिए बाध्य नहीं करना चाहिए। यह विचार कि विवाह बलात्कार के लिए एक उपाय है न कि अपराध के लिए सजा, ऐसी जमानत आवश्यकताओं द्वारा पुष्ट होता है, जो सामाजिक समझौते को कानून के शासन से आगे रखता है। रामा शंकर बनाम उत्तर प्रदेश राज्य (2022) में जमानत देते समय इसी तरह के शब्दों का इस्तेमाल किया गया था, जिसने प्रतिवादी के खिलाफ अभियोजन पक्ष के मामले को कमजोर कर दिया। उत्तरजीवी को जमानत प्राप्त करने के लिए आरोपी द्वारा विवाह के लिए मजबूर किया जा सकता है, जिसके परिणामस्वरूप कानूनी व्यवस्था के भीतर निरंतर दुर्व्यवहार हो सकता है। अभिषेक बनाम उत्तर प्रदेश राज्य (2024) ने न्याय की गारंटी देने के बजाय, अभियुक्त को विवाह के वादे के बदले में जमानत देकर एक दबावपूर्ण गतिशीलता बनाई। जो उत्तरजीवी को उचित पुनर्वास सहायता प्राप्त करने के बजाय अभियुक्त पर निर्भर रहने के लिए मजबूर करता है। किशोरों के निजता के अधिकार (2024) में न्यायालय द्वारा उत्तरजीवियों और बच्चों को आवास, शिक्षा और परामर्श प्रदान करने के राज्य के दायित्व पर प्रकाश डाला गया था। जमानत का उद्देश्य सामाजिक कर्तव्यों को लागू करना नहीं है, बल्कि मामला लंबित रहने तक अस्थायी स्वतंत्रता की गारंटी देना है।महिलाओं की स्वायत्तता और ÷सम्मान÷ विचारधारा की निरंतरता इन न्यायिक निर्णयों से प्रभावित होती है, जो लैंगिक रूढ़ियों को भी मज़बूत करती है।

ऐसे निर्णय बलात्कार को अपराध से कम और पवित्रता के नुक़सान को अधिक बनाते हैं, जो पितृसत्तात्मक धारणा को मज़बूत करते हैं कि एक महिला की गरिमा विवाह से जुड़ी होती है। न्यायालयों ने पिछले कई निर्णयों में एक पीड़ित के पुनर्वास को विवाह के बराबर माना है, बलात्कार को शारीरिक स्वायत्तता के उल्लंघन के रूप में स्वीकार करने में विफल रहे। न्यायालय महिलाओं की स्वायत्तता को कमजोर करते हुए अपराधियों के साथ विवाह करने के लिए पीड़ितों पर दबाव डालकर कानूनी संरक्षण के तहत दुर्व्यवहार और नियंत्रण को बढ़ावा देते हैं। विवाह को एक उपाय मानने वाली अदालतें पीड़ित की सहमति की कमी को नजरअंदाज करती हैं, जिसका अर्थ है कि जबरदस्ती को कानूनी रूप से उचित ठहराया जा सकता है। महिलाओं को लगातार आघात और सुरक्षा जोखिमों के बावजूद अक्सर अपने दुर्व्यवहार करने वालों के साथ ÷समझौता विवाह÷ में रहने के लिए मजबूर किया जाता है। अनुच्छेद 21 का उल्लंघन करते हुए, जो महिलाओं की स्वायत्तता और गरिमा की रक्षा करता है, ऐसे निर्णय महिलाओं को उनकी इच्छा के विरुद्ध सम्बंधों में मजबूर करके उनके संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करते हैं। सर्वोच्च न्यायालय के अनुसार, जबरन विवाह अनुच्छेद 21 का उल्लंघन करते हैं, जिससे पीड़ितों को न्याय के बजाय अधिक शोषण का सामना करना पड़ता है।ये निर्णय इस धारणा को बनाए रखते हैं कि विवाह यौन हिंसा को हल कर सकता है, इन घटनाओं को गंभीर अपराधों के बजाय नागरिक विवादों में बदल देता है। रूढ़िवादी ग्रामीण क्षेत्रों में पीड़ितों पर अक्सर अदालतों द्वारा आरोपी लोगों से विवाह करने का दबाव होता है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सामाजिक दबाव से न्याय से समझौता न हो, अदालतों को स्थापित नियमों का पालन करना चाहिए जो विवाह को जमानत की शर्त बनाने से रोकते हैं। अपर्णा भट केस (2021) में, सर्वोच्च न्यायालय ने फ़ैसला किया कि जमानत की ऐसी आवश्यकताएँ जो पीड़ितों को रिश्तों में मजबूर करती हैं या लैंगिक रूढ़िवादिता को बनाए रखती हैं, उनसे बचना चाहिए। राज्य को पीड़ितों को आत्मनिर्भर बनने में मदद करने के लिए मौद्रिक सहायता, परामर्श, कानूनी सहायता और कौशल-निर्माण पाठ्यक्रम प्रदान करके कल्याण कार्यक्रमों में सुधार करना चाहिए। वन स्टॉप सेंटर योजना द्वारा एकीकृत सहायता सेवाएँ प्रदान की जाती हैं; हालाँकि, अधिकतम प्रभाव के लिए, इसमें सुधार और विस्तार की आवश्यकता है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि न्यायिक विवेक से पीड़ितों के अधिकारों को ख़तरा न हो, विधायी संशोधनों को विशेष रूप से विवाह की शर्त पर ज़मानत देने की प्रथा को रोकना चाहिए। यह सुनिश्चित करने के लिए कि कानूनी व्याख्याएँ पितृसत्तात्मक पूर्वाग्रहों के बजाय संवैधानिक सिद्धांतों को बनाए रखें, न्यायाधीशों को लिंग-संवेदनशील प्रशिक्षण प्रदान करें। पीड़ितों के अधिकारों और लैंगिक न्याय को न्यायिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में शामिल किया जाना चाहिए

## समसामयिक

# केजरीवाल का चुनाव हारना एक बड़ी परिघटना

दिल्ली के चुनाव नतीजों की अलग अलग नजरिए से व्याख्या हो रही है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि आम आदमी पार्टी और खुद अरविंद केजरीवाल का चुनाव हार जाना एक बड़ी परिघटना है। आंदोलन से निकली एक पार्टी ने एक दशक के समय में जो मुकाम हासिल किया था वहां से उसका नीचे गिरना कई बातों का संकेत है। आमतौर पर यह माना जा रहा है कि आंदोलन से निकली पार्टी अपने मूल्यों को भूल गई और किसी दूसरी पारंपरिक पार्टी की तरह राजनीति करने लगी इसलिए उसकी हार हुई है। यह भी कहा जा रहा है कि एक विचारधारा विहीन पार्टी का यह हस्र होना तय था।यह भी कहा जा रहा है कि आम आदमी पार्टी चुनावी सफलता के पीछे भागती रही और उसने संगठन व काडर बनाने पर ध्यान नहीं दिया इसलिए उसकी हार हुई है। ये सारी बातें सही हैं और आम आदमी पार्टी व अरविंद केजरीवाल की हार में इन सब कारणों का योगदान है। परंतु अब हार के कारणों से आगे देखने की जरुरत है। आगे क्या? क्या धूमकेतु की तरह उभरे अरविंद केजरीवाल अब समाप्त हो जाएंगे और उनकी तरह दूसरी प्रादेशिक पार्टियों के अस्तित्व पर भी ग्रहण लगेगा और इससे भाजपा व कांग्रेस के रूप में दो ध्रुवीय राजनीति की बुनियाद बनेगी? हो सकता है ऐसा हो लेकिन उसके साथ ही एक और बदलाव की संभावना दिख रही है और वह ये है कि दिल्ली के नतीजे से रेवड़ी की राजनीति के अंत की शुरुआत हो गई है।हालांकि पहली नजर में ऐसा दिख नहीं रहा है, बल्कि इसका उलटा दिख रहा है। %रेवड़ी राजनीति के अंत की शुरुआत' के निष्कर्ष को यह कह कर खारिज किया जा सकता है कि असल में दिल्ली में भाजपा की जीत रेवड़ी राजनीति की ही जीत है। क्योंकि भाजपा ने न सिर्फ आम आदमी पार्टी की सरकार की रेवड़ियों को जारी रखने का वादा किया, बल्कि उसके ऊपर भी बहुत कुछ देने की घोषणा की है। इसके बावजूद दिल्ली के चुनाव नतीजे में रेवड़ी राजनीति के खत्म होने के बीज छिपे हैं। हो सकता है कि इस बीज के अंकुरित होने में थोड़ा समय लगे लेकिन देर सबेर ऐसा होगा जरूर। ऐसा मानने का कारण यह है कि दिल्ली के लोगों को अगर सिर्फ मुफ्त की चीजों और सेवाओं की घोषणा से प्रभावित होकर वोट करना होता तो उनके सामने भाजपा से बेहतर विकल्प आम आदमी पार्टी का था। आम आदमी पार्टी का मुफ्त की रेवड़ी बांटने का ट्रैक रिकॉर्ड रहा है। इसके बावजूद लोगों ने उसको छोड़ कर भाजपा को वोट दिया तो उसके पीछे रेवड़ी राजनीति के अलावा भी कुछ चीजें हैं।लोगों ने रेवड़ी बंटने की निरंतरता कायम रहते हुए कुछ और काम होने की उम्मीद में भाजपा को वोट दिया है। उनकी वह उम्मीद आप और अरविंद केजरीवाल की सरकार से पूरी नहीं हुई थी। यह उम्मीद 2015 में पूर्ण बहुमत की केजरीवाल की सरकार बनने के साथ ही टूटने लगी थी लेकिन लोगों ने 2020 में उस पर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने 2020 में मुफ्त की रेवड़ी के नाम पर वोट कर दिया। यहां तक कि 2022 में पंजाब में भी इसी उम्मीद में आप को छप्पर फाड़ वोट मिले और उसकी सरकार बनी। परंतु 2025 आते आते पानी सिर के ऊपर से बहने गा तब लोगों ने रेवड़ी की राजनीति को खारिज किया।उन्होंने सिर्फ इस उम्मीद में भाजपा को वोट नहीं दिया है कि वह बहुत सारी चीजें और सेवाएं मुफ्त में देगी, बल्कि इस उम्मीद में दिया है कि भाजपा की सरकार दिल्ली को विश्वस्तरीय शहर बनाने के लिए काम करेगी। यमुना की सफाई करेगी। सड़कों और गलियों को साफ रखेगी। नालों की सफाई होगी। दिल्ली की हवा साफ होगी और लोगों के घरों में पीने का साफ पानी पहुंचेगा। नौकरी व रोजगार के अवसर बनेंगे। अगर दिल्ली के लोगों की यह उम्मीद है तो जाहिर है कि वे रेवड़ी की राजनीति को किनारे करने के लिए तैयार हैं। भले पूरी तरह से नहीं हों लेकिन अब उस दिशा में उन्होंने सोचना शुरू कर दिया है और अगर भाजपा की सरकार उन उम्मीदों को पूरा करती है तो रेवड़ी की राजनीति से ध्यान हटेगा।ध्यान रहे सांस्थायिक रूप से रेवड़ी की राजनीति अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली से ही शुरू की थी। उन्होंने लोक कल्याण और मुफ्त की रेवड़ी का फर्क मिटा दिया था। उन्होंने तमिलनाडु मॉडल पर चुनाव को प्रभावित करने के लिए वन टाइम रेवड़ी नहीं बांटी थी, बल्कि उसको स्थायी स्वरूप दिया था। गौरतलब है कि तमिलनाडु में चुनाव को प्रभावित करने के लिए पार्टियां चुनाव के समय महिलाओं को मिक्सर, ग्राइंडर से लेकर वाशिंग मशीन और मंगलसूत्र देने का वादा करती थीं और देती भी थीं। वोट खरीदने के लिए पैसे भी बांटे जाते थे।लेकिन हर महीने बिजली, पानी मुफ्त में देने या मुफ्त बस पास देने जैसी योजनाएं नहीं चलाई जाती थीं।

## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | आज आपका भाग्य पूरे दिन आपके साथ रहने वाला है। आज सभी कार्य समय से पूरे हो जाएंगे। आज आपके मन में किसी बात को लेकर उलझन बनी रहेगी, लेकिन किसी के साथ बातें शेयर करने से सब ठीक हो जाएगा। आज आप अपने बिजनेस के लिए नई योजनाएं बनाएंगे। |
| वृष | आज आपका रुझान अध्यात्म की तरफ रहेगा। साथ ही घर पर कोई धार्मिक कार्यक्रम करने का मन बनाएंगे। आज लोगों को प्रसन्न करने के लिए आपको अपने स्वभाव में थोड़ा परिवर्तन लाने की आवश्यकता है। घर परिवार में खुशियों का आगमन होगा। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला रहेगा। |
| मिथुन | आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। राजनीति में आप सक्रिय भूमिका निभाएंगे, जिससे लोग आपकी तारीफ करेंगे। आज यात्रा कुछ ज्यादा होने की वजह से थकान महसूस करेंगे। पेंटिंग करने वालों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, आपकी कला की तारीफ होगी। इंजीनियरिंग के छात्रों को आज किसी अच्छी कंपनी से जॉब के लिए ऑफर आयेगा। |
| कर्क | आज का दिन महत्वपूर्ण रहने वाला है। सोशल मीडिया पर आज आपके नए-नए दोस्त बनेंगे। आज जीवनसाथी के साथ घरेलू चीजों को खरीदने का प्लान बनाएंगे। आज आपको रोजगार के उचित अवसर प्राप्त होंगे। व्यापार के लिए आज आप किसी बड़े ग्रुप से डील करने में कामयाब होंगे। |
| सिंह | आज आपकी ऊर्जा का स्तर अच्छा रहेगा। बढ़ी हुए ऊर्जा के साथ आप कोई काम करेंगे तो कम समय में पूरा हो जाएगा। आज आपकी अंदरूनी ताकत कार्यक्षेत्र में दिन को बेहतर बनाने में भी मददगार साबित होगी। जीवनसाथी के जीवन में बदलाव आने से खुशी का माहौल बनेगा। आज आपके व्यवहार को लेकर पड़ोसी आपकी तारीफ करेंगे। |
| कन्या | आज आप धार्मिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आज आपको रोजगार के उचित अवसर प्राप्त होंगे। आज किसी कार्य को पूरा करने के लिए परिवार वालों से राय ले सकते है। घर में खुशनुमा माहौल बना रहेगा। लवमेट के साथ कही घूमने जाएंगे, रिश्ते में और मिठास आयेगा। आज आपके व्यापार में दो-गुना वृद्धि होने के योग बने हुए हैं। |
| तुला | आज का दिन अच्छा रहने वाला है। दोस्तों से किसी रुके हुए कार्य को पूरा करने में मदद मिलेगी। आज किसी नए व्यवसाय में पैसा लगाने से आपको दोगुना धनलाभ हो सकता है। जमीन-जायदाद से जुड़ी समस्या का समाधान निकलेगा। व्यापार में अच्छा मुनाफा होने की वजह से आज आप पूरे दिन प्रसन्न रहेंगे। |
| वश्चिक | आज का दिन खुशियों भरा रहेगा। आज किसी बड़ी कंपनी से आपके साथ काम करने का प्रपोजल आयेगा। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन बेहतरीन रहेगा, थोड़ी और मेहनत करने से सफलता जल्द ही कदम चूमेगी। आज नए प्रोजेक्ट पर काम करने से पहले अनुभवी लोगों से सलाह लेना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। |
| धनु | आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज ज्यादा क्रोध करने से आपका काम बिगड़ सकता है। बेहतर होगा कि आज किसी भी बात पर गुस्सा करने से बचें। आज प्रॉपर्टी में निवेश करने के लिए दिन शुभ है। सामाजिक कार्यों को लेकर आपके आस-पास के लोग आपकी तारीफ करेंगे। लवमेट के साथ आज समय बिताने का प्लान बनाएंगे |
| मकर | आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज नौकरी में बदलाव करने का मन बनाएंगे। जॉब की तलाश कर रहे लोगों के लिए जॉब के अच्छे अवसर सामने आएंगे। आप अपने रूटीन में सकारात्मक बदलाव करेंगे तो निश्चित तौर पर आपके रूप-रंग को आकर्षित बनाएगा। आज आप आसानी से पैसे इकट्ठा कर सकते हैं। |
| कुम्भ | आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। माता-पिता का आशीर्वाद आपको मंजिल तर पहुंचाने में मदद करेगा। आज लोगों की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। आर्थिक पक्ष पहले से काफी बढ़िया रहेगा। व्यापारियों के लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। इस राशि के विवाहित लोगों के लिए आज दिन अच्छा रहने वाला है। |
| मीन | आज का दिन अनुकूल रहेगा। आज नए दोस्त बनाने से पहले उनके बारे में पूरी जानकारी कर लें, तभी दोस्ती का हाथ बढ़ाए। इस राशि के अविवाहित लोगों के विवाह की बात होगी। आज कोई घरेलू उपयोग का सामान खरीदने मार्केट जाएंगे। आज किसी अन्य पर भरोसा न करें। बिजनेस में साझेदारी सोच-समझ कर ही करें |

# भयहरण नाथ धाम में महाकाल महोत्सव 24 से 27 फरवरी तक

**● प्रबन्ध समिति ने बैठक करके बनाई रणनीति**




लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** सुप्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरण नाथ धाम में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर 25 वें महाकाल महोत्सव का भव्य आयोजन आगामी 24 से 27 फरवरी तक होगा। प्रबन्ध समिति ने बैठक कर रणनीति बनाई और भीड़ के मद्देनजर सुव्यवस्था को प्राथमिकता बनाया गया। सभी ने पार्किंग व यातायात प्रबन्धन को अनिवार्य ही नही अपरिहार्य आवश्यता बताया तथा पुलिस व प्रशासन से इस संदर्भ में हर संभव प्रभावी कार्यवाही की अपेक्षा की गई। भयहरण नाथ धाम क्षेत्रीय विकास संस्थान के अध्यक्ष कार्यवाहक अध्यक्ष लाल जी सिंह व महासचिव समाज शेखर ने मेला व मंदिर परिसर का भ्रमण करके कार्यो का चिन्हांकन प्रबन्ध समिति व मंदिर मेला उप समितियों के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ किया। क्षेत्र से बाहर होने के कारण नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार मुन्ना यादव व अधिशाषी अधिकारी से दूरभाष के माध्यम से संवाद स्थापित कर सभी व्यवस्था पर चर्चा करके कार्यो का निर्धारण हुआ। तय हुआ की इस वर्ष महोत्सव का केंद्रीय विषय ÷महाकुंभ का महात्म व समाज में उसका प्रभाव ÷ होगा।बैठक में धाम आने वाले मुख्य मार्ग सहित सभी मार्गो को दुरुस्त किये जाने को अत्यन्त जरूरी बताया। वहीं 26 फरवरी को भारी भीड़ की संभावना के दृष्टिगत मेला व मंदिर क्षेत्र से 1 किलोमीटर दूर से वाहन पूर्णतया प्रतिबंधित करने की मांग हुई। क्योकि धाम व पार्किंग स्थल पर पिछले कुछ वर्षो से निजी अतिक्रमण है। 26 फरवरी को अतिथियों के स्वागत की जिम्मेदारी अध्यक्ष राज कुमार शुक्ल व कार्यवाहक अध्यक्ष लाल जी सिंह को दी गई। मेला व्यवस्था की जिम्मेदारी उपाध्यक्ष प्रशासन बबन सिंह के मार्गदर्शन में मेला व्यवस्था समिति के संयोजक कमला कांत मिश्र , सचिव अनिल मिश्र व कार्यालय प्रभारी संजीव मिश्र नीरज को दी गई। अतिथि व कलाकार तथा कार्यकर्ता व सरकारी कर्मियों के भोजन की व्यवस्था हेतु उपाध्यक्ष डॉ अमर बहादुर सिंह के मार्गदर्शन में सचिव संगठन राज किशोर मिश्र , मेला समिति के वरिष्ठ सदस्य शत्रुघ्न सिंह व मनीराम पटेल ने जिम्मेदारी ली। मुख्य मंदिर सहित सभी मंदिर के पुजारियों को सुव्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई, सहयोग हेतु मन्दिर व्यवस्था समिति के सभी सदस्यों को संयोजक भोला नाथ तिवारी उप सयोजक महेश्वरी पांडेय व सचिव सच्चिदानंद पांडेय मुरली की देखरेख में किया जाना तय हुआ। उपाध्यक्ष वित्त एवं लेखा राजीव नयन मिश्र व सह कोषाध्यक्ष कमलेश वैश्य को अपने विभाग के सचिव व उपसचिव के माध्यम से संपूर्ण आयोजन में आय व व्यय को संयोजित करने की जिम्मेदारी दी गई। उपाध्यक्ष कार्यक्रम उमाकांत पांडेय व सचिव आलोक बैरागी तथा उप सचिव राम कृष्ण महाजन को समस्त सरकारी व संस्थान के कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने की जिम्मेदारी दी गई। पत्रकार सम्मेलन की जिम्मेदारी उपाध्यक्ष मीडिया पी बी सिंह व वरिष्ठ पत्रकार मतेंद्र कीर्ति को दी गई। कवि सम्मेलन के संयोजन की जिम्मेदारी डॉ अशोक अग्रहरि व आलोक बैरागी को दी गई। क्षेत्रीय सांस्कृतिक आयोजन की जिम्मेदारी मिडिल स्कूल के प्रभारी मो फरहीम को दी गई। सभी सभासदो व प्रधान गण से सहयोग व भागीदारी की अपेक्षा की गई। नगर पंचायत अध्यक्ष मुन्ना यादव ने कहा की साफ सफाई सहित सभी जरूरी कार्य अति शीघ् कराया जायेगा। उत्तम प्रकाश की व्यवस्था होगी। मेला क्षेत्र को निर्धारित नजरी नक्शे के अनुसार मेला समिति के सहयोग से सुव्यवस्था के साथ लगाया जायेगा। महासचिव समाज शेखर द्वारा कार्यालय प्रभारी नीरज मिश्र व स्वच्छता सहायक राज कुमार गौतम को प्रशासनिक परिसर, पर्यटक सुविधा केंद्र व शौचालय को दुरुस्त रखने को कहा गया।

# पंचायत उपचुनाव हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** आज 17 फरवरी को राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी शिव सहाय अवस्थी तथा मुख्य विकास अधिकारी/ प्रभारी अधिकारी कार्मिक एवं मतगणना डॉ दिव्या मिश्रा के कुशल निर्देशन में जनपद में पंचायत उपचुनाव के लिए आयोजित एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न हुई। सुपर मास्टर ट्रेनर के रूप में डॉक्टर मोहम्मद अनीस, धर्मेंद्र ओझा, अशोक शुक्ला रहे। सभी मतदान कार्मिकों को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। परियोजना निदेशक/ जिला विकास अधिकारी दयाराम यादव ने कहा कि यह निर्वाचन बहुत ही महत्वपूर्ण है इसे पूरी सावधानी , पारदर्शिता, निष्पक्षता और कुशलता के साथ संपन्न कराए। यह निर्वाचन दो रिक्त प्रधान पदों के लिए कराया जा रहा है। पहला ब्लाक रामपुर संग्रामगढ़ में और दूसरा ब्लॉक शिवगढ़ में। डॉक्टर अनीश ने टेंडर वोट चैलेंज वोट के बारे में विस्तार पूर्वक से बताया। धर्मेंद्र ओझा ने पीठासीन अधिकारी प्रथम मतदान अधिकारी द्वितीय मतदान अधिकारी तृतीय मतदान अधिकारी के कार्य एवं दायित्व के बारे में विस्तार पूर्वक बताया और कहां कि बूथ पर किसी भी मतदाता एवं एजेंट पास मोबाइल नहीं रहेगी ना ही कोई मतदान की गोपनीयता भंग करेगा। अशोक शुक्ला ने बैलट बॉक्स सील करने खोलने एवं बंद करने के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इस अवसर पर सभी मतदान कार्मिक, रणवीर सिंह, अब्दुल गफ्फार आदि उपस्थित रहे।

# खेत में पानी जाने के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** खेत में पानी जाने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हो गई। जिसके बाद दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मामलें में दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामलें की जांच में जुटी हुई है।

संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के बवलिया बाजीयाफ्त गांव निवासी प्रभुनाथ दुबे का आरोप है कि 12 फरवरी की रात अपने खेत में पानी लगा रखा था। इसी दौरान पानी नन्हेंलाल पांडेय के खेत में जाने लगा।

जानकारी होने पर वह बांधने के लिए पहुंचा तो वैभव, अनुभव, विश्वम्भर नाथ दुबे, अमरनाथ दुबे ने लाठी डंडा व फावड़े से मार पीटकर घायल कर दिया। वही विश्वम्भर नाथ दुबे का आरोप है कि शंकर दुबे ने उनके घर के सामने से निकली नाली से पानी लगा रखे थे जिससे रात भर पानी बहने से घर के तीनों तरफ पानी भर गया। जब मेरे बेटे बैभव ने मना किया तो प्रभुनाथ, प्रमोद दुबे, गीता देवी, गंगा प्रसाद ने उसे मार पीटकर घायल कर दिया। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

# स्वयं सेवी छात्र -छात्राओं ने सड़क सुरक्षा के तहत निकाली रैली

**कुंडा।** विकास क्षेत्र के शेखपुर आशिक स्थित एमएएस डिग्री कालेज में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर प्रारंभ किया गया। पहले दिन स्वयं सेवी छात्र-छात्राओ ने सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत रैली निकाल कर सुरक्षित यातायात के नियमों के प्रति प्रयागराज लखनऊ हाइवें व शेखपुर बलीपुर मार्ग पर आने जाने वाले राहगीरों को जागरूक किया। हेलमेट और सीट बेल्ट ना लगाने वाले वाहनों को रोककर इससे होने वाली दुर्घटना के दुष्परिणाम से अवगत कराया गया। हेलमेट व सीट बेल्ट लगा कर वाहनों को चलाने का सुझाव दिया। यही नही लखनऊ प्रयागराज मार्ग से होकर गुजरने वाले वाहनों को रोककर उसमे बैठे यात्रियों को जलपान कराते हुए सुरक्षित यात्रा हेतु शुभकामनाये दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक इनाम अहमद सिद्दीकी, कार्यक्रम अधिकारी डा. प्रमोद मिश्रा , प्रवक्ता डा. शमा नसरीन ,ग्राम प्रधान अरुण सरोज, दिनेश कुमार ,लवलेश कुमार, प्रबोधकांत श्रीवास्तव, पंकज यादव , रईस अहमद, जावेद अंसारी सहित ग्राम सभा के दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# सब्जी विक्रेता को रास्ते में रोक कर पीटा

**कुंडा।** कोतवाली क्षेत्र के मानस का पुरवा भदरी निवासी अर्जुन कुमार मौर्या बाबूगंज बाजार में सब्जी की दुकान लगाता है। आरोप है कि 9 फरवरी को शाम करीब आठ बजे वह अपनी दुकान बंद करके घर जा रहा था कि जमेठी चौराहे से सौ मीटर पहले अनुज ओझा निवासी बिसहिया व करूणेश सरोज निवासी जुवराजगढ़ रैयापुर ने भद्दी भद्दी गालियां देते हुए उसकी बाइक को रोक लिया। दोनों मिलकर उसे मारने पीटने लगे। यही नही हमलावरों ने उसकी बाइक भी तोड़ दी। शोर सुनकर लोगों के बीच बचाव के बाद उसकी जान बच सकी। घायल को उपचार के लिए सीएचसी कुंडा में भर्ती कराया गया। पीड़ित अर्जुन की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

# दबंग महिलाओं ने पति-पत्नी को पीटकर किया घायल

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा-प्रतापगढ़।** जबरन पेड़ की डाल काटने के विवाद में दबंग महिलाओं ने पति-पत्नी को मारपीट करके घायल कर दिया। मानिकपुर थाना क्षेत्र के अतौलिया गांव निवासी दशरथ लाल मौर्य के घर के पास नीम के पेड़ की डाल को पड़ोस की महिला रूबी पत्नी संतोष सोनकर काट रही थी। दशरथ लाल की पत्नी रेखा देवी ने डाल काटने का विरोध करते हुए कहा कि क्यों डाल काट रही हो। गुस्से में रूबी सोनकर ने गाली गलौज करते हुए कहा कि शाम को तुम्हें बताती हूं। रविवार को सायंकाल रूबी सोनकर के साथ लगभग दर्जन भर दबंग महिलाएं गाली गलौज करते हुए रेखा देवी को मारने पीटने लगी। पत्नी को पिटता देख पति दशरथ लाल मौर्य छुड़ाने पहुंचा तो महिलाओं ने उसके हाथ में दांत से काट लिया। मामला ज्यादा संगीन होते देखा तो किसी पड़ोसी ने 112 डायल पुलिस को सूचना दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दबंग महिलाओं व पुरुषों को घटनास्थल से भगाया। घायल पीड़ित महिला ने सोमवार को सुबह नामजद तहरीर देकर दबंगों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की मांग करते हुए जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

# बोलेरो और बाइक में भिड़ंत, बाइक सवार की मौत

लोकमित्र ब्यूरो

**सुवंशा (प्रतापगढ़)।** थाना फतनपुर अंतर्गत बड़ी नहर सुवंशा के पास लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बोलेरो और बाइक में आमने-सामने टक्कर हो गई जिसमें बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि साथ रही महिला घायल है।रानीगंज थाना क्षेत्र के लच्छीपुर गांव निवासी 28 वर्षीय शिवपूजन पुत्र राम लखन बाइक पर महिला लक्ष्मी देवी को बैठा कर घर जा रहा था। इसी बीच प्रतापगढ़ की तरफ से आ रही बोलेरो में भिड़ंत हो गई। इसमें बाइक सवार दोनों लोग बुरी तरह घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस द्वारा दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौरा लाया गया। डॉक्टरों ने स्थिति गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज प्रतापगढ़ रेफर कर दिया। अस्पताल में शिवपूजन की मौत हो गई और महिला का इलाज चल रहा है। बोलेरो चालक मौका पाकर गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। गाड़ी थाना फतनपुर पुलिस के गिरफ्त में है। पुलिस लाश का पंचनामा कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# वरिष्ठ व्यवसाई के निधन पर शोक की लहर

**प्रतापगढ़।** चिलबिला बाजार के रहने वाले वरिष्ठ व्यवसाई बजरंग लाल(75) वर्ष का बीमारी के चलते सोमवार को निधन हो गया। इससे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जैसे ही सूचना लोगों तक पहुंची तो लोग उनका अंतिम दर्शन करने के लिए उनके घर पर पहुंचे।उनके दो बेटे राजेश व रवींद्र जायसवाल हैं। रवींद्र जायसवाल ने बताया कि मंगलवार को प्रयागराज के श्रींगवेरपुर में पिता जी का अंतिम संस्कार किया जाएगा। शोक व्यक्त करने वालों में श्रवण कुमार,हरिराम शाह,समाजसेवी रोशनलाल,सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्या,श्याम सुंदर ताऊ,दिनेश जायसवाल,मृदुल,सुरेश पाण्डेय,सूरज गुप्ता,रवि गुप्ता,त्रिभुवन लाल,अभिषेक,विकास आदि शामिल रहे।

# हरे पेड़ों की कटाई, अधिकारियों से शिकायत

**प्रतापगढ़।** लालगंज तहसील क्षेत्र के लीलापुर हण्डौर निवासी राजेश सिंह ने डीएम,एसपी व डीएफओ से शिकायत करते हुए वन विभाग की वैध अनुमति के बगैर लगभग दर्जन भर हरे आम के पुराने पेड़ों को काटे जाने का आरोप लगाया है। दिये गये शिकायती पत्र में आरोपित किया है कि पूर्वजीय भूमि गाटा संख्या 380 स्थित हण्डौर तहसील लालगंज बागात की नवैयत में है, जिसमें उसका भी हक संयुक्त परिवार का सदस्य होने के नाते निहित है। आरोपित किया कि 15 फरवरी 2025 को परिवार के ही चचेरे भाई राकेश व सौतेले भाई करन सिंह एवं उनके पिता चन्द्रभान सिंह ने उपरोक्त बाग में स्थित हरे पुराने आम के सात पेड़ कटवा डाला। उन्होंने अपनी क्षति होने का आरोप लगाते हुए इससे स्वस्थ्य पर्यावरण को भी नुकसान बताया हुए कहा है कि उक्त लोगों का कृत्य पर्यावरण तथा वन अधिनियम के प्रावधानों के विपरीत है। शिकायत कर उपरोक्त के विरुद्ध सुसंगत धराओं में मुकदमा दर्ज कर काटे गए पेड़ों की बरामदगी करायें जाने की मांग की है।

# धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

**कुंडा-प्रतापगढ़।** अरसे से फरार चल रहे धोखाधड़ी के आरोपी को गिरफ्तार करके पुलिस ने जेल भेजा है। महेशगंज थाना क्षेत्र के माघी चैनगढ़ निवासी गुरुदेव पुत्र गंगा दीन के खिलाफ 15 अक्टूबर 2020 को कुंडा कोतवाली में धारा 419, 420, 467, 468 व 471 आईपीसी का मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी तब से फरार चल रहा था। आखिरकार सोमवार को कोतवाली पुलिस ने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करके विधिक कार्रवाई के बाद जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा दिया।

# सड़क हादसों में तीन लोग घायल

**कुंडा प्रतापगढ़।** ।महेशगंज थाना क्षेत्र के गरीबपुर डेरवा गांव निवासी रामेश्वर का 53 वर्षीय बेटा प्रेमचंद्र बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर से घायल हो गया। कोतवाली के पुरवियन का पुरवा गांव निवासी राधेश्याम का 60 वर्षीय बेटा रुपचन्द्र सोनी बाइक से जाते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। मानिकपुर थाना क्षेत्र के पूरे धनऊ गांव निवासी मनोज शुक्ला का 24 वर्षीय बेटा शुभम शुक्ला बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने सभी घायलों को सीएचसी भेजा।

# ट्रक की चपेट में आने से छात्रा की मौत



**सुवंशा (प्रतापगढ़)।** थाना फतनपुर क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत सुवंशा बाजार वार्ड नंबर 13 सुवंशा के पास ट्रक की चपेट में आने से एक छात्रा की मृत्यु हो गई। बताते चलें कि नगर पंचायत सुवंशा बाजार अंतर्गत कैप्टन बीपी यादव इंटर कॉलेज में कक्षा 7 की छात्रा कुमारी आलिया पुत्री अलीमुद्दीन नई कोर्ट की निवासिनी थी। विद्यालय बंद होने के बाद छात्रा साइकिल से घर जा रही थी कि सामने से आते ट्रक की चपेट में आ गई जिससे उसकी मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही तत्काल विद्यालय परिवार के लोग और थाना फतनपुर पुलिस पहुंचकर छात्रा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौरा ले गई जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। लाश का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने ट्रक कब्जे में ले लिया है।

# यू0पी0 बोर्ड परीक्षा-2025 नकलविहीन, सुचितापूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न करायी जाय-अपर जिलाधिकारी

लोकमित्र ब्यूरो




**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार द्वारा उदयन सभागार में माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 द्वारा आयोजित हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा वर्ष-2025 को नकलविहीन, सुचितापूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए केन्द्र व्यवस्थापकों एवं स्टैटिक, सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक की गई।

बैठक में अपर जिलाधिकारी ने सभी केन्द्र व्यवस्थापकों एवं स्टैटिक, सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि पूरी सतर्कता बरतते हुए माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा जारी नियमों व निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन कर परीक्षा नकलविहीन, सुचितापूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न करायी जाय। किसी भी दशा में परीक्षा की सुचिता प्रभावित न होने पाये, लापरवाही पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेंगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सौंपे गये दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करते हुए परीक्षा निर्भीकतापूर्वक सम्पन्न करायी जाय। उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापकों एवं सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेट से कहा कि कोई भी समस्या आती है तो तत्काल कन्ट्रोल रूम या सम्बन्धित उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी या उन्हें अवगत करायें। उन्होंने सभी केन्द्र व्यवस्थापकों से कहा कि परीक्षा केन्द्रों में सभी आधारभूत सुविधाओं के साथ ही सभी परीक्षा कक्ष में प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित किया जाय।

उन्होंने सभी स्टैटिक मजिस्ट्रेट को समय से परीक्षा केन्द्रों पर पहुॅचने के निर्देश देते हुए कहा कि अनुपस्थित पाये जाने पर सम्बन्धित स्टैटिक मजिस्ट्रेट के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेंगी। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि यू0पी0 बोर्ड परीक्षा 24 फरवरी 2025 से 12 मार्च 2025 तक आयोजित किया जायेंगा। यू0पी0 बोर्ड परीक्षा में जनपद में हाईस्कूल में 23711 एवं इण्टरमीडिएट में 20942 कुल-44653 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे तथा कुल 84 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। उन्होंने बताया कि यू0पी0 बोर्ड परीक्षा को सुचितापूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने के लिए 84 केन्द्र व्यवस्थापक, 84 वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक तथा 84 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 15 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 03 जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गये हैं। कन्ट्रोल रूम का गठन किया जा चुका हैं। उन्होंने बताया कि 06 सचल दल का भी गठन किया गया हैं।

# जिलाधिकारी ने टीबी ग्रसित 02 बच्चों को पोषण पोटली किया वितरित



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** प्रधानमंत्री के वर्ष 2025 में भारत को क्षय रोग मुक्त कराने के संकल्प एवं मुख्यमंत्री की घोषणा टीबी मुक्त भारत -टीबी मुक्त उ0प्र0 2025 के परिपालन में आज जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने मूरतगंज ब्लाक के रोही ग्राम निवासी अनुभव कुशवाहा पुत्र रामनारायण कुशवाहा एवं शिवान्श दिवाकर पुत्र रवि दिवाकर गौरा रोड भरवारी को पोषण पोटली प्रदान किया। इसी प्रकार मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय कुमार द्वारा कड़ा ब्लाक के रूपाली देवी सरोज व महेश मौर्या निवासी बडी धमनी को पोषण पोटली प्रदान की गयी। मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव द्वारा 02 मरीज काजल देवी, निवासी, ओसा मझंनपुर एवं मो0 सैफ निवासी नया नगर मंझनपुर को गोद लिये गये क्षय रोगियों को पोषण पोटली का वितरण किया गया। जनपद के अन्य समस्त जिलास्तरीय अधिकारी, तहसील स्तरीय अधिकारी एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारियों द्वारा टीबी मुक्त अभियान के अन्तर्गत क्षय रोगियों को गोद लेकर पोषण पोटली का वितरण किया गया। अधिकारियों द्वारा टीबी मरीजों के इलाज के साथ-साथ छः माह तक चलाये जाने वाली दवा की निरन्तरता एवं उनके पोषण पर भी ध्यान रखा जायेंगा। जिलाधिकारी के निर्देशन में समस्त जिलास्तरीय अधिकारी, तहसील स्तरीय अधिकारी एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारियों द्वारा 851 मरीजों को पोषण पोटली का वितरण किया गया।

# विकसित भारत का रोडमैप है केंद्रीय बजट- अनुप्रिया पटेल

**● केंद्रीय राज्यमंत्री ने बताई बजट की विशेषताएं**




लोकमित्र से

**मीरजापुर।** केन्द्रीय राज्यमंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने केन्द्रीय बजट को विकसित भारत के लिए मील का पत्थर कहा है। उन्होंने यह बातें सिटी क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहीं।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि केन्द्रीय बजट के चार लक्ष्य हैं ग्रामीण समृद्धि के लिए कृषि, उद्यमिता और रोजगार सृजन के लिए एम.एस.एम.ई. बुनियादी ढ़ांचे और नवाचार के लिए निवेश और वैश्विक प्रतिस्पर्धा व आर्थिक वृद्धि के लिए निर्यात। इसी के साथ छह प्रमुख आयाम हैं, कराधान, ऊर्जा क्षेत्र, शहरी विकास, वित्तीय क्षेत्र नियामक सुधार और खनन। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि बजट का उद्देश्य विकास को गति देना, समावेशी विकास को सुरक्षित करना, भारत के मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति को बढ़ाना, निजी क्षेत्र को निवेश को प्रेरित करना और घरेलू भावना को सशक्त करना सम्मिलित है । साथ में उन्होंने यह भी बताया कि बेहतर भविष्य के लिए मध्यम वर्ग को सशक्त बनाना एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए ब्याज पर कर कटौती की सीमा को वर्तमान समय में □50,000 से दोगुना कर □1 लाख कर दिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि किराए पर टी.डी.एस. की वार्षिक सीमा □2.40 लाख से बढ़ाकर □6 लाख कर दी गई है । इसके अतिरिक्त, विदेशी प्रेषण पर कर संग्रह की सीमा □7 लाख से बढ़ाकर □10 लाख कर दी गई है और वर्तमान बजट के माध्यम से मोदी सरकार ने मध्यम वर्ग पर कर बोझ को कम करने के मार्ग को जारी रखा है और शून्य कर श्रेणी को मौजूदा □7 लाख से बढ़ाकर □12 लाख कर दिया गया है, जिससे □1 लाख मासिक आय वाले व्यक्ति की कर देयता शून्य हो जाएगी। □12 लाख तक की सामान्य आय वाले करदाताओं को कर छूट दी जा रही है, जो स्लैब दर में कमी के कारण होने वाले लाभ के अतिरिक्त होगी, जिससे उनका कोई कर देय नहीं होगा । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषियोजना की घोषणा की गई है और इस योजना के पहले चरण में राज्यों के सहयोग से 100 कम उत्पादकता और कम बीमा कवरेज वाले कृषि जिलों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी तो दाल का आयात करना पड़ता है किन्तु दाल में आत्मनिर्भरता के लिए छह वर्षीय मिशन शुरू किया जाएगा। भारत के लाखों कपास किसानों की आय बढ़ाने के लिए, कपास उत्पादकता पर पांच वर्षीय राष्ट्रीय मिशन शुरू किया जाएगा। इसका उद्देश्य कपास की उत्पादकता में वृद्धि और अतिरिक्त लंबा रेशा वाली कपास की किस्मों को बढ़ावा देना होगा । किसान क्रेडिट कार्ड(च्ष्ट) के अंतर्गत लिए जाने वाले ऋ्रण की सीमा □3 लाख से बढ़ाकर □5 लाख कर दी जाएगी । यूरिया की आपूर्तिको और मजबूत करने के लिए, असम के नामरूप में 12.7 लाख मीट्रिक टन वार्षिक क्षमता वाला एक नया संयंत्र स्थापित किया जाएगा । इसी क्रम में उन्होंने बताया कि मोदी सरकार इस बात को भली भातिसमझती है कि भारत को विश्वगुरु बनाने के लक्ष्यको प्राप्त करने के लिए देश के युवाओं को उन्नत कौशल से लैस करना आवश्यक है । इस दिशा में केंद्रीय बजट में अगले पांच वर्षोंमें 50,000 अटल टिंगरिंग प्रयोगशालाएं स्थापित करने की योजना की घोषणा की गई है । ये प्रयोगशालाएं सरकारी स्कूलों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने में मदद करेंगी। इसके अतिरिक्त, भारत नेट परियोजना के अंतर्गत सभी ग्रामीण सरकारी माध्यमिक विद्यालयों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान की जाएगी। इसी क्रम में उन्होंने व्यापक और तीव्र गति से विनिर्माण विस्तार से, इन्फ्रास्ट्रक्चर आधारित दीर्घकालिन विकास, भारतीय शहरों को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाना, निर्यात में निरंतर प्रगति से वैश्विक नेतृत्व की ओर बढ़ते कदम के बारे में विस्तृत चर्चा की ।

उक्त अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष ब्रज भूषण सिंह, अध्यक्ष जिला पंचायत राजू कन्नौजिया, अध्यक्ष नपाप मीरजापुर श्याम सुन्दर केशरी, अध्यक्ष नपाप अहरौरा ओमप्रकाश केशरी, अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक लि. डॉ. जगदीश सिंह पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा लालबहादुर सिंह, ज्ञान प्रकाश दुबे उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने किया विन्ध्याचल का निरीक्षण और दिए आवश्यक निर्देश



लोकमित्र ब्यूरो

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने मां विंध्यवासिनी देवी के धाम विंध्याचल में श्रद्धालुओं की भीड़ के दृष्टिगत व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर ड्यूटी में लगे मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी द्वारा पुरानी वी.आई.पी. मार्ग, मन्दिर परिसर का निरीक्षण कर निर्देशित किया कि मन्दिर परिसर की निरंतर साफ सफाई कराई जाती रहे। मां का दर्शन करने के लिए पन्क्ति में लगे श्रद्धालुओं के समीप जाकर उनसे संवाद किया और कुछ श्रद्धालुओं द्वारा दर्शन कराने हेतु पैसा मांगे जाने की बात पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए धाम प्रभारी को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जाए कि मन्दिर परिसर में पण्डा समाज द्वारा जारी परिचय पत्र सभी सदस्य अपने पास रखें तथा कोई भी पण्डा समाज का सदस्य व अन्य कोई भी श्रद्धालुओं को न तो अनावश्यक परेशान करे और न ही धनार्जन के लिए विवश करे और यदि किसी के द्वारा दर्शन हेतु श्रद्धालुओं से पैसे की मांग की जाती है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि निरंतर श्रद्धालुओं का आवागमन जारी है अतएव सभी प्रकार की व्यवस्थाएं जैसे पेयजल, प्रकाश, स्वास्थ्य आदि सभी की सुचारु व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें ताकि श्रद्धालु सुगमता पूर्वक दर्शन कर अपने गंतव्य को प्रस्थान कर सकें। उन्होंने सभी सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेट को निर्देशित करते हुए कहा कि पूरे मेला क्षेत्र का भ्रमण करते हुए पाई गई कमियों का तत्काल निराकरण कराएं। उन्होंने कहा कि हनुमना बार्डर से प्रयागराज बार्डर तक, सोनभद्र, वाराणसी बार्डर आदि सभी मार्गों पर वाहन जा रहे हैं पूरे मार्गों पर मैपिंग की गई है जहां पर लेनिंग और ट्रैफिक इक्यिूपमेंट का प्रयोग करके डायवर्जन अथवा अन्य सभी व्यवस्थाएं की गई हैं उनका अनुपालन कराया जाए तथा पुलिस ,राजस्व व अन्य विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों की जिनकी तैनाती की गई है

वो सुनिश्चित करें कि वाहन कहीं पर अनावश्यक न रुकें जिससे निरंतर ट्रैफिक व्यवस्था सुगमता पूर्वक संचालित होती रहे। जिलाधिकारी ने अटल चौक व पटेंगरा नाला से मन्दिर जाने वाले मार्ग का भी निरीक्षण किया और ट्रैफिक व्यवस्था में लगे पुलिस अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यह सुनिश्चित करें कि किसी भी परिस्थिति में जाम न लगने पाए। निरीक्षण के समय नगर मजिस्ट्रेट विनीत कुमार उपाध्याय, अपर पुलिस अधीक्षक सोनभद्र कालू सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी भी साथ रहे।

# मीना मंच के तहत शिक्षक-शिक्षिकाओं को दिया गया प्रशिक्षण

**रामनगर, चित्रकूट-** विकासखंड अंतर्गत संचालित 53 उच्च प्राथमिक विद्यालयों व कंपोजिट विद्यालयों में गठित मीना मंच की पावर एंजिल्स के सशक्तिकरण के लिए मीना मंच सुगमकर्ता के रूप में चुने गए शिक्षकों की दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला सोमवार को बीआरसी रामनगर के सभागार में आयोजित की गई।कार्यशाला में खंड शिक्षा अधिकारी रामनगर एनपी सिंह ने समस्त प्रतिभागी शिक्षक-शिक्षिकाओं को मीना मंच के गठन का उद्देश्य तथा उसकी पूर्ति के लिए मीना मंच को सशक्त बनाए जाने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। बताया कि बालिकाओं के सामाजिक व शैक्षिक सशक्तिकरण के लिए मीना मंच को सक्रिय किया जाना अति महत्वपूर्ण है। कहा कि जिस विद्यालय में सक्रिय मीना मंच है, वहां लोगों को बालिकाओं के नामांकन, प्रतिदिन विद्यालय में उपस्थिति तथा घरेलू कार्यों में बालिकाओं को न लगाने इत्यादि के विषय में जागरूककिया जाता है।

# प्रयास परियोजना के तहत दिव्यांग बच्चों को किया जाएगा सशक्त- डॉ इलेश




लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट** –संत रणछोड़ दास महाराज द्वारा स्थापित सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड में दिव्यांग बच्चों के सशक्तिकरण के लिए प्रयास परियोजना का शुभारंभ किया गया। इस परियोजना के तहत दिव्यांग बच्चों के सशक्तिकरण के लिए उन्हें आवश्यक शैक्षिक और सहायता सेवाएं प्रदान की जाएंगी।सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय के सीईओ डॉ इलेश जैन ने प्रयास परियोजना की रूपरेखा और उसके प्रभाव पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि यह परियोजना दिव्यांग बच्चों के सशक्तिकरण के लिए एक नई पहल होगी तथा इससे उनको एक नई राह मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के तहतः सद्गुरु पब्लिक स्कूल और विद्या धाम हायर सेकेंडरी स्कूल जानकीकुंड में दिव्यांग बच्चों के लिए रिसोर्स सेंटर स्थापित किए जाएंगे, जिससे उन्हें आवश्यक शैक्षिक और सहायता सेवाएँ मिल सकेंगी। इस परियोजना के तहत शिक्षकों और सामुदायिक पुनर्वास (सीबीआर) कार्यकर्ताओं को श्रवण एवं दृष्टि मूल्यांकन में प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि वे दिव्यांग बच्चों की बेहतर पहचान और सहयोग कर सकें। साथ ही दिव्यांग बच्चों को पुनर्वास सेवाएं प्रदान की जाएंगी, जिसमें गृह एवं केंद्र-आधारित सहायता, आर्थिक पुनर्वास, प्रमाणन, सहायक उपकरण उपलब्धता और समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देना शामिल है। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सतना डॉ एलके तिवारी ने परियोजना की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह परियोजना समाज के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। यह दिव्यांग बच्चों के भविष्य के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण साबित होगी। इससे उनके जीवन में उम्मीद की एक नई किरण जागेगी। उन्होंने परियोजना के सफल क्रियान्वयन में सहयोग करने का आश्वासन भी दिया। इस मौके पर पर्किन्स संस्था के दीपक कृष्ण शर्मा, रीता मेस्सी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# कौंग्रेसियों ने मनाई कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि, दी श्रद्धांजलि



**चित्रकूट ब्यूरो**-कौंग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें कौंग्रेसियों ने कर्पूरी ठाकुर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।गोष्ठी में कौंग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि भारत के प्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर सदैव दलित, शोषित, वंचित एवं पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए प्रयत्नशील रहे और संघर्ष करते रहे। कर्पूरी ठाकुर का सरल स्वभाव, उनके के स्पष्ट विचार और अदम्य इच्छाशक्ति लोगों को प्रभावित करती थी और लोग उनके विराट व्यक्तित्व के प्रति आकर्षित हो जाते थे। मुख्यमंत्री के रूप में कर्पूरी ठाकुर ने बिहार को प्रगति के पथ पर लाने और वहां विकास को गति देने में अपूर्व योगदान दिया। जिसको सदैव स्मरण किया जाएगा। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया, जिला सचिव विजयमणि त्रिपाठी, ओमप्रकाश, मोहम्मद करीम, मंजन प्रजापति, छोटू गुप्ता, अरमान खान आदि मौजूद रहे।

# 52वें प्रांतीय रामायण मेले समारोह के तैयारियों की डीएम ने की समीक्षा

लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट** – प्रान्तीय रामायण मेला के 52वें वार्षिक समारोह की तैयारी के सम्बन्ध में सोमवार को कलेक्टरेट सभागार में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी ने रामायण मेला के भव्य आयोजन को लेकर तैयारी व्यवस्थाओं के लिए सम्बन्धितों को निर्देश दिए। बैठक में रामायण मेला के अध्यक्ष प्रशांत करवरिया ने बताया कि राष्ट्रीय रामायण मेला 1973 से प्रारंभ हुआ था। जिसका उद्घाटन तत्कालीन राज्यपाल ने किया था। जिलाधिकारी ने कहा कि यह मेला सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्य को दर्शाते हुए वर्तमान स्थिति में पहुंचा है तथा इसको ऐसे ही भव्य रूप से मनाया जाएगा। उन्होंने उपस्थित सभी विभागों को निर्देशित किया कि रामायण मेला में सभी विभाग अपने स्टाल लगाएंगे। कहा कि देश में बुंदेलखंड की एक विशेष पहचान है अतः मेले में बुंदेलखंड के कलाकारों को भी बुलाएं। पुलिस अधीक्षक से



कहा कि सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहनी चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि दवाओं के साथ स्टाफ की व्यवस्था 24 घंटे रहनी चाहिए। अधिशासी अधिकारी विद्युत को निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा अनावश्यक लटक रहे तारों को सही कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी कर्वी को पूरे मेले में सफाई व्यवस्था सुनिश्चत करने एवं विद्युत बैकअप के रूप में जनरेटर रखने के निर्देश दिए। कहा कि अवैध किराया वसूली को रोकने के लिए बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बेड़ी पुलिया एवं रामायण मेले के पास किराया सूची लगानाएं। जल संस्थान व जल निगम को मेले के आसपास पानी की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने रामायण मेला के अध्यक्ष से कहा कि समिति के 10-12 लोग को चिन्हित करते हुए समस्या होने पर वार्ता करें ताकि समस्या का निस्तारण कराया जा सके।इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, डीसीएनआरएलएम ओपी मिश्रा, परियोजना निदेशक सच्चिदानंद प्रसाद, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, अधिशासी अधिकारी कर्वी लालजी यादव, रामायण मेला के महामंत्री करुणाशंकर द्विवेदी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# महिलाओं को सशक्त करने के लिए आयोजित की गईं खेल प्रतियोगिताएं



**पहाड़ी, चित्रकूट**-पानी संस्थान द्वारा चलाए जा रहे महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय ब्लाक स्तरीय सांस्कृतिक व खेलकूद प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन साईधाम मन्दिर पहाड़ी के सामने किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही आयोजित प्रतियोगिताओं में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम में थाना पहाड़ी के क्राइम इस्पेक्टर पहाड़ी प्रभुनाथ यादव ने कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखता हैं बल्कि मन को भी सशक्त बनाता हैं। खेल को खेल की भावना से खेले तथा हार-जीत को व्यक्तिगत न ले। हारने वाला स्वयं को कमजोर न समझे तथा मेहनत करें। परियोजना समन्वयक रोहित राज ने बताया कि ब्लाक के 41 पंचायतों से लागभग 1000 से अधिक बालक-बालिकाओं ने प्रतिभाग किया है। बताया कि खेलों के माध्यम से किशोरियों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित होती है। संस्थान के प्रवीण कुमार कहा कि टीम वर्क, खेल भावना और परिश्रम के मूल्यों को बढ़वा देना ही उनका मूल उद्देश्य है। इस दौरान हुई कबडडी, रस्सा-कसी आदि प्रतियोगिताओं में विजेता बालक-बालिकाओं को मेडल व प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर नन्दलाल, अविनाश तिवारी, उमा, सुनीता, शान्ती, अनूप उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# सामंती सोच वाले लोगों की आंखों में हमेशा खटकते रहे बाबा साहब- विशाल भाई




लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट** – समाजवादी पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सम्पर्क अभियान के तहत सोमवार को ग्राम पंचायत नांदी में पीडीए जन चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें सपाईयों ने सपा मुखिया अखिलेश यादव द्वारा पीडीए के लिए किए गए कार्यों को बताया।जन चौपाल की अध्यक्षता करते हुए पार्टी जिलाध्यक्ष शिव शंकर सिंह यादव ने कहा कि सदियों से सत्ता में काबिज प्रभुत्ववादियों ने बाबा साहब डॉ बीआर अंबेडकर को नीचा दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। डॉ अंबेडकर सामंती सोच के लोगों की आंख में हमेशा खटकते रहे क्योंकि सामंती और प्रभुत्ववादी सदैव आरक्षण के विरोधी रहे हैं। सदियों की पीड़ा और आरक्षण दोनों ही पीडीए को एकसूत्र करते हैं। बाबा साहब ने राजा और रंक दोनों के वोट को बराबर करके सत्ता की चाभी पीडीए के लोगों को देकर सामाजिक न्याय को परिलक्षित करने का काम किया। लोहिया वाहिनी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ निर्भय सिंह पटेल ने कहा कि सभी दलित समुदाय आपसी भाईचारा बनाकर अहंकारी सत्ता को उखाड़ फेंकने का काम करते हुए सपा मुखिया अखिलेश यादव के हाथों सत्ता सौंपे। जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव ने बताया कि डॉ अंबेडकर के बताए रास्ते (शिक्षित, संगठित और संघर्ष) पर चलकर ही मनुवादियों और आडम्बरवादियों से मुकाबला किया जा सकता है। सपा नेता विशाल भाई ने कहा कि मौजूदा सत्ताधीश लोकतंत्र के चारों स्तंभों को तहस-नहस करने पर उतारू हैं। सामाजिक न्याय की एकता और वोट की ताकत का सही इस्तेमाल करके समाजवादी लोग इनको सत्ता से बाहर करने का काम करेंगे।इस मौके पर चित्रकूट विधानसभा अध्यक्ष राकेश प्रजापति, रामप्रसाद यादव, जिला उपाध्यक्ष मो गुलाब खान, सीताराम कश्यप, सूरज सिंह पटेल, लवलेश यादव, अमर पटेल, अजय यादव, रामनरेश यादव, भैया लाल वर्मा, जलाल खान, सत्यम, ओझा, जैनुल मास्टर साहब आदि मौजूद रहे।

# भागवत कथा में श्रीकृष्ण रुक्मणि विवाह का वर्णन

लोकमित्र ब्यूरो

**सरसावा, (कौशाम्बी)।** ब्लॉक के शाहपुर गांव में चल रही संगीतमय श्रीमद्भगवत कथा के छठे दिन श्रीकृष्ण रुक्मणी विवाह धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कथावाचक उमाशंकर मणि महराज ने रास पंच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय है। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण है। जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। कथा में रुकमणी विवाह, गोपीगीत आदि प्रसंगों का संगीतमय वर्णन किया। कथा के दौरान कथा वाचक महाराज ने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया और महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का ही मिलन हुआ। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने 16 हजार कन्याओं से विवाह कर उनके साथ सुखमय जीवन बिताया। भगवान श्रीकृष्ण रुकमणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। भागवत कथा के छठे दिन कथा स्थल पर रूकमणी विवाह के आयोजन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। श्रीकृष्ण रुकमणी की वरमाला पर जमकर फूलों की बरसात हुई। कथावाचक ने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है कथा श्रवण के दौरान स्थानीय महिलाओं पर पांडवों के भाव अवतरित हुए कथा वाचक ने कहा कि जीव परमात्मा का अंश है। इसलिए जीव के अंदर अपारशक्ति रहती है यदि कोई कमी रहती है वह मात्र संकल्प की होती है संकल्प एवं कपट रहित होने से प्रभु उसे निश्चित रूप से पूरा करेंगे। उन्होंने महारास लीला उद्धव चरित्र कृष्ण मथुरा गमन और रुक्मणी विवाह महोत्सव प्रसंग पर विस्तृत विवरण दिया। रुक्मणी विवाह महोत्सव प्रसंग पर व्याख्यान करते हुए उन्होंने कहा कि रुकमणी के भाई रुकमि ने उनका विवाह शिशुपाल के साथ सुनिश्चित किया था। लेकिन रुक्मणी ने संकल्प लिया था कि वह शिशुपाल को नहीं केवल गोपाल को पति के रूप में



वरण करेंगे। उन्होंने कहा शिशुपाल असत्य मार्गी है और द्वारिकाधीश भगवान कृष्ण सत्य मार्गी है इसलिए वो असत्य को नहीं सत्य को अपना एगी अंत भगवान द्वारकाधीश जी ने रुक्मणी के सत्य संकल्प को पूर्ण किया और उन्हें पत्नि के रूप में वरण करके प्रधान पटरानी का स्थान दिया। रुक्मणी विवाह प्रसंग पर आगे कथावाचक ने कहा इस प्रसंग को श्रद्धा के साथ श्रवण करने से कन्याओं को अच्छे घर और वर की प्राप्ति होती है और दांपत्य जीवन सुखद रहता है। इस कथा के दौरान मुख्य अजमान गणेश भार्गव, रामयज्ञ द्विवेदी, सुरेश मिश्रा सुनील प्रधान, अजय पांडे, लच्छू भार्गव,रमाशंकर भार्गव के अलावा सैकड़ों ग्रामीण जुटे हुए हैं।

# युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** हथिगवां थाना क्षेत्र के तिगुनाइत का पुरवा बेंती गांव निवासी अशर्फी लाल के 18 वर्षीय बेटे रोहन सरोज को परिजन किसी बात को लेकर डांट दिया। इससे नाराज होकर उसने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया।

न्यायालय अपर आयुक्त इलाहाबाद मंडल इलाहाबाद

केस न0

C201802000000797

चंद्रशेखर पांडे

बनाम नागेंद्र सिंह आदि

बनाम

नागेंद्र सिंह पुत्र भीष्म देव सिंह यादव ग्राम पुरेअंती गुलाब चंद्र पुत्र किशोरी लाल त्रिबेणी पुत्र गुलाब चंद्र ग्राम सभा कोहडौर द्वारा प्रधान परगना तहसील पट्टी जिला प्रतापगढ़

आपको यह सूचना दी जाती है कि आगामी 24.02 2025 समय 10 बजे अपील /निगरानी की सुनवाई के हेतु नियुक्त हुआ है। यदि आप इस न्यायालय में उक्त विषय पर स्वम अथवा किसी वकील के द्वारा उपस्थित ना होंगे तो अपील/ निगरानी की सुनवाई करके आपकी अनुपस्थिति में निर्णय कर दिया जाएगा।

अधीक्षक आयुक्त मंडल
इलाहाबाद, प्रयागराज
हस्ताक्षर मोहर सहित

(फार्म नं0 2 ए)

न्यायालय श्रीमान न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय पट्टी महोदय प्रतापगढ़

अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0

नाम फरीकेन रमाशंकर पाण्डेय बनाम निशाकान्त आदि

बनाम

1. निशाकान्त उम्र लगभग 36 साल सुत लक्ष्मीनारायण 2. प्रेमा देवी उम्र लगभग 60 साल पत्नी लक्ष्मीनारायण 4. शैलेश कुमार उम्र लगभग 72 साल सुत राजेन्द्र प्रसाद 5. बिजय कुमार पाण्डेय उम्र लगभग 30 साल सुत रमेशचन्द्र 6. जनक दुलारी पाण्डेय उम्र लगभग 60 साल पत्नी रमेश चन्द्र 7. अवधेश उम्र लगभग 36 साल 8. राजेश कुमार उम्र लगभग 32 साल 9. अशोक कुमार उम्र लगभग 28 साल सुतगण सुरेश प्रसाद 10. श्रीमती सांवला देवी उम्र लगभग 75 साल पत्नी सुरेश प्रसाद समस्त निवासीगण ग्राम कन्धई मधुपुर पर0 व तह0 पट्टी जिला प्रतापगढ़

तारीख पेशी 18.02.2025

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 18.02.2025 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)

न्यायालय श्रीमान न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय पट्टी महोदय प्रतापगढ़

मू0 वाद सं0 67/2023

अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0

नाम फरीकेन गंगा प्रसाद आदि बनाम रामलाल आदि

बनाम

1. रामलाल उम्र 65 साल सुत विहारी 2. रमा लछिमन उम्र 50 साल सुत रामदास नि0 ग्राम पूरे बेदुआ पो0 उडैयाडीह पर0तह0 पट्टी प्रतापगढ़ 3. मोतीलाल उम्र 50 साल सुत सुतगण राम खेलावन 4. शिव प्रसाद उम्र 45 साल 5. राज बहादुर उम्र 28 साल 6. राजमणि उम्र 25 साल सुतगण मिठाईलाल 7. राजू कुमार उम्र 30 साल सुत कृष्ण कुमार निवासीगण ग्राम पूरे निहाली पो0 उडैयाडीह पर0तह0 पट्टी जिला प्रतापगढ़

तारीख पेशी 18.02.2025

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 18.02.2025 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

# राजस्व कार्यों की डीएम ने की समीक्षा, प्रगति के दिए निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट** -कर-करेत्तर एवं सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक सोमवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें प्रगति ठीक न मिलने पर डीएम ने सभी तहसीलदारों से जवाब तलब करने के निर्देश दिए।बैठक में माह जनवरी में जनपद की रैंकिंग बहुत कम प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन बिंदुओं पर सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग प्रभावित हुई है, उन बिंदुओं पर इस माह में प्रगति कराए अन्यथा सम्बन्धित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जिनकी बिन्दुओं पर रैंकिंग ठीक है, उसे यथावत बनाए रखें। डीएम ने राजस्व कार्यो की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ति कराना सुनिश्चित करें। धारा 24, धारा 116, धारा 80, धारा 34 आदि के सम्बम्ध में लंबित वादों का त्वरित निस्तारण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तालाबों पर जो अतिक्रमण किया गया है, उसे हटाकर उसके सौंदर्यीकरण कराए। आईजीआरएस की समीक्षा करते हुए उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी प्रकरण डिफाल्टर नहीं होना चाहिए। असंतुष्ट प्रकरणों में अधिकारी स्वयं सम्बन्धित समस्याग्रस्त व्यक्ति से संपर्क कर स्थलीय निरीक्षण कर शासन की मंशानुरुप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराए तथा निरीक्षण की फोटोग्राफ्स भी अपलोड करें। कहा कि आईजीआरएस के प्रकरणों के निस्तारण के सम्बन्ध में शासन के उच्चाधिकारियों के द्वारा फीडबैक लिया जाता है तथा निस्तारण में शिथिलता पाए जाने पर सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने तहसीलदारों से कहा कि जो विभिन्न प्रकार के वाद आप लोगों के स्तर पर लंबित है, उनका निस्तारण ससमय सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस प्रकरणों के निस्तारण के सम्बन्ध में प्रगति ठीक न पाए जाने पर सभी तहसीलदारों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।इस मौके पर उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, मानिकपुर मोहम्मद जसीम, मऊ सौरभ यादव, राजापुर आलोक कुमार सिंह, उपायुक्त राज्य कर विक्रम अजीत, डिप्टी आरएमओ अविनाश झा, जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विवेक शुक्ला, एलडीएम अनुराग शर्मा, उपायुक्त उद्योग एसके केशरवानी सहित तहसीलदार अधिशासी अधिकारी मौजूद रहे।

9452526750, 9839665450,8565970115

दैनिक लोकमित्र

121, विवेक नगर प्रतापगढ़

सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह

प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त

E-mail-lokmitra2005@gmail.com

प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित

8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# जिलाधिकारी ने किया विन्ध्याचल का निरीक्षण और दिए आवश्यक निर्देश



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने मां विंध्यवासिनी देवी के धाम विंध्याचल में श्रद्धालुओं की भीड़ के दृष्टिगत व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर ड्यूटी में लगे मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी द्वारा पुरानी वी.आई.पी. मार्ग, मन्दिर परिसर का निरीक्षण कर निर्देशित किया कि मन्दिर परिसर की निरंतर साफ सफाई कराई जाती रहे। मां का दर्शन करने के लिए पन्क्ति में लगे श्रद्धालुओं के समीप जाकर उनसे संवाद किया और कुछ श्रद्धालुओं द्वारा दर्शन कराने हेतु पैसा मांगे जाने की बात पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए धाम प्रभारी को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जाए कि मन्दिर परिसर में पण्डा समाज द्वारा जारी परिचय पत्र सभी सदस्य अपने पास रखें तथा कोई भी पण्डा समाज का सदस्य व अन्य कोई भी श्रद्धालुओं को न तो अनावश्यक परेशान करे और न ही धनार्जन के लिए विवश करे और यदि किसी के द्वारा दर्शन हेतु श्रद्धालुओं से पैसे की मांग की जाती है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि निरंतर श्रद्धालुओं का आवागमन जारी है अतएव सभी प्रकार की व्यवस्थाएं जैसे पेयजल, प्रकाश, स्वास्थ्य आदि सभी की सुचारु व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें ताकि श्रद्धालु सुगमता पूर्वक दर्शन कर अपने गंतव्य को प्रस्थान कर सकें। उन्होंने सभी सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेट को निर्देशित करते हुए कहा कि पूरे मेला क्षेत्र का भ्रमण करते हुए पाई गई कमियों का तत्काल निराकरण कराएं। उन्होंने कहा कि हनुमना बार्डर से प्रयागराज बार्डर तक, सोनभद्र, वाराणसी बार्डर आदि सभी मार्गो पर वाहन जा रहे हैं पूरे मार्गो पर मैपिंग की गई है जहां पर लेनिंग और ट्रैफिक इक्यूपमेंट का प्रयोग करके डायवर्जन अथवा अन्य सभी व्यवस्थाएं की गई हैं उनका अनुपालन कराया जाए तथा पुलिस ,राजस्व व अन्य विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों की जिनकी तैनाती की गई है

वो सुनिश्चित करें कि वाहन कहीं पर अनावश्यक न रुकें जिससे निरंतर ट्रैफिक व्यवस्था सुगमता पूर्वक संचालित होती रहे। जिलाधिकारी ने अटल चौक व पटेंगरा नाला से मन्दिर जाने वाले मार्ग का भी निरीक्षण किया और ट्रैफिक व्यवस्था में लगे पुलिस अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यह सुनिश्चित करें कि किसी भी परिस्थिति में जाम न लगने पाए। निरीक्षण के समय नगर मजिस्ट्रेट विनीत कुमार उपाध्याय, अपर पुलिस अधीक्षक सोनभद्र कालू सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी भी साथ रहे।

# मीना मंच के तहत शिक्षक-शिक्षिकाओं को दिया गया प्रशिक्षण

**रामनगर, चित्रकूट-** विकासखंड अंतर्गत संचालित 53 उच्च प्राथमिक विद्यालयों व कंपोजिट विद्यालयों में गठित मीना मंच की पावर एंजिल्स के सशक्तिकरण के लिए मीना मंच सुगमकर्ता के रूप में चुने गए शिक्षकों की दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला सोमवार को बीआरसी रामनगर के सभागार में आयोजित की गई।कार्यशाला में खंड शिक्षा अधिकारी रामनगर एनपी सिंह ने समस्त प्रतिभागी शिक्षक-शिक्षिकाओं को मीना मंच के गठन का उद्देश्य तथा उसकी पूर्ति के लिए मीना मंच को सशक्त बनाए जाने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। बताया कि बालिकाओं के सामाजिक व शैक्षिक सशक्तिकरण के लिए मीना मंच को सक्रिय किया जाना अति महत्वपूर्ण है। कहा कि जिस विद्यालय में सक्रिय मीना मंच है, वहां लोगों को बालिकाओं के नामांकन, प्रतिदिन विद्यालय में उपस्थिति तथा घरेलू कार्यों में बालिकाओं को न लगाने इत्यादि के विषय में जागरूककिया जाता है।

# प्रयास परियोजना के तहत दिव्यांग बच्चों को किया जाएगा सशक्त- डॉ इलेश




**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट –**संत रणछोड़ दास महाराज द्वारा स्थापित सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड में दिव्यांग बच्चों के सशक्तिकरण के लिए प्रयास परियोजना का शुभारंभ किया गया। इस परियोजना के तहत दिव्यांग बच्चों के सशक्तिकरण के लिए उन्हें आवश्यक शैक्षिक और सहायता सेवाएं प्रदान की जाएंगी।सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय के सीईओ डॉ इलेश जैन ने प्रयास परियोजना की रूपरेखा और उसके प्रभाव पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि यह परियोजना दिव्यांग बच्चों के सशक्तिकरण के लिए एक नई पहल होगी तथा इससे उनको एक नई राह मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के तहतः सद्गुरु पब्लिक स्कूल और विद्या धाम हायर सेकेंडरी स्कूल जानकीकुंड में दिव्यांग बच्चों के लिए रिसोर्स सेंटर स्थापित किए जाएंगे, जिससे उन्हें आवश्यक शैक्षिक और सहायता सेवाएँ मिल सकेंगी। इस परियोजना के तहत शिक्षकों और सामुदायिक पुनर्वास (सीबीआर) कार्यकर्ताओं को श्रवण एवं दृष्टि मूल्यांकन में प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि वे दिव्यांग बच्चों की बेहतर पहचान और सहयोग कर सकें। साथ ही दिव्यांग बच्चों को पुनर्वास सेवाएं प्रदान की जाएंगी, जिसमें गृह एवं केंद्र-आधारित सहायता, आर्थिक पुनर्वास, प्रमाणन, सहायक उपकरण उपलब्धता और समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देना शामिल है। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सतना डॉ एलके तिवारी ने परियोजना की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह परियोजना समाज के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। यह दिव्यांग बच्चों के भविष्य के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण साबित होगी। इससे उनके जीवन में उम्मीद की एक नई किरण जागेगी। उन्होंने परियोजना के सफल क्रियान्वयन में सहयोग करने का आश्वासन भी दिया। इस मौके पर पर्किन्स संस्था के दीपक कृष्ण शर्मा, रीता मेस्सी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# कौंग्रेसियों ने मनाई कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि, दी श्रद्धांजलि



**चित्रकूट ब्यूरो**-कौंग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें कौंग्रेसियों ने कर्पूरी ठाकुर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।गोष्ठी में कौंग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि भारत के प्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर सदैव दलित, शोषित, वंचित एवं पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए प्रयत्नशील रहे और संघर्ष करते रहे। कर्पूरी ठाकुर का सरल स्वभाव, उनके के स्पष्ट विचार और अदम्य इच्छाशक्ति लोगों को प्रभावित करती थी और लोग उनके विराट व्यक्तित्व के प्रति आकर्षित हो जाते थे। मुख्यमंत्री के रूप में कर्पूरी ठाकुर ने बिहार को प्रगति के पथ पर लाने और वहां विकास को गति देने में अपूर्व योगदान दिया। जिसको सदैव स्मरण किया जाएगा। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया, जिला सचिव विजयमणि त्रिपाठी, ओमप्रकाश, मोहम्मद करीम, मंजन प्रजापति, छोटू गुप्ता, अरमान खान आदि मौजूद रहे।

# 52वें प्रांतीय रामायण मेले समारोह के तैयारियों की डीएम ने की समीक्षा

**लोकमित्र ब्यूरो**



**चित्रकूट –** प्रान्तीय रामायण मेला के 52वें वार्षिक समारोह की तैयारी के सम्बन्ध में सोमवार को कलेक्टरेट सभागार में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी ने रामायण मेला के भव्य आयोजन को लेकर तैयारी व्यवस्थाओं के लिए सम्बन्धितों को निर्देश दिए। बैठक में रामायण मेला के अध्यक्ष प्रशांत करवरिया ने बताया कि राष्ट्रीय रामायण मेला 1973 से प्रारंभ हुआ था। जिसका उद्घाटन तत्कालीन राज्यपाल ने किया था। जिलाधिकारी ने कहा कि यह मेला सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्य को दर्शाते हुए वर्तमान स्थिति में पहुंचा है तथा इसको ऐसे ही भव्य रूप से मनाया जाएगा। उन्होंने उपस्थित सभी विभागों को निर्देशित किया कि रामायण मेला में सभी विभाग अपने स्टाल लगाएंगे। कहा कि देश में बुंदेलखंड की एक विशेष पहचान है अतः मेले में बुंदेलखंड के कलाकारों को भी बुलाएं। पुलिस अधीक्षक से कहा कि सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहनी चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि दवाओं के साथ स्टाफ की व्यवस्था 24 घंटे रहनी चाहिए। अधिशासी अधिकारी विद्युत को निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा अनावश्यक लटक रहे तारों को सही कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी कर्वी को पूरे मेले में सफाई व्यवस्था सुनिश्चत करने एवं विद्युत बैकअप के रूप में जनरेटर रखने के निर्देश दिए। कहा कि अवैध किराया वसूली को रोकने के लिए बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बेड़ी पुलिया एवं रामायण मेले के पास किराया सूची लगानाएं। जल संस्थान व जल निगम को मेले के आसपास पानी की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने रामायण मेला के अध्यक्ष से कहा कि समिति के 10-12 लोग को चिन्हित करते हुए समस्या होने पर वार्ता करें ताकि समस्या का निस्तारण कराया जा सके।इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, डीसीएनआरएलएम ओपी मिश्रा, परियोजना निदेशक सच्चिदानंद प्रसाद, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, अधिशासी अधिकारी कर्वी लालजी यादव, रामायण मेला के महामंत्री करुणाशंकर द्विवेदी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# महिलाओं को सशक्त करने के लिए आयोजित की गईं खेल प्रतियोगिताएं



**पहाड़ी, चित्रकूट**-पानी संस्थान द्वारा चलाए जा रहे महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय ब्लाक स्तरीय सांस्कृतिक व खेलकूद प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन साईधाम मन्दिर पहाड़ी के सामने किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही आयोजित प्रतियोगिताओं में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम में थाना पहाड़ी के क्राइम इस्पेक्टर पहाड़ी प्रभुनाथ यादव ने कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखता हैं बल्कि मन को भी सशक्त बनाता हैं। खेल को खेल की भावना से खेले तथा हार-जीत को व्यक्तिगत न ले। हारने वाला स्वयं को कमजोर न समझे तथा मेहनत करें। परियोजना समन्वयक रोहित राज ने बताया कि ब्लाक के 41 पंचायतों से लागभग 1000 से अधिक बालक-बालिकाओं ने प्रतिभाग किया है। बताया कि खेलों के माध्यम से किशोरियों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित होती है। संस्थान के प्रवीण कुमार कहा कि टीम वर्क, खेल भावना और परिश्रम के मूल्यों को बढ़वा देना ही उनका मूल उद्देश्य है। इस दौरान हुई कबडडी, रस्सा-कसी आदि प्रतियोगिताओं में विजेता बालक-बालिकाओं को मेडल व प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर नन्दलाल, अविनाश तिवारी, उमा, सुनीता, शान्ती, अनूप उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# राजस्व कार्यों की डीएम ने की समीक्षा, प्रगति के दिए निर्देश

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** –कर-करेत्तर एवं सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक सोमवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें प्रगति ठीक न मिलने पर डीएम ने सभी तहसीलदारों से जवाब तलब करने के निर्देश दिए।बैठक में माह जनवरी में जनपद की रैंकिंग बहुत कम प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन बिंदुओं पर सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग प्रभावित हुई है, उन बिंदुओं पर इस माह में प्रगति कराए अन्यथा सम्बन्धित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जिनकी बिन्दुओं पर रैंकिंग ठीक है, उसे यथावत बनाए रखें। डीएम ने राजस्व कार्यो की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ति कराना सुनिश्चित करें। धारा 24, धारा 116, धारा 80, धारा 34 आदि के सम्बम्ध में लंबित वादों का त्वरित निस्तारण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तालाबों पर जो अतिक्रमण किया गया है, उसे हटाकर उसके सौंदर्यीकरण कराए। आईजीआरएस की समीक्षा करते हुए उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी प्रकरण डिफाल्टर नहीं होना चाहिए। असंतुष्ट प्रकरणों में अधिकारी स्वयं सम्बन्धित समस्याग्रस्त व्यक्ति से संपर्क कर स्थलीय निरीक्षण कर शासन की मंशानुरुप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराए तथा निरीक्षण की फोटोग्राफ्स भी अपलोड करें। कहा कि आईजीआरएस के प्रकरणों के निस्तारण के सम्बन्ध में शासन के उच्चाधिकारियों के द्वारा फीडबैक लिया जाता है तथा निस्तारण में शिथिलता पाए जाने पर सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने तहसीलदारों से कहा कि जो विभिन्न प्रकार के वाद आप लोगों के स्तर पर लंबित है, उनका निस्तारण ससमय सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस प्रकरणों के निस्तारण के सम्बन्ध में प्रगति ठीक न पाए जाने पर सभी तहसीलदारों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।इस मौके पर उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, मानिकपुर मोहम्मद जसीम, मऊ सौरभ यादव, राजापुर आलोक कुमार सिंह, उपायुक्त राज्य कर विक्रम अजीत, डिप्टी आरएमओ अविनाश झा, जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विवेक शुक्ला, एलडीएम अनुराग शर्मा, उपायुक्त उद्योग एसके केशरवानी सहित तहसीलदार अधिशासी अधिकारी मौजूद रहे।

# दिव्यांग व दृष्टिदोष से पीड़ित बच्चों के लिए आयोजित किए जाएंगे कैंप- सीएमओ

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट –** मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि जिला स्वास्थ्य समिति की शासी निकाय की बैठक में समिति द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में बीते शुक्रवार को हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि प्रत्येक ब्लॉक चिकित्सा इकाई में सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर एक कैम्प आयोजित किया जायेगा। जिसमें विद्यालय व आंगनबाडी में पढ़ रहे दिव्यांग बच्चे व दृष्टिदोष से पीड़ित बच्चों की स्क्रीनिंग का कार्य किया जायेगा तथा चिन्हांकन के बाद विकलांगता प्रमाण पत्र निर्गत करते हुए आवश्यकतानुसार उपचार सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत 17 फरवरी को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चित्रकूट कर्वी में, 18 फरवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शिवरामपुर में, 19 फरवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहाडी में, 20 फरवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामनगर में, 21 फरवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मानिकपुर में एवं 22 फरवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मऊ में कैम्प आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानिकपुर, मऊ, शिवरामपुर, पहाड़ी, रामनगर व चित्रकूट को निर्देशित किया है कि निर्धारित तिथियों पर खंड शिक्षाधिकारी महिला, बाल परियोजना अधिकारी व जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए आरबीएस के टीम के साथ कैंप लगाकर बच्चों की स्क्रीनिंग का कार्य कराना सुनिश्चित करें।

# सामंती सोच वाले लोगों की आंखों में हमेशा खटकते रहे बाबा साहब- विशाल भाई




**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट –** समाजवादी पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सम्पर्क अभियान के तहत सोमवार को ग्राम पंचायत नांदी में पीडीए जन चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें सपाईयों ने सपा मुखिया अखिलेश यादव द्वारा पीडीए के लिए किए गए कार्यो को बताया।जन चौपाल की अध्यक्षता करते हुए पार्टी जिलाध्यक्ष शिव शंकर सिंह यादव ने कहा कि सदियों से सत्ता में काबिज प्रभुत्ववादियों ने बाबा साहब डॉ बीआर अंबेडकर को नीचा दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। डॉ अंबेडकर सामंती सोच के लोगों की आंख में हमेशा खटकते रहे क्योंकि सामंती और प्रभुत्ववादी सदैव आरक्षण के विरोधी रहे हैं। सदियों की पीड़ा और आरक्षण दोनों ही पीडीए को एकसूत्र करते हैं। बाबा साहब ने राजा और रंक दोनों के वोट को बराबर करके सत्ता की चाभी पीडीए के लोगों को देकर सामाजिक न्याय को परिलक्षित करने का काम किया। लोहिया वाहिनी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ निर्भय सिंह पटेल ने कहा कि सभी दलित समुदाय आपसी भाईचारा बनाकर अहंकारी सत्ता को उखाड़ फेंकने का काम करते हुए सपा मुखिया अखिलेश यादव के हाथों सत्ता सौंपे। जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव ने बताया कि डॉ अंबेडकर के बताए रास्ते (शिक्षित, संगठित और संघर्ष) पर चलकर ही मनुवादियों और आडम्बरवादियों से मुकाबला किया जा सकता है। सपा नेता विशाल भाई ने कहा कि मौजूदा सत्ताधीश लोकतंत्र के चारों स्तंभों को तहस-नहस करने पर उतारू हैं। सामाजिक न्याय की एकता और वोट की ताकत का सही इस्तेमाल करके समाजवादी लोग इनको सत्ता से बाहर करने का काम करेंगे।इस मौके पर चित्रकूट विधानसभा अध्यक्ष राकेश प्रजापति, रामप्रसाद यादव, जिला उपाध्यक्ष मो गुलाब खान, सीताराम कश्यप, सूरज सिंह पटेल, लवलेश यादव, अमर पटेल, अजय यादव, रामनरेश यादव, भैया लाल वर्मा, जलाल खान, सत्यम, ओझा, जैनुल मास्टर साहब आदि मौजूद रहे।

# चार पहिया वाहन की टक्कर से सड़क पार कर वृद्ध की मौत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली के केसरिया गांव के समीप नेशनल हाईवे पार कर वृद्ध को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया हादसे में वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई , सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कार्यवाही में जुट गई है।

चरवा थाना क्षेत्र के चरवा निवासी श्रीलाल कुशवाहा पुत्र शुकरू लाल 65 वर्ष सोमवार को अपने दामाद मुन्नीलाल के यहां जा रहा था , श्रीलाल सोमवार की शाम केसरिया गांव पहुंचकर नेशनल हाईवे पार कर रहा था तभी प्रयागराज की ओर से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने वृद्ध को टक्कर मार कर फरार हो गया , आसपास मौजूद लोगो ने हादसा देखा तो पुलिस को सूचना दी , सूचना पर पहुंची पुलिस ने वृद्ध को इलाज के लिए निजी अस्पताल में ले गए जहां चिकित्सकों ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया , पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कार्यवाही में जुट गई है वही हादसे की खबर पर पहुंचे स्वजनों में कोहराम मच गया ।

# एम डब्ल्यू ओ ने भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की मनाई गई 37वीं पुण्यतिथि

**लोकमित्र ब्यूरो**



**प्रयागराज।** प्रतापगढ़ सामाजिक सरोकारों के मुद्दे व जमीनी स्तर पर निरंतर समाज में कार्य करने वाला सामाजिक संगठन महापद्मनंद वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन एम डब्ल्यू ओ जिला कमेटी प्रतापगढ़ के जिला अध्यक्ष सचिन शर्मा व उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र शर्मा के नेतृत्व में देश के महान कर्मयोगी, लोकतंत्र के कबीर, भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की 37वीं पुण्यतिथि पर कार्यक्रम कर किया किया नमन। सोमवार को दोपहर 12 बजे, स्थान अरविंद शर्मा पंडित के सैलून स्थित बिहारगंज सेतापुर भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत प्रतापगढ़ के वरिष्ठ समाजसेवी एवं जिला संरक्षक राम लखन शर्मा एवं रामचंद्र शर्मा ने संयुक्त रूप से जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के चित्र पर माला पहनकर और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के जीवन संघर्षो पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश के आजादी से पहले स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई में कूद कर देश को आजाद करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हुए देश के स्वतंत्र होने के बाद 1952 के प्रथम चुनाव में चुनाव लड़कर विधायक बने और अपने जीवन काल में कई बार विधायक उपमुख्यमंत्री शिक्षा मंत्री राज्यसभा सदस्य होते हुए दो बार मुख्यमंत्री बने और अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में मुंगेरीलाल आयोग के सिफारिश पर पिछड़ा वर्ग में एनेक्सर 1और एनेक्सर 2 करते हुए विभाजित कर वंचित जातियों को भी समाज के मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया वही तीन प्रतिशत गरीब सवर्णो और तीन प्रतिशत महिलाओं को भी आरक्षण में स्थान देकर जन-जन के नायक जननायक बन गए। जनपद प्रभारी रंजीत शर्मा ने अपनी बात को रखते हुए कहा कि संगठन को जनपद के प्रत्येक ब्लॉकों एवं तहसीलों में उतरकर संगठन को मजबूत करने की जरूरत है। कार्यक्रम में प्रख्यात कवि, अवधी सम्राट स्वर्गीय जुमई खां आजाद के बड़े पुत्र मुस्तफा आजाद ने अपने पिताजी के द्वारा लिखी कविता ष्बड़ी-बड़ी कोठिया सजाया पूंजीपतिया, दुखिया के रोटियां चोराय चोरायष् अपनी महलिया में किया उजियारवा तु, दुखियों के झोपड़ी में अगिया लगाई लगाई। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष प्रतापगढ़ सचिन शर्मा, उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र शर्मा फौजी, सचिव अवध बिहारी शर्मा, कोषाध्यक्ष अरविंद शर्मा पंडित, संगठन मंत्री विकास शर्मा आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के जिला संरक्षक राम लखन शर्मा व संचालन प्रांतीय महासचिव शिवदयाल शर्मा ने किया। इस अवसर पर अशोक कुमार शर्मा, कृष्णकांत शर्मा, दीपक शर्मा, राजेंद्र शर्मा, शिव मूरत शर्मा, ठाकुर प्रसाद शर्मा, श्रीकांत शर्मा, राजेश शर्मा, आशीष शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने सुनी जनशिकायत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर आमजन की शिकायतों, समस्याओं को सुना गया एवं उनकी शिकायतों, समस्याओं के त्वरित, विधिवत एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया, चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 92 वाहनों का ई-चालान किया गया।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# एसीपी की समस्या को लेकर शिक्षणेत्तर संघ की हुई बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** लालगंज जिला सयोजक ब्रजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व मे जनपद के माध्यमिक शिक्षणेतर संघ की बैठक आयोजित की गयी जिसमे अध्यक्षता बाबू राम शुक्ल ने किया ।संरक्षक के रूप मे राजेन्द्र श्रीवास्तव और प्रदेश उपाध्यक्ष कामता प्रसाद सिंह मौजूद रहे। बैठक मे आये हुए कर्मचारियों के मध्य विगत डेढ़ से दो वर्षो से ए सी पी का निस्तारण न किये जाने का प्रकरण छाया रहा जिसमे पंद्रह सदस्यों की जिला सयोजक समिति का गठन किया गया । बृजेश कुमार शर्मा ने बताया कि मामले के निस्तारण के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक से मिल कर प्रकरण को अति शीघ्र निस्तरित करने की बात करेंगे। यदि अति शीघ्र निस्तारण ना हुआ तो बाध्य हो कर आगे की रणनीति पर विचार कर संघर्ष की रूप रेखा तैयार की जायेगी ।सभी ने एक स्वर मे संघ के प्रति अपनी आगे के सहमति दी। इस अवसर पर रामबाग इंटर कालेज, ऐहार इंटर कालेज, रायपुर मझिगवा इंटर कालेज, सरेनी इंटर कालेज, पूरे पांडेय इंटर कालेज, दुधवन इंटर कालेज, शंकरपुर इंटर कालेज, रौतापुर इंटर कालेज आदि के कर्मचारी गण जनार्दन सिंह, धीरज सिंह, रावेंद्र सिंह, सिद्धार्थ त्रिवेदी, बैकुंठ त्रिपाठी, अरुण पांडेय, पारुल सिंह, खुशबू सिंह, सुनीता सिंह,, राम कुमार, सुरेश कुमार, रमेश कुमार , राम लखन, प्रेम शंकर, हीरा लाल सहित अन्य मौजूद रहे।

# रेलवे आरक्षण लिपिक की गाड़ी रेलवे स्टेशन से हुई गायब

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** रेलवे स्टेशन रायबरेली में आरक्षण लिपिक के पद पर कार्यरत राजीव तिवारी की मोटरसाइकिल पैशन एक्सप्रो गाड़ी नंबर न्च33।ठ7891 पार्सल ऑफिस के पीछे खड़ी थी जब कर्मचारी राजीव तिवारी अपनी ड्यूटी की शिफ्ट खत्म करके गाड़ी लेने पहुंचे तो वहां से मोटरसाइकिल गायब थी इसकी तत्काल सूचना उन्होंने 112 पर दी जिसकी इवेंट आईडी उनके पास मौजूद है। राजीव तिवारी ने बताया कि वह सुरक्षित रूप से अपनी गाड़ी पार्सल ऑफिस के पीछे खड़ी कर देते 112 के साथ-साथ उन्होंने वाहन खोने की ऑनलाइन सूचना यूपी कॉप एप पर पंजीकृत कर दी है

# पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने किया ऊँचाहार का विकास-इं.वीरेन्द्र यादव

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आह्वान पर लगातार बाईस दिनों से जनपद की सभी विधानसभा क्षेत्रों के अनेकों सेक्टरों में पीडीए चर्चा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहें हैं उसी क्रम में विधानसभा क्षेत्र ऊँचाहार के सलेमपुर, चाँदपुर लूक डलमऊ में पीडीए जन पंचायतों को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव ने कहा कि इस क्षेत्र के किसानों को रबी की फसल सिंचाई हेतु नहरों में पानी नहीं मिल रहा, साधन सहकारी समितियों में खाद नहीं मिल रही, क्षेत्र के ग्रामीण मार्ग क्षतिग्रस्त है, चिकित्सा के लिए बने प्राथमिक एवं सामुदायिक केंद्रों में मरीजों को इलाज नहीं सिर्फ रिफर किया जाता है पीएचसी एवं सीएचसी रेफरल केंद्र बने हुए हैं भाजपा सरकार के नेता व अधिकारी वास्तविकता से दूर भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। ऊंचाहार क्षेत्र में समाजवादी पार्टी की सरकार में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा आधा दर्जन विद्युत केंद्रों की स्थापना, कई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गंगा नदी में पुल एवं सैकड़ों गाँवों के समग्र विकास हेतु डा. लोहिया व जनेश्वर मिश्रा समग्र गाँव देकर इस क्षेत्र का सर्वांगीण विकास किया गया परन्तु आठ वर्ष की योगी आदित्यनाथ की सरकार ने कोई भी जनकल्याणकारी परियोजना नहीं दी क्षेत्र का विकास अवरुद्ध एवं ठप है, वर्तमान बीजेपी सरकार में ऊँचाहार क्षेत्र के किसान, मजदूर, छात्र, युवा दुखी एवं निराश हैं। विधायक श्याम सुन्दर भारती ने बछरावा के देहली में पीडीए चर्चा करते हुए कहा कि बीजेपी धर्म एवं आस्था के नाम पर अपना प्रचार करती है लोगों को झूठे नारे देकर अवरुद्ध विकास एवं बेरोजगारी से ध्यान भटकाने का प्रयास करते हैं। कार्यक्रमों को वरिष्ठ नेता राजेंद्र यादव, शुभम लोहिया, शिवनारायण सोनकर, देवराज दादा, राजेंद्र सरोज, जगदेव यादव, रामसनेही, जेपी यादव, इंद्रपाल गौतम, वीरेन्द्र किसान, मुनेश्वर पासी, शिवनारायण सोनकर, रामकिशोर पुजारी, ब्रजेंद्र चौधरी, राकेश यादव, विजय बहादुर यादव, अमरेन्द्र यादव, राकेश यादव, देवता दीन पासी, पुत्तन सिंह यादव, अजय धुरंधर, चंद्रप्रकाश आजाद, भानू पटेल, आलोक यादव, मिथुन लोधी, रामू अनाड़ी, मेराज शम्स, अखिलेश बबलू, जितेन्द्र नेता, अमित कुमार आदि ने जनपद के अनेकों सेक्टरों में पीडीए की जन पंचायतों को सम्बोधित कर पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों एवं आधी आवादी की एकजुटता पर बल दिया। उपस्थित लोगों ने समाजवादी पार्टी सरकार में हुए कार्यों को याद किया इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग एवं महिलाएँ उपस्थित रही।

# विद्यालय ज्ञान एवं साधना का मंदिर-दीप प्रकाश शुक्ला



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** लालगंज सोमवार को कस्बे के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटरमीडिएट कॉलेज लालगंज में कक्षा 12 के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ला ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलन से किया। इस अवसर पर इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों ने अपने-अपने स्कूली शिक्षा के यादगार पलो को कविता, भाषण, गायन के माध्यम से प्रस्तुत कर शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों के सम्मान में नृत्य गायन संगीत एवं अभिनय के अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ला ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लगन व परिश्रम से की गई पढ़ाई का परिणाम सुखद होता है ।

सभी विद्यार्थियों को खूब परिश्रम करके परीक्षा देनी चाहिए। परिणाम की चिंता उन्हें नहीं करनी चाहिए।श्रम का परिणाम हमेशा सुखद होता है।विद्यालय के प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला ने कहा कि विद्यालय ज्ञान तथा साधना का मंदिर है। इसमें गुरुजनों के द्वारा सभी विद्यार्थियों को परिश्रम करके सलोना रूप प्रदान किया जाता है। हम सभी आपके जीवन में भविष्य निर्माण में तन मन धन से हमेशा लगे रहेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा बैठक संपन्न



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बैंकवार लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति की समीक्षा की गई तथा उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिए गए कि अगले तीन दिनों में लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत प्राप्ति की दिशा में कार्य करते हुए अधिक से अधिक युवाओं को योजना का आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। एलडीएम द्वारा बैंकों से समन्वय स्थापित कर मानको को पूर्ण करने वाले आवेदनों को यथाशीघ्र स्वीकृत कराकर डिसबर्समेंट कराया जाए। बैंकर्स द्वारा प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से गुणवत्तापूर्ण डिस्पोजल कराया जाए, इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य, एलडीएम रुपेश दुबे सहित संबंधित अधिकारीगण व जनपद के विभिन्न बैंकों के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर उपस्थित रहे।

# सीबीएसई बोर्ड की इंटर की परीक्षा प्रारंभ, शारीरिक शिक्षा की परीक्षा सकुशल संपन्न



**रायबरेली।** लालगंज तहसील क्षेत्र में सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाओं के लिए बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज और रेल कोच सेंट्रल स्कूल केंद्र बने हैं। बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक सुनील सिंह ने बताया कि सोमवार को सीबीएसई बोर्ड से संबंधित इंटर की शारीरिक शिक्षा की परीक्षा थी। बीएमपीएस 6 स्कूलों का केंद्र बना है। सोमवार की शारीरिक शिक्षा की परीक्षा में 222 परीक्षार्थी एनरोलमेंट थे। 221 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी है। सोमवार को हुई परीक्षा में फिर से एक बार बृजलाल यादव मेमोरियल पब्लिक स्कूल बेनी माधवगंज के सुमित यादव ने परीक्षा छोड़ी है। छात्र सुमित यादव ने किस कारण परीक्षा नहीं दी है, इसका पता नहीं चल सकता है। वहीं परीक्षा देकर निकल रहे बच्चों ने पेपर के प्रति संतोष जताया और कहा की प्रश्न पत्र बढ़िया रहा है। विद्यार्थियों ने बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल की व्यवस्थाओं की भी सराहना की है।

# विधायक मनोज पाण्डेय द्वारा कब्जा करने पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अतुल सिंह ने की कड़ी निन्दा



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** कांग्रेस के प्रदेश सचिव एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अतुल सिंह ने दलित व पिछडा समाज की जमीन विधायक मनोज पाण्डेय द्वारा कब्जा करने पर प्रतिक्रिया करते हुए कहा कि विधायक मनोज कुमार पाण्डेय द्वारा दलित व पिछड़े समाज की जमीन कब्जा करने का जो मामला संज्ञान में आया है,उसकी मैं कड़े शब्दों में निंदा करता हूँ। पीड़ित अजीत पटेल व अमृत लाल दोनों जगतपुर ब्लॉक के रहने वाले है ये दोनों परिवार धरना दे रहे है लेकिन इनकी कोई सुनने वाला न्ही है। मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से अपील करता हूँ कि दलित एवं पिछड़े समाज की जमीन का जो मामला संज्ञान में आया है इसकी जांच कराई जाये एवं दोषियों पर कड़ी कार्यवाही हो। अतुल सिंह ने कहा पीड़ित परिवार के साथ हम सब खड़े हैं, राहुल गाँधी जी पूरे देश में दलित एवं पिछड़े वर्ग के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। पीड़ित परिवार की हर संभव मदद की जाएगी, गरीबों की जमीनों पर किसी भी कीमत पर विधायक को कब्जा करने नहीं दिया जायेगा।

# जमुरावां गांव में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा को सुनकर लोग हुए मंत्रमुग्ध



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** महराजगंज क्षेत्र के जमुरावां गांव में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन रविवार को कथा व्यास विपिन शुक्ला ने विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया जिन्हें सुन श्रोता भाव विभोर हो उठे। कथा व्यास ने कहा कि जो प्रेम से जो संभव है, वह हिंसा से नहीं उन्होंने चार वेद, पुराण, गीता और श्रीमद् भागवत महापुराण की व्याख्या की वहीं श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता का वर्णन करते हुए कहा कि मित्रता हो तो श्री कृष्ण और सुदामा जैसी भगवान श्री कृष्ण ने अपने बाल सखा सुदामा के साथ जो मित्र धर्म का उदाहरण प्रस्तुत किया है, उसकी मिसाल युग युगांतर तक दी जाएंगी। स्थानीय कलाकारों की ओर से प्रस्तुत की गई कृष्ण सुदामा की सुंदर झांकी ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा व्यास ने बताया कि श्रीमद् भागवत से जीवन में भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं, विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आश्रय में भी स्वयं बदलाव हो जाता है, कथा समापन पश्चात आरती और प्रसाद वितरण हुआ। इस मौके पर मुख्य यजमान शिव शंकर सिंह सपत्नीक के अलावा माझगांव, कोटवा मोहम्मदाबाद,हिलहा आदि के बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

# आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना वादों का निस्तारण के सम्बन्ध बैठक सम्पन्न

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार व मा0 जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली राज कुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में 08 मार्च 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना सम्बन्धी अधिकाधिक वादों का निस्तारण कराये जाने हेतु ध्रुव कुमार तिवारी, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के साथ बैठक अनुपम शौर्य, अपर जिला जजध्सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा की गयी। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण कर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने व पिछले लोक अदालत की सफलता को दोहराने व उसे और सफल बनाने के लिए उठाये जाने वाले कदमों पर विचार-विमर्श किया गया जिसमें पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के द्वारा अपने सुझाव साझा किये।

# 19 फरवरी को तहसील महराजगंज में किसान दिवस का आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** उप कृषि निदेशक ने बताया है कि 19 फरवरी 2025 को तहसील महराजगंज के सभागार में किसान दिवस का आयोजन अपरान्ह 12:30 बजे आयोजित किया जायेगा।

# जरूरतमंद को हर हाल में उपलब्ध कराया जाए ब्लड ~ डीएम



**लोकमित्र ब्यूरो**
**बांदा।** ब्लड बैंक में सभी ग्रुपों का ब्लड स्टोर में रखा जाए। जरूरतमंद को हर हाल में ब्लड उपलब्ध कराएं। इसमें लापरवाही नहीं होनी चाहिये। मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराएं। पैरा मेडिकल स्टाफ गर्भवती व डिलीवरी केस से संबंधित महिलाओं को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक किया जाए।

यह निर्देश सोमवार को जिलाधिकारी जे. रीभा ने रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करते हुए चिकित्सकों व पैरा मेडिकल स्टाफ को दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेडिकल कॉलेज में इमरजेन्सी वार्ड, ईएमओ कक्ष, ऑपरेशन थियेटर, ब्लड बैंक, जनरल वार्ड, नवजात शिशु चिकित्सा कक्ष पीआईसीयू, अल्ट्रासाउण्ड, ईसीजी कक्ष आदि का निरीक्षण किया। मेडिकल कॉलेज में मरीजों को दी जा रही चिकित्सा सुविधाओं व अन्य चिकित्सीय उपचार संबंधी व्यवस्थाओं को देखा। ऑपरेशन थियेटर का निरीक्षण करते हुए सीजेरियन केसों के सम्बन्ध में जानकारी ली। ब्लड बैंक का निरीक्षण करते हुए सभी ग्रुपों के ब्लड की उपलब्धता रखने के निर्देश दिये। उन्होंने नवजात शिशु व बाल्य रोग कक्ष का निरीक्षण करते हुए भर्ती बच्चों के इलाज के संबंध में जानकारी लेते हुए नियमित बच्चों की देखभाल करने के निर्देश दिये। उन्होंने मेडिकल कॉलेज परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था रखे जाने की बात कही।डीएम ने पुरूष व महिला वार्ड का निरीक्षण किया और मरीजों से बात कर उपचार व्यवस्था के बारे में जानकारी हासिल की। चिकित्सकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने उपस्थित पैरामेडिकल स्टाफ को निर्देशित किया कि कॉलेज में आने वाले सभी गर्भवती व डिलीवरी केस की महिलाओं को परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता कर परिवार नियोजन अपनाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कन्सलटेन्ट डॉक्टरों से मरीजो को चिकित्सीय उपचार व सलाह दिये जाने के बारे में जानकारी ली। नवजात शिशुओं को प्रथम डोज आवश्यक रूप से दिलाने की बात कही। निरीक्षण दौरान प्राचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ. एसके कौशल समेत चिकित्सक व पैरा मेडिकल स्टाफ मौजूद रहा।

# देश व प्रदेश को विकसित बनाने में सहयोग करते युवा शक्ति

## महिला महाविद्यालय में मंडलायुक्त ने छात्राओं को किया संबोधित



**लोकमित्र ब्यूरो**
**बांदा।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को चित्रकूटधाम मंडलायुक्त अजीत कुमार ने छात्राओं से आह्वान किया कि मुख्यमंत्री की मंशानुरूप युवा शक्ति प्रदेश व देश को विकसित बनाने में अपना सहयोग करें। युवा शक्ति अपनी क्षमता का पॉजिटिव प्रयोग करने के साथ ही सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों को दिलाएं और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ें। साथ ही मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान फार्मर रजिस्ट्री आदि योजनाओं का लाभ लोगों को दिलाएं।आयुक्त ने कहा कि शिक्षा एक ऐसी शक्ति है, जिसके माध्यम से समाज का विकास किया जा सकता है। बुंदेलखंड में विशेष कर चित्रकूट मंडल में पीने के पानी का अत्यंत अभाव है, युवा शक्ति जल बचाओ व जल के दुरुपयोग को रोकने के लिए समाज को जागरूक करें। युवा शक्ति अपने प्रयासों से यदि शिक्षा, स्वास्थ्य व इनकम को बढ़ा लेते हैं तो इससे उनका योगदान न केवल क्षेत्र के विकास में माहिती भूमिका अदा करेगा। इसके पूर्व प्राचार्य दीपाली गुप्ता ने मंडलायुक्त को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए स्वागत किया।

# विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन सम्पन्न



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा मा0 जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राज कुमार सिंह के निर्देशानुसार व अनुपम शौर्य अपर जिला जज, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली की अध्यक्षता में संत शिरोमणि गुरु रविदास आश्रम सामुदायिक केन्द्र हाथी पार्क रफी नगर, रायबरेली में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में स्थाई लोक अदालत, राष्ट्रीय लोक अदालत, ग्राम न्यायालय में होने वाले कार्यों को बताया गया।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सुलह समझौते से वाद निस्तारण हेतु जनपद में स्थापित एडीआर सेंटर के कार्यों की विस्तृत जानकारी के साथ-साथ नालसा टोल फ्री नंबर 15100 के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। इस जागरूकता कार्यक्रम में राजेश कुरील, वरिष्ठ अधिवक्ता डी0पी0 पाल व अन्य लोग उपस्थित रहें।

# गलत खाते में ट्रांसफर हुए 45 हजार रुपये पुलिस ने कराए वापस




**लोकमित्र ब्यूरो**
**बांदा।** ऑनलाइन पेमेंट के दौरान खलत खाते में धनराशि ट्रांसफर हो गई। पीड़ित ने मामले की शिकायत थाने में की। साइबर पुलिस ने पीड़ित की 45 हजार की रकम वापस कराई। गौरतलब हो कि थाना तिन्दवारी क्षेत्र के बेंदा के रहने वाले पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र शत्रुघन सिंह का ऑनलाइन 45 हजार रूपए का गलत ट्रांजेक्शन हो गया था। जिसकी सूचना आवेदक द्वारा थाना तिन्दवारी में दी थी। थाना तिन्दवारी की साइबर पुलिस टीम ने कार्य करते हुए 45 हजार रूपए पीड़ित के बैंक खाते में वापस कराए। पीड़ित ने पुलिस टीम का आभार जताया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना तिंदवारी राजेंद्र सिंह राजावत, महिला उप निरीक्षक रोशनी सेंगर, राजन दुबे शामिल रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा पण्डाल में धूमधाम से मनाया भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालापुर (प्रयागराज)।** दिव्य महाकुम्भ संगम नगरी प्रयागराज स्थित करमा बाजार पण्डितपुर गांव में ज्ञान का सागर बुद्धजीवियों एवं धार्मिक व्यक्तियों का क्षेत्र कहा जाता है। इसी क्रम में करमा बाजार स्थित पण्डितपुर गांव में मुख्य यजमान सुरेश चन्द्र द्विवेदी सपत्नी सावित्री द्विवेदी व कृष्ण चन्द्र द्विवेदी सपत्नी सूर्यवती देवी व हरिश्चंद्र द्विवेदी एवं स्नेहिल द्विवेदी परिवार की ओर से पवनसुत बजरंग बली हनुमान मंदिर के प्रांगण में चल रहे सात द्विवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन सोमवार को कथा व्यास आचार्य पंडित परम् पूज्य श्री प्रभाकर मिश्र जानकी रमन कुन्ज स्वर्गद्वार अयोध्या धाम ने भगवान कृष्ण के जन्म एवं लीलाओं की कथा सुनाकर श्रोताओं का मन भावविभोर कर दिया। जब - जब भी धरती पर असुरी शक्ति हावी हुई। परमात्मा ने धर्म की रक्षा के लिए अवतार लेकर पृथ्वी पर धर्म की स्थापना की। मथुरा में राजा कंस के अत्याचारों से व्यथित होकर धरती की करुण पुकार सुनकर नारायण ने कृष्ण रुप में देवकी के अष्टम पुत्र के रूप में जन्म लिया। धर्म और प्रजा की रक्षा कर कंस का अन्त किया।




यह श्रीमद्भागवत कथा पण्डितपुर गांव में चल रही सात द्विवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग सुनाते हुए पण्डितपुर गांव में श्राताओं के बीच कहीं। श्रीमद्भागवत कथा के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन करते हुए चौथे दिन पण्डितपुर गांव में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा का वर्णन किया। इसके पूर्व कथा व्यास परम् पूज्य श्री मिश्र ने कहा कि जीवन में श्रीमद्भागवत कथा सुनने का सौभाग्य मिलना बड़ा दुर्लभ है। जब भी हमें यह सुअवसर मिले इसका सदुपयोग करना चाहिए। कथा सुनते हुए उसी के अनुसार कार्य करें । कथा का सुनन तभी सार्थक होगा। जब उसके बताये हुए मार्ग पर चलकर परमार्थ का काम करें।

उन्होंने कथा का संक्षिप्त में वर्णन करते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम धरती को राक्षसों से मुक्त करने के लिए अवतार धारण किया। कथा में कृष्ण जन्म का वर्णन होने पर समूचा पण्डाल खुशी से झूम उठा। मौजूद श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण के जै जै कार के साथ झूमकर कृष्ण जन्म की खुशियां मनाई। कथा सुनने पण्डित पुर गांव सहित आसपास से गांव की बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे। उक्त कथा पाण्डाल प्रांगण में जानकी रमन कुन्ज स्वर्गद्वार अयोध्या धाम के महंत पंडित दिवाकराचार्य मिश्र, श्रोता पीयूष द्विवेदी, पंकज द्विवेदी, पुष्कर द्विवेदी, सुमित पाण्डेय, राधेश्याम मिश्र, सरस पाण्डेय हिमांशु द्विवेदी,शिवा द्विवेदी, सीताराम द्विवेदी, आयूष पाण्डेय,प्रीत द्विवेदी,शुभ द्विवेदी , मुन्ना शुक्ला,गप्पू मिश्र, सहित तमाम क्षेत्रीय कथा श्रोता श्रीमद्भागवत कथा पांडाल प्रांगण उपस्थित रहे।

## मुक्त विश्वविद्यालय ने स्थगित की अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी

**प्रयागराज।** महाकुम्भ को लेकर प्रयागराज में बढ़ रही अत्यधिक भीड़ एवं यातायात असुविधाओं के कारण उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रशासन तथा आयोजन समिति ने 18 -19 फरवरी को होने वाली महाकुम्भ - सनातन मूल्यों के माध्यम से मानव जीवन में परिवर्तन विषयक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी को अग्रिम तिथि तक स्थगित किए जाने का निर्णय लिया है। यह निर्णय आयोजन व प्रतिभागियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। निर्णय की सूचना समस्त अतिथियों एवं प्रतिभागियों को सोशल मीडिया के माध्यम से प्रेषित की जा चुकी है। संगोष्ठी के संयोजक डॉ जी के द्विवेदी ने बताया कि संगोष्ठी के आयोजन की नई तिथियां शीघ्र ही निर्धारित की जाएंगी।

## बाइक चालक को पुलिस ने हिरासत में लिया

**थरवई ।** थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे भोपतपुर के पास महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं से बाइक सवार युवक रमेश कुमार निवासी सदर जौनपुर बाइक श्री श्रद्धालुओं को संगम मेला तक पहुंचाने के एवज हजार रुपए लेने के आरोप में थरवई पुलिस ने आरोपी रमेश कुमार को बाइक समेत पकड़ कर थाने पर लाकर पूछताछ की जा रही है ।

# आधार कार्ड बनाने और सुधारने के नाम पर की जा रही जबरदस्त वसूली

**लोकमित्र ब्यूरो**

**जारी(प्रयागराज)।** विकास खंड जसरा के कौंधियारा थाना अंतर्गत स्थित जारी बाजार स्थित घर में उप डाकघर के कर्मचारियों के मिली भगत से आधार संबंधित कामों के लिए वसूली का काम जबरदस्त तरीके से किया जा रहा है।

स्थानीय लोगों की माने तो डाकघर के कुछ कर्मचारियों के मिली भगत से क्षेत्र के कुछ बेरोजगार युवक इलाकाई कई गांव से आने वाली अशिक्षित ग्रामीण जनता से आधार बनाने और आधार में सुधार करवाने के लिए 500 से लेकर ₹1000 तक की वसूली कर रहे हैं। जिसके लिए युवकों का एक गिरोह जारी बाजार में सक्रिय है, जो दिन रात लगातार आधार की समस्या से जूझ रहे लोगों से संपर्क बनाए हुए हैं और उनका आधार बनवाने और नाम, पता आदि सुधरवाने के लिए मोटी रकम वसूल रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि, डाकघर के कुछ कर्मचारियों का संरक्षण प्राप्त किये दलाल किस्म के ये युवक डाकघर के बाहर से ही हम लोगों को अपने साथ एक निश्चित स्थान पर बुला ले जाते हैं। जहां पर हमारा फॉर्म भरा जाता है और उसके बाद आधार बनवाने और आधार सुधरवाने के लिए अलग-अलग रकम की मांग करते हैं। जब हम लोग इसकी शिकायत लेकर डाकघर के अंदर जाते हैं तो डाकघर के संलिप्त कर्मचारी हमारी एक बात सुनने को तैयार नहीं होते और हमें पुनः उन्हीं दलालों के पास वापस भेज दिया जाता है। कुछ ग्रामीणों ने तो नाम न छापने के शर्त पर बताया कि डाकघर का कोई भी काम बिना इन दलालों की सहायता से डाकघर के अंदर नहीं किया जाता है। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन और डाकघर से संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग किया है की जारी बाजार स्थित डाकघर में व्याप्त इस अनियमितता की उच्च स्तरीय जांच कराई जाय और इस अवैध वसूली में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाय जिससे कि, क्षेत्र में बसने वाली अशिक्षित और भोली भाली जनता की जेब पर यह दलाल डाका न डाल सकें और उनका काम भी आसानी से हो जाय।




# सोमवार को आठ नामांकन पत्रों की बिक्री के साथ आठ प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन पत्र

**कोराव (प्रयागराज)।** बार एसोशिएशन तहसील कोराव में सोमवार को चौथे दिन जहा अध्यक्ष समेत विभिन्न पदों हेतु आठ प्रत्याशियों ने पर्चा खरीदा वही अध्यक्ष समेत आठ प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र भी दाखिल किया।

मिली जानकारी के अनुसार बार एसोशिएशन तहसील कोराव का चुनाव 7 मार्च को सुनिश्चित है अब तक कुल चार दिन में 39 नामांकन पत्रों की बिक्री हो चुकी है जो 19 फरवरी तक चलेगी और 17 फरवरी से 19 फरवरी तक नामांकन पत्र दाखिल होगा सोमवार को अध्यक्ष पद पर ललन कुमार तिवारी, विजय शंकर मिश्रा, मंत्री पद पर लक्ष्मी कांत शुक्ल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर श्यामाकांत तिवारी, उप मंत्री पर राजेश्वरी, कनिष्ठ कार्यकारिणी पद पर कपिल कुशवाहा, व शैलेश कुमार कुशवाहा ने नामांकन पत्र दाखिल किया संयुक्त रूप से निर्वाचन अधिकारी बाल गोविंद पाण्डेय, मोतीलाल कुशवाहा ने जानकारी देकर बताया साथ में सहायक निर्वाचन अधिकारी सुरेन्द्र सिंह एवं निर्वाचन सचिव त्रिवेणी प्रसाद यादव साथ में धर्मेंद्र सिंह उपस्थित रहे

# महाकुंभ को यादगार व अलौकिक बनाने के लिए आभार- ब्रम्हचारी गिरीश

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नैनी(प्रयागराज)।** ब्रह्मचारी गिरीश जी ने आज महाकुंभ को यादगार बनाने और जीवन में इस अलौकिक अनुभव देने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। ब्रह्मचारी जी ने कुछ आयोजकों से बात करते हुए कहा, ÷मैंने अब तक प्रयाग, उज्जैन और हरिद्वार में 7 कुंभ में भाग लिया है, लेकिन यह महाकुंभ मेरे शेष जीवन के लिए सदैव मेरी स्मृति और हृदय में जीवंत रहेगा। मैं केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, अन्य सभी राज्य सरकारों और उनके अधिकारियों को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने इस महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भागीदारी के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की हैं। 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं का प्रयागराज आना इस बात का प्रमाण है कि उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक भारत एक है। हर सनातनी हर दिशा से इस कुंभ में आना चाहता है। जाति, पंथ, लिंग, धर्म, संप्रदाय, द्वैत या अद्वैत की एकरूपता, आस्था, विश्वास आदि के सभी भेद पिछले



डेढ़ महीने में संगम में विलीन हो गए। यह भारत की अनेकता और विविधता में एकता का प्रत्यक्ष प्रदर्शन है, प्रमाण है और मुझे विश्वास है कि यह भविष्य में भी जारी रहेगा।÷ ब्रह्मचारी जी ने महर्षि संगठन के उन सभी सदस्यों को भी धन्यवाद दिया, जिन्होंने कुंभ में हजारों तीर्थयात्रियों की यात्रा को व्यवस्थित करने में मदद की। उन्होंने ऐतिहासिक 31 अतिरुद्राभिषेक महायज्ञ के आयोजन के लिए वैदिक पंडितों को धन्यवाद दिया। उन्होंने महर्षि विद्या मंदिर विद्यालयों के उन सभी प्रधानाचार्यो, शिक्षकों और विद्यार्थियों को धन्यवाद दिया, जिन्होंने हर संध्या में भजन प्रस्तुत किए। उन्होंने श्रीमद्भागवत, श्री शिव महापुराण, श्री राम जी और श्रीमद् देवी महापुराण कथा के माध्यम से अमृत की धारा प्रवाहित करने के लिए सभी चार कथा व्यासों को भी धन्यवाद दिया। ब्रह्मचारी जी ने कहा कि भारत की सभी भावी पीढ़ियाँ इस महाकुंभ से बहुत कुछ सीखेंगी और निश्चित रूप से इस तरह के उत्सव को और अधिक सावधानी और सहजता से मनाएंगी। सनातन भारत की सभी आने वाली पीढ़ियों को मेरी शुभकामनाएँ।

# नहर में नहीं छोड़ा पर्याप्त पानी, किसान परेशान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**ज़ारी(प्रयागराज)।** क्षेत्र के लोहरा पंप से संचालित होने वाली नहर में अभी तक कभी भी पर्याप्त पानी नहीं छोड़ा गया। जिसके चलते पंप से जुड़ी नहर का पानी पालपट्टी टेल तक नहीं पहुंच सका है और किसानो की गेहूं की फसल सूख रही है। पंप से जुड़े कई गांवों कोटर, रेंगा, चंद्रोदया, पालपट्टी, मझियारी, लोहरा सहित कई अन्य गांवों के किसानों राजेंद्र प्रसाद, ओंकारनाथ, अशर्फी लाल, बबलू तिवारी, अशोक कुमार, कृष्ण कुमार, काशी प्रसाद , अरुण कुमार आदि ने बताया कि, इस वर्ष लोहरा पंप का पानी लगभग मिला ही नहीं। पहले पंप से ट्रांसफार्मर लूट लिया गया और एक महीने तक पंप पूरी तरह से ठप रहा। बाद में जब पंप पर नया ट्रांसफार्मर लग गया तब भी पंप पर लगी सभी मोटरो को नहीं चलाया जा रहा है। कभी एक तो कभी दो मोटर चला कर नहर की सिंचाई कर दी जा रही है लेकिन, नहर में इतना पानी नहीं डाला जा रहा है कि, उस पानी से किसानों के खेतों की सिंचाई की जा सके। हम लोगों ने अपने निजी संसाधनों से गेहूं की बोवाई किया और उसी के सहारे किसी तरह से फसल को बचाए हुए हैं।

फिर भी पानी की कमी से गेहूं सहित सभी तरह की फसल प्रभावित हो हो रही हैं।

# ड्राइवर को झपकी आने पर कार पेड़ से टकराई

## पलटी कार से यात्रियों को निकाला गया सुरक्षित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** प्रयागराज की त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाने को बेताब श्रद्धालु आपाधापी में संतुलन खो रहे है।हाईवे के मनू का पूरा में झारखंड से आ रहे स्नानार्थीयों से भरी बोलेरो के ड्राइबर की एक झपकी से दस लोगों की सांसें थम गई और मौके पर दर्दनाक मौत हो गयी थी।सोमवार सुबह भी शिफ्ट डिजायर के ड्राइबर को झपकी आने से गाड़ी पेड़ से टकरा कर पलट गई।संयोग रहा कि कोई जन हानि नही हुई है।

जानकारी के अनुसार टाटा नगर जमेशदपुर, से महाकुम्भ के लिए निकले श्रद्धालुओं की गाड़ी हाईवे के कोटहा गांव के सामने सुबह लगभग सात बजे ड्राइवर को झपकी आने से अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई।



घटना के बाद मौके पर भीड़ जुट गई।पलटी शिफ्ट डिजायर पर सवार चार तीर्थ यात्रियों को गांव वालों ने बाहर निकाल कर पास के अस्पताल में उनका प्राथमिक इलाज कराया गया।सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने यात्रियों को कुम्भ जाने के लिए साधन उपलब्ध कराया है।शुक्र रहा कि इसमें कोई जन हानि नही हुई।

## नो व्हीकल घोषित होने से वाहनों पर लगा प्रतिबंध, दुकानदारों के यहां घरेलू सामान खत्म, ग्राहक परेशान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नैनी ( प्रयागराज )।** महाकुंभ मेले में अमृत स्नान करने के लिए दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को देखते हुए प्रयागराज जिले को प्रशासन द्वारा नो व्हीकल घोषित किया गया है। नो व्हीकल घोषित होने पर जिले में कोई भी गाड़ियां प्रवेश नहीं कर पा रही है। जिसकी वजह से किराने की दुकानों में खाद्य सामग्री की सप्लाई बाधित हो गई है। सप्लाई न मिलने से दुकानों पर घरेलू खाद्य सामग्री धीरे-धीरे समाप्त हो चुके हैं। घरेलू खाद्य सामग्री खरीदने के लिए ग्राहकों को दर-दर भटकना पड़ रहा है।जैसा कि मालूम हो, बीते 12 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में महाकुंभ अमृत स्नान का दौर चल रहा है। जिसको लेकर देश-विदेश के श्रद्धालुओं का आवागमन बना हुआ है। सड़कों पर काफी भीड़ भाड़ होने की वजह से प्रयागराज जिले को जिला प्रशासन द्वारा नो व्हीकल घोषित किया गया है। नो व्हीकल घोषित किए जाने से जिले के अंदर कोई भी बड़ी गाड़ियां प्रवेश नहीं कर पा रही है। जिसकी वजह से दुकानों पर खाद्य सामग्री की सप्लाई बाधित हो गई है। सप्लाई न मिलने से दुकानदारों के यहां घरेलू खाद्य सामग्री धीरे-धीरे समाप्त हो चुके हैं। दुकानों पर खाद्य सामग्री न मिलने से ग्राहकों को दर-दर भटकना पड़ रहा है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है, कि जिन दुकानदारों के यहां खाद्य सामग्री है। वह बहुत महंगे दामों पर बेच रहे हैं। गरीब तबके के लोगों के सामने बहुत बड़ी समस्या आ खड़ी है।

# मिट्टी का वर्तन हुआ पुराना फाइबर का हुआ जमाना

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लेड़ियारी (प्रयागराज )।** आधुनिक काल में शादी व्याह में पहले मिट्टी का वर्तन के वर्तन प्रचलित हुआ करता था। वहीं गांव में मुसहर के यहां छूल के पत्तल बनाए जाते थे। जिससे लोगों जिनके यहां शादी व्याह समारोह और अन्य काम परोज में उन्हें एक माह पूर्व बयाना के रूप में एडवांस पैसे दिए जाते थे। लेकिन यह सब पुरानी दिख रही है। अब तो मशीन से बनी फाइबर का जमाना हो गया है।

कैथवल गांव के राम निरंजन प्रजापति, अभिमन्यु प्रजापति ने बताया कि मेरे यहां पूर्वजों से मिट्टी के वर्तन का काम होता है। लेकिन अब, कशोला, कुल्हड़ और शादी विवाह में लगने वाली मिट्टी का मांग कम होने से परिवार का गुजारा करना मुश्किल हो गया है। चैलारी गांव के मुसहर विनोद कुमार, विटोला देवी ने बताया कि पहले गांवों में शादीयां शुरू होते ही लोग घर आते थे। और पत्तल और दोनिया के लिए पांच सौ से एक हजार रुपए तक एडवांस के रूप में दिया करते थे। जिससे जंगल में जाकर परिवार सहित छूल के पत्ते ले आकर उसे बनकर उनके घर तक पहुंचाते थे। उसके बदले में भुगतान मिलते रहे। लेकिन अब न जंगल रहा और न ही कोई आर्डर देने आते हैं। अब केवल जो बुलाए उनके यहां जाकर पत्तल उठाने के बदले में मजदूरी मिल जाता है। और दो दिन तक पूरे परिवार का खाना मिलता है। खाने के लिए पांच माह तक दिक्कत नहीं होती है। जबकि सबसे बड़ी समस्या तो दो माह के लिए रोटी की होती है। क्योंकि बरसात में कोई समारोह नहीं होने से किसी तरह से जीवन यापन करते हैं।

बहरैचा गांव निवासी कलावती देवी ने बताया कि जबसे फाइबर का प्रचलन होने से बच्चों की पढ़ाई, शादी व्याह, और इलाज के लिए दिक्कत उठानी पड़ती है। वहीं दिपावली पर्व पर दियली गर्मी में सुराही, मटका बनाकर बाजार में बेचकर अपने परिवार का खर्च चलाना करते हैं। शासन द्वारा भले ही कुम्हारों के लिए दस हजार रुपए का अनुदान और फ्री में मिट्टी देने का फरमान जारी किया गया है। लेकिन आज भी दूर - दराज से मिट्टी ले आकर काम किया जाता है। वहीं जबसे कागज और फाइबर के वर्तन होने से पूरी तरह से धंधा चौपट हो गया है।

# गुटका संस्कृति के प्रसार से बर्बाद हो रहा युवा वर्ग

**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** लेड़ियारी बाजार व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गुटका संस्कृति के बढ़ जाने से युवा वर्ग बर्बाद होता जा रहा है। बारीकी से देखें तो युवा विभिन्न कंपनियों के बने गुटका के पुड़िया चबाते - खाते पिच - पीच करते नजर आते हैं । गुटखा खाते- खाते उनका मुंह व दांत बदरंग हो गया है । लेकिन यह युवा वर्ग पुड़ियों को छोड़ने का नाम नहीं ले रही है । उनके घर में गार्जियन मना करते-करते थक हार चुके हैं । लेकिन उनके सेहत पर कोई अंकुश लग नहीं रहा है । धीरे-धीरे उनके अभिभावकों में चिंता बढ़ती जा रही है ।लेड़ियारी , रतेवरा , बड़ोखर , खीरी बाजार हो या आसपास की बाजारों में इन दिनों तेजी से चल रहा है। क्षेत्र के हजारों दुकानों में विभिन्न कंपनियों के गुटका पुड़ियों में पैक होकर लटके रहते हैं । पान की दुकान या फिर किराना की दुकानें सभी जगह पुड़िया छल्ली का छल्ली का खुले आम बिकती रहती है । आकर्षक रंगों व डिजायनों को देखकर छोटे-छोटे बच्चे व युवा वर्ग तेजी के साथ इन पुड़ियों की आकर्षित हो रहा है । युवा वर्ग जब इन पुड़ियों को सड़क पर खरीद कर खुलेआम फाड़कर मुंह से भरता है । तो पास में खड़े छोटे बच्चे भी बड़े भाव से देखते हैं । मौका पाते ही वे भी इन पुड़ियों को चुपके से खरीद कर खाने लगते हैं । लोगों का कहना है कि युवा वर्ग को गुटखा खाते देखकर छोटे बच्चों भी बर्बाद हो गये हैं । कुल मिलाकर देखे तो छोटे बच्चों का युर्वा लाबी इन पुड़ियों गिरफ्त में पूरी तरह से आ चुकी है । परिजनों के लाख समझाने - बुझाने के बाद भी गुटखा खाने से कोई परहेज नहीं कर रहा है । गुटखा खाते-खाते उनका मुंह और दांत पूरी तरह से काला पड़ता जा रहा है । इसके बाद भी नशे की लत छुटने का नाम नहीं ले रही है । उसकी हालतों को देखकर उनकी अभिभावकों की चिंता बढ़ती जा रही है । लोगों का कहना है कि जब सरकार ही गुटखा बनाने वाले कंपनियों की पूरी छूट दिए हुए हैं । इससे बच्चे व युवा वर्ग पर कैसे लगाम लगाया जा सकता है । क्षेत्रीय जनता ने प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए कहा है कि इस पर अंकुश लगाएं जाएं जिससे बर्बाद हो रहे युवा वर्ग के भविष्य को लाइन पर लाया जा सके

# मौसम गर्म होने से लहसुन की खेती चौपट



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** नहरों में पानी न आने से और टेल तक पानी नहीं पहुंचने से किसानों ने खेत में की गई सब्जी की खेती में दिक्कत आ रही है। अचानक तापमान में गिरावट और मौसम गर्म होने से लेहसुन की खेती चौपट होने के कगार पर पहुंच गई है। डीही खुर्द गांव के निवासी श्याम नारायण बिंद ने बताया कि हमारे यहां एक कुआं है। जो कि खेत की पूरी तरह से सिंचाई का कार्य होना टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। वहीं की गई सब्जी की खेती बिना पानी सूखने के कगार पर पहुंच गई है। इस वर्ष लेहसुन की तेजी और मांग के वजह से खेत में लेहसुन की खेती की है। लेकिन समय रहते पानी नहीं मिलने पर की गई खेती चौपट होने के कगार पर पहुंच गई है। कृषि विशेषज्ञ आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि गिरते तापमान को देखते हुए चाहे सब्जी की खेती हो या फिर गेहूं , चना खेत में नमी बनाए रखना जरूरी है। जिससे पौधा सूखे नहीं। इससे वह अपने समय पर तैयार हो जाएगा। जब तक खेत में नमी रहती है। तब तक वह किए गए सब्जी की खेती में दिक्कत नहीं होगी।

# कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि मनाई गई

**लोकमित्र ब्यूरो**

**फूलपुर।** बाबूगंज बाजार में भारत रत्न,महान देशभक्त,स्वतंत्रता संग्राम सेनानी,जन नेता बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि मनाई गई।कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सदस्य अशफाक अहमद ने बतौर अध्यक्ष कहा कि स्व.ठाकुर जनप्रिय नेता के साथ-साथ समाजवादी विचारधारा के प्रणेता थे।

उनकी सोच ऊंच,नीच,जाति,बिरादरी धर्म संप्रदाय से ऊपर थी।वह समाज हित के प्रत्येक कार्य में ऊपर उठकर भागीदारी करते थे।अपने कार्यकाल में उन्होंने मजदूरों,किसानों,के उन्नयन विकास हेतु तमाम जनहित के कार्यो को करते हुए।गरीबों,वंचितों,को उन्होंने न्याय



दिलाया और निरंतर देश व प्रदेश के विकास के लिए संघर्षरत रहे।उनके कार्य और विचार आज भी प्रासंगिक है।हमको आपको उनके विचार और शिक्षा से प्रेरणा लेनी चाहिए।इस अवसर पर देवराज उपाध्याय,आशुतोष शुक्ला, तहजीबुल हसन,मो.यूसुफ,मो. सैफमो. तौफीक,मो. आफताब,हरिराम यादव,रंजीत कुमार यादव मो.दानिश,मो.आदिल,जीत लाल यादव आदि लोग उपस्थित रहे

# माठा कोला हुआ पुराना अब कोल्डड्रिंक का जमाना

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** माठा कोला अब आउडेटेड आइटम हो चला है । ग्रामीण युवाओं को वह रास नहीं आ रहा है । सो शहर में अपनी पैठ बनाने के बाद कोक संस्कृति ने गांव में भी अपने पांव पसारने शुरू कर दिए हैं । बच्चे , बूढ़े और जवान सभी इसके जादू में जकड़े नजर आ रहे हैं । शक्कर और खाड़ के शरबत को पुरानियों की पसंद कहकर नजरंदाज कर दिया जा रहा है । ग्रामीण अंचलों में भी अब मेहमानबाजी का अंदाज बदल गया है । पहले किसी मेहमान के आने पर गर्मी के दिनों में उनका स्वागत गन्ने के रस या मट्ठे ( छांछ ) से किया जाता था । घर में इन चीजों का अभाव होने पर खाड़ का शर्बत पेश किया जाता था । लेकिन अब यह सब कुछ बीते दिनों की बातें हो चली है । ग्रामीण अपने अतिथियों का स्वागत अब बाजार से बिकने वाली कोल्डड्रिंक से करते हैं । नतीजा गांव की दुकानों में भी अब कोल्डड्रिंक की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है ।

कभी-कभी आलम यह होता है । की मांग के अनुरूप आपूर्ति नहीं हो पाती । इन पेय पदार्थो उत्पादन करने वाली कंपनियां भारतीय बाजारों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रकार की छोटी बड़ी बोतलों में आकर्षक ढंग से इसे प्रस्तुत कर रही है ।

प्रचार - प्रसार माध्यम ने भी इनकी मांग बढ़ने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । नतीजा बच्चों के साथ बड़े भी इनके मोहजाल में फंसते नजर आ रहे हैं । हालत यह है कि गर्मी के दिनों में उन्हें भोजन मिले या न मिले ठंडे की तलाश शिद्दत से होती है । हालांकि गांव के कई बुजुर्ग चंद्रिका प्रसाद , लल्लू राम त्रिपाठी, संतोष कुमार द्विवेदी ने बताया कि अभी भी इसे पश्चिमी सभ्यता के अंधानुकरण की देन मानते हैं । उनकी माने तो छांछ व और शिकंजी जैसे कोई भी गुण इसमें मौजूद नहीं है । चिकित्सकों की राय में भी कोल्डड्रिंक में मिलने वाली केमिकल कम्पाइंड को बदौलत उसके आत्याधिक प्रयोग से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ने की संभावना होती है ।

## आईसीएआर निदेशक ने शुआट्स बीज एवं फार्म का भ्रमण किया

**नैनी(प्रयागराज)।** आईसीएआर-राष्ट्रीय बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, मऊ के निदेशक डॉ. संजय कुमार ने शुआट्स के अधिसूचित राज्य बीज परीक्षण प्रयोगशाला एवं बीज प्रसंस्करण संयंत्र का दौरा किया। इस दौरान प्रोफेसर डॉ. बी. मेहेरा, निदेशक बीज एवं फार्म/प्रो वाइस चांसलर प्रशासन, प्रोफेसर डॉ. वैदुर्य प्रताप साही, विभागाध्यक्ष, जीपीबी, डॉ. प्रशांत कुमार राय, एसोसिएट प्रोफेसर, डॉ. बाज़ील अविनाश सिंह, सहायक प्रोफेसर सहित अधिकारी एवं पीएचडी स्कॉलर्स मौजूद रहे। डॉ. संजय कुमार ने गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन, प्रसंस्करण कार्य एवं सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में विश्वविद्यालय द्वारा की गई प्रगति की सराहना की।

# अधिवक्ता संघ के चुनाव कराने हेतु तहसील सभागार में अधिवक्ता एल्डर कमेटी की चुनावी बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**फूलपुर ।** अधिवक्ता संघ के चुनाव कराने हेतु तहसील सभागार में एल्डर कमेटी द्वारा बैठक बुलाई गई। जिसमें एल्डर कमेटी के अध्यक्ष भारत लाल सिंह एडवोकेट की उपस्थिति में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ताओं ने एक स्वर से एल्डर कमेटी को जल्द से जल्द संघ का चुनाव कराने की जिम्मेदारी दी गई। एल्डर कमेटी के अध्यक्ष भारत लाल सिंह एडवोकेट ने अभिलंब मतदाता सूची तैयार कराने तथा चुनावी घोषणा की बात कही। इस बैठक में मुख्य रूप से शंकर सिंह एडवोकेट, श्याम लाल यादव, सृष्टि नाथ तिवारी, फूल सिंह, हंस बहादुर, महेश यादव, चंद्रभान, मोहम्मद शारिब, मोहम्मद इजहार, सौरभ सिंह यादव, विजय यादव आदि तमाम अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# योगी सरकार डबल इंजन नही डबल ब्लंडर सरकार - अखिलेश

● डिप्टी सीएम केशव पर किया पलटवार
● 144 साल का गणित
● दिल्ली स्टेशन पर भी बदइंतज़ामी



**कन्नौज,(हि. स.)।** मुख्यमंत्री सोशल मीडिया पर बैठकर रील देखते रहते हैं। यह डबल इंजन की नहीं, बल्कि डबल ब्लंडर की सरकार है। न लखनऊ की सरकार कुछ देख पा रही है और न दिल्ली की। यह बात आज सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने समधन कस्बे में मीडिया से कहीं। अखिलेश यादव मंगलवार को दिवंगत पूर्व चेयरमैन हाजी हसन सिद्दीकी के आवास समधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने गए थे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। इसके बाद अखिलेश यादव कन्नौज पहुंचे। जहां सपा नेता आकाश शाक्य के आवास पर आयोजित पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल हुए।अखिलेश ने कानपुर में पान मसाला कारोबारी पर पड़े छापे का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि जब नागरिक हथकड़ियों में जकड़े जाएंगे, तो बाजार और व्यापार में क्या ताकत रह जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत सरकार बाजार दूसरों को दे रही है और कारोबार बढ़ाने में रुचि नहीं ले रही है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में व्यवस्था खराब है । जो सरकार 100 करोड़ श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था की बात कर रही थी ,वह कोई व्यवस्था नहीं कर पा रही है । जो अव्यवस्था हो गई है, उसे हम समझा रहे हैं। बता रहे हैं कि नाकामी सरकार की है। हम उन्हें सूचना दे रहे हैं। हम लोग पॉजिटिव पॉलिटिक्स कर रहे हैं और अगर जानकारी को भी वह बुराई समझ रहे हैं तो उनके लिए मेरे पास कोई इलाज नहीं है।डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या द्वारा दिए गए बयान में कहा गया कि 2047 तक मुलायम सिंह की विरासत का कोई भी मुख्यमंत्री नहीं बन सकता, जिस पर अखिलेश यादव ने पलटवार करते हुए कहा कि मैंने लोकसभा में प्रधानमंत्री को भी सुना था। उन्होंने यह कहा कि 2047 तक हम ही रहेंगे, और जो महाकुंभ में इंटरव्यू दिया जा रहा था, कुछ साधु संतों ने कहा था कि प्रधानमंत्री कौन होगा। जिस कुंभ की तैयारी भव्य स्तर पर होनी चाहिए थी, उसका नाम तो %महाकुंभ% रख दिया गया, लेकिन इंतजाम महा प्रचार के लिए किए गए। सरकार ने दावा किया कि 100 करोड़ श्रद्धालु भी आएं तो उनके लिए व्यवस्थाएं पूरी रहेंगी लेकिन व्यवस्थाओं की बजाय इवेंट मैनेजमेंट कंपनियों और सोशल मीडिया पर प्रचार को तवज्जो दी गई। बड़े-बड़े चेहरे बुलाए गए। इंस्टाग्राम रील्स बनीं, लेकिन आम श्रद्धालुओं की परेशानी और अव्यवस्थाओं की गूंज अब सुनाई देने लगी है।

प्रयागराज की धरती पर कुंभ का आयोजन सम्राट हर्षवर्धन के समय से होता आ रहा है लेकिन भाजपा इसे %पहली बार% का आयोजन बताकर नया इतिहास लिखने में जुटी है। सरकार के 144 साल में एक बार होने वाले कुंभ के दावे पर सवाल उठ रहे हैं। ज्योतिष और खगोल विज्ञान की मानें तो 12 साल में एक बार कुंभ होता है, फिर ये 144 साल का आंकड़ा कहां से आया।अब तक करोड़ों लोग संगम में स्नान कर चुके हैं, लेकिन बुजुर्ग और दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालु अब भी इंतजार में हैं।

सरकार को चाहिए कि आयोजन की अवधि बढ़ाए, लेकिन सरकार अभी तक यात्रियों की वास्तविक संख्या छिपाने में लगी है। उन्होंने कहा कि भीड़ नियंत्रण में नाकाम सरकार की भगदड़ से कई लोगों की जान गई। लेकिन सरकार सिर्फ डुबकी लगाने वालों की मौतें गिन रही है, भगदड़ में जान गंवाने वालों की सही गिनती अब तक नहीं आई। कई लोग लापता हैं, लेकिन उनके परिवार जब जानकारी के लिए थानों में जाते हैं, तो उन्हें वहां से भगा दिया जाता है।दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ पर अखिलेश यादव ने कहा कि मैंने पहले भी कहा है कि यह दुखद घटना है। यह इंतजाम सरकार को देखना चाहिए था और दिल्ली जैसी राजधानी में नाकामी होना जो लोग यह कहते हैं कि भारत को तीसरी अर्थव्यवस्था बनाएंगे । हम और विश्व गुरु बनेंगे, क्या यही परिभाषा है कि आप प्लेटफार्म पर गरीब लोगों को सुरक्षित नहीं रख सकते। उनका एक्सीडेंट हो जाए, जान चली जाए, जिन लोगों की जान गई है चाहे वह महाकुंभ की भगदड़ में जान गई हो या अन्य किसी कारण से जान गई हो, जो लोग रास्ते में अपने परिवार के सदस्यों की जान गई है या रेलवे के एक्सीडेंट में गई है, दोनों सरकारों को मिलकर के मुआवजा देने की बात कही गई है । वह उन्हें मुआवजा देना चाहिए और उनकी मदद करनी चाहिए। मैं मांग करता हूं कि उनके परिवारों को 50-50 लाख रुपये की मदद सरकार को करनी चाहिए। मुआवजा देना चाहिए।

## सवर्ण आर्मी के निर्दोष कार्यकर्ताओं पर दर्ज सभी मुकदमे वापस लिए जाएं- प्रवीण तिवारी



**जौनपुर,(हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में एक नाबालिग लड़की की बरामदगी के लिए शांतिपूर्ण धरना देने वाले सवर्ण आर्मी के कार्यकर्ताओं के खिलाफ पुलिस द्वारा दर्ज किए गए फर्जी मुकदमों के विरोध में सोमवार को सवर्ण आर्मी के जिलाध्यक्ष प्रवीण तिवारी व प्रधान संघ के अध्यक्ष सुधीर सिंह के नेतृव में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र को ज्ञापन सौंपा।इस मौके पर सुधीर सिंह विद्रोही ने बताया कि मामला महेशगंज क्षेत्र का है, जहां एक 14 वर्षीय लड़की पिछले तीन महीने से लापता थी। पीड़ित परिवार ने कई बार पुलिस और प्रशासन से गुहार लगाई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद सवर्ण आर्मी के सह-समन्वयक ठाकुर शिवम् सिंह के नेतृत्व में लड़की की बरामदगी के प्रयास किए गए।प्रतापगढ़ के पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार से मिलने और थाने में कई बार आवेदन देने के बावजूद जब कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो सवर्ण आर्मी के कार्यकर्ताओं ने महेशगंज थाने के बाहर शांतिपूर्ण धरना दिया। इस दबाव के बाद तीन महीने में लड़की को बरामद कर लिया गया।हालांकि, महेशगंज थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वाले 27 कार्यकर्ताओं पर बीएनएस की धारा 109 सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया। ज्ञापन में मांग की गई है कि प्रतापगढ़ के प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ निष्पक्ष जांच की जाए और निर्दोष कार्यकर्ताओं पर दर्ज सभी मुकदमे वापस लिए जाएं। इस मौके पर तमाम प्रधान व स्वर्ण आर्मी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रयागराज महाकुंभ से श्रद्धालुओं के अनवरत पलट प्रवाह से वाराणसी में भीड़

▶▶ शहर के प्रवेश मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें, शहरी क्षेत्र में भी भीषण जाम
▶▶ श्री काशी विश्वनाथ मंदिर परिक्षेत्र में भीड़ प्रबंधन में जुटे अफसर, ड्रोन कैमरे से निगरानी



**वाराणसी, (हि.स.)।** प्रयागराज महाकुंभ से लाखों श्रद्धालुओं के काशी में अनवरत पलट प्रवाह (आने) से पूरा शहर और सीमा क्षेत्र भीषण जाम से जूझ रहा है। शहर में प्रवेश करने वाले चारों दिशाओं से आने वाले मार्ग पर जहां वाहनों की लम्बी कतारें लगी हुई हैं। वहीं, शहर में खास कर मध्य इलाके और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग, गंगा तट पर भी पैर रखने की जगह नहीं बची है। भारी भीड़ के दबाब से लोगों को पैदल चलना भी कठिन हो गया है। सोमवार को भी पूरे शहर में यही नजारा रहा।शहर में रहने वाले लोगों को अपने कार्यस्थल पर पहुंचना कठिन हो गया है। भीड़ के चलते शहर में कई स्थानों पर गंभीर मरीजों को लेकर अस्पताल जा रहे एंबुलेंस भी जाम में फंसी दिखी। शहर में लगातार बढ़ती भीड़ को देख कक्षा आठ तक के सभी माध्यमों के विद्यालयों को 22 फरवरी तक के लिए बंद कर दिया गया है। पहले से ही बंद चल रहे विद्यालयों में इस दौरान ऑनलाइन पढ़ाई के निर्देश दिए गए है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार पाठक ने बताया कि जिलाधिकारी ने नगर क्षेत्र के कक्षा 1 से 8 तक के सभी विद्यालयों को 22 फरवरी तक बंद करने और केवल ऑनलाइन क्लास चलाने के आदेश दिए हैं। परिषदीय स्कूलों के साथ ही सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त, सीबीएसई बोर्ड, आईसीएसई बोर्ड के स्कूलों पर भी आदेश लागू होगा।उधर, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन परिसर में भगदड़ को देख जिला प्रशासन ने वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन, बनारस रेलवे स्टेशन के साथ गंगाघाट और काशी विश्वनाथ मंदिर परिक्षेत्र में भीड़ प्रबंधन में पूरी ताकत झोंक दी है। गंगा घाटों के साथ गोदौलिया, दशाश्वमेध आदि इलाकों में भीड़ की ड्रोन कैमरों से निगरानी हो रही है। गंगाघाट से लेकर गोदौलिया, बांसफाटक, चौक, बुलानाला, मैदागिन में अफसर फोर्स के साथ भीड़ को कतारबद्ध कराने के साथ उनसे संवाद कर सुगम यातायात के लिए लगातार जूझ रहे हैं। वाराणसी कैंट और बनारस रेलवे स्टेशन में तीन गुना भीड़ बढ़ने के कारण वहां अतिरिक्त चौकसी बरती जा रही है।स्टेशनों पर भीड़ प्रबंधन के लिए रेलवे पुलिस के साथ रेलवे प्रशासन भी लगा हुआ है। इसके बावजूद प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों में चढ़ने के लिए श्रद्धालुओं में धक्कामुक्की मची हुई है। रेलवे स्टेशन से लेकर बाहर सर्कुलेटिंग एरिया में चहुंओर श्रद्धालुओं की भीड़ है। इसके चलते कैंट, इंगलिशिया लाइन से मैदागिन तक लोगों को जाम से जूझना पड़ रहा है।

## योगी सरकार ने खर्च किया 11 अंकों में, कमाई होगी 13 अंकों में

● सीएम योगी का अनुमान 3 लाख करोड़ का लाभ मिलेगा

लोकमित्र ब्यूरो




**महाकुम्भ नगर।** विश्व के सबसे बड़े समागम महाकुम्भ को दिव्य–भव्य और नव्य बनाने के लिये उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने 11 अंकों में धन खर्च किया। अनुमान है कि प्रदेश सरकार को मेले से 13 अंकों में कमाई होगी। यानी महाकुम्भ प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बूस्टर साबित होगा। इस महाकुम्भ से न केवल स्थानीय लोगों को रोजगार मिल रहा है, बल्कि होटल, ट्रैवल और अन्य सेक्टर में भी तेजी आई है। बता दें, 13 जनवरी से शुरू हुए 45 दिन के मेले के समापन में अभी 09 दिन शेष हैं।खर्चा 11 अंक, कमाई 13 अंकों में = उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने कुम्भ में आने वाले साधु–संतों और श्रद्धालुओं की सुविधा और प्रयागराज के विकास के लिये 7 हजार करोड़ का खर्चा किया। अंकों के आधार पर बात की जाए तो 7 की पीछे 10 शून्य लगाने पर 7 हजार करोड़ (70000000000) बनता है, यानी कुल 11 अंक। बात कमाई की जाए तो अर्थशास्त्रियों के अनुसार, कुम्भ मेले से 2 लाख करोड़ की कमाई होगी। 2 लाख करोड़ को अंकों में लिखते समय 2 के पीछे 12 शून्य (2000000000000) लगते हैं। जिस तरह मेले के अंतिम दिनों में भी बड़ी संख्या मेले में आ रहे हैं, उस हिसाब से कमाई का आंकड़ा बढ़ने का अनुमान लगाया जा रहा है।यूपी सरकार की भरेगी झोली = महाकुम्भ मेले की शुरूआत से पहले दो लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के कारोबार की उम्मीद जताई जा रही थी। उत्तर प्रदेश सरकार को उम्मीद थी कि इस आयोजन में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों को मिलाकर करीब 40 करोड़ पर्यटक आएंगे। अभी मेले में 09 दिन का समय शेष है, और आंकड़ा 53 करोड़ को पार कर चुका है। उम्मीद है कि श्रद्धालुओं का आंकड़ा 60 करोड़ पहुंच जाएगा। श्रद्धालुओं की संख्या के हिसाब से कमाई बढ़ना भी तय है। महाकुम्भ में हुई कमाई से से प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था को बूस्ट मिल सकता है।सीएम योगी बोले 3 लाख करोड़ का लाभ = उत्तर प्रदेश में आयोजित महाकुम्भ में योगी सरकार ने कई करोड़ रुपये खर्च कर दिए हैं। विपक्ष सरकार पर महाकुम्भ के आयोजन को लेकर लगातार सवाल उठा रहा है। विपक्ष का आरोप है कि सरकार महाकुम्भ की ब्रांडिंग कर रही है। इस बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा दावा किया है। 14 फरवरी को लखनऊ फ्लाई ओवर लोकार्पण कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, %प्रयागराज महाकुम्भ में 1 माह में 50 करोड़ श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। महाकुम्भ से 50 करोड़ श्रद्धालु एक भारत श्रेष्ठ भारत का संदेश लेकर गए हैं। 50-55 करोड़ श्रद्धालुओं के आने से यूपी की अर्थव्यवस्था में 3 लाख करोड़ का लाभ मिलेगा। महाकुम्भ के नाम पर दिए गए बजट से सिर्फ महाकुम्भ में नहीं प्रयागराज के सुन्दरीकरण भी हुआ। 15 हजार करोड़ के खर्च से 3 लाख करोड़ का लाभ हुआ।इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आइआइए) के राष्टीय महामंत्री आलोक अग्रवाल ने बताया, महाकुम्भ से एविशन, लॉजिस्टिक और होटल इंडस्ट्री को मजबूती मिली है। रिटेल और अन्य सेक्टर भी अच्छी कमाई कर रहे हैं। उन्होंने कहाकि, मुख्यमंत्री योगी के दिशानिर्देश में महाकुम्भ के आयोजन ने विश्व पटल पर भारत की छवि को सशक्त किया है। श्रद्धालुओं की संख्या की तरह महाकुम्भ कमाई के मामले में भी नये कीर्तिमान बनाएगा। इससे देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।महाकुंभ में होने वाली प्रमुख वस्तुओं की संभावित खपत वस्तु - रकम रोजमर्रा की वस्तुएं - 2,500 करोड़ पूजा सामग्री - 300 करोड़ फूलों की खरीदारी - 150 करोड़ ग्रॉसरी - 600 करोड़ सब्जियां - 300 करोड़ खाद्य तेल - 200 करोड़ हाउस होल्ड गुड्स - 100 करोड़ दूध व दुग्ध उत्पाद - 800 करोड़ हीटर, ब्लोअर - 10 करोड़ जलाने वाली लकड़ी - 10 करोड़ गंगाजल के लिए जेरीकेन - 15 करोड़ हॉस्पिटैलिटी - 500 करोड़ किराये पर कार - 50 करोड़

## श्रद्धालुओं की सुरक्षा में मजबूत प्रहरी बने सीआरपीएफ के जवान



लोकमित्र ब्यूरो

**महाकुम्भ नगर।।** महाकुम्भ 2025 की भव्यता के बीच केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सेवा के लिए पूरी तत्परता से तैनात है। उनकी सेवा भावना और राष्ट्रप्रेम का अद्वितीय उदाहरण महाकुम्भ में देखने को मिल रहा है।सीआरपीएफ के जवान 24 घंटे घाटों, मेला परिसर और प्रमुख मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहे हैं। आधुनिक तकनीक और सतर्क निगाहों से किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी की गई है।श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच सीआरपीएफ के जवान मार्गदर्शन और सहायता प्रदान कर रहे हैं। उनका सौम्य व्यवहार और तत्परता श्रद्धालुओं को सहज अनुभव प्रदान कर रही है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सीआरपीएफ की आपदा प्रबंधन टीम पूरी मुस्तैदी से तैनात है। कुम्भ मेले में गुमशुदा बच्चों और बुजुर्गों को उनके परिजनों से मिलाने में भी सीआरपीएफ महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।सीआरपीएफ से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि सीआरपीएफ का हर जवान महाकुम्भ में %राष्ट्र प्रथम% की भावना के साथ अपनी ड्यूटी निभा रहा है। उनकी सेवा और समर्पण का यह जज़्बा महाकुम्भ की आध्यात्मिकता को और भी पवित्र बना रहा है। महाकुम्भ 2025 में सीआरपीएफ की यह अटूट सेवा और समर्पण न सिर्फ सुरक्षा का विश्वास जगा रहा है, बल्कि पूरे देश के लिए एक प्रेरणा भी है।

## महाकुम्भ में लगी भारतीय रेलवे की प्रदर्शनी, विरासत व विकास का प्रतिमान

● विश्व का सबसे ऊंचाई पर बना चेनाब रेल ब्रिज माडल है रेल प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण
● भारतीय रेलवे की आधुनिकतम ट्रेनों अमृत भारत और नमो भारत का किया डिस्प्ले




लोकमित्र ब्यूरो

**महाकुम्भ नगर।** प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ डबल इंजन सरकार के विरासत और विकास के प्रतिमान का एक सफल उदाहरण बनता जा रहा है। भारतीय रेलवे भी इसी क्रम में महाकुम्भ में जहां एक ओर सफल भीड़ प्रबंधन और रिकार्ड मेला स्पेशल ट्रेनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को उनके गंतव्य तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। वहीं दूसरी ओर मेला क्षेत्र में लगी रेलवे की प्रदर्शनी भारतीय रेलवे में विरासत और विकास के प्रतिमानों को प्रदर्शित कर रही है।महाकुम्भ में लगी रेलवे की प्रदर्शनी में चिनाब और पंबन ब्रिज के माडल प्रदर्शित किये गये हैं तो वहीं रेलवे की आधुनिकतम् तकनीकि से युक्त नमो भारत, अमृत भारत और वंदे भारत की स्लीपर ट्रेन के बारे में आमजन को बताया जा रहा है। इसके साथ ही भारतीय रेलवे के देश के युद्ध और महत्वपूर्ण अवसरों पर किये गये योगदान को प्रदर्शित किया गया है।भारतीय रेलवे न केवल देश के यातायात की लाइफ लाइन है बल्कि देश की सांस्कृतिक विविधता को एक सूत्र में बांधने का कार्य करती है। भारतीय रेलवे देश को कश्मीर से कन्याकुमारी व गुजरात से अरूणांचल तक जोड़ने का कार्य करती है। यहीं नहीं डबल इंजन सरकार के विरासत और विकास के ध्येय की सबसे बड़ी वाहक भारतीय रेलवे है। जिसका प्रदर्शन महाकुम्भ में लगी रेलवे की प्रदर्शनी में किया गया है। महाकुम्भ मेला क्षेत्र के सेक्टर-1 में लगी रेलवे की प्रदर्शनी में देश की आधुनिकतम तकनीक से बने चेनाब और पंबन ब्रिज के माडल का प्रदर्शन किया गया है। जम्मू कश्मीर में बना चेनाब ब्रिज दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज है। चेनाब नदी पर बने रेल ब्रिज की ऊचांई नदी तल से 359 मीटर है जो फ्रांस के एफिल टॉवर से भी 35 मीटर अधिक है। तो वहीं दूसरी ओर रामेश्वरम को जोड़ने वाला पंबन ब्रिज, पूर्णतः स्वचालित वर्टिकल लिफ्ट स्पैन देश का ऐसा पहला समुद्री रेल पुल है। इसको भी प्रदर्शनी में शामिल किया गया है।भारतीय रेलवे की प्रदर्शनी में मोदी सरकार की ओर से देश की दी जा रही आधुनिकतम तकनीक युक्त ट्रेनें अमृत भारत, नमो भारत और वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों की जानकारी दी जा रही है। अमृत भारत ट्रेन जहां सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन है तो वहीं नमो भारत देश की पहली ईएमयू ट्रेन है जो केवल 40 मिनट में मेरठ से अशोक नगर की दूरी तय करेगी। इसके साथ ही रेलवे प्रदर्शनी में 1965, 1971 ओर कारगिल युद्ध के दौरान रेलवे की सेवाओं के बारे में बताया गया है। साथ ही डबल इंजन सरकार के सनातन आस्था के तीर्थस्थलों तक श्रद्धालुओं की पहुंच को सुलभ बनाने वाली ट्रेनों के बारे में बताया गया है।भारतीय रेलवे ने महाकुम्भ क्षेत्र में तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए अस्थाई टिकट घरों के साथ इलेक्ट्रानिक डिस्प्ले बोर्ड के साथ पूछताछ कक्ष और बहुभाषी अनाउसमेंट की भी व्यवस्था की है। इसको भी प्रदर्शनी में जगह मिली है।

## महाकुम्भ में श्रद्धालुओं को सुगम यातायात उपलब्ध कराएं : डीजीपी




**प्रयागराज, (हि.स.)।** डीजीपी प्रशांत कुमार ने पुलिस अफसरों को निर्देश दिए हैं कि वह महाकुम्भ परिसर में वाहनों को धीरे-धीरे आगे बढ़ाते रहें। किसी भी सूरत में लोगों पर दवाब नहीं बनाएं। श्रद्धालुओं को सुगम यातायात उपलब्ध कराने का हर संभव प्रयास जारी रखें। उन्होंने हिदायत भी दी कि यातायात को लेकर लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं जाएगी।बीते कुछ दिनों से महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पहुंच रही है। इसके चलते यातायात व्यवस्था एक तरह से चरमराकर रह गई है। सोमवार को डीजीपी प्रशांत कुमार ने लखनऊ से ही महाकुम्भ की यातायात व्यवस्था देख रहे पुलिस अधिकारियों से बात की। उन्होंने पहले तो एक-एक बिंदु पर जानकारी ली। उन्हें बताया गया कि प्रयागराज आने वाले सभी मार्गो की स्थिति सामान्य है। मीरजापुर मार्ग, रीवा रोड, सहंसो-जौनपुर, लखनऊ मार्ग, वाराणसी मार्ग और कौशाम्बी मार्ग की हालत संतोषजनक बताई गई। लेकिन सबसे अधिक यातायात का दबाव प्रयागराज में प्रवेश करने वाले लेप्रोसी और फाफामऊ तिराहे पर बना हुआ है।

## पाकिस्तानी नागरिक अली तौकीर शेख के खिलाफ असम सीआईडी ने दर्ज किया केस



**गुवाहाटी, (हि.स.)।** असम कैबिनेट के एक निर्णय के तहत सोमवार को असम पुलिस की सीआईडी ने पाकिस्तानी नागरिक अली तौकीर शेख एवं अज्ञात अन्य के विरुद्ध केस दर्ज किया है। मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विस्ब सरमा ने कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई और उनकी पत्नी से जांच प्रक्रिया में सहयोग करने की अपील की है।दरअसल, जोरहाट के सांसद एवं लोकसभा में प्रतिपक्ष के उप नेता गौरव गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ कोल्बर्न गोगोई का पाकिस्तान से संबंध होने के आरोपों के बाद राज्य की राजनीति में भूचाल आ गया। गौरव गोगोई संबंधी इस विवाद पर रविवार को असम कैबिनेट ने पाकिस्तानी नागरिक नेता अली तौकीर शेख के खिलाफ मामला दर्ज करने के महत्वपूर्ण निर्णय को मंजूरी दी थी। इसके बाद असम पुलिस की सीआईडी ने पाकिस्तानी नागरिक अली तौकीर शेख एवं अज्ञात अन्य के विरुद्ध केस दर्ज किया है।पुलिस मुख्यालय ने बताया है कि पाकिस्तानी नागरिक नेता अली तौकीर शेख के खिलाफ सीआईडी पीएस में यू/एस 48/152/61/197(1) बीएनएस, 2023 आरडब्ल्यू धारा 13(1) यूए(पी) अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।सांसद गौरव गोगोई की पत्नी और ब्रिटिश नागरिक एलिजाबेथ गोगोई ने एनजीओ लीड पाकिस्तान के संस्थापक अली तौकीर शेख के अधीन काम किया।

## सोसाइटी के अध्यक्ष की माफी के बाद पुराने रूट से निकली प्रेमानंद महाराज की पदयात्रा

● वृंदावन नगर एनआरआई ग्रीन कालोनी के लोगों ने बीते दिनों कर दिया था पदयात्रा का विरोध



**मथुरा, (हि.स.)।** वृंदावन नगर एनआरआई ग्रीन समिति के अध्यक्ष आशु शर्मा ने सोसाइटी की ओर से प्रेमानंद महाराज से माफी मांग ली है। उन्होंने दोबारा से पदयात्रा निकालने का निवेदन भी महाराज से किया था, जिसे स्वीकार कर लिया गया। सोमवार की रात प्रेमानंद महाराज पदयात्रा में शामिल हुए और पुराने रूट से निकले, लेकिन उसमें कुछ बदलाब रहे।सोमवार की सुबह प्रेमानंद महाराज अपने पुराने मार्ग से होकर तो आए, लेकिन उसमें कुछ बदलाव दिखाई दिए। प्रेमानंद महाराज पहले आश्रम के लिए अपने निज निवास से पैदल निकलते थे। साथ ही पदयात्रा करते हुए भक्तों को दर्शन देते हुए अपने आश्रम राधा केली कुंज तक जाते थे। सोमवार की सुबह प्रेमानंद महाराज सुबह चार बजे निजी निवास से कार में बैठकर निकले और बाद में अपने पुराने मार्ग पर चल दिए।

लेकिन उन्होंने पदयात्रा अपने निज निवास से शुरू नहीं की। उन्होंने सोमवार को अपनी पदयात्रा आनंद कृष्ण वन होटल से शुरू की। प्रेमानंद महाराज की पदयात्रा से पुराने रूट से शुरू होने से भक्त काफी खुश नजर आ रहे हैं।गौरतलब है कि बीते दिनों पदयात्रा का विरोध करने के बाद प्रेमानंद महाराज ने अपनी यात्रा में परिवर्तन किया था। लेकिन रविवार को एक वीडियो सामने आया, जिसमें एनआरआई ग्रीन समिति के अध्यक्ष आशु शर्मा स्वामी प्रेमानंद महाराज से मुलाकात कर सोसाईटी की ओर से माफी मांगते दिखाई दे रहे थे। साथ ही दोबारा से उसी रूट से पदयात्रा शुरू करने के अनुरोध किया था। इसके बाद सोमवार को प्रेमानंद महाराज ने अपने पुराने मार्ग पर पदयात्रा की, लेकिन उसमें कुछ बदलाव रहे।

# विधानसभा के मुख्य द्वार का सीएम योगी ने किया उद्घाटन



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र से पहले सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानभवन के मुख्य द्वार का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधानसभा परिसर में विभिन्न भित्तिचित्रों का अनावरण भी किया गया। विधानसभा को हाईटेक और अधिक कलात्मक बनाने के क्रम में इस कार्य को पूरा किया गया है। बता दें कि नव निर्मित भित्तिचित्रों में भारत की ऐतिहासिक घटनाओं और राजनीतिक व्यवस्था को उकेरा गया है। इनमें गीता के विभिन्न प्रसंग भी दर्शाए गए हैं, जिससे विधानसभा भवन अब और भी अधिक भव्य और आकर्षक दिखने लगा है। पहले लकड़ी का गेट हुआ करता था, जिसे अब अत्याधुनिक और नक्काशीदार स्टील के मजबूत गेट से बदल दिया गया है। विधानसभा के सौंदर्यीकरण और आधुनिकीकरण के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। विधानसभा को तकनीकी रूप से उन्नत करने के साथ-साथ ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, नेता सदन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, नेता विपक्ष माता प्रसाद पांडेय और कांग्रेस नेता अराधना मिश्रा श्मोनाश् उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद सर्वदलीय बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष के प्रमुख नेता शामिल हुए।

# विधानसभा अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक

## विधानसभा के बजट सत्र को लेकर हुई चर्चा, स्पीकर ने मांगा सहयोग

- सदन में उचित मुद्दों पर बहस करे विपक्षः महाना
- विपक्ष जनहित के मुद्दों को सदन में रखेः योगी



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानभवन में आज विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक हुई,जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हिस्सा लिया। नेता सदन ने विपक्षी दलों से सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने का अनुरोध किया।

बैठक विधान भवन समिति कक्ष संख्या-8 में हुई। विधानसभा का बजट सत्र 18 फरवरी मंगलवार से प्रारंभ होगा। इससे पहले हुई सर्वदलीय बैठक में मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों के नेताओं से कहा कि जनहित के मुद्दों को सदन में रखें। स्वस्थ चर्चा करके प्रदेश में विकास को और गति प्रदान करने में सरकार का सहयोग करें। नेता सदन योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में जनता के हित से जुड़े हर मुद्दों पर सदन में सुचारू रूप से चर्चा होनी चाहिए।

सीएम ने कहा कि सदन के संचालन में किसी प्रकार की बाधाएं न आएं, इसका ध्यान सभी सदस्यों को रखना चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने भी सदन के सुचारू संचालन के लिए सभी सदस्यों का सहयोग मांगा।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि यह मेरी जिम्मेदारी है कि सदन की कार्यवाही सुचारु रूप से चले।उन्होंने कहा कि मेरा हमेशा से यह प्रयास रहता है कि विपक्ष या फिर सत्ता पक्ष दोनों के लिए निष्पक्ष रहूं। हर नियम कहता है कि आप बहस करें, लेकिन शब्दों का चयन उचित होना चाहिए।उन्होंने विपक्ष को कहा कि उचित नियमों के तहत मुद्दों पर सदन में चर्चा करें।बैठक में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के विधायक बेदी राम, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी से विनोद सरोज आदि मौजूद रहे।

# परीक्षा में 27,32,216 हाईस्कूल एवं 27,05,017 इण्टरमीडिएट कुल 54,37,233 परीक्षार्थी करेंगे प्रतिभाग



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 द्वारा प्रस्तावित बोर्ड परीक्षा-2025 की तैयारियों की समीक्षा की और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के समस्त मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि यूपी बोर्ड-2025 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं दिनांक 24 फरवरी, 2025 से 12 मार्च, 2025 तक प्रस्तावित हैं। यह परीक्षा कुल 8140 परीक्षा केन्द्रों पर होगी, जिनमें 576 राजकीय, 3446 सहायता प्राप्त व 4118 स्ववित्तपोषित विद्यालय हैं। परीक्षा में 27,32,216 हाईस्कूल एवं 27,05,017 इण्टरमीडिएट कुल 54,37,233 परीक्षार्थी प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बोर्ड परीक्षाओं को शांतिपूर्ण व पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के सख्त निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं में नकल की कोई गुंजाइश नहीं रहनी चाहिये। परीक्षा के पूर्व परीक्षा केन्दों का शत-प्रतिशत निरीक्षण कराकर यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि सभी केन्द्रों पर आधारभूत सुविधायें उपलब्ध हैं।

उन्होंने कहा कि 17 जनपदों-आगरा, मथुरा, बागपत, अलीगढ़, मैनपुरी, एटा, हरदोई, आजमगढ़, बलिया, मऊ, प्रयागराज, कौशांबी, चंदौली, जौनपुर, गाज़ीपुर, देवरिया व गोंडा को अति संवेदनशील घोषित किया गया है। इन जनपदों में विशेष तौर पर सतर्कता बरती जाये। एसटीएफ और एलआईयू के द्वारा इन केन्द्रों की विशेष निगरानी रखी जाये।

# जनता की समस्याओं का निराकरण सरकार की प्राथमिकताः केशव

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कैम्प कार्यालय 7- कालिदास मार्ग पर जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय। समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय और समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये। जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण किया जाए।

लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उत्पीड़न ,भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत होय, कठोर कार्यवाही की जाय। जन समस्याओं का निराकरण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु अफसरों को निर्देश दिए। अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें।उन्होंने महिलाओं, दिव्यांग जनो, बुजुर्गों आदि की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विभिन्न जनपदों से आये कई सैकड़ा लोगों ने अपनी समस्यायें उप मुख्यमंत्री से मिलकर बतायीं। जनता दर्शन में भूमि विवाद ,दुर्घटनाओं से संबंधित ,अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, भूमि पर कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने,सड़क बनवाने विद्युत अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, उत्पीड़न आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी।

# राज्य मत्स्य विकास बोर्ड के गठन पर विचार किया जायेगाः मंत्री संजय निषाद

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मत्स्य विकास मंत्री डॉ0संजय कुमार निषाद की अध्यक्षता में आज यहां एनेक्सी सचिवालय में प्रदेश को वन ट्रिलियन डालर इकोनामी बनाने के लिये मत्स्य विकास विभाग के योगदान के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मा0 मुख्यमंत्री जी के सलाहकार अवनीश अवस्थी एवं के0वी0 राजू उपस्थित रहें। बैठक में महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श कर मंत्री जी द्वारा आवश्यक निर्देश दिए गए।

मत्स्य मंत्री ने कहा कि राज्य में मत्स्य विकास को गति प्रदान करने के लिये एक राज्य मत्स्य विकास बोर्ड के गठन पर विचार किया जायेगा। मत्स्य पालकों को भी कृषि का दर्ज प्राप्त होने के बाद कृषि की दरों पर विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराये जाने हेतु कार्ययोजना तैयार की जाये। प्रदेश में वाटर बाडीज के आँकड़े रिमोट सेंसिंग की तकनीक से सेंट्रल इन्लैंड फिशरीज



रिसर्च इन्स्टीट्यूट कलकत्ता एवं यू0पी0 डास्प के माध्यम से एकत्र किये जायेगे।अनुपयुक्त वाटर बाडीज को पुनर्विकसित करते हुए मत्स्य उत्पादन एवं मत्स्य उत्पादकता को बढ़ाया जाये। मत्स्य पालको को प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अर्न्तगत सोलर पम्प दिलाये जाने हेतु कार्ययोजना तैयार की जाये।विभाग में जितने भी पद रिक्त है, उन्हें समयबद्ध ढ़ंग से प्राथमिकता पर भरा जाये। बैठक में डेलायट के प्रतिनिधि विकास गुलिया द्वारा मत्स्य विकास से संबंधित प्रस्तुतीकरण दिया गया, जिसमें बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में मत्स्य उत्पादन में प्रदेश में 26 प्रतिशत की रिकार्ड ग्रोथ दर्ज की गयी। वर्ष 2020-21 में प्रदेश में जहाँ केवल 11 हजार करोड़ रूपये का मत्स्य उत्पादन होता था।

# बीएसपी को नई लीडरशिप में लांच करने की तैयारी में मायावती

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अपनी खोई हुई जमीन वापस पाने के लिए संघर्ष कर रही बसपा प्रमुख मायावती एक बार फिर एक्टिव हो चुकी हैं उससे यह लगने लगा है कि वह बहुजन समाज पार्टी को एक बार फिर नये सिरे से नई लीडरशिप में लांच करने की तैयारी में हैं। इसमें ईशान आनंद का नाम एक बार फिर चर्चा में आ गया है। बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में बसपा की करारी हार के बाद मायावती को इस बात का अहसास हो चला है कि तेज तर्रार लीडरशिप के बगैर वह उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी का सामना नहीं कर पाएंगी।

शायद इसीलिए उन्होंने अपने छोटे भतीजे इशान आनंद को इंट्रोड्यूस किया है। साल 2025 की शुरुआत से ही इस बात के संकेत मिलने लगे थे कि मायावती के मन में बहुजन मिशन को लेकर कोई नई खिचड़ी पकने लगी है जब उन्होंने अपने दूसरे भतीजे ईशान को बसपा के राजनैतिक क्षितिज पर उतारा। बहुजन समाज पार्टी का राजनैतिक ग्राफ जिस तेजी से सिकुड़ रहा है उसने इस बात को और मजबूती प्रदान की। गौरतलब है कि ईशान आनंद मायावती के भाई आनंद कुमार के छोटे बेटे हैं। उन्होंने लंदन की यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टमिंस्टर से कानून की पढ़ाई की है। 26 साल के ईशान पहली बार बीएसपी की मीटिंग में जनवरी में दिखे थे। मायावती ने खुद उनका परिचय कराया था और कहा था कि ये ईशान हैं, दिल्ली से पढ़ाई करके लौटे हैं।

मायावती ने यह भी कहा था कि फिलहाल, वह अपने पिता के कारोबार में हाथ बंटा रहे हैं। हालांकि, जिस तरह से मायावती ने उनका परिचय कराया था, उससे ऐसा माना जा रहा था कि आने वाले समय में वह ईशान को सियासत में लॉन्च कर सकती हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव में बसपा की हार के बाद, मायावती ने 5 दिन पहले अपने समधी डॉ. अशोक सिद्धार्थ और पार्टी के एक और नेता नितिन सिंह को पार्टी से निष्कासित कर दिया था। यह कार्रवाई पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण की गई थी। अब आकाश आनंद पर भी सख्ती की संभावना जताई जा रही है, क्योंकि दिल्ली चुनाव की जिम्मेदारी भी उन्हीं के हाथों में थी और पार्टी का प्रदर्शन बेहद खराब रहा था।

# कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री, उप-मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। आदित्यनाथ ने 'एक्स' पर लिखा, ''बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, सामाजिक न्याय के पुरोधा, 'जननायक' कर्पूरी ठाकुर जी शोषित और वंचित वर्ग के अधिकारों के लिए आजीवन प्रतिबद्ध रहे।'' उन्होंने लिखा, ''सामाजिक समता के लिए उनका संघर्ष और लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति उनका समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा। आज उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, ''गरीबों, पिछड़ों व वंचितों की सशक्त आवाज, सामाजिक समरसता के प्रतीक एवं कुशल राजनीतिज्ञ, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, भारतरत्न से सम्मानित जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। कर्पूरी ठाकुर का जन्म 24 जनवरी, 1924 को ब्रिटिश शासन काल में समस्तीपुर जिले के पितौंझिया गांव में हुआ था, जिसे अब 'कर्पूरीग्राम' कहा जाता है। आज ही के दिन 17 फरवरी, 1988 को पटना में उनका निधन हुआ था। कर्पूरी ठाकुर एक स्वतंत्रता सेनानी, दूरदर्शी राजनेता तथा किसानों, महिलाओं और समाज के वंचित वर्गों के हितैषी थे। जनहित के कार्यों के कारण उन्हें 'जननायक' कहकर संबोधित किया जाता है। उनका जीवन लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने और भारत के संविधान में निहित स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे के सिद्धांतों को व्यवहार में उतारने के अथक प्रयास की मिसाल है।

# धर्मात्मा निषाद की मौत पर गरमाई सियासत

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** नषाद पार्टी के प्रदेश सचिव धर्मात्मा निषाद सुसाइड केस को लेकर अब सियासत तेज हो गई है। दरअसल, इस घटना का लेकर समाजवादी पार्टी के छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने राजधानी लखनऊ में हजरतगंज चौराहे पर धरना प्रदर्शन किया। मंत्री संजय निषाद के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने संजय निषाद पर कार्यकर्ताओं ने केस दर्ज करने की मांग की। समाजवादी पार्टी का आरोप है कि धर्मात्मा निषाद की मौत का जिम्मेदार कैबिनेट मंत्री संजय निषाद और उनकी पार्टी है। इस दौरान हंगामा कर रहे लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। कैबिनेट मंत्री संजय निषाद के खिलाफ पुतला जलाने का प्रयास किया लेकिन पुलिस उन्हें रोक दिया। आप को बता दें कि निषाद पार्टी प्रदेश सचिव ने फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया है। हालांकि मौत से युवक



ने फेसबुक पर एक लंबा चौड़ा पोस्ट लिखकर मंत्री संजय निषाद और उनके बेटे के को मौत को जिम्मेदार बताया है। हालाकि डॉ. निषाद ने कहा कि धर्मात्मा निषाद का असमय इस संसार को छोड़कर चले जाना अत्यंत दुखद है। मैं निःशब्द और स्तब्ध हूं। मुझे दुख है कि मेरे समाज का एक होनहार युवा राजनीति की भेंट चढ़ गया है। मैं जल्द ही स्वर्गीय धर्मात्मा निषाद के परिजनों से मुलाकात करने के पश्चात सभी के सवालों का जवाब दूंगा। महराजा गुह्याराज निषाद पुण्य आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिजनों को दुख की इस घड़ी में आत्मबल और संबल प्रदान करें। संजय निषाद ने अपने ऊपर लगे आरोप का खंडन करते हुए कहा कि इस पोस्ट के जरिये मेरी और मेरे परिवार के साथ ही पार्टी की छवि धूमिल करने की साजिश रची गई है। मैं इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच चाहता हूं, ताकि सच सामने आए कि आखिर धर्मात्मा ने किन परिस्थितियों में आत्मघाती कदम उठाया और किस व्यक्ति द्वारा यह पोस्ट कर हम सबकी छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया। डीएम ने मृतक धर्मात्मा निषाद के परिवार को आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए कई बड़े ऐलान किए। उन्होंने परिजनों को सरकारी नौकरी, 25 डिसमिल जमीन का पट्टा और एक पक्का मकान देने का वादा किया। प्रशासन ने आश्वासन दिया कि पीड़ित परिवार को किसी भी तरह की असुविधा नहीं होगी और सरकारी स्तर पर पूरी सहायता दी जाएगी। डीएम ने कहा कि 15 दिन के भीतर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाएगी, जिससे उनका भविष्य सुरक्षित हो सके। इसके अलावा, एक हफ्ते के अंदर मकान और जमीन का आवंटन भी किया जाएगा। इस आश्वासन के बाद परिजन थोड़े संतुष्ट नजर आए, लेकिन उन्होंने जल्द से जल्द न्याय की मांग दोहराई।

धर्मात्मा निषाद ने आत्महत्या से पहले एक फेसबुक पोस्ट लिखी थी, जिसमें उन्होंने यूपी सरकार के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद और उनके दोनों बेटों पर गंभीर आरोप लगाए थे। इस पोस्ट के वायरल होने के बाद राजनीतिक हलकों में भूचाल आ गया। विपक्षी दलों ने इस घटना को लेकर सरकार पर निशाना साधा और निष्पक्ष जांच की मांग की। मृतक के भाई और अन्य परिजनों ने डीएम और एसपी से न्याय की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। इस घटना के बाद निषाद समाज में भारी आक्रोश है।

# व्यापारियों को दिखानी होगी ताकत ताकि कोई अधिकारी ना कर सके शोषण

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** त्रिवेणी नगर फैजुल्लागंज बंधा रोड व्यापार मंडल के शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार संदीप बंसल ने कहा कि व्यापारी समाज को अपनी एकजुटता प्रदर्शित करनी होगी ताकि कोई अधिकारी कर्मचारी उसका उत्पीड़न ना कर सके और इसके लिए सबसे आवश्यक है कि प्रत्येक व्यापारी संगठन से जुड़े।

संदीप बंसल ने व्यापारियों की एकजुटता को प्रदर्शित करने के लिए अपने धर्म और जाति से पहले व्यापारी शब्द लिखने को कहा उन्होंने कहा कि जिस प्रकार उनके सभी सोशल मीडिया अकाउंट पर नाम से पहले व्यापारी लिखा है जो भी इसको देखा है उसको यह एहसास होता है कि यह व्यापारी समाज के प्रतिनिधि हैं अगर हम सभी व्यापारी इसका अनुसरण करें तो निश्चित रूप से व्यापारी एकजुटता व्यापारी एकता बुलंद होगी और किसी भी विभाग का कोई भी कर्मचारी अधिकारी व्यापारी के साथ दुर्व्यवहार अथवा उसका उत्पीड़न करने का विचार मन में नहीं ला पाएगा। उन्होंने त्रिवेणी नगर फैजुल्लागंज व्यापार मंडल के अध्यक्ष पद पर नीरज अग्रवाल,महामंत्री मो आरीफ, कोषाध्यक्ष अजय अर्कवशी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उदयभान सिंह, विवेक सिंह चौहान, उपाध्यक्ष विनय राय, उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत जायसवाल, उपाध्यक्ष जुनैद सिद्दीकी, संरक्षक दिनेश शुक्ला ,मनोज मिश्रा, राम नरेश, अवधेश राय, अजय कश्यप, सगठन मंत्री संतोष सिंह, शिवा पांडे, मोहम्मद अनस,मोहम्मद मेहंदी,अनीश त्रिपाठी को शपथ दिलाई साथ ही सभी पदाधिकारी को सचेत किया की व्यापार मंडल का उद्देश्य सिर्फ अपनी पहचान बढ़ाना नहीं है सभी वह व्यापारी जिनकी कोई भी आवश्यकता है कोई परेशानी है।

# अरबी व फारसी की मुंशी, मौलवी एवं आलिम परीक्षा सकुशल सम्पन्न

## निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण ने किया कई सेंटरों का औचक निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित अरबी व फारसी की मुंशी मौलवी एवं आलिम परीक्षा आज 17 फरवरी को सकुशल सम्पन्न हुई। रजिस्ट्रार अल्पसंख्यक आरपी सिंह ने बताया कि प्रदेश के 71 जनपदों के 434 परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा दो पालियों में आयोजित हुई। प्रथम पाली के मुंशी परीक्षा में पंजीकृत 24607 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 13279 छात्र और 11328 छात्रायें जबकि मौलवी परीक्षा में 42173 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 21332 छात्र और 20841 छात्रायें पंजीकृत हैं। द्वितीय पाली आलिम अरबी में कुल पंजीकृत 14672 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 6814 छात्र तथा 7858 छात्रायें तथा आलिम फारसी 6630 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 3379 छात्र तथा 3251 छात्रायें पंजीकृत हैं। वर्ष 2025 की परीक्षा में 88082 छात्र छात्राएं सम्मिलित हो रहे हैं। 14835 परीक्षार्थी प्रथम पाली की परीक्षा में अनुपस्थित रहे।परीक्षायें नकलविहीन, सूचितापूर्ण संचालन व परीक्षा केन्द्रों के सघन निरीक्षण एवं प्रभावी पर्यवेक्षण हेतु जनपद स्तर पर सचल, आन्तरिक निरीक्षण दस्ते का गठन व सेक्टर स्टेटिक मजिस्ट्रेट की व्यवस्था की गयी। परिषद स्तर पर केन्द्रीयकृत व्यवस्था के अन्तर्गत सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी की जा रही है।निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण ने परीक्षा केन्द्र इरम गर्ल्स डिग्री कॉलेज व दारूल उलूम वारसिया का औचक निरीक्षण किया। परिषद स्तर पर केन्द्रीयकृत व्यवस्था के अन्तर्गत सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी और वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गयी है। रजिस्ट्रार मदरसा शिक्षा परिषद आरपी सिंह द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण किया गया तथा कण्ट्रोल रूम में उनके व तैनात अन्य कार्मिकों द्वारा कतिपय परीक्षा केन्द्रों का ऑनलाईन निरीक्षण किया गया।

# यूपी में बिक रहे मानकविहीन अंडों को लेकर किसानों का अनवरत धरना प्रदर्शन जारी

- यूपी के अंडा उत्पादक किसान लगातार धरना प्रदर्शन पर

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अंडा उत्पादक किसानों का धरना प्रदर्शन पशुपालन निदेशालय लखनऊ में छठे दिन भी सोमवार को जारी रहा। प्रदेश के कोने-कोने से आए किसानों ने अपनी मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने अपनी प्रमुख मांगों जैसे एनईसीसी पर पूर्ण प्रतिबंध, अंडे के रेट निर्धारण समिति का गठन, अंडों पर खाद्य सुरक्षा मानकर प्राधिकरण के मानकों के अनुरूप अंडों पर उत्पादन तिथि, उत्पादन का स्थान एवं अंतिम उपभोग अवधि अंकित करने जैसे संवैधानिक प्रावधानों को तुरंत लागू करने की मांग की। समिति के अध्यक्ष वीपी सिंह ने कोल्ड स्टोरेज में अंडों को रखने हेतु खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण कि नियमों के अनुरूप तुरंत शासनादेश जारी किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह धरना प्रदर्शन सरकार के खिलाफनहीं है बल्कि अंडा उत्पादकों एवं सरकार की पोल्ट्री पॉलिसी को असफल करने में जुटे हुए एनईसीसी और अन्य अंडा माफियाओं के खिलाफ है। समिति के सचिव मोहम्मद नाजिम ने बताया खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण ने 2011 में अंडों को मांसाहारी खाद्य की श्रेणी में रखा है और उत्तर प्रदेश के कोल्ड स्टोरेज में अंडे सब्जियों एवं आलू आदि के लिए बने हुए कोल्ड स्टोरेज में रखे जा रहे हैं। सहारनपुर के जिला अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि कोल्ड स्टोरेज में रखे अंडा उत्पादन तिथि से केवल 35 दिन के अंदर ही खाया जा सकता है लेकिन अंडा माफिया और एनईसीसी महीनों तक कोल्ड स्टोरेज में अंडा रखकर बेच रहे हैं जिसके कारण प्रदेश के किसानों का ताजा अंडा उत्पादन लागत से भी कम मूल्य पर बिक रहा है। समिति के राष्ट्रीय प्रवक्ता मंसूर अहमद ने अंडों को रखने के लिए तुरंत मानक बनाने एवं उनके कोल्ड स्टोरेज को अलग से लाइसेंस देने की व्यवस्था करने की मांग की।

# पीडीए जनपंचायत में भाजपा सरकार को उखाड़ने का लिया संकल्प



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी का पीडीए महा जनपंचायत का कार्यक्रम कालपी में जोरदार जन समूह के बीच सम्पन्न हुआ। मुख्यातिथि के रूप में सपा जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर व पूर्व मंत्री श्रीराम पाल रहे। जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर ने कहा कि भाजपा ने सडयंत्र कर पीडीए व दबे कुचलो को आपस मे लड़ाने का कार्य किया है पीडीए जनपंचायत के माध्यम से हम सबको पीडीए के बीच मे आपसी प्यार बढ़ाते हुए अपने हक और अधिकार के लिए एकजुटता के साथ संघर्ष करना होगा आपने वाले समय मे जब सपा सरकार बनेगी हर गरीब को लाभ मिलेगा नौजवानों को रोजगार मिलेगा भाजपा ने इस देश मे नफरत की राजनीति की परंपरा डाली है जो समाज के लिए घातक है। आज महगाई बेरोजगारी चरम पर है जनता के खूब पसीने की गाड़ी कमाई से उधोगपतियों को फायदा पहुचाया जा है कार्यक्रम में पूर्व मंत्री श्रीराम पाल ने कहा कि भाजपा को आरएसएस चलाती है इनके पूर्वज गोलवरकर ने कहा था कि अगर जनता पर राज करना है तो देश की पूंजी सिर्फ दो चार लोगों को सौंप दो जनता को गरीब बना दो जनता गुलाम रहेगी तो आवाज नही उठाएगी उसी तर्ज पर आज भाजपा पार्टी कार्य कर रही है पिछड़ा दलित का आरक्षण खत्म किया जा रहा है भाजपा सरकार में पिछड़े दलित मंत्री तो है लेकिन वो सब भाजपा की कठपुतली बनकर कार्य कर रहें हैं समाज के हक की बात कोई नही कर रहा है , वर्तमान में जब तानाशाही सरकार के आगे सभी विपक्षी दल चुप है तब सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव संविधान बचाने की गांव गरीब पीडीए की लड़ाई लड़ रहे है 2027 में सपा सरकार बनते ही प्रदेश में विकास की गंगा बहेगी । उक्त कार्यक्रम को सांसद प्रतिनिधि राजू अहिरवार ,परम लाल अहिरवार , अमर सिंह चंदेल , महेश विश्वकर्मा, जमालुद्दीन पप्पू, विधानसभा अध्यक्ष विजय कुशवाहा , हरमोहन सिंह, जयवीर यादव , राजकुमार बाल्मीकि, उबैश पठान आदि ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम में भारी संख्या में पीडीए के लोग व विवेक यादव , रामबाबू कठेरिया, राम जी मौखरी, सभासद इकबाल, रज्जु सभासद, लल्लू भैया सभासद, कपिल शुक्ला सभासद, जितेंद्र दीपू, अफजाल गुड्डू, रोहित चक्र, शकील, ,आशीष चौंक, रौनक निगम, आशीष गुप्ता, कफील नेता ,आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे ।

संक्षिप्त खबरें

### सड़क दुर्घटना में घायल को मदद नहीं मिली

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में पुलिस और टोल प्लाजा कर्मचारियों की संवेदनहीनता के कारण एक व्यक्ति की जान चली गई। रविवार देर रात इटौंजा थाना क्षेत्र के लखनऊ-सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मानपुर सब्जी मंडी के पास एक अधेड़ व्यक्ति दुर्घटना का शिकार हो गया। राहगीरों ने तुरंत इटौंजा थाना और टोल प्लाजा को सूचना दी, लेकिन कोई भी मदद के लिए नहीं पहुंचा। घायल व्यक्ति घंटों सड़क पर तड़पता रहा, जबकि वाहन चालक उसे बचाते हुए अपने वाहन निकालते रहे। आखिरकार, स्थानीय लोगों ने सड़क पर बल्लियां रखकर यातायात रोका, जिसके बाद पुलिस और टोल प्लाजा कर्मचारी मौके पर पहुंचे। घायल को इटौंजा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय पर मदद मिलती तो शायद व्यक्ति की जान बचाई जा सकती थी। इटौंजा थाना प्रभारी मार्कंडेय यादव के अनुसार, मृतक एक विक्षिप्त व्यक्ति था जो क्षेत्र में घूमता रहता था। पुलिस मृतक की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

### जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं: मानवेन्द्र सिंह

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने 3830 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान करते हुए, आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कुर्सी रोड स्थित इंटीग्रल यूनिवर्सिटी का 16वां दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने आज हिस्सा लिया। कुंवर मानवेंद्र सिंह ने विश्वविद्यालय से स्नातक, परास्नातक एवं पीएचडी करने वाले 3830 विद्यार्थियों को उपाधि देकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जीवन में सफ्लता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है। किसी भी लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरी मेहनत के साथ जूझना पड़ता है। मेहनत करें और आगे बढ़ें। छात्र देश का भविष्य हैं, ये आगे बढ़ेंगे तो राष्ट्र की प्रगति होगी।

### लखनऊ व्यापार मंडल के नगर महामंत्री बने रामकुमार वर्मा

**लखनऊ।** आलमबाग क्षेत्र के वरिष्ठ व्यापारी रामकुमार वर्मा को लखनऊ व्यापार मंडल की नगर कमेटी में महामंत्री पद पर मनोनीत किया गया है। लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र और वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा ने संयुक्त बयान जारी कर यह जानकारी दी। अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने बताया कि रामकुमार वर्मा पिछले 30 वर्षों से व्यापार मंडल के पदाधिकारी के रूप में सक्रिय हैं। संगठन के प्रति समर्पित भाव से कार्य करते आ रहे हैं। उनकी सक्रियता और लगन को देखते हुए कमेटी ने सर्वसम्मति से उन्हें नगर महामंत्री पद पर मनोनीत करने का निर्णय लिया। इस मौके पर आलमबाग क्षेत्र के व्यापारियों ने अमरनाथ मिश्र और पवन मनोचा को अंगवस्त्र और माला पहनाकर स्वागत किया। व्यापारियों ने लड्डू खिलाकर रामकुमार वर्मा को बधाई दी। उनकी इस नई जिम्मेदारी के प्रति शुभकामनाएं व्यक्त कीं। अमरनाथ मिश्र ने कहा कि रामकुमार वर्मा ने आलमबाग क्षेत्र के व्यापारियों की समस्याओं को न केवल स्थानीय स्तर पर बल्कि प्रशासन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। उनकी लोकप्रियता और समर्पण किसी से छिपी नहीं है और पूरे नगर के व्यापारी उन्हें सम्मान की दृष्टि से देखते हैं। वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा ने कहा कि रामकुमार वर्मा व्यापार मंडल के मजबूत स्तंभ के रूप में हमेशा खड़े रहे हैं। उन्होंने पद से अधिक संगठन की सेवा को महत्व दिया है और जरूरत पड़ने पर पद का त्याग करने से भी पीछे नहीं हटे। लखनऊ व्यापार मंडल के इस फैसले से आलमबाग क्षेत्र के व्यापारियों में हर्ष का माहौल है। सभी ने आशा व्यक्त की कि रामकुमार वर्मा अपने नए पद पर भी व्यापारियों की समस्याओं को पूरी निष्ठा से उठाएंगे और उनके समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### अवध चौराहे पर अंडरपास के लिए हटेंगे बिजली के पोल

**लखनऊ।** अवध चौराहे पर अंडरपास निर्माण के दौरान बिजली के तार और खंभे हटेंगे। इन्हें हटाने के लिए शासन ने सोमवार को अनुमति देते हुए 25 करोड़ रुपये बजट स्वीकृत कर दिया है। इन पैसों से बिजली विभाग यूटिलिटी इलेक्ट्रिक शिफ्टिंग का काम करेगा। इस दौरान न्यू आलमबाग के अंतर्गत आने वाले इलाकों में बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। इस बावत बिजली विभाग जल्द ही अपने उपभोक्ताओं को सूचना देगा। सेतु निगम के एई जेएस तिवारी ने बताया कि 146 करोड़ रुपये अंडरपास के प्रोजेक्ट पर खर्च होगा। इनमें से पहले चरण में 121 करोड़ रुपये मिले थे, अब दूसरे चरण में 25 करोड़ रुपये स्वीकृत कर दिए गए है। इन पैसों से बिजली, वन, नगर निगम समेत अन्य विभागों से जुड़े काम होंगे। ताकि अंडरपास निर्माण बाधा बने बिजली के तार और पोल हटाने और भूमिगत पानी के लाइन शिफ्ट किए जाएंगे।

### विकासनगर, जानकीपुरम और गोमतीनगर में आज बिजली गुल रहेगी

**लखनऊ।** राजधानी में मंगलवार को अहिबरनपुर, विकासनगर, जानकीपुरम, गोमतीनगर, यूपीआईएल, बांसमंडी सहित कई इलाकों में बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। इस दौरान लेसा एबीसी (एरियल बंच कंडक्टर) बदलने और फीडर पर मरम्मत कार्य करेगा। सीतापुर रोड स्थित अहिबरनपुर उपकेंद्र के त्रिवेणीनगर, एकतापुरम में सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। गोमतीनगर के विनयखंड-एक, दो व तीन, विवेकखंड-दो व तीन में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। इसके अलावा यूपीआईएल उपकेंद्र के नेहरू नगर, जीटीआई उपकेंद्र के गणेशगंज और एपी सेन फीडर पर सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक आंशिक बिजली गुल रहेगी। विकासनगर उपकेंद्र के कमला नेहरू नगर, नेहरू विहार, मयूर विहार, मुखर्जी पार्क रिंग रोड और जानकीपुरम सेक्टर-एक, दो व तीन फीडर और इंजीनियरिंग कॉलेज उपकेंद्र के सेक्टर-एफ में सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक आंशिक बिजली बंद रहेगी। न्यू कैंपस उपकेंद्र के मिर्जापुर, तिवारीपुर, मुस्लिम नगर, गोहना गांव और शुक्ला चौराहा में सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे तक बिजली बाधित रहेगी।

### कई शोरूम की जमीन वापस लेगी सरकार

**लखनऊ।** हजरतगंज के कई बड़े शोरूम, रेस्टोरेंट व्यापारियों के हाथ से वापस जाएंगे। वर्षों से प्राइम लोकेशन की इन सम्पत्तियों में मामूली किराए पर व्यवसाय कर रहे इन लोगों से शोरूम वापस लिए जाएंगे। इसके लिए कवायद शुरू हो गयी है। शत्रु सम्पत्ति अभिरक्षक कार्यालय ने इनका सर्वे शुरू करा दिया है। हलवासिया बिल्डिंग के बाद अब कपूर होटल, रायल कैफे होटल, कोहली ब्रदर्स व नीता बहल के शोरूम सहित जनपथ की 11 दुकानों का भी सर्वे होगा। मंगलवार को जिला प्रशासन, एलडीए तथा शत्रु सम्पत्ति अभिरक्षक कार्यालय की टीम इन बिल्डिंग के सर्वे के बाद अपनी सम्पत्ति होने का बोर्ड लगाएगा। शत्रु सम्पत्ति अभिरक्षक कार्यालय ने हजरतगंज की प्रमुख बिल्डिंग का सर्वे शुरू करा दिया है। सर्वे में पूरा विवरण तैयार कराया जा रहा है। इसी के साथ वह अपनी जमीनों का सीमांकन भी करा रहा है। सीमांकन करके वहां बोर्ड भी लगा रहा है। शुक्रवार को एलडीए ने हलवासिया बिल्डिंग का सर्वे कराया था। वहां अपना बोर्ड लगा दिया है। अब शत्रु सम्पत्ति अभिरक्षक कार्यालय के निशाने पर हजरतगंज की कई और बिल्डिंग आ गयी हैं। यह भी शत्रु सम्पत्तियां हैं। ऐसे में अभिरक्षक कार्यालय अब इन बिल्डिंग की भी नाप जोख कराने जा रहा है। अभिरक्षक कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि रायल कैफे, कपूर होटल, कोहली ब्रदर्स, नीता बहल के शोरूम के अलावा जनपथ की 11 दुकानों का सर्वे मंगलवार को कराया जाएगा। इन बिल्डिंग की जमीनों की पैमाइश भी करायी जाएगी। जमीनें कहां तक हैं उसे चिन्हित किया जाएगा। फिर अपनी सीमा में अभिरक्षक कार्यालय उसकी सम्पत्ति होने का बोर्ड लगाएगा। अधिकारियों ने बताया कि जितने भी दुकानदारों ने शत्रु सम्पत्तियों की लीज की शर्तों का उल्लंघन किया है उन सभी की दुकानों व प्रतिष्ठानों को अभिरक्षक कार्यालय अपने कब्जे में लेगा।

शत्रु सम्पत्तियों को किराए पर लीज पर दिया गया था। लीज की शर्तों के मुताबिक कई दुकानदारों ने दुकानें बेच दी हैं। कुछ ने किराए पर दे दिया है। जबकि कुछ ने शर्तों के विपरीत बड़े पैमाने पर अनाधिकृत निर्माण कराए हैं। मूल स्वरूप से छेड़छाड़ किया गया है। हलवासिया बिल्डिंग में शत्रु सम्पत्ति अभिरक्षक कार्यालय को काफी जमीनें बेचने की जानकारी है। अकेले इसी सम्पत्ति की कीमत अधिकारियों ने 400 करोड़ रुपए से ज्यादा बतायी है। जबकि पूरे हजरतगंज की दुकानों की कीमत 4000 करोड़ रुपए से ज्यादा की बतायी जा रही है। किराया भी 100 रुपए महीने से लेकर 666 रुपए तक है। अकेले हलवासिया बिल्डिंग का सबसे ज्यादा 666 रुपए महीने किराया है।

# विधानसभा सत्र के कारण आज से रूट डायवर्जन रहेगा

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** विधानसभा सत्र मंगलवार से शुरू होगा। इसमें राज्यपाल, मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, विधान परिषद सभापति सहित कई मंत्री विधानभवन में उपस्थित होंगे। इस दौरान सत्र की समाप्ति तक यातायात डायवर्जन रहेगा।

डायवर्जन के दौरान बंदरियाबाग चौराहे से सामान्य यातायात राजभवन, डीएसओ चौराहा, हजरतगंज चौराहा, जीपीओ मोड़, विधानसभा की ओर नहीं जा सकेगा। यह यातायात लालबत्ती चौराहा, कैंट या गोल्फ क्लब चौराहा, 1090 चौराहा होकर जाएगा। ऐसे ही डीएसओ चौराहा से हजरतगंज, जीपीओ पार्क, विधानसभा मार्ग जाने वाले वाहनों को पार्क रोड, मेफेयर तिराहा होकर जाना होगा।

- रॉयल होटल चौराहे से विधानसभा के सामने से हजरतगंज चौराहा की ओर सामान्य वाहन नहीं जा सकेंगे। ये वाहन कैसरबाग चौराहा, परिवर्तन चौक या बर्लिंगटन चौराहा, सदर ओवरब्रिज, कैण्ट होकर अपने गंतव्य को जाएंगे।
- संकल्प वाटिका पुल के नीचे तिराहे से महानगर की तरफ से आने वाली रोडवेज/सिटी बसें सिकन्दरबाग चौराहा, हजरतगंज चौराहा, विधानसभा के बजाय बैकुंठधाम, 1090 चौराहा, लालबत्ती चौराहा, कैंट होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगी।
- केकेसी तिराहे से चारबाग की तरफ से आने वाली रोडवेज/सिटी बसें हुसैनगंज चौराहा, रॉयल होटल चौराहा, विधानसभा की जगह लोको चौराहा, कैंट या बर्लिंगटन चौराहा से कैसरबाग होकर अपने गन्तव्य को जा सकेंगी।
- गोमतीनगर की तरफ से आने वाली रोडवेज/सिटी बसें सिकन्दरबाग चौराहा, हजरतगंज चौराहा, विधानसभा के स्थान पर बैकुंठधाम, संकल्प वाटिका ओवरब्रिज, चिरैयाझील तिराहा होकर कैसरबाग होते हुए तथा 1090 चौराहा, बन्दरियाबाग चौराहा, लालबत्ती चौराहा, कैण्ट होते हुए जाएंगी।
- सिकन्दरबाग चौराहे से हजरतगंज/विधानसभा की ओर जाने वाला सामान्य यातायात हजरतगंज चौराहा की जगह सिकन्दरबाग चौराहे से बालू अड्डा, 1090 चौराहा या चिरैयाझील होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेगा।
- परिवर्तन चौक, हिन्दी संस्थान तिराहे से हजरतगंज चौराहा होकर विधानसभा की ओर सामान्य यातायात नहीं जाएगा। यह यातायात कैसरबाग चौराहा या चिरैयाझील तिराहा, संकल्प वाटिका या सिकन्दरबाग चौराहा, 1090 चौराहा होते हुए गोल्फ क्लब चौराहा, बन्दरियाबाग चौराहा, लालबत्ती चौराहा, कैंट होकर अपने गंतव्य को जा सकेगा।
- डीएसओ चौराहा से रॉयल होटल चौराहे की तरफ सामान्य यातायात नहीं आ-जा सकेगा। ये वाहन हजरतगंज चौराहा, मेफेयर तिराहा या रॉयल होटल चौराहे से बर्लिंग्टन चौराहा, कैंट होकर अपने गंतव्य को जाएंगे।

## यूपी मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं शुरू, 2000 छात्र-छात्राएं शामिल हुए

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** लखनऊ उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं सोमवार से शुरू हो गई। लखनऊ में 6 परीक्षा केंद्रों पर लगभग 2000 छात्र-छात्रों ने परीक्षा दी। पूरे प्रदेश में 89 हजार छात्र परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। मदरसा बोर्ड के रजिस्ट्रार आर.पी सिंह ने बताया कि 17 से 22 फरवरी तक ये परीक्षा चलेगी। मौलवी (सेकेंडरी अरबी), मुंशी (सेकेंडरी फारसी) और आलिम (सीनियर सेकेंडरी अरबी,फारसी) के पेपर होंगे। परीक्षा दो पाली में हो रही है, जिसमें सुबह की पाली 8 बजे से 11 बजे तक और शाम की पाली 2 बजे से 5 बजे तक होगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा की सुरक्षा सख्त और पारदर्शी बनाने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। सभी सेंटर्स की सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी की जा रही रही है। मदरसा बोर्ड के आला अधिकारी पूरे प्रदेश के केंद्रों का लखनऊ से ऑनलाइन निगरानी कर रहे हैं। प्रदेश के सभी जिला अल्पसंख्यक अधिकारी अपनी क्षेत्र में मदरसों का निरीक्षण कर रहे हैं। आरपी सिंह ने बताया कि परीक्षा को नकल से मुक्त बनाने के लिए फ्लाइंग टीम पूरी तरह से सक्रिय हैं। परीक्षा से पूर्व सभी केंद्रों का बारीकी से जायजा लिया गया था। परीक्षा के दौरान भी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया जा रहा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष मौलवी मुंशी और आलिम की परीक्षा समय से शुरू हो गई। उत्तर प्रदेश के 71 जनपदों में 434 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सभी सेंटर्स की सीसीटीवी मॉनिटरिंग लगातार जारी है। प्रदेश के 150 परीक्षा केंद्रों को सीधे कंट्रोल कमांड रूम से वेब कास्टिंग के माध्यम से जोड़ा गया है। सभी जिलों में मजिस्ट्रेट विभाग के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उड़न दस्ता और सचल दस्ता मदरसों में पहुंचकर औचक निरीक्षण कर रहा है।


### रक्षा लेखा विभाग का 11वां अखिल भारतीय डीएडी बैडमिंटन टूर्नामेंट आल से

**लखनऊ।** रक्षा लेखा खेल नियंत्रण बोर्ड (डीएएससीबी) के तत्वावधान में रक्षा लेखा विभाग के 11वां अखिल भारतीय डीएडी बैडमिंटन टूर्नामेंट (पुरुष और महिला) 18 फरवरी 2025 से 21 फरवरी 2025 तक लखनऊ छावनी स्थित सूर्या खेल परिसर (एसकेपी) में आयोजित किया जाएगा। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन देविका रघुवंशी, आईडीएएस, रक्षा लेखा महानियंत्रक (सीजीडीए) और अध्यक्ष डीएएससीबी द्वारा किया जाएगा।

यह टूर्नामेंट नॉकआउट आधार पर पांच श्रेणियों-पुरुष और महिला (एकल), पुरुष और महिला (युगल) और मिश्रित डबल में आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट में पूरे भारत के 31 नियंत्रक कार्यालय से कुल लगभग 192 प्रतिभागी (पुरुष,महिला) भाग लेंगे। टूर्नामेंट में 131 पुरुष और 61 महिलाएं भाग लेंगी। टूर्नामेंट को तीन श्रेणियों में विभाजित किया जाएगा।

## मेधावी छात्रों को जल्द मिलेगा टैबलेट-स्मार्टफोन

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** स्वामी विवेकानंद सशक्तिकरण योजना के तहत मेधावी छात्रों को टैबलेट और स्मार्टफोन देने की प्रक्रिया को लेकर जिलाधिकारी विशाख जी की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में पाया गया कि कई कॉलेजों में अब तक हजारों डिवाइस नहीं बंटे हैं। इस पर डीएम ने सभी संस्थानों को निर्देश दिए कि एक हफ्ते के अंदर वितरण पूरा करें, वरना सख्त कार्रवाई होगी। बैठक में समीक्षा के दौरान पता चला कि लखनऊ विश्वविद्यालय में 6000 डिवाइस वितरण लंबित दिख रहे थे, लेकिन नोडल अधिकारी ने बताया कि तकनीकी दिक्कतों के कारण पोर्टल पर गलत संख्या दिख रही है और असल में 4800 डिवाइस बाकी हैं। डीएम ने निर्देश दिए कि यूपी डेस्को से समन्वय कर डेटा को सही कराया जाए और जिन छात्रों को डिवाइस नहीं मिले हैं, उन्हें जल्द से जल्द बुलाकर टैबलेट-स्मार्टफोन वितरित किए जाएं। डॉ. शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय में 3182 और डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में 122 डिवाइस का वितरण लंबित है। डीएम ने सख्त लहजे में कहा कि अगर किसी कॉलेज ने जानबूझकर देरी की या छात्रों को परेशान किया, तो उसके खिलाफकड़ी कार्रवाई होगी। छात्रों की सुविधा के लिए डीएम ने निर्देश दिए कि पास आउट हो चुके छात्रों के लिए रविवार या छुट्टी के दिन भी वितरण किया जाए। साथ ही, वितरण पूरा होते ही 24 घंटे के अंदर पोर्टल पर डेटा अपडेट करने को कहा गया है।

## बहन की शादी का लोन चुकाने के लिए लूटी कार, तीन युवक गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में तीन युवकों ने बहन की शादी के लिए लोन चुकाने और खर्चों को पूरा करने के लिए एक उबर चालक से मारपीट कर उसकी कार लूट ली। बदमाशों ने पॉलिटेक्निक से देवा रोड स्थित एक कॉलेज तक राइड बुक की थी। सुनसान जगह पर चालक को धमकाकर कार कब्जे में ले ली और दो घंटे तक हाईवे पर दौड़ाते रहे। इसके बाद चालक को आईआईएम रोड पर फेंककर फरार हो गए।

पुलिस ने 24 घंटे के अंदर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। तेलीबाग वृंदावन कॉलोनी निवासी उबर चालक राकेश मिश्रा ने बताया कि 15 फरवरी की रात 11.55 बजे उन्होंने पॉलीटेक्निक चौराहे से राइड बुक की थी। तीन युवक देवा रोड स्थित राम स्वरूप इंस्टीट्यूट जाने के लिए बैठे। इंस्टीट्यूट से कुछ दूर पहले ही उन्होंने चालक को धमकाकर कार कब्जे में ले ली। बदमाशों ने राकेश को चलती कार में पीटा और करीब दो घंटे तक हाईवे और शहर में कार दौड़ाते रहे। उनका पर्स और मोबाइल लूटने के बाद उन्हें आईआईएम रोड पर फेंक दिया और गाड़ी लेकर भाग निकले। इंस्पेक्टर विकास राय ने बताया कि पूछताछ में पारा निवासी सक्षम शुक्ला ने बताया कि उसने ही चालक से कार छीनकर ड्राइविंग की थी। उसके साथ राजाजीपुरम निवासी अनुराग और ऐशबाग निवासी इजहार हुसैन उर्फसैय्यद भी शामिल थे। सक्षम ने बताया कि वह बीए फेल होने के कारण बेरोजगार था। इजहार भी बीएससी में फेल होकर नौकरी नहीं कर रहा था। अनुराग एलएलबी द्वितीय वर्ष का छात्र था, लेकिन बहन की शादी के लिए लिया गया लोन और खर्चों ने उसे अपराध की ओर धकेल दिया।

तीनों ने मिलकर लूट की योजना बनाई और घटना को अंजाम दिया। एडीसीपी उत्तरी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर थाना पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम को लगाया गया। सर्विलांस और मुखबिर की मदद से पुलिस ने उजाला अपार्टमेंट के पास से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटा गया मोबाइल और कार बरामद कर ली है। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## फरवरी में 4 डिग्री तक पारा बढ़ेगा राजधानी का पारा

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सुबह मौसम साफ रहने के साथ चटक धूप निकली हुई है। सोमवार तड़के तापमान 12 डिग्री दर्ज किया गया। आज अधिकतम तापमान 30 डिग्री रहने की संभावना है।

इससे पहले 1 फरवरी को 30 डिग्री और 2 फरवरी को 29.2 डिग्री अधिकतम तापमान दर्ज किया गया था। रविवार को फिर से 29.5 डिग्री अधिकतम तापमान दर्ज किया गया है। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि रविवार को अधिकतर इलाकों में पछुआ हवाओं की गति लगभग थम गई है। इसी के चलते तापमान लगातार बढ़ रहा है। आने वाले तीन-चार दिनों तक इसी तरह का मौसम रहने की संभावना है। फरवरी में लखनऊ का तापमान 4 डिग्री तक बढ़ सकता है। यदि ऐसा ही रहा तो पिछले 15 साल का रिकॉर्ड ब्रेक हो सकता है। उन्होंने बताया कि फरवरी माह में प्रदेश के विभिन्न जिलो में तापमान में वृद्धि देखने को मिल रही है। ऐसे में आने वाले दिनों में गर्मी और उमस में और इजाफा हो सकता है। खासकर फरवरी के अंतिम सप्ताह में, जो सामान्यतः ठंड का मौसम होता अधिक दर्ज किया जा रहा है। यह स्थिति समय से पहले गर्मी की शुरुआत का संकेत है। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले साल फरवरी में लखनऊ का अधिकतम तापमान 21 फरवरी को 32.8 डिग्री रहा था। यह बीते 13 साल में सबसे अधिक तापमान में से था। इस बार इस रिकॉर्ड के टूटने की संभावना है। इसके पहले साल 2016 और 2021 को छोड़ दें तो बीते साल 21 फरवरी सबसे गर्म दिन रहा। 21 फरवरी की रात भी 16 डिग्री पारे के साथ इस सीजन में सबसे गर्म रही थी।

## एलडीए के प्लाट के नाम पर डॉक्टर से 96 लाख की ठगी

लोकमित्र ब्यूरो




**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में एलडीए का प्लॉट दिलाने के नाम पर एक डॉक्टर से 96 लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। ठगी का खुलासा तब हुआ जब डॉक्टर प्लॉट पर कब्जा लेने पहुंचे। फर्जी रजिस्ट्री की जानकारी मिलने पर पीड़ित ने विभूतिखंड थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने एलडीए के एक कर्मचारी समेत चार लोगों के खिलाफएफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अलीगंज सेक्टर-बी निवासी डॉ. आशीष पांडेय ने बताया कि आजमगढ़ के ज्ञानेश पाठक और अनुपम पाठक ने 2021 में गोमतीनगर योजना में प्लॉट दिलाने की बात कही। उन्होंने प्लॉट दिखाकर बताया कि यह अलीगंज सेक्टर-ए निवासी नीरज सिंह के नाम आवंटित है। आरोपियों ने कहा कि नीरज पैसे की कमी के कारण रजिस्ट्री नहीं करवा पा रहा है। अगर एडवांस में पैसे दिए जाएं, तो नीरज रजिस्ट्री करवाकर प्लॉट उनके नाम कर देगा। डॉ. आशीष ने बताया कि 96 लाख रुपए देने के बाद उनके और उनकी पत्नी डॉ. श्वेता के नाम पर फर्जी रजिस्ट्री कर दी गई। जब वे प्लॉट पर कब्जा लेने पहुंचे, तो उन्हें ठगी का पता चला। जांच में यह भी सामने आया कि एलडीए के कर्मचारी पवन कुमार की मिलीभगत से फर्जी कागजात तैयार कर नीरज सिंह ने जमीन अपने नाम करवा ली थी। इंस्पेक्टर विभूतिखंड सुनील सिंह ने बताया कि इस मामले में एलडीए कर्मचारी पवन कुमार, नीरज सिंह, ज्ञानेश पाठक और अनुपम पाठक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस अब आरोपियों की भूमिका की जांच कर रही है। 96 लाख की ठगी का यह मामला एलडीए की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। पुलिस जांच में जुटी है और जल्द ही आरोपियों के खिलाफकार्रवाई की उम्मीद है।

### आदर्श व्यापारी एसोसिएशन ने नव नियुक्त डीएम से मुलाकात की

**लखनऊ।** आदर्श व्यापारी एसोसिएशन का एक प्रतिनिधि मंडल प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी के नेतृत्व में आज नव नियुक्त जिलाधिकारी लखनऊ विशाख जी अय्यर से मिला। उन्हें पुष्प गुच्छ, शॉल एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। संगठन ने व्यापारियों की समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष रखते हुए व्यापारी हेल्पलाइन की मांग की। इससे व्यापारियों को प्रशासनिक स्तर पर तुरंत सहायता मिल सके। प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ महानगर में बढ़ती ट्रैफिक समस्या को लेकर ई-रिक्शा संचालन के लिए रूट निर्धारित करने की मांग की। इससे जाम की समस्या से निजात मिलने उम्मीद जगी है। इसके अलावा लखनऊ नगर निगम द्वारा गृह कर, जलकल शुल्क, सीवर शुल्क के नाम पर व्यापारियों के उत्पीड़न पर भी चिंता जताई गई। संगठन ने 8 सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी को सौंपा और प्रशासन से व्यापारियों की समस्याओं के शीघ्र समाधान की अपील की।

## नीलामी से पहले ईडी व प्रशासन करेगा शाइन सिटी बिल्डर की संपत्तियों का सर्वे

लोकमित्र ब्यूरो




**लखनऊ।** शाइन सिटी बिल्डर की सम्पत्तियों को नीलाम करने से पहले अब इनका सर्वे कराया जाएगा। ईडी ने इनकी सम्पत्तियों की नीलामी से पहले सर्वे कराने का आदेश जारी किया है। इसके लिए जिला प्रशासन व एलडीए से भी मदद मांगी गयी है। ईडी के साथ मिलकर विभागों के अधिकारी सम्पत्तियों का सर्वे करेंगे। इन सम्पत्तियों को बेचने से जो आय होगी वह निवेशकों को मिल सकती है। ईडी ने शाइन सिटी बिल्डर की कई सम्पत्तियां अटैच की हैं। इन सम्पत्तियों को नीलाम करने की दिशा में उसने काम शुरू कराया है। न्यायालय ने निवेशकों के हितों को भी ध्यान रखने का आदेश किया था। ईडी इन सम्पत्तियों को नीलामी से पहले अब इनका विस्तृत सर्वे कराएगी। इससे पता चलेगा इन सम्पत्तियों की मौजूदा स्थिति क्या है। इससे इनकी कीमत का बेस प्राइस भी निर्धारित किया जाएगा। इसीलिए ईडी ने प्रशासन व एलडीए से भी मदद मांगी है। उसने सर्वे के लिए अधिकारी व कर्मचारी नामित करने को कहा है। सम्पत्तियों की नीलामी से अरबों रुपए आने की उम्मीद है।

शाइन सिटी की करोड़ों की सम्पत्तियां ईडी ने अटैच की हैं। उधर खरीदार व निवेशक भी इस मामले में कोर्ट गए हैं। वह चाहते हैं कि नीलामी से जो पैसा आए उसे उन्हें वापस किया जाए। क्योंकि उन्होंने अपने जीवन की गाढ़ी कमाई से मकान व प्लाट खरीदा था। लेकिन बिल्डर ने उन्हें धोखा दे दिया। अदालत के आदेश पर ही दोबारा सर्वे कराया जा रहा है। फिलहाल पहले चरण में 418 वर्गमीटर का शारदानगर साउथ सिटी के भूखण्ड का सर्वे होगा। यह भूखण्ड शाइन सिटी के आसिफ नसीम के नाम है। शाइन सिटी इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के फ्लैट संख्या 209 ग्रैंडयोर अपार्टमेंट छह डालीबाग कालोनी लखनऊ का भी सर्वे किया जाएगा। शाइन सिटी इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के ज्वैल अपार्टमेंट के फ्लैट नम्बर बी-403 तथा जापलिंग रोड की सम्पत्ति 27/14 बी 6 वे रोड जापलिंग रोड की सम्पत्ति की भी नीलामी होगी। इसका भी सर्वे किया जाएगा।

### मरहूम चौधरी आले उमर की याद में मेजबान होटल में जलसा 20 को

**लखनऊ।** ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैशयूपी केदफ्तर में एक मीटिंग हुई। जिस में ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैशयूपी के महासचिव, जमीयत उलमा के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष और विख्यात समाजसेवी मरहूम अल्हाज चौधरी आले उमर कुरैशी की याद में 20 फरवरी को दोपहर दो बजे लाटूश रोड स्थित होटल मेजबान में जलसा आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी कार्यक्रम के आयोजक चौधरी शादाब कुरैशी ने दी है। श्री कुरैशी ने बताया कि इस कार्यक्रम में मरहूम चौधरी के जीवन, व्यक्तित्व और सामाजिक योगदान पर प्रकाश डाला जाएगा। कार्यक्रम के संरक्षक ऑल इंडिया जमियतुल कुरैश के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिराजुद्दीन कुरैशी होंगे। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रो. रीता बहुगुणा जोशी होंगी जबकि अध्यक्षता वक्फ ऐशबाग ईदगाह के मुतवल्ली व ईमाम मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली करेंगे।

## फैजुल्लागंज बंधा रोड व्यापार मंडल का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** त्रिवेणी नगर फैजुल्लागंज बंधा रोड व्यापार मंडल का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इसमें अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री संदीप बंसल ने व्यापारियों को एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि व्यापारी समाज को अपनी ताकत प्रदर्शित करनी होगी ताकि कोई अधिकारी या कर्मचारी उनका उत्पीड़न न कर सके।

इसके लिए आवश्यक है कि सभी व्यापारी संगठनों से जुड़ें और अपने नाम से पहले व्यापारी लिखें, जिससे उनकी एकजुटता और प्रभाव स्पष्ट हो। व्यापारी एकता होगी बुलंदसंदीप बंसल ने कहा, ष्अगर हर व्यापारी अपने धर्म और जाति से पहले व्यापारी शब्द जोड़ ले तो इससे व्यापारिक समाज की ताकत बढ़ेगी और किसी भी सरकारी अधिकारी या कर्मचारी की हिम्मत नहीं होगी कि वह व्यापारियों का शोषण कर सके।ष् उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल का उदाहरण देते हुए कहा कि इससे लोगों को तुरंत एहसास होता है कि वे व्यापारी समाज के प्रतिनिधि हैं। शपथ ग्रहण समारोह में महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी, वरिष्ठ महामंत्री राजीव कक्कड़, प्रदेश संगठन मंत्री जावेद बेग, युवा प्रदेश महामंत्री आकाश गौतम, युवा महानगर अध्यक्ष अश्वन वर्मा, महामंत्री शुभम मौर्य, अखिल महामंत्री अनुज गौतम, जिलाध्यक्ष ललित सक्सेना, जिला प्रभारी पतंजलि सिंह, महामंत्री सनत गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप अग्रवाल, पह्लाद राजपूत, रमेश शुक्ला, महेश राठौर, नगर महिला अध्यक्ष कजरा निगम, उपाध्यक्ष मुर्दला भार्गव, सोशल मीडिया प्रभारी संजय निधि अग्रवाल, असीम चंद्रा सहित कई प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# दुनिया में बजेगा जेवर का डंका

- सड़क मार्ग के साथ साथ रेल मार्ग से भी जुड़ेगा नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट
- अप्रैल माह में उड़ान भरेगी पहली फ्लाइट

लोकमित्र ब्यूरो



**नोएडा।** जेवर में बन रहे इंटरनेशनल एयरपोर्ट के शुरू होने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट लगभग अप्रैल माह में शुरू हो जाएगा। इसी को ध्यान में रखते हुए एयरपोर्ट से कनेक्टिविटी को बेहतर करने की प्रक्रिया चल रही है।

आज जेवर ने जो मुकाम हासिल किया है, वह किसी से छुपा हुआ नहीं है। उपरोक्त शब्द आज दिनांक 17 फरवरी 2025 को जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने जेवर स्थित खंड विकास कार्यालय के प्रांगण में उपस्थित क्षेत्र के लोगों को संबोधित करते हुए कहे।

जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने आगे यह भी कहा कि जेवर क्षेत्र में जो विकास कार्य चल रहे हैं, जिसका आने वाली पीढ़ियों का लाभ मिलेगा। इस क्षेत्र में आजादी के बाद से न तो आवागमन के कोई साधन थे और न हीं नौजवानों को रोजगार मुहैया होता था।

साथ ही यहां के किसान को अपनी बहन बेटियों की शादी करने के लिए अपनी जमीन गिरवी रखनी पड़ती थी, लेकिन 2017 में उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद, जेवर क्षेत्र, प्रदेश ही नहीं अपितु पूरी दुनिया में अपनी पहचान स्थापित कर चुका है। जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह ने आगे यह भी बताया कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से आने वाले अप्रैल माह में हवाई जहाज उड़ान भरने प्रारंभ हो जाएंगे, जिससे यहां और तेजी से विकास होगा। 2017 तक जेवर विधानसभा में कोई भी उच्च शिक्षा का महाविद्यालय नहीं था। लेकिन विगत 07 वर्षों में जेवर विधानसभा में तीन-तीन डिग्री कॉलेज बनकर तैयार हो गए हैं। इस मौके पर जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने लोक निर्माण विभाग के लगभग 16 करोड रुपए की धनराशि की लागत के विशेष मरम्मत और नव निर्माण के तकरीबन 19 कार्यों का शुभारंभ किया गया। इसके बाद जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने एसीपी जेवर श्री सार्थक सेंगर, उपजिलाधिकारी श्री विवेक कुमार भदोरिया, तहसीलदार श्रीमती तनुजा निगम और बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता के साथ बैठकर क्षेत्रवासियों से सीधा संवाद किया।

## रॉयल वाल्मीकि आर्मी का परिवार उ.प्र मे लगातार बढ रहा हैः आकाश चन्देल



लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** उ.प्र के आगरा जिले मे रॉयल वाल्मीकि आर्मी ओर बडे भाई राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय विशाल चावरिया जी की कार्यशैली से प्रभावित होकर सैकड़ों वाल्मीकि युवा,व समाजिक लोगो ने रॉयल वाल्मीकी आर्मी का दामन जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष भाई रामू चौहान जी के नेतृत्व में थामा जिसमे मुख्य रूप से यमुना पल्ली पार के छोटू चौहान जी और उनके तमाम साथियों ने रॉयल वाल्मीकि आर्मी का दामन थामा कार्यक्रम अध्यक्षता आगरा जिले मजबूत व क्रान्तिकारी जिला अध्यक्ष भाई अमन खरे जी जिन्होने आगरा मे संगठन को मजबूती प्रदान की है वही उनकी पूरी टीम भी मौजूद रही जिसमे मुख्य जिला महामंत्री राजू नरवर जिला मंत्री गोलू थनवार जिला सचिव वीनू डागौर जिला प्रभारी रजत बोरे जिला मीडिया प्रभारी रजत वाल्मीकि महानगर उपाध्यक्ष मनीष लोहिया महानगर प्रभारी गोलू गहलोत महानगर सचिव सागर चौहान महानगर मंत्री हर्ष वाल्मीकि पार्टी आदि व्यक्ति गण इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## हिंदुओं को शस्त्र रखने के लिए आंदोलन चलाने को लेकर मुखर हुए महामंडलेश्वर



लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** हिंदुओं को शस्त्र रखने के लिए जागरूकता आंदोलन चलाया जाएगा। यह बातें महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद ने डासना देवी मंदिर में बुलाई एक आपात बैठक में कही। उन्होंने बताया कि आंदोलन की शुरुआत अपने रक्त से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर करेंगे। उस पर एक लाख हिंदू रक्त से हस्ताक्षर करेंगे। यह रक्त लिखित पत्र डॉ. उदिता त्यागी महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी की ओर मुख्यमंत्री को उनके जनता दरबार में देंगी।रविवार को एक आपात बैठक बुलाकर महामंडलेश्वर ने कहा कि सोमवार को विश्व के सभी गैर मुस्लिम राष्ट्राध्यक्षों को पत्र लिख कर उन्हें इस्लामिक जिहाद के खतरे के बारे में सचेत करेंगे। उनसे इस्लामिक जिहाद का स्थायी उपचार खोजने का निवेदन करेंगे। यह बैठक उन्होंने प्रयागराज महाकुंभ से निराशा के साथ लौटने पर बुलाई थी। महामंडलेश्वर ने बताया कि निराशा का कारण सनातन धर्म के धर्मगुरुओं की सनातन धर्म की रक्षा के प्रति उदासीनता है। अपने आप को विश्वगुरु के योग्य मानने वाली संस्कृति के सर्वोच्च धर्मगुरु इस पर चिंतन तक करने को तैयार नहीं हैं। महामंडलेश्वर ने कहा कि उन्होंने धर्मगुरुओं की ओर से निराश होकर जनता के बीच जाने का निश्चय कर लिया है। जिससे कि भारत में बांग्लादेश जैसे हिन्दू नरसंहार की स्थिति में हिंदू आत्मरक्षा का प्रयास कर सकें। बैठक में विनोद सर्वोदय, ममता सहगल, अनिल यादव, अनिल चौधरी, सुनील त्यागी, महेश आहूजा सहित अन्य उपस्थित थे।

## सपा नोएडा महानगर ने कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर किया उनको नमन

- पीडीए पंचायत में बताई सपा की नीतियां,भाजपा की विफलताएं

लोकमित्र ब्यूरो



**नोएडा।** सपा नोएडा महानगर द्वारा सेक्टर 46 में महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता के नेतृत्व में पीडीए जन पंचायत आयोजित की गई। साथ ही साथ कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि भंगेल में मनाई गई। महानगर अध्यक्ष डॉ आश्रय गुप्ता ने कहा कि सपा की सरकार में हर वर्ग को सुविधा दी गई। भाजपा सरकार ने उन सभी सुविधाओं को बंद कर दिया। देश की खुशहाली वह संविधान की रक्षा के लिए पीडीए का मजबूत होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कर्पूरी ठाकुर के पुण्यतिथि पर उनको नमन करते हुए कहा कि कर्पूरी ठाकुर दलित, शोषित और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए हमेशा संघर्ष करते रहे उनके सादा जीवन, स्पष्ट, विचार और अदम्य इच्छा शक्ति ने बड़ी संख्या में लोगों को प्रभावित किया। प्रदेश सचिव जयकरण चौधरी वह रामवीर यादव ने कहा कि पीडीए शोषित वंचित वह प्रताड़ित लोगों की रक्षा करेगा। महासचिव विकास यादव ने कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीति और तानाशाही के चलते आज देश व प्रदेश बदहाल स्थिति में पहुंच गया है। विधानसभा अध्यक्ष बबलू चौहान ने कहा की पीडीए की मजबूती से हर वर्ग सुरक्षित रहेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य लोगों में जे पी सिंह, सुरेंद्र गौतम, मनोज गोयल, अनूराग यादव, राम सहेली अमन सिंह, गोरव चौधरी,मोहन सिंह, विजय पाल सिंहअरुण कुमार, हर केश सिंह, शिव कुमार, संजीव कुमार, दीपक सिह, परमिला देवी, अनीता देवी, माया देवी, मुकेश कुमार, सोनू सिह, सीमा, राज वती देवी सावित्री देवी, पुजा देवी, राजेश कुमार, राणा मुर्खजी राजीव गुप्ता, डॉ अमित चौहान, विनोद सिंह, सुबोध गोयल, शैलेश कुमार सिंह, शिवांग गोयल, विशाल यादव, रितिक गुप्ता, प्रशांत गौतम, सौरभ, मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## सुभाष चौहान चौथी बार बने आरडब्ल्यूए अध्यक्ष



लोकमित्र ब्यूरो

**नोएडा।** मेट्रो अपार्टमेंट, सेक्टर-71 में आर डब्ल्यू ए का चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमे अध्यक्ष पद पर सुभाष चौहान ने 292 वोटो में से 200 मत प्राप्त कर विजय हासिल की।

उपाध्यक्ष पद पर रूपक श्रीवास्तव ने 292 वोटो में से 155 मत प्राप्त कर विजय हासिल की। महासचिव पद पर प्रदीप मिश्रा ने 190 मत प्राप्त कर विजय हासिल की और कोषाध्यक्ष पद पर विनोद शर्मा ने 167 मत प्राप्त कर विजय हासिल की, चुनाव अधिकारियों युधिष्ठिर कुमार गौड़, हसन, राजेश कुमार, हरेराम यादव और नरेश यादव ने चुनाव प्रक्रिया को बहुत ही पारदर्शी और सुचारू रूप से सम्पन्न कराया जिसके लिए हम निवासी चुनाव अधिकारियों का आभार वक्त करते हैं।

सभी विजयी उम्मीदवारो को अपना सहयोग और हम पर विश्वास बनाए के लिए सभी सम्मानित निवासियों का बहुत बहुत धन्यवाद, अभिनंदन और हार्दिक आभार।

## डिजिटल अरेस्ट कर बनाई अश्लील वीडियो

- फिर वायरल करने की धमकी दे मांगे पांच लाख

लोकमित्र ब्यूरो



**गाजियाबाद।** युवती को डिजिटल अरेस्ट कर साइबर ठगों ने पहले उनको जेल जाने का भय दिखाकर उनकी अश्लील वीडियो व फोटो बना ली। फिर वीडियो फोटो को वायरल करने की धमकी देकर उनसे पांच लाख रुपये की मांग की। मामले में युवती ने साइबर थाने में शिकायत देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।राजनगर निवासी युवती ने बताया कि सितंबर माह में उनके पास अज्ञात नंबर से फोन आया। बात करने वाले ने वीडियो कॉल पर बात करने को कहा और खुद को पुलिस अधिकारी बताया। उनसे कहा कि उनके खाते में विदेश से फंडिंग हुई हैं। उनको जेल जाना पड़ेगा। अचानक से जेल की बात सुनकर वह डर गईं। आरोपियों ने उनको दिन में चार बार वीडियो कॉल पर लिया। इसके बाद वह मानसिक तनाव में आ गईं। ठग ने उनसे कहा कि मामला सुलझ सकता है। यदि वह कुछ अश्लील वीडियो व फोटो को शूट करा दें तो। घबराहट और शर्म की वजह से उन्होंने यह बात अपने परिजनों से भी नहीं बताई। पूरे दिन वह कमरे में ही बंद रहीं। बचाव का कोई रास्ता न देख वह वीडियो शूट कराने के लिए तैयार हो गईं। इसके बाद कॉल कट गई। फिर उनके पास ठगों ने मैसेज व कॉल करके कहा कि यदि उन्होंने पांच लाख रुपये उनको नहीं दिए तो उनकी वीडियो, फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी जाएगी। इसके बाद वह और परेशान हो गईं। वह तीन दिन तक गहरे सदमे में रहीं। इसके बाद उन्होंने यह बात अपने परिजनों को बताई। फिर उन्होंने इसकी शिकायत साइबर थाने में दी। इस बारे में एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद ने बताया कि जिन नंबरों से कॉल आई है। उनकी लोकेशन निकाली जा रही है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा ।

## इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल में दादा-दादी दिवस एवं दीक्षांत समारोह मनाया गया



लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** क्रॉसिंग रिपब्लिक स्थित इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल में दादा.दादीए नाना.नानी दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्या रेनू शर्मा के मार्गदर्शन में हुए समारोह में स्कूल के बच्चों ने बढ़.चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने कई रगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने अपने अभिनय द्वारा दादा.दादी व नाना.नानी के निस्वार्थ प्रेम को दिखाकर सभी की आंखें नम कर दी। स्कूल की प्रधानाचार्य रेनू शर्मा ने कहा कि यह कार्यक्रम दादा.दादीए नाना.नानी को सम्मान देने तथा बच्चों में उनके प्रति आदर भाव प्रकट करने के लिए एक अनोखी पहल थी। इस अवसर पर यूकेजी के बच्चों का ग्रेजुएशन दिवस भी मनाया गया, जिसमें यूकेजी के बच्चों को सम्मानित किया गया।

## ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा शिव जयंती के अवसर पर 'राजयोग द्वारा डर पर विजय' पर आयोजित कार्यक्रम

लोकमित्र ब्यूरो




**नोएडा।** ब्रह्माकुमारीज़ सेक्टर 46, 51 और 15 नोएडा ने आज गार्डेनिया ग्लोरी, सेक्टर 46 में शिव जयंती के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का विषय था राजयोग द्वारा डर पर विजय और इसमें सैकड़ों लोग उपस्थित हुए।

ध्यान और राजयोग का महत्व

कार्यक्रम की शुरुआत ब्रह्माकुमारी आँचल दीदी और ब्रह्माकुमारी लीना दीदी द्वारा निर्देशित ध्यान सत्र से हुई। लीना दीदी ने कहा कि भगवान शिव का एक नाम भूतनाथ है, जो डर के भूत को नष्ट करने का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि राजयोग ध्यान के माध्यम से हम परमात्मा को अपना साथी बना सकते हैं और डर से मुक्ति पा सकते हैं।

राजयोग ध्यान एक सरल और प्रभावशाली विधि है, जिसे कोई भी व्यक्ति कहीं भी, कभी भी कर सकता है। यह विधि आत्मा की शुद्धि करती है और मानसिक तनाव को कम करती है, जिससे व्यक्ति को आंतरिक शांति और शक्ति मिलती है।

डर पर विजय पाने के लिए, राजयोग ध्यान आंतरिक शक्ति और स्पष्टता को बढ़ाता है। यह मन को नियंत्रित करने में मदद करता है, जो डर को दूर करने के लिए आवश्यक है। राजयोग के नियमित अभ्यास से व्यक्ति अपनी आध्यात्मिक पहचान को पहचान सकता है, जिससे निराशा में भी आशा मिलती है। आध्यात्मिक पहचान और आत्म-विश्वास का जागरण

ब्राह्माकुमारी पारुल ने एक वीडियो के माध्यम से बताया कि डर हमारे विश्वासों और शरीर के प्रति आसक्ति का परिणाम होता है। यदि हम अपने आप को सिर्फ शरीर न मानकर आत्मा समझें, तो हम अपने डर को भी समाप्त कर सकते हैं।

उन्होंने कहा, मन के जीते जीत है, मन के हारे हार है, और श्रोताओं को अपने डर पर विजय प्राप्त करने के लिए जागरूक और तैयार रहने के लिए प्रेरित किया। उपनिषद को उद्धृत करते हुए उन्होंने कहा, मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः। बन्धाय विषयासक्तं मुक्त्यै निर्विषयं स्मृतम॥ अर्थात मन ही सभी मनुष्यों के बंधन एवं मोक्ष का प्रमुख कारण है। विषयों में आसक्त मन बंधन का और कामना-संकल्प से रहित मन ही मोक्ष (मुक्ति) का कारण कहा गया है।

मनोबल और सकारात्मक दृष्टिकोण पर विचार इंस्टीट्यूट ऑफ़ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन की प्रोफ़ेसर डॉ. नीतू जैन ने अपने प्रेरणादायक भाषण में कहा कि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। उन्होंने बताया कि डर पर विजय प्राप्त करना एक यात्रा है और इसकी शुरुआत छोटे कदमों से होती है। ईश्वर का सहारा लेने की बात करते हुए उन्होंने श्रोताओं को सोच और दृष्टिकोण बदलने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने कहा, जो तूने रब से लौ लगायी तो दिल में ख़ौफ़ ये जवाल कैसा, कि जिसकी कश्ती को थाम ले वो तो डूबने का सवाल कैसा।

## विधायक विपिन वर्मा द्वारा जनरल विक्री केन्द्र का किया गया लोकापर्ण



लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** सोमबार को विपिन वर्मा डेविड सदर विधायक एटा द्वारा केन्द्रीय थोक उपभोक्ता सहकारी भण्डार लि0, एटा की दुकान शाखा नं0 02 जनरल विकी केन्द्र का नवीनीकरण उपरान्त लोकापर्ण किया गया।

जिसमें हवन पूजन सहित किये गये शुभारम्भ में जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी श्री संदीप जैन, पंकज गुप्ता चेयरमैन प्रतिनिधि नगर पालिका परिषद एटा, अध्यक्ष केन्द्रीय थोक उपभोक्ता सहकारी भण्डार लि0, एटा सचिन कान्त उपाध्याय भण्डार की सचिव डा0 दिव्या श्रीवास्तव एवं संचालक दिलीप पचौरी, प्रशान्त जैन, श्रीमती ममता शर्मा, नवरत्न सिंह, अनुराग उपाध्याय, शीलेन्द्र सविता एवं भण्डार के समस्त कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ सम्पन्न।

## महिला सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग के अंतर्गत नि:शुल्क प्रशिक्षण कैंप का आयोजन

- मास को-ऑपरेशन एनजीओ द्वारा चलाएं जा रहे सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग के अंतर्गतमहिला सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग के तहत लड़कियों के निशुल्क कैंप



लोकमित्र ब्यूरो

**साहिबाबाद।** इंदिरापुरम वैशाली सेक्टर 9 जज कॉलोनी जनपद गाजियाबाद में लगभग 6 महीने से शनिवार व रविवार को हर हफ्ते निशुल्क प्रशिक्षण कैंप का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मलिन बस्ती की कुल 25 लड़कियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं प्रशिक्षित ट्रेनरों द्वारा उन्हें आत्मरक्षा के गुर सिखा कर उन्हें कंपटीशन की तैयारी कराई जा रही है।प्रशिक्षण कैंप के बाद लड़कियों मैं आत्मरक्षा के प्रति आत्मविश्वास देखने को मिल रहा है कॉलोनी वासियों ने इस शिविर के लिए मास को-ऑपरेशन एनजीओ, एवं सहयोग ट्रस्ट को धन्यवाद दिया सहयोग ट्रस्ट के द्वारा सभी मलिन बस्तियों की लड़कियों को ड्रेस भी निशुल्क उपलब्ध कराई गई। सहयोग ट्रस्ट की अध्यक्ष निशी त्यागी ने कहा कि आज के युग में जहां महिला व पुरुष का अंतर खत्म हो रहा है ऐसे में महिलाओं को अपनी रक्षा का जिम्मा खुद ही लेना पड़ेगा जिस प्रकार मास को-ऑपरेशन एनजीओ ने यह मुहिम चलाई है।

वह काबिले तारीफ है मैं अन्य कॉलोनियों, सोसाइटियों व स्कूलों के संचालकों से भी अनुरोध करती हूं कि महिला सशक्तिकरण के लिए मास को-ऑपरेशन एनजीओ की मुहिम से जुड़े। इस अवसर पर मास को-ऑपरेशन एनजीओ के नेशनल कोऑर्डिनेटर एवं ट्रेनिंग कैंप के हेड संतोष कुमार ने कहा कि इस प्रकार के शिविरों का आयोजन नियमित रूप से लगातार चल रहा है ताकि महिलाओं,बालिकाओं तथा छात्राओं को ट्रेनिंग मिल सके और उनके आत्मविश्वास में इजाफा हो ताकि छात्राएं निडर होकर अपनी व समाज की अन्य महिलाओं की रक्षा कर सके। कहा कि समाज में जिस प्रकार महिलाओं के प्रति हिंसक घटनाएं बढ़ रही है उसे देखते हुए महिलाओं को सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग अति आवश्यक है बताया कि महिलाएं बाहर जाते समय अलर्ट नहीं रहती है और डरी हुई से महसूस करती है ट्रेनिंग के दौरान मैंने स्वयं देखा की छात्राओं में आत्मरक्षा के प्रति हिचक थी लेकिन ट्रेनिंग के बाद छात्राओं का आत्मविश्वास बढ़ा हुआ दिखाई दिया।

## अलीगंज चिकित्सा अधीक्षक ने एएनएम के साथ की समीक्षा बैठक



- लापरवाही बरतने वाली एक एएनएम का कटा वेतन

लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज /एटा।** नियमित टीकाकरण को लेकर स्वास्थ्य विभाग काफी चौकन्ना करना है. वही स्वास्थ्य विभाग द्वारा जगह जगह गठित टीम व ए. एन. एम द्वारा टीकाकरण करवाया जा रहा है. सोमवार को अलीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सभागार में अलीगंज चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर शिव कुमार राजपूत ने एएन. एम के साथ समीक्षा बैठक की. वेठक में नियमित टीकाकरण को लेकर कार्य समीक्षा की गयी कुछ ए एन एम का कार्य शिथित था उनको चेतावनी दी गयी कि कार्य में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए वही टीकाकरण समीक्षा बैठक में एक ए एन एम अंगूरी देवी का एक दिन का वेतन रोका गया वही पांच ए एन एम को स्पष्टी करण जारी किया. डॉक्टर शिवकुमार ने बताया कि शासन में मंशरूप नियमित टीकाकरण कार्य होना है।

उसका समय निर्धारित है निर्धारित समय में लक्ष्य को पूरा करें. और कोई भी टीकाकरण के लिए अछूता न रहे. लगातार मेरे द्वारा कार्य समीक्षा व निरीक्षण भी किया जा रहा है।

## शराब पीने से अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

- घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे मृतक के परिजनों ने मृतक की हत्या किये जाने की आशंका जतायी
- सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस द्वारा मृतक के शव को पंचनामा भरबाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है।ग्रामीणों की माने तो मृतक कमल सिंह की शादी नही हुई थी



लोकमित्र ब्यूरो

**जलेसर/एटा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला सूखा में शराब पीने से एक अधेड़ की मौत हो गई। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे मृतक के परिजनों ने मृतक की हत्या किये जाने की आशंका जतायी है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को पंचनामा भरबाकर कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ऊंचा गांव के मजराजात गांव नगला सूखा निवासी लगभग 40 वर्षीय कमल सिंह पुत्र लोचन सिंह की रविवार की शाम शराब पीने के बाद अचानक मौत हो गयी।

घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुँचे मृतक के भतीजो ने मृतक की शराब में विषाक्त पिलाकर हत्या कर दिये जाने की आशंका जतायी तथा जलेसर कोतवाली पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस द्वारा मृतक के शव को पंचनामा भरबाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है।ग्रामीणों की माने तो मृतक कमल सिंह की शादी नही हुई थी। वह घर मे अकेला रहता था। शराब का बहुत बड़ा आदी था। स्वम ही खाना पीना बनाता था। जिससे उसे नियमित रूप से भोजन भी नही मिल पाता था। अत्यधिक शराब पीने से वह बहुत कमजोर भी था। उससे किसी की कोई रंजिश नही थी। वही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुधीर राघव ने बताया कि घटना के सम्बंध में कोई तहरीर प्राप्त नही हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### मार्ग दुर्घटना में बी डी सी सदस्य गम्भीर घायल,जिला अस्पताल रिफर

**बांगरमऊ,उन्नाव।** फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के ग्राम माढ़ापुर निवासी रामबाबू राठौड़ 35 वर्ष पुत्र परशुराम राठौड़ क्षेत्र पंचायत सदस्य हैं। वह आज रविवार को बाइक से अपनी रिस्तेदारी बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम रूरी सादिकपुर गए थे। वापस अपने घर लौटते समय कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ - बांगरमऊ मार्ग पर स्थित ग्राम सुरसेनी के निकट सड़क पर सामने अचानक आवारा मवेशी आ धमका। जिससे बाइक आवारा मवेशी से जा टकराई और पलट गई। हादसे में बीडीसी सदस्य रामबाबू राठौड़ सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके साथ ही अन्य बाइक से आ रहे रिश्तेदार आनन-फानन उन्हें यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। सूचना मिलते ही उनके गांव माढ़ापुर निवासी ब्लॉक प्रमुख अर्जुन लाल दिवाकर और ग्राम प्रधान विजय पाल कुशवाहा अस्पताल जा पहुंचे। किंतु चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखकर घायल बीडीसी सदस्य को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### तमंचे से हुई हर्ष फायरिंग में युवती के भाई के साले की मौत, परिजन बेहाल



**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत जाजमऊ चौकी क्षेत्र के रजवाखेड़ा में तिलक समारोह में हर्ष फायरिंग में तमंचे से चली गोली कन्या के भाई के साले के सीने में धस गई। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद फायरिंग करने वाला मौके से भाग निकला । सूचना पर मौके पर पहुंचे एसपी दीपक भूकर, ए एस पी अखिलेश सिंह और सीओ सिटी सोनम सिंह ने घटना की जांच की। और कोतवाली पुलिस को आरोपित को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। सुनील पुत्र डोरीलाल निवासी रजवाखेड़ा का रविवार को तिलक समारोह था। जहा शुक्लागंज धोबिन पुलिया निवासी विष्णु अपनी पुत्री का तिलक लेकर पहुंचे थे। विष्णु के विवाहित बेटे गोविंद ने बताया कि तिलक में उसका साल रवि पुत्र जगदीश 26 निवासी डेरा पीपर खेड़ा भी आया था। रविवार रात तकरीबन सवा नौ बजे उसके पास खड़े एक युवक ने तमंचे से हर्ष फायरिंग की जिस पर गोली रवि के सीने में जा धंसी। जिससे वह वहीं गिर गया। युवक को गंभीर हालत में कानपुर के काशीराम अस्पताल ले जाया गया,जहा चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जाजमऊ चौकी इंचार्ज राहुल सिंह ने बताया कि हर्ष फायरिंग में रजवाखेड़ा निवासी जीतू का नाम प्रकाश में आया है। जिसकी जांच की जा रही है। हालांकि स्वजनो ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है। पुलिस गिरफ्तारी के लिए ताबड़तोड़ दबिशे दे रही है।

### 30 ग्राम स्मैक के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी।** सोमवार को उ0नि0 रामपाल सिंह थाना बाजार शुक्ल मय हमराही द्वारा अभियुक्त अफजाल पुत्र आशिक अली निवासी लालगंज मजरे मकदूमपुर कला थाना बाजारशुक्ल उम्र करीब 30 वर्ष को ललिहामऊ मोड के पास से समय करीब 04:00 बजे सुबह में गिरफ्तार किया गया। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 30 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

### जागरूकता अभियान के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन



**साहिबाबाद।** वेलफेयर फोरम ऑफ ॠ्ढ्ढ गाजियाबाद, मोहन नगर जोन के तत्वावधान में तथा मास्टर वीरेश चंद्र सिंह के निर्देशन में दशमेश पब्लिक स्कूल, शालीमार गार्डन क्षेत्र में जागरूकता अभियान के तहत कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में विद्यालय की ओर से कुमारी रूपाली निगम कुमारी पवनीत कौर कुमारी पलक कौशिक कुमारी ईशा अरोड़ा कुमारी अदिति डोगरा कुमारी हरमीत कौर कुमारी गुरप्रीत मान कुमारी किरनजीत कौर कुमारी अनुराधा त्यागी कुमारी अनुराधा ग्रोवर कुमारी यशिका सलूजा कुमारी अनिशिया डेविड कुमारी नेहा वर्मा कुमारी कनिका कुमारी सिमरन कुमारी ज्योति कुमारी कपिला विद्यालय के चेयरमैन एवम डायरेक्टर महोदया द्वारा अतिथियों को सम्मान प्रतीक भेंट किया गया। पुलिस विभाग की ओर से श्री प्रदीप शर्मा,श्री अनूप कुमार,श्री क्षमा निधि और उनकी पूरी टीम उपस्थित रहे। वेलफेयर फोरम की ओर से सर्व श्री प्रमोद जोशी, सिद्धार्थ त्यागी, अमित मदान और मास्टर वीरेश चंद्र सिंह उपस्थित रहे।कार्य शाला में छात्र छात्राओं और अध्यापिकाओं की समस्याओं का विभाग द्वारा समाधान कराया गया।

### पूर्व ग्राम प्रधान का निधन,श्रंद्धांजलि देने वालों का लगा तांता



**जलेसर/एटा।** तहसील ब्राह्मण समाज महा सभा के पूर्व अध्यक्ष शिवमोहन कौशल के चाचा जी एवं ग्राम पंचायत दोषपुर के पूर्व प्रधान रमेश चंद्र शर्मा उर्फ पाण्डेय जी का आकस्मिक निधन हो गया। वह लगभग 82 वर्ष के थे। बीते कुछ माह से वह अपने अनुज एवं राजस्थान के रावतभाटा स्थित परमाणु संयंत्र में प्रबन्धक रहे महेश चन्द्र शर्मा के पास रह रहे थे। जहाँ से उनका पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव दोषपुर लाया गया। तथा देर शाम गमगीन माहौल में उनके शव का दाह संस्कार किया गया। इस मौके पर-सेवानिवृत्त क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी सी एल पाठक,सुरेशचंद्र शर्मा, महेश चंद्र शर्मा,मथुरा रिफाइनरी के सेवानिवृत्त अधिकारी जगमोहन कौशल, शिवमोहन कौशल,रवि शर्मा,न्यायिक अधिकारी पुष्पेन्द्र पाठक,डॉ देवेन्द्र शास्त्री,अवधेश शर्मा,राजेश शर्मा एडवोकेट,ज्ञानी पण्डित,राहुल शर्मा, ग्राम प्रधान अतिवीर सिंह धाकरे, राजेश कौशल, सौरभ कौशल,अभय पचौरी,धर्मेन्द्र तिवारी, प्रवीण पचौरी आदि सैंकड़ो लोगो द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये।

### लोधेश्वर महादेवा मेला को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था के तगड़े इंतजाम हुए

**रामनगर।** लोधेश्वर महादेवा मेला सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक बंदोबस्त किए गए है। पुलिस व्यवस्था मे एक अपर पुलिस अधीक्षक, चार पुलिस क्षेत्राधिकारी ,11 इंस्पेक्टर, 14 उपनिरीक्षक, 110 हेड आरक्षी, 380 आरक्षी ,90 महिला आरक्षी, 140 होमगार्ड ,पांच यातायात निरीक्षक, 25 सिपाहियो की मौजूदगी रहेगी जो मेले मे डियूटी कर सुकशल मेला कराएंगे। इसके अलावा दो कंपनी पीएसी ,बम निरोधक दस्ता ,तीन ड्रोन व चार दर्जन सीसीटीवी कैमरे, दो गाड़ी फायर ब्रिगेड तथा एटीएस कमांडो मेले की सुरक्षा को बेहतर अंजाम देंगे। प्रभारी निरीक्षक रामनगर अजय कुमार त्रिपाठी का कहना है कि मेला परिसर व आसपास में मांस मदिरा की दुकान नहीं लगेगी न ही कोई व्यक्ति इसका सेवन करेगा। उन्होंने दुकानदारों से अपील की है कि बिजली के कटे तारों से कनेक्शन न लें। चौकी इंचार्ज महादेवा संतोष त्रिपाठी ने बताया कि 20 प्वाइंटों पर बैरियर लगाए गए हैं।

# युग्मन योजना के तहत एक-दूसरे से मिले परिषदीय बच्चे

इंग्लिश मीडियम के बच्चों से विद्यालय के वातावरण व प्रयोग शाला में जाकर शिक्षकों ने ली जानकारी

लोकमित्र ब्यूरो



**अलीगंज/एटा।** पीएम श्री योजना के तहत पीएम श्री विद्यालय में युग्मन के अंतर्गत विद्यालयों के वच्चों को भृमण कराया गया. युग्मन के तहत अलीगंज ब्लाक के तीन विद्यालयों का चयन किया गया जिसमें चयनित विद्यालयों में कमपोजिट विद्यालय राजा का रामपुर कमपोजिट विद्यालय अलीगंज व कमपोजिट विद्यालय मोहम्मद नगर बझेरा के बच्चों ने अलीगंज स्थति जी. डी. इंटरनेशल स्कूल में भृमण करवाया गया. सोमवार को पीएम श्री विद्यालय के बच्चों के साथ जीडी इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों के युग्मन किया गया। बच्चों ने एक-दूसरे के विद्यालयों की सुविधाओं का लाभ उठाया जिसमें खेलकूद पुस्तकालय आदि देखा वही बच्चों को विद्यालय के स्टाप ने उनको भृमण कर नई जानकारी दी. शिक्षा के प्रति केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता के तहत विकास खण्ड में पीएम श्री विद्यालयों की स्थापना की जा रही है। शासन की मंशा के अनुरूप पीएम श्री संविलयन विद्यालय के बच्चे पहुंच कर वहां के बच्चों से मिलकर अत्यन्त प्रसन्न हुए।

युग्मन योजना के तहत दोनों विद्यालयों के बच्चे एक-दूसरे के विद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं जैसे खेलकूद सामग्री खेल का मैदान पुस्तकालय विज्ञान प्रयोगशाला कला प्रदर्शनी स्मार्ट क्लास शिक्षण अधिगम सामग्री, बैठक व्यवस्था आदि का लाभ प्राप्त कर सकें। पीएम श्री विद्यालय के बच्चों ने इण्टर कॉलेज के भौतिक रसायन व जीव विज्ञान के प्रयोगशाला एवं वहां रखे उपकरणों व मॉडलों को देखकर अभिभूत दिखे।

बच्चों ने पुस्तकालय में रखीं पुस्तकों को देखा और समझा।विद्यालय भृमण से पूर्व पीएम श्री विद्यालयों से आये स्टाप का स्वागत किया कंपोजिट विद्यालय राजा का रामपुर से मंजू लता वर्मा अलीगंज से ऊषा चौहान मोहम्मद नगर बझेरा से व अन्य स्टाप का स्वागत जीडी इंटरनेशनल विद्यालय के स्टाप ने किया. वही पीएमश्री विद्यालयों को सर्वप्रथम उक्तविद्यालय के बच्चों ने स्वागत किया। सभी बच्चों तथा उनके साथ आए हुए सभी अध्यापक अध्यापिकाओं ने विद्यालय के विज्ञान प्रयोगशाला जैसे-फिजिक्स लैब केमिस्ट्री लैबबायो लैब कंप्यूटर लैब आर्ट एंड क्राफ्ट गैलरी तायकांडो रूम में विजिट किया साथ ही सभी कक्षाओं से संबंधित विद्यार्थियों ने कक्षा में बैठ कर विद्यालय में चल रहे पठन- पाठन के तरीकों को देखा और सिखा। इसी क्रम में स्मार्ट क्लास रूम के माध्यम से विद्यालय के अध्यापकों में मान एस पी सिंह भयदीप तथा आदिल ने बच्चो को मोटिवेशनल स्टोरी के माध्यम से मोटिवेट किया।

विद्यालय की टायकांडों शिक्षिका भारती में ने सेल्फ प्रोटेक्शन के आर्ट से परिचय कराया। आयोजित खेलों में विजेता टीम को, विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. त्रिपुरेश कुमार पाण्डेय ने सर्टिफिकेट प्रदान किया।विद्यालय के प्रबंधन समिति ने भी बच्चों का उत्साह बर्धन किया।

## डीएम-एसपी ने श्री तपेश्वर नाथ धाम मंदिर का किया निरीक्षण



लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सोमवार को संयुक्त रूप से पीढ़ी स्थित श्री तपेश्वर नाथ धाम मंदिर का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों तथा मंदिर कमेटी के सदस्यों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सीसीटीवी कैमरे, प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था, पार्किंग, पीने हेतु पानी, शौचालय, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी तिलोई अमित सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी तिलोई, डीपीआरओ मनोज त्यागी, मंदिर कमेटी के सदस्यगण सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम, एसपी द्वारा रेलवे स्टेशन का किया गया निरीक्षण

**अमेठी।** महाकुंभ 2025 एवं आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को लेकर रात्रि में जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा रेलवे स्टेशन गौरीगंज का स्थलीय निरीक्षण कर श्रद्धालुओं/यात्रियों के सुगम आवागमन तथा उनकी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। डीएम व एसपी द्वारा रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे, प्रकाश, वाहन पार्किंग, प्रतीक्षालय, पेयजल, पूछताछ/सहायता केंद्र एवं अन्य व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया एवं स्टेशन अधीक्षक तथा अन्य संबंधित अधिकारियों एवं रेलवे सुरक्षा बल के कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## औरास में हुआ पीडीए पंचायत कार्यक्रम संपन्न




लोकमित्र संवाद

**हसनगंज उन्नाव।** विकास खण्ड औरास मे आज विधानसभा अध्यक्ष अशोक सिंह चौहान जी के नेतृत्व व मुख्य अतिथि सबके सुख दुख की साथी पूर्व सांसद मा.अन्नू टंडन जी की उपस्थिति में ब्क्ष्ट पंचायत कार्यक्रम का सफल आयोजन सेक्टर 5 औरास के ग्राम शिवाला में ब्लॉक अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह जी, नि.नगर अध्यक्ष जितेंद्र विश्वाश जी व जोनल प्रभारी राजेश जी द्वारा किया गया जिसकी अध्यक्षता क्क्षष्ट राकेश वर्मा ने की कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला सचिव शिव सिंह चौहान जी, नि. राष्ट्रीय सचिव छात्रसभा राहुल यादव जी, जिला उपाध्यक्ष शिक्षक सभा रामआसरे यादव जी, कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतराम जी ने किया, विधानसभा सचिव शिवशंकर मौर्या जी,सेक्टर प्रभारी दीपू शर्मा जी, शैलेन्द्र कुमार जी, बादल सिंह जी, ब्लॉक उपाध्यक्ष सोमेन्द्र कुमार जी, विश्वजीत जी व अन्य समाजवादी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मोदी का बजट गरीब कल्याण को समर्थितः एमएलसी अनूप




लोकमित्र ब्यूरो

**उन्नाव।** मोदी सरकार द्वारा पेश किया गया बजट भाजपा सरकार के महापुरुषों के दिखाए गए रास्ते को चरितार्थ करते हुए गरीब कल्याण को समर्पित है। यह बात प्रदेश महामंत्री एमएलसी अनूप गुप्ता ने भाजपा कार्यालय उन्नाव में केंद्रीय बजट को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। श्री गुप्ता ने कहा 2025-26 का केंद्रीय बजट ऐतिहासिक है। यह बजट विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार करने वाला है। बजट अर्थव्यवस्था को गति देने के साथ-साथ गरीब, किसान, महिला, युवा और मध्यम वर्ग के सशक्तिकरण पर केंद्रित है। जिलाध्यक्ष भाजपा अवधेश कटियार ने कहा यह बजट छह प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित है, अर्थात कराधान, ऊर्जा क्षेत्र, शहरी विकास, वित्तीय क्षेत्र, नियामक सुधार और खनन। इस बजट का लक्ष्य एक व्यापक छह-आयामी दृष्टिकोण पर आधारित है, जिसने विकास की गति देना, समावेशी विकास को सुरक्षित करना, भारत के मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति को बढ़ाना, निजी क्षेत्र के निवेश की प्रेरित करना और घरेलू भावना की सशक्त करना शामिल है। गोष्ठी में मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री माननीय अनूप गुप्ता सहित जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार विधायक पंकज गुप्ता अभियान संयोजक मनीष जायसवाल कृष्ण कुमार वर्मा प्रवीण सिंह नूतन कमल बाजपेई जिला मीडिया प्रभारी समीर शुक्ला बड़ी संख्या में व्यापारी, उद्यमी, स्वयं सहायता की बहने डॉक्टर किसान वकील प्रोफेसर इंजीनियर पुजारी कथा वाचक सीए अकाउंट के सीनियर विद्यार्थी सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## धूमधाम से समाजवादी पार्टी के लोग चला रहे हैं पीडीए कार्यक्रम

लोक मित्र संवाद

**असोहा उन्नाव।** समाजवादी पार्टी के मुखिया के आवाहन पर पुरवा विधान सभा क्षेत्र मे जगह-जगह जनता से संवाद करने हेतु पी डी ए माध्यम से संपन्न कराए जा रहे हैं कार्यक्रम असोहा क्षेत्र के अंतर्गत इधर एक सप्ताह में समाजवादी पार्टी के मुख्याअखिलेश यादव के आवाहन पर जनता के बीच कार्यकर्ताओं को जाकर पिछडे दलित अल्पसंख्यकों को जोड़ने की नीयत से पीड़ी ए नाम का कार्यक्रम चलाया जा रहा है इस कार्यक्रम में जनता को सरकार की कमियों या गरीब तब के के लोगों को न्याय न मिलने भ्रष्टाचार कुशासन सरकार की हर क्षेत्र में असफलता बात कर जनता को जोड़ने के लिए समाजवादी प्रयासरत है इसी कड़ी में महीपत खेड़ा समाधा मैं जोरदार कार्यक्रम संपन्न हुए समाधा में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जहां बराती लाल गौतम ने की वहीं पर वहीं पर महीपति खेड़ा में संपन्न कार्यक्रम पूर्व प्रमुख राजकुमार रावत के नेतृत्व में संपन्न हुआ बतौर मुख्य अतिथि पधारे पूर्व पुरवा विधायक उदय राज यादव और समाजवादी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील साजन प्रदेश पार्टी के सचिव सुनील रावत शहित दर्जनों वक्ताओं ने सरकार के प्रति जहर उगलने का काम किया तथा वर्तमान की प्रदेश व राष्ट्रीय भाजपा पार्टी को समाज के लिए घातक बताया कार्यक्रम के संयोजक प्रधानपति हरकेश यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि अब दूर नहीं है जब आप लोगों के सहयोग से आने वाले चुनाव में परिवर्तन होने जा रहा है और 2027 में समाजवादियों की सरकार बनने जा रही है भीड़ को देखकर मुख्य अतिथि व अन्य पदाधिकारी काफी गदगद दिखे।

## प्रतियोगिता के समापन पर विजेता व उपविजेता टीम को दिया गया पुरस्कार

लोकमित्र ब्यूरो



**अमेठी।** खेल निदेशालय के निर्देशानुसार वर्ष 2024-25 में ओपन स्टेट आमंत्रण पुरूष हैण्डबाल प्रतियोगिता 15 फरवरी 2025 को जनपद के डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम अमेठी में आयोजित किया गया। उक्त प्रतियोगिता के तीसरे दिन मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी ने समापन समारोह में उपस्थित खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए प्रतियोगिता में विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया तथा इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सचिव उ0प्र0 हैण्डबाल संघ के अमित पाण्डेय उपस्थित रहे। उप क्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद ने बताया कि तीसरे दिन पुरूष हैण्डबाल प्रतियोगिता का क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय सेमीफाइनल तथा फाइनल मैच दो टीमों (टीम-ए तथा टीम-बी) के मध्य खेला गया, जिसमें प्रथम सेमीफाइनल मैच में लखनऊ मण्डल ने 19-17 से वाराणसी मण्डल एवं द्वितीय सेमीफाइनल मैच में मऊ जनपद ने 23-21 से अयोध्या मण्डल को पराजित करते हुए फाइनल मैच में मऊ जनपद ने 30-20 से लखनऊ जनपद को हराकर विजेता टीम घोषित हुई। इस दौरान उपक्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद एवं मो0 मोसर्रफ खॉ ने अतिथियों का स्वागत कर उनका आभार व्यक्त किया तथा प्रतियोगिता के आयोजन में निर्णायक के रूप में सूर्यभान, अमित कुमार पाण्डेय, विमलेश ध्रुव, उज्ज्वल सोनकर, प्रसुमन आनन्द, नवनीत सिंह, प्रेम प्रकाश सिंह, पंकज यादव, निलेश, मनोज कुमार सिंह, जय सिंह, बीरबल शर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा किया। उन्होंने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में खेल विभाग अमेठी के कनिष्ठ सहायक शिव कुमार मौर्य एवं प्रशिक्षक राम आसरे यादव, मो0 नदीम, मो0 आरिफ, लबली तिवारी ने उपस्थित रहकर प्रतियोगिता के आयोजन में अमूल्य योगदान दिया।

## खाद्यय बिभाग ने खाद्यय सामग्री बेंच रहे दुकानदारों को मिलावटी सामान न बेंचने को कहा

**रामनगर।** लोधेश्वर महादेवा में चल रहे फाल्गुनी मेले में खाद्यय सुरक्षा अधिकारी भगौती प्रसाद और डॉ अंकिता यादव ने मेले में लगी दुकानों का निरीक्षण कर साफ कराई से शुद्ध खाद्यय सामग्री बिक्री करने के निर्देश दिए।अधिकारियों ने कहा कि मिठाई और अन्य खाद्य पदार्थों में किसी भी प्रकार के रंग का प्रयोग न किया जाए। खाद्यय पदार्थों को ढककर रखने और उनमें वर्क का उपयोग न करने के निर्देश दिए। स्वच्छता पर विशेष जोर देते हुए कहा है कि मल् खाना बनाने वाले कर्मचारियों के लिए टोपी पहनना अनिवार्य है।विभाग ने सभी दुकानदारों के लिए एक नई व्यवस्था लागू की है जिसके तहत उन्हें आधार कार्ड और दो फोटो के साथ लाइसेंस बनवाना अनिवार्य होगा। यह लाइसेंस बाराबंकी के सभी मेलों में मान्य होगा। अधिकारियों ने दुकानदारो से कहा कि यदि किसी भी दुकान पर रंग युक्त खाद्य पदार्थ पाए गए तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## आम जनता महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी से त्रस्त

लोकमित्र ब्यूरो



**बाराबंकी।** भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण महंगाई लगातार बढ़ रही है। जीडीपी लगातार गिर रही है। आम जनता महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी से त्रस्त है। भाजपा को आम जनता की परेशानियों की कोई चिंता नहीं है। उक्त विचार आज विधानसभा रामनगर के अंतर्गत ग्राम रामनगर,बदोसरय,किन्तुर व रामपुर में चौपाल लगाकर पूर्व ब्लाक प्रमुख यासिर अराफ़ात किदवाई ने व्यक्त किये। श्री यासिर अराफ़ात किदवाई ने आगे कहा सरकार चंद पूंजीपतियों के लिए काम कर रही है। मध्यम वर्ग, गरीब परेशान है।

दाल, तेल, मसाले, सब्जियों से लेकर खाने पीने तक की हर चीज महंगी होने से लोगों की जेब पर गहरा असर पड़ रहा है। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस के दाम पहले से ही बढ़े हुए हैं। लोगों के पास काम नहीं है। उनकी आय भी कम हो गई है जबकि खर्च बढ़ गया है। भाजपा सरकार देश में नफरत फैला रही है।

सौहार्द को खत्म कर रही है। देश को साम्प्रदायिक आग में झोंक रही है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से ध्यान हटाकर सरकार जनता को आपस में लड़ाने का काम कर रही है। भाजपा सरकार पूरी तरह से नकारात्मक एजेंडे पर काम कर रही है।

नोटबंदी, जीएसटी से व्यापार चौपट हो गया है, जिसके कारण देश की अर्थव्यवस्था तबाह हो गई है। उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल है। विकास कार्य ठप है। इस सरकार की योजनाएं पूरी तरह से गरीब विरोधी हैं। महंगाई रोकने के लिए भाजपा सरकार के पास न तो कोई नीति है और न उसकी नीयत है। इसने आम जनता को अपने हाल पर छोड़ दिया है।

उक्त चौपाल में विनोद यादव, सलमान, दरगही, धरमू, ब्लॉक अध्यक्ष बृजेश गौतम, मुख्तार, मासूम अली, बी डी खान, निजाम भाई, इसरार अहमद, पाचू यादव आज लोग मौजूद थे।

## गैर राज्यों से आए श्रद्धालुओं के वाहन शहर में कर गए प्रवेश

**वाराणसी।** वाराणसी पिछले एक माह से चौतरफा जाम की चपेट में हैं। एंबुलेंस भी जाम में फंस रही हैं जिससे मरीजों की जान पर बन रही है। सायरन लगातार बज रहे और जाम हटवाने में पुलिस के पसीने छूट रहे हैं। गैर राज्यों से आने वाली हजारों गाड़ियों के शहर में प्रवेश करने के कारण वाहनों का दबाव बढ़ गया है। सभी प्रवेश मार्ग पर जाम लगा है। हालात कुछ ऐसे हैं कि मंदिर परिक्षेत्र में पैर रखने की भी जगह नहीं। मैदागिन से गोदौलिया, अस्सी तक चौतरफा लोगों की भीड़ ही नजर आ रही है। दर्शन पूजन के लिए आने वाले यात्री अपने वाहन सड़क किनारे खड़े करके चले जा रहे। सड़क के दोनों तरफ वाहन खड़े होने से जाम लग जा रहा। फेरलेन, रिंग रोड से लेकर शहर की संकरी गलियां तक चोक है। चौराहे, तिराहे पर एक मिनट में ही वाहनों की लंबी कतारें लग जा रही। सोमवार को वाराणसी में वाहनों का अधिक दबाव रहता है।

## युवक का नीम के पेड़ से लटकता मिला शव

लोकमित्र संवाद



**हसनगंज उन्नाव।** उन्नाव के कोतवाली क्षेत्र हसनगंज में किसान रामदयाल उर्फ छोटू गौतम (35) का संदिग्ध परिस्थिति में नीम के पेड़ पर फांसी लगा मिला शव।मृतक के पिता महादेव ने बताया कि उनकी बहू श्रीमती द्वारा दायर किए गए कोर्ट केस की पहली तारीख थी, जिसकी नोटिस एक दिन पहले ही मिली थी।काशीराम खेड़ा गांव के निवासी रामदयाल पारिवारिक कलह से जूझ रहे थे। उनकी पत्नी पिछले 8 महीने से अपने मायके औरास विकासखंड के गांव गहराव में रह रही थी।दंपती की कोई संतान नहीं थी। रामदयाल अपने माता-पिता के इकलौते बेटे थे और खेती-किसानी व मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करते थे।घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों में सनसनी फैल गई जिसकी सूचना पुलिस को भी हो गई और पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई। हसनगंज कोतवाली प्रभारी संदीप शुक्ला के अनुसार, शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। मृतक के ससुराल पक्ष को सूचना दी गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### दबंगों ने किया खेत पर अबैध कब्जा,विरोध पर दबंगों ने पीटा

लोकमित्र ब्यूरो

धौरहरा-खीरी। पढुआ थाना क्षेत्र के पचासा गांव निवासी एक किसान के खेत पर कुछ दबंगों ने अबैध रूप से कब्जा कर पिलर लगाकर तार लगा दिया। जब पीड़ित ने इसका विरोध किया तो मारा पीटा।

पढुआ थाना क्षेत्र के पचासा मजरा जंगल सुजानपुर गांव निवासी रामनरेश पुत्र छोटेलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका खेत एक एकड़ ग्राम सभा जंगल सुजानपुर में है। शनिवार शांम को गांव पचासा के ही शिवप्रसाद व नरेश पुत्र गण उमराव व संतोष कुमार पुत्र शिवकुमार ने जबरन खेत पर कब्जा कर तार की बाड़ लगा दी। जब रविवार को पीड़ित को जानकारी हुई तो वह अपने खेत पर गया। और आरोपियों से खेत में तार लगाने के बारे भी पूंछा जिससे नाराज हो आरोपियों ने उसकी पिटाई कर दी। पीड़ित ने पढुआ थाने में तहरीर दी है। थानाध्यक्ष पढुआ निराला तिवारी ने बताया मामले की जांच की जा रही है आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही होगी।

### परिवारिक कलह मे सुलह समझौता करावा कर की गयी विदाई



लखीमपुर-खीरी। महिला थाने में कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक साधना यादव एवं काउंसलरों के सहयोग से 07 पारिवारिक विवादों में पति-पत्नी के मध्य सुलह समझौता कराके विदाई कराई गई है। बताते चलें कि पति-पत्नी व परिवारों के मध्य बढ़ाते विवाद जैसे घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, साझी गृहस्थी में निवास को लेकर एवं पारिवारिक कलह की शिकायती प्रार्थना पत्रों में कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक साधना यादव द्वारा प्रत्येक रविवार को महिला थाना परिसर में काउंसलरों के माध्यम से सुलह समझौता करने का प्रयास किया जाता रहा है,इसी क्रम में काउंसलर श्री कय्यूम अली जरवानी,सुश्री कुसुम गुप्ता महिला आरक्षी सीता,सारिका चौहान, बबली पवार के अर्थक प्रयास से एक दर्जन शिकायती प्रार्थना पत्रों सुला समझौते से 07 जोड़ों की विदाई कराई गई, 05 शिकायती प्रार्थना पत्रों को में को एक सप्ताह का सोचने समझने का समय दिया गया है।

### डैशबोर्ड पर खराब प्रदर्शन वाले अधिकारियों को डीएम की फटकार

गोण्डा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने सीएम डैशबोर्ड पर विकास कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान कड़ा रुख अपनाया है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम ने आवास विकास के कार्यकारी अभियंता का वेतन रोकने के निर्देश दिए। यह कार्रवाई उनके खराब प्रदर्शन और बैठकों में लगातार अनुपस्थित रहने के कारण की गई।डीएम ने प्रोजेक्टर के माध्यम से विभिन्न विभागों की प्रगति की गहन समीक्षा की, जिसमें एनआरएलएम, पंचायती राज, जलजीवन मिशन, पीडब्ल्यूडी, माध्यमिक शिक्षा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान और पशुपालन विभाग शामिल थे। उन्होंने सभी विभागों को कार्यों की शत-प्रतिशत फीडिंग करने और रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए। विशेष रूप से पर्यटन विभाग की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को सीएम डैशबोर्ड की निरंतर निगरानी करने और योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही चेतावनी दी कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफविभागीय कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय-सीमा में कार्यों को पूरा करना और रैंकिंग में सुधार लाना प्रत्येक विभाग की जिम्मेदारी है। छोटी से छोटी कमियों को दूर कर प्रदर्शन में सुधार करना अनिवार्य है।

### प्रधान ने साथियों संग की युवक की पिटाई,पेड़ काटने का मामला किया था उजागर

गोण्डा। मनकापुर में एक युवक को ग्राम प्रधान और उसके साथियों द्वारा प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है। घटना ककरघटा गांव की है। जहां राजेश यादव नाम के युवक ने 30 जुलाई को ट्विटर पर एक पोस्ट को फॉरवर्ड किया था, जिसमें ग्राम प्रधान द्वारा हरे सागौन के पेड़ काटने का मामला उजागर किया गया था। इस ट्वीट के बाद वन विभाग ने कार्रवाई की, जिससे नाराज होकर ग्राम प्रधान श्याम नारायण वर्मा और उनके पांच साथियों ने 31 जुलाई की शाम को राजेश यादव पर हमला कर दिया। घटना हथियागढ़ से घर लौटते समय सोनी ढाबा के पास हुई, जहां आरोपियों ने न केवल राजेश की पिटाई की, बल्कि उनकी सोने की चेन भी लूट ली और मोबाइल फोन तोड़ दिया। पीड़ित की शिकायत पर छपिया पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इतना ही नहीं, पुलिस ने ग्राम प्रधान के दबाव में पीड़ित के खिलाफही मुकदमा दर्ज कर दिया। न्याय के लिए राजेश को अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ा। न्यायालय के आदेश के बाद अब छपिया पुलिस ने ग्राम प्रधान श्याम नारायण वर्मा सहित 6 लोगों के खिलाफमारपीट, डकैती और धमकी समेत विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

### अखिलेश मेहनत से नहीं विरासत में बने थेः मंत्री गिरीश

वाराणसी। वाराणसी पहुंचे योगी आदित्यनाथ कैबिनेट के स्वतंत्र प्रभार मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को आड़े हाथ लिया है। गिरीश यादव ने अखिलेश यादव के बयान पर पलटवार करते हुए कहा अखिलेश को नकारात्मक टिप्पणी करने की आदत है। ऐसा करने से वो सनातन का अपमान कर रहे हैं और उन्हें इससे सत्ता नहीं मिलेगी। वहीं महाकुंभ पर लगातार अखिलेश यादव के बयानों पर उन्होंने कहा- कुंभ की सराहना पूरी दुनिया कर रही है। पूरी दुनिया में उसके आयोजन की सराहना हो रही है। जो स्नान करने आ रहा है। वो कर रहा है। अखिलेश यादव नकारात्मक टिप्पणी करते रहते हैं। ये उनकी आदत है। मंत्री गिरीश चंद्र यादव वाराणसी में दिव्यांग क्रिकेट प्रतियोगिता और पद्मश्री मोहम्मद शाहिद हॉकी प्रतियोगिता का उद्घाटन करने के लिए पहुंचे हैं। सबसे पहले उन्होंने सिगरा स्टेडियम में दिव्यांग क्रिकेटरों से मुलाकात की। इसके बाद वो बीएचयू स्थित एस्ट्रो टर्फपर हॉकी प्रतियोगिता के उद्घाटन के लिए रवाना हो गए। अखिलेश यादव को नकारात्मक टिप्पणी करने की आदत है। उनको जनता नकार चुकी है। वो बौखलाहट में कुछ भी बोलते रहते हैं। सनातन का हर समय अपमान करते रहे हैं।

### स्टेशनों पर बढ़ी सतर्कता, स्टेशनों पर लगातार अनाउंसमेंट

वाराणसी। दिल्ली में हुई भगदड़ से मौत के बाद रेलवे प्रशासन अलर्ट मोड में है। फुट ओवर ब्रिज पर और प्लेटफार्म पर भीड़ को लेकर विशेष सतर्कता बढ़ती जा रही है। सबसे अधिक जोर रेलवे स्टेशनों पर होने वाली अनाउंसमेंट को लेकर है। रेलवे बोर्ड की गाइडलाइन का हवाला देते हुए एडीआरएम ने निर्देश दिया है कि किसी भी हाल में प्लेटफार्म नहीं बदले जाएं। फुट ओवर ब्रिज पर किसी भी हालत में लोग बैठे नहीं, उन्हें सर्कुलेटिंग एरिया में भेजा जाए। रेलवे ने अपनी स्पेशल प्रोटेक्शन फोर्स बुलाई है। गौरतलब है कि दिल्ली में ट्रेन के प्लेटफार्म बदलने की सूचना के बाद ही भगदड़ मची थी जिसमें महिलाओं और बच्चों समेत कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। रेलवे के अधिकारी और सुरक्षाकर्मी लगातार फुट और ब्रिज का चक्रमण कर रहे हैं और जो भी लोग फुटओवर ब्रिज पर बैठे रह रहे हैं उन्हें अपील कर वहां से हटाया जा रहा है। सीढ़ियों के आसपास भी निगरानी रखी जा रही है। सुरक्षा के लिहाज से एक्सलेटर बंद कर दिए गए हैं। भीड़ को देखते हुए लिफ्ट को भी बंद कर दिया गया है। प्लेटफार्म पर अधिक भीड़ न जुटे इसके लिए जिनकी ट्रेन लेट हैं, उन्हें सर्कुलेटिंग एरिया में रोका जा रहा है। जीआरपी, आरपीएफ, आरपीएसएफ, सीआरपीएफ के साथ ही सिविल पुलिस भी लगातार रेलवे स्टेशनों पर घूम कर रही हैं।

# क्रांतिकारी पत्रकार परिषद के विस्तार को लेकर हुई आवश्यक बैठक

- जिला अध्यक्ष इरफान अंसारी, महासचिव अंशु वर्मा, जिला प्रभारी हरीश पांडेय को प्रस्तावित किया गया
- नेताजी सुभाष चंद्र बोस के आदर्शों पर चलने वाले संगठन की प्रथम बैठक में दिखा उत्साह

लोकमित्र ब्यूरो



लखीमपुर-खीरी। उत्तर-प्रदेश के लखीमपुर खीरी जनपद में क्रांतिकारी पत्रकार परिषद की पहली बैठक आयोजित की गई। केंद्रीय प्रमुख क्रांतिकारी संपादक माननीय अनिल दूबे आजाद के निर्देश पर आयोजित की गई इस बैठक में सर्वसम्मति से इरफान अंसारी को संगठन का जिलाध्यक्ष, अंशुल वर्मा को महासचिव तथा वरिष्ठ पत्रकार हरीश पांडेय को जिला प्रभारी के रूप में प्रस्तावित किया गया है। इस दौरान क्रांतिकारी पत्रकार परिषद की तरफ से बहराइच जिले से संजय शुक्ल व लखनऊ टीम से मृत्युंजय चौधरी मौजूद रहे। क्रांतिकारी पत्रकार परिषद के केंद्रीय प्रमुख एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल दूबे आजाद जी के निर्देशानुसार लखीमपुर खीरी जनपद के महेवागंज कस्बे में स्थित पंचायत भवन में संगठन की बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में खीरी जनपद के क्रांतिकारी पत्रकार परिषद के सैकड़ों सदस्य शामिल हुए। निर्धारित समय पर पत्रकार रामनिवास गुप्ता ने बैठक का संचालन शुरू किया। इस दौरान संगठन के सदस्यों ने क्रांतिकारी पत्रकार परिषद की तरफ से संजय शुक्ल व लखनऊ टीम से मृत्युंजय चौधरी समेत कार्यक्रम अध्यक्ष अखिलेश रस्तोगी को माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से लखीमपुर खीरी की जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का चयन करते हुए इरफान अंसारी को जिलाध्यक्ष, अंशु वर्मा को महासचिव तथा वरिष्ठ पत्रकार हरीश पांडेय को जिला प्रभारी के रूप में चयनित किया गया है। प्रदेश से आए हुए दोनों प्रभारीगण द्वारा विस्तार से संगठन का उद्देश्य और केंद्रीय प्रमुख का संदेश प्रस्तुत किया और उपस्थित पत्रकारों में जोश भरने का काम किया प्रभारी ने संतोष व्यक्त करते हुए नव प्रस्तावित समस्त पदाधिकारी को अपनी शुभकामना ज्ञापित किया है आने वाले समय में लखीमपुर संगठन की रीड साबित होगा ऐसी आशा वक्ताओं ने व्यक्त किया अपने उद्बोधन में लखीमपुर के समस्त कर्मचारियों अधिकारियों को भी आगाह किया कि अब क्रांतिकारी पत्रकार परिषद का गठन लखीमपुर जनपद में हो चुका है लोग अपनी कार्यशैली में सुधार लाएं और हमारे पत्रकार साथियों को भी सजग रहकर के पत्रकारिता करने की आवश्यकता है इस पर वरिष्ठ पत्रकारों ने अपना विचार व्यक्त किया है क्रांतिकारी पत्रकार परिषद का जिलाध्यक्ष चुने जाने पर इरफान अंसारी ने अपने सभी क्रांतिकारी पत्रकार साथियों को धन्यवाद प्रकट करते हुए कहा कि वह क्रांतिकारी पत्रकार परिषद के केंद्रीय प्रमुख द्वारा दिए गए दायित्व का तन मन और धन के साथ निर्वाह करेंगे।

इसके साथ ही वह परिषद के सभी सदस्यों समेत जिले के सभी पत्रकार साथियों की हर समस्या में हर संभव मदद करेंगे। इसके साथ ही क्रांतिकारी संगठन का विस्तार करेंगे। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जनपद के वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश रस्तोगी ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकारों को अपनी कलम की ताकत को पहचानना होगा, पत्रकार की कलम ही उसकी ताकत व पहचान होती है। पत्रकारों को एकजुट रहने की आवश्यकता है, इसमें क्रांतिकारी पत्रकार परिषद संगठन एक अहम् भूमिका निभायेगा। इस दौरान क्रांतिकारी पत्रकार परिषद के अन्य सदस्यों ने भी अपने अपने विचार रखे। बहराइच से आये प्रभारी संजय शुक्ला ने कहा कि क्रांतिकारी पत्रकार परिषद संगठन का देश के तमाम राज्यों तक विस्तार हो गया है, यह इकलौता संगठन है, जिसमें किसी भी प्रकार का शुल्क देय नहीं है, इसलिए सभी पत्रकारों को एकजुट होकर संगठन का विस्तार कर अपना सहयोग देना चाहिए।

कार्यक्रम के अंत में लखनऊ टीम से आये प्रभारी मृत्युंजय चौधरी ने जिलाध्यक्ष इरफान अंसारी, महासचिव अंशुल वर्मा व जिला प्रभारी हरीश पांडेय को बधाई देते हुए जिले भर से आये क्रांतिकारी पत्रकारों को एकजुट होकर निस्वार्थ भाव से संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि यह संगठन आपका अपना संगठन है, जितना हमारा संगठन मजबूत होगा, उतना ही हम स्वयं मजबूत होंगे। इसलिए आप सभी ईमानदारी से संगठन को विस्तार दें। आज की बैठक में जिला कार्यकारिणी के लिए जो नाम प्रस्तावित किए गए वह इस प्रकार हैं कमलजीत सिंह, सोनू पटेल, पंकज शर्मा, सुनीत बाजपेई, योगेश कुमार, रामनिवास गुप्ता, मोहम्मद इरफान गाजी, त्रिभुवन वर्मा, शरीफ अंसारी, रितेश कुमार, महताब अंसारी, शाबान सिद्दीकी मोहम्मद तहजुब थे।

इस दौरान बैठक में अतुल शुक्ला,अर्कवंशी प्रदीप सिंह रघुनायक, नीरज यादव, अंकित वर्मा, तनवीरूद्दीन अंसारी, अनूप शर्मा, अरविंद कुमार मिश्रा, नसरुद्दीन अंसारी, संदीप कुमार, राजेश राजपूत, राजू गिरि, अजय कुमार, नजर मोहम्मद, शफीउद्दीन अंसारी, खुर्शीद आलम, राहुल कुमार, अफजल अली, राजेश कुमार, पंकज राज, शिवम मिश्रा, अंकेश राजपूत, दुर्गा प्रसाद गोंड, नवीन गिरी, दिलीप कुमार गुप्ता, मनोज प्रजापति, रोशन, प्रियंका नीरज जायसवाल, सुनील यादव समेत अन्य दर्जनों पत्रकार साथी मौजूद रहे।

## छात्र की ट्रेन से गिरकर मौत, परीक्षा देने जा रहा था

गोण्डा। बाराबंकी में एक दर्दनाक हादसे में गौतम बुद्ध कॉलेज ऑफ फार्मेसी के 21 वर्षीय छात्र बसंत मौर्या की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। छपिया थाना क्षेत्र के मच्छमरवा गांव निवासी जगदीश मौर्या के इकलौते पुत्र बसंत रविवार को परीक्षा देने के लिए मसकनवा रेलवे स्टेशन से लखनऊ जा रहे थे। लखनऊ-बरौनी ट्रेन में सवार बसंत दोपहर में बाराबंकी के बिंदौरा के पास पैर फिसलने से ट्रेन से नीचे गिर गए। गंभीर रूप से घायल होने पर स्थानीय लोगों की मदद से रेलवे पुलिस ने उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए पीजीआई ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया, जहां उनकी मृत्यु हो गई। सोमवार को जब शव घर पहुंचा, तो परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के पिता जगदीश मौर्या, माता प्यारी देवी, 22 वर्षीय बड़ी बहन रूबी और 15 वर्षीय छोटी बहन रुची समेत सभी परिजन बिलख-बिलख कर रो पड़े। गांव के लोग भी शोक में डूब गए।

## कार और ट्रक मे हुई जोरदार टक्कर



- भाजपा जिलाध्यक्ष और संघ के विभाग प्रचारक बाल बाल बचे
- सिकंदराबाद के पास ट्रक से टकराई फॉर्च्यूनर, परखच्चे उड़े

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। जनपद के थाना नीमगांव क्षेत्र में पुलिस चौकी सिकंदराबाद के पास रविवार की रात सीतापुर के भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला और सीतापुर आरएसएस के विभाग प्रचारक अभिषेक कुमार फॉर्च्यूनर कार से किसी वैवाहिक समारोह में सिकंदराबाद आए थे। कार में ड्राइवर और दो गनर भी थे।

पुलिस चौकी के पास उनकी कार ट्रक से टकरा गई। कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि कार सवारों को हल्की फुल्की ही चोट आई। कार मौके पर ही खड़ी कर भाजपा जिलाध्यक्ष और संघ प्रचारक समेत सभी किसी अन्य वाहन से सीतापुर रवाना हो गए। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

## एक दिन के लिए शाखा प्रबंधक बनी लक्ष्मी



- गुदरिया में अध्ययनरत कक्षा 7 की है छात्रा

लोकमित्र ब्यूरो

धौरहरा-खीरी। उत्तर-प्रदेश सरकार के निर्देश पर चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज 5 कार्यक्रम के तहत सोमवार को विकास क्षेत्र धौरहरा के दो विद्यालयों में अध्ययनरत 50 छात्राओं के एक दल को बैंकिंग कामकाज प्रणाली की जानकारी साझा की गई।इस दौरान बच्चों के साथ शिक्षक गण मौजूद रहे।

जानकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को समान मे बराबरी का दर्जा देने के लिए मिशन शक्ति फेज 5 के तहत जिलाधिकारी व बेसिक शिक्षा अधिकारी खीरी के निर्देश पर विकास क्षेत्र धौरहरा क सविलियन विद्यालय सरसवा, प्राथमिक विद्यालय बम्हौरी व गुदरिया से संयुक्त 50 छात्राओं के एक दल ने सोमवार को पंजाब नेशनल बैंक गुदरिया का भ्रमण करते हुए बैंक मैनेजर अरविंद कुमार भास्कर, पारुल जायसवाल व सचिन कुमार गौड़ द्वारा स्वागत व जलपान कराने के बाद शाखा में कामकाज खाता खोलने की प्रक्रिया,जमा/निकासी/पर्ची/पास बुक व ऋण संबंधी मामलों में जानकारी साझा की गई।

इस दौरान खण्ड शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पाण्डेय, जिला समन्वयक बालिका शिक्षा रेनू श्रीवास्तव, शिक्षक अपनेष चंद्र वर्मा, जितेन्द्र जायसवाल, शिवबरन लाल मौर्य व शिखा श्रीवास्तव ने बच्चों के साथ प्रतिनिधि मंडल में मौजूद रहे। पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबंधक अरविंद कुमार भास्कर ने इस दौरान पी एम श्री विद्यालय गुदरिया में अध्ययनरत कक्षा 7 की छात्रा लक्ष्मी को एक दिन के लिए शाखा प्रबंधक बनाया गया।

## पहली बार वेस्ट टू वंडर थीम पर होगा फ्लावर शो, 23 फरवरी को सजेगी पुष्प प्रदर्शनी

लोकमित्र ब्यूरो

गोण्डा। जिले में पहली बार स्वच्छता और हरियाली को बढ़ावा देने के लिए एक अनूठे फ्लावर शो का आयोजन किया जा रहा है। राजा देवीबख्श सिंह रेलवे कॉलोनी जलाशय पर 23 फरवरी 2025 को होने वाले इस कार्यक्रम की थीम श्वेस्ट टू वंडरश् रखी गई है, जिसका मुख्य उद्देश्य कचरे से सुंदरता बनाने की कला को प्रोत्साहित करना है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में सरकारी विभाग, शिक्षण संस्थान, निजी संगठन और आम नागरिक हिस्सा लेंगे।

प्रतिभागियों को फ्लावर डेकोरेशन और गार्डनिंग में अनुपयोगी वस्तुओं का रचनात्मक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य नगरवासियों को प्रकृति से जोड़ना और उन्हें अपने घरों में किचन गार्डन विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने सभी विभागों को विशेष निर्देश दिए हैं। नगर पालिका परिषद कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई का जिम्मा संभालेगी।

कार्यक्रम से दो दिन पूर्व जलाशय और आसपास के क्षेत्र की विशेष सफाई की जाएगी और एक दिन पहले चूने का छिड़काव किया जाएगा। जल निगम (ग्रामीण) पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करेगा। फ्लावर शो में फूलों से सजी रंगोली, पुष्प मालाएं और विभिन्न कलाकृतियां आकर्षण का केंद्र होंगी। इस अनूठे आयोजन के माध्यम से गोंडा में स्वच्छता और सौंदर्य का नया अध्याय शुरू होगा, जो शहर को एक नई पहचान देगा। फ्लावर शो में तीन श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।

## विधवा ने एसडीएम पर लगाया बगैर कार्रवाई के ही भगा देने का आरोप

- एसडीएम बोली-आरोप निराधार, जमीन का दीवानी में लंवित है विवाद

लोकमित्र ब्यूरो



जलेसर/एटा। कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला गोपाल की एक विधवा वृद्धा द्वारा एसडीएम भावना विमल को एक शिकायती पत्र सौंपा गया। जिसमें गांव के ही नामजद दबंगो द्वारा उसकी निजी जमीन पर बल पूर्वक अवैध निर्माण कराये जाने का आरोप लगाया गया है। उक्त पीड़िता द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल एक खबर में एसडीएम जलेसर पर कार्रवाई नही किये जाने का भी आरोप लगाया गया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला गोपाल निवासी विधवा पीड़िता बिरमा देवी पत्नी दाताराम ने बताया कि सुबह एसडीएम भावना विमल को एक शिकायती पत्र सौंपा गया था। जिसमे कहा गया है कि ग्रामसभा बलेसरा के गाटा संख्या 231/0.0280 है0 उसकी निजी भूमि है। गांव के ही दबंग किस्म के रामप्रकाश पुत्र श्रीराम व उसके लड़के संजय यादव व उमेश यादव अपने हिस्से की जमीन में अपना मकान बना चुके है। अब उक्त आरोपियो ने पीड़िता की जमीन पर बलपूर्वक कब्जा कर लिया है। विरोध करने पर पीड़िता और उसके पुत्र धर्मेन्द्र को मारा पीटा गया। घटना की सूचना 112 डायल पुलिस को दी गयी। 112 पुलिस ने मौके पर आकर निर्माण कार्य रुकबा दिया है। पीड़िता ने एसडीएम से दबंगो द्वारा किये जा रहे अवैध निर्माण को स्थायी रूप से रुकबाये जाने की गुहार लगायी थी। मगर एसडीएम ने बिना कोई कार्रवाई किये ही उसे भगा दिया है। सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल एक खबर तेजी से वायरल हो गयी। जिसमें उक्त पीड़िता विरमा देवी द्वारा एसडीएम भावना विमल पर भी आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई नही करने, उसे अपने यहा से भगा दिये जाने तथा उसे न्याय नही दिलाये जाने का भी आरोप लगाया गया है। सोशल मीडिया के एक्स हैंडल पर की गयी यह शिकायत मुख्यमंत्री सहित शासन-प्रशासन के उच्च अधिकारियों को भेजी गई है। विवाद दीवानी न्यायालय में चल रहा है। दूसरे पक्ष द्वारा भी सभी कागजात दिखाये गये है। दूसरे पक्ष का आरोप है कि पीड़िता उसकी जमीन हड़पना चाहती है। फिर भी क्षेत्रीय लेखपाल को मौके पर भेजा गया है।

## चचेरे भाई-बहन का रेलवे ट्रैक पर मिला शव

गोण्डा। जनपद में रेलवे ट्रैक पर चचेरे भाई-बहन के शव मिले। दोनों ने देर रात मालगाड़ी से कटकर जान दे दी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना इटियाथोक थाना क्षेत्र के चिरौरा शाहबाजपुर रेलवे क्रॉसिंग की है। जैसराज पासवान (30) और निशा पासवान (25) का शव रेलवे ट्रैक पर मिला। ग्रामीणों ने बताया कि जैसराज और निशा देर रात में घर से निकले थे। कुछ ही देर बाद बलरामपुर से गोंडा की ओर जा रही मालगाड़ी की चपेट में आने से दोनों की मौत हो गई। जैसराज शादीशुदा था और उसकी एक बेटी भी है। इटियाथोक थाना अध्यक्ष शेषमणि पांडेय ने बताया कि रात करीब 2 बजे घटना की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने दोनों शवों को रेलवे ट्रैक से हटवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उन्होंने कहा- हम परिजनों से पूछताछ कर रहे हैं और पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## महादेवा आए श्रद्धालुओ ने कहा आवगमन सुबिधा के लिए रोड बेज बसों का संचालन रामनगर होकर ही हो

लोकमित्र ब्यूरो



रामनगर, बाराबंकी। महादेवा मेला तक आने ने की।उन्नाव से आए राम किशोर का कहना था कि कान्वर चढ़ाकर उनको अब घर वापस जाना है। केसरीपुर क्रासिंग पार कर रामनगर चौराहे से पहले ही रोडवेज बस मिल सके यह व्यवस्था बनाए रखना श्रद्धालुओ के हित मे है।कानपुर के शिवराज पुर से आए भारत का कहना था कि रामनगर होकर रोड बेज बसों का संचालन जरूरी है जो सीधे बाराबंकी होकर लखनऊ जाएं।

लखनऊ के बंथरा से आए राजाराम भी यही कह रहे थे कि यातायात साधन बंद न हो और न ही डायवर्जन हों।बड़े ट्रक,डमफर आदि भले दूसरे रास्ते से चले मगर बसे रामनगर होकर ही चलाई जाए। उन्नाव के माखी से आए शिव कुमार ने बताया कि महादेवा तक आने जाने की दिक्क़त न रहे इस लिए रोड बेज बसे इसी मार्ग से चलें।घूम कर आने से श्रदालुओ को दिक्क़ते होंगी। स्थानीय यात्रियों को हो रही दिक्क़तें मेला को देखते स्थानीय यात्रियों को भी दिक्क़तें उठानी पड़ रही। रामनगर,मसौली,बिंदौरा तक के लिए लखनऊ से रोड बेज बसे सवारिया नहीं बैठा रही है। ऐसे में इन स्थानों के यात्री बहुत परेशान हो रहे हैं। मार्ग डायवर्जन का हवाला देकर कैसरबाग या अवध डिपो की बसों के चालक परिचालक रामनगर, मसौली, बिंदौरा की सवारियों को नहीं बैठाते। यंहा तक का सफर करने वाले किसी तरफ जगह जगह वाहन बदल अपने गंतब्य पंहुच रहे है। बसों को भी बाराबंकी बाई पास से अंदर होकर सहाव पुर होकर सीधे रामनगर की ओर नहीं जाने दिया जा रहा है ऐसे मे बस वाले सिंगल लिंक मार्ग खोज कर आगे शहावपुर के पास निकल रहे है । वाहन चालकों द्वारा बस अड्डो पर कहा जाता है कि बहराइच गोंडा की सीधी सवारी बैठनी हो तो बैठे ।रामनगर मसौली बिंदौरा की तरफ बस नही जाएगी बल्कि महमूदाबाद होकर निकलेगी। इस मनमानी व्यवस्था पर विभागीय अफसरों द्वारा भी कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है।

## अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर किया प्रदर्शन

प्रकाशनार्थ




लखनऊ। अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर प्रदेशव्यापी अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा सोमवार को यहां लखनऊ पहुंची। आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के बैनरतले अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा के तहत यहां डीएम कार्यालय के समक्ष मांगो को लेकर अधिवक्ताओं ने एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं राष्ट्रीय महासचिव अनिल त्रिपाठी महेश की अगुवाई में हुंकार भरी। अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा के माध्यम से वकीलों ने यूपी सरकार से इसी बजट सत्र में प्रदेश में एडवोकेटस प्रोटेक्शन एक्ट को भी लागू कराए जाने की जोरदार मांग उठाई। वहीं अधिवक्ताओं ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 को अधिवक्ताओं के मौलिक अधिकार पर कुठाराघात करार दिया। अधिवक्ताओं ने कचहरी गेट पर मांगों के समर्थन में घंटो जमकर नारेबाजी की। वहीं प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि विधि के क्षेत्र में पारदर्शिता के लिए केन्द्र ने जो मसौदा सार्वजनिक किया है उसमें अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए विधिक प्राविधान नहीं लाया गया है। उन्होने कहा कि अधिवक्ताओं की हत्या अथवा उन पर आपराधिक हमले को लेकर केन्द्र को इस मसौदे में ऐसे आपराधिक केस को विशेष फास्ट टैऊक कोर्ट में विचारण का कड़ा प्राविधान लाया जाना चाहिए। वहीं उन्होनें यह भी कहा कि सरकार सभी बार एसोशिएसन को अर्धन्यायिक मान्यता की संवैधानिकता भी इस विधेयक में शामिल करे। उन्होनें कहा कि अधिवक्ताओं के सामूहिक अपमान को भी आपराधिक अवमानना में लाया जाना चाहिए। वहीं राष्ट्रीय महासचिव अनिल त्रिपाठी महेश ने कहा कि केंद्र के प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 में अधिवक्ताओं की हडताल पर प्रतिबंध लगाना वकीलों के मौलिक अधिकार तथा असहमति के अधिकार को छीनना है। वकीलों के विरोध प्रदर्शन का संयोजन लखनऊ मण्डल अध्यक्ष एवं अधिवक्ता आनन्द त्रिपाठी ने किया।

संक्षिप्त खबरें

## श्रद्धालुओं की सेवा हमारे लिए सौभाग्य की बात - अमल गुप्ता

**अयोध्या।** श्रीराम की नगरी अयोध्या के चूड़ामणि चौराहे पर अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता द्वारा आयोजित भंडारे के द्वितीय दिवस पर हजारों श्रद्धालुओं को भोजन कराया गया। महाकुंभ व अन्य स्थानों से लाखों की संख्या में अयोध्या आ रहे श्रद्धालुओं के लिए कल नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने इस भंडारे का उद्घाटन कर अपने हाथों से सभी में भोजन का वितरण किया था। भंडारे के द्वितीय दिवस पर उनके पुत्र व विधायक प्रतिनिधि अमल गुप्ता के द्वारा भंडारे को अनवरत चलाया जा रहा है उनके द्वारा आज भी हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की अन्न सेवा की गई। इस अवसर पर अमल गुप्ता ने कहा कि श्रद्धालुओं की सेवा करना हमारा सौभाग्य है नर सेवा नारायण सेवा व सेवा परमो धर्म का उद्देश्य लेकर चलाए जा रहे इस भंडारे का आयोजन कल भी जारी रहेगा। हमारी कोशिश है कि अयोध्या आने वाले तीर्थ यात्री श्रद्धालु यहां आकर आनंद की प्राप्ति करें। उन्होंने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि धर्म और सनातन के क्षेत्र में ऐसे भंडारा सेवा आयोजन आयोजित करने से पुण्य के भागीदार बनने का अवसर प्राप्त होता है।भंडारे पर रीना द्विवेदी,अरविंद सिंह, दीपक सिंह गब्बर,वीरेंद्र वर्मा,संजय गुप्ता, हरिभजन गौड़, देवता पटेल, लक्ष्मण वर्मा, दिनेश मिश्रा, डॉ0 हजारीलाल चौरसिया, सुदीप जायसवाल, मुन्ना दूबे सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विद्यालय में ग्राम प्रधान द्वारा आयोजित साइकिल वितरण, विधायक ने बच्चों को वितरित की साइकिल



**हैदरगंज- अयोध्या।** अयोध्या जिले के तारुन क्षेत्र स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय अहिरौला और प्राथमिक विद्यालय धौरहरा कुटी में वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गोसाईगंज विधायक अभय सिंह ने शिरकत की और सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

समारोह में खंड शिक्षा अधिकारी यशवंत कुमार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य देवनारायण पांडे और ग्राम प्रधान अमित जायसवाल ने आए हुए अतिथियों का स्वागत माला और शाल पहनाकर किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने समारोह को और भी रंगीन बना दिया।इस मौके पर ग्राम प्रधान अमित जायसवाल द्वारा साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गोसाईगंज विधायक अभय सिंह ने कक्षा 4 से 8 तक के उन बच्चों को साइकिल वितरित की, जिन्होंने अपने कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इन बच्चों में नीरज जायसवाल, नैंसी वर्मा, आकृति विश्वकर्मा, अर्पिता, और दीपांजलि पाठक शामिल थे। वहीं द्वितीय और तृतीय श्रेणी के बच्चों को दीवाल घड़ी उपहार स्वरूप दी गई।

ग्राम प्रधान अमित जायसवाल ने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से बच्चों को प्रोत्साहित किया गया है, और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन का सिलसिला जारी रखने की बात कही। कार्यक्रम टीडी सिंह प्रबंधक, देवनारायण पांडे प्रधानाचार्य, जैसराज प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक प्रवीण कुमार सिंह, चंद्रप्रकाश, सुशील सिंह, विंध्यवासिनी जायसवाल, कंचन यादव, विनय वर्मा एवं एम्पलाई नॉन एम्पलाई सेल्फ केयर टीम उत्तर प्रदेश के संस्थापक नवनीत यादव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## मां कामाख्या महोत्सव को लेकर क्षेत्र के लोगों के साथ आयोजित की गई बैठक

**अयोध्या।** मां कामाख्या के सात दिवसीय महोत्सव को मनाने को लेकर सोमवार को मां कामाख्या नगर पंचायत के कार्यालय में मां कामाख्या महोत्सव के सदस्यों के साथ साथ क्षेत्र के अन्य लोगों के साथ भी महोत्सव समिति की बैठक हुई इस अवसर पर 6 से 12 मार्च तक आयोजित मां कामाख्या महोत्सव को लेकर चर्चा की गई 6 मार्च से शुरू हो रहे इस महोत्सव के सफल आयोजन सहित विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया मां कामाख्या महोत्सव के मुख्य संरक्षक रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने कहा कि 6 मार्च से 12 मार्च तक मां कामाख्या का सात दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जाएगा जिसको लेकर आज बैठक की गई है यह महोत्सव पहली बार होने जा रहा है मां कामाख्या महोत्सव समिति के सदस्यों ने आपसी विचार विमर्श से निर्णय लिया है की ऐतिहासिक रूप से बड़े ही भव्यता के साथ मां कामाख्या महोत्सव को मनाया जाएगा इस महोत्सव के अध्यक्ष रविकांत तिवारी मोनू है मोनू तिवारी जी की मंशा है कि माता जी के इस स्थान पर एक भव्य कार्यक्रम हो जिसके तहत ये हो रहा है मां कामाख्या महोत्सव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मां कामाख्या का इतिहास पुराना है माता कामाख्या यहां पर सिद्ध पीठ के रूप में विराजमान है माता कामाख्या की चर्चा दुर्गा सप्तशती में भी पाई जाती है मुख्य संरक्षक ने बताया कि इस कार्यक्रम में आने के लिए सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ से भी निवेदन है किया गया है इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ला,भाजपा नेता तेज तिवारी, गन्ना समिति के चेयरमैन निर्मल शर्मा,दिनेश मिश्रा, किशोरी लाल भारती,बलवंत सिंह,कप्तान गिरी,उमाशंकर सिंह,बब्बन शुक्ला, वेद प्रकाश शुक्ला मां कामाख्या नगर पंचायत के सभासद गण मौजूद रहे।

## हाट-स्पॉट चिन्हित कर आपराधिक स्थलों की करें निगरानी

**बांदा।** अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने सोमवार को कमासिन थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि आपराधिक हाटस्पाट को चिन्हित करें और उनकी लगातार निगरानी की जाए। इसके साथ ही अभिलेखों का अवलोकन करते हुए उन्हें दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

एएसपी ने निरीक्षण के दौरान रजिस्टरों का अवलोकन किया और उन्हें दुरुस्त रखने की बात कही। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी से उनके थाना क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं के ग्राफ के बारे में जानकारी ली। निर्देशित किया गया कि ऐसे हॉटस्पॉट को चिन्हित करें जहां रात्रि के समय आपराधिक घटनाएं अधिक होती हैं। ऐसे स्थानों पर पुलिस लगातार भ्रमण करते हुए निगरानी करे। अपराधों की समीक्षा करते हुए माल मुकदमाती वाहनों के निस्तारण के बारे में निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान थाने मे विवेचनाओं की समीक्षा, अपहर्ताओं की बरामदगी के निर्देश दिए। साथ ही वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी व लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण कराना सुनिश्चित करें, ताकि प्रभावी पैरवी के माध्यम से अभियुक्तों को जल्द से जल्द सजा दिलाई जा सके। इस दौरान अपराध रजिस्टर, सीसीटीएनएस, महिला हेल्प डेस्क, थाना कार्यालयों, मेस व थाना परिसर में जल निकासी की व्यवस्था आदि को चेक किया।

## सरस्वती शिशु मंदिर में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**अयोध्या।** शिव लाल शर्मा सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर, तुलसी - नगर में वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम बड़े ही धूम धाम से मनाया गया द्य इस अवसर पर मुख्य अतिथि परम पूज्य संत महंथ कमल नयन महाराज, मुख्य वक्ता माननीय श्री राम जी सिंह प्रदेश निरीक्षक भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र, अवरीश कुमार (संभाग निरीक्षक, साकेत संभाग ) सुरेश (संभाग निरीक्षक, सीतापुर संभाग ) आदि उपस्थित रहें द्य परम पूज्य महाराज जी ने कहा कि हमें अपने राष्ट से प्रेम होना चाहिए द्य श्री राम जी सिंह ने कहा विद्या भारती के लक्ष्य को समझाया द्य विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य श्री ऋषभ नारायण ने आये हुए अतिथियों का परिचय कराया द्य बाँके बिहारी (समिति सदस्य) ने विद्यालय के प्रधानाचार्य की प्रसंशा की इतने अच्छे कार्यक्रम को सुनियोजित ढंग से संपन्न कराया ।

# अयोध्या में 300 पुलिस कर्मियों के लिए बनकर तैयार हुआ आवास

### तुलसी कन्या इंटर कॉलेज के पास हुआ तैयार, सीएम के विजन में शामिल था प्रोजेक्ट



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुसार रामनगरी में 300 पुलिस कर्मियों का आवास बनकर तैयार हो गया है। अयोध्या धाम में तुलसी कन्या इंटर कालेज के पीछे पुलिस विभाग की भूमि पर चार मंजिला इमारत के अब हैंडओवर की तैयारी की जा रही है। अगर सब कुछ ठीक ठाक रहा तो मार्च तक पुलिस विभाग को हैंडओवर हो जाएगा। पत्राचार किया जा रहा है।अयोध्या धाम में विभिन्न स्थलों पर ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों को अब तक अयोध्या ड्यूटी करने के लिए अयोध्या नगर से लगभग सात किमी जाना पड़ता था। कभी-कभी जाम या विभिन्न दिवस में लगाए जाने वाले प्रतिबंधों के समय जब वाहन प्रतिबंधित कर दिए जाते थे तो ऐसे समय मे मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। अब प्रदेश की योगी सरकार ने पुलिसकर्मियों की इस बड़ी समस्या का निदान कर दिया है। 300 पुलिसकर्मियों के रहने के लिए आवास बनाए जा चुके हैं।

### भवन में पीसी हॉल, कमांडेंट कक्ष भी

14 करोड की लागत से बने चार मंजिला भवन में न सिर्फ 300 पुलिसकर्मियों के रहने के इंतजाम हैं बल्कि पीसी हॉल, कमांडेंट कक्ष समेत तमाम अत्याधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम लिमिटेड के जेई रत्नेश ने बताया कि हमने डेडलाइन से पहले ही निर्माण पूरा कर लिया है। अब हैंडओवर होना है। इसके लिए पत्राचार किया जाना है। श्रेयांश ट्रेडिंग एंड कन्सट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट मैनेजर अश्वनी कुमार ने बताया कि हमने सारा कार्य जनवरी में ही पूरा कर लिए था। जीएम रचित वर्मा ने बताया भवन को अत्याधुनिक तरीके से तैयार कराया गया है।

## समर्थ पोर्टल के क्रियान्वयन को लेकर कुलपति ने समीक्षा बैठक की

**▸▸समर्थ से कार्यालयीय प्रणाली पारदर्शी बनेगी: कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में पूर्वाह्न समर्थ पोर्टल के क्रियान्वयन को लेकर कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल की अध्यक्षता में बैठक हुई। सर्वप्रथम कुलपति ने अधिकारियों एवं प्रभारियों से समर्थ पोर्टल पर अबतक किए गए कार्यों की समीक्षा की। कहा कि सभी कार्यालयीय प्रणाली को शत प्रतिशत समर्थ पोर्टल के माध्यम से करे। समग्र कियान्वयन के लिए टीम बनाकर कार्य को संपादित करें। बैठक में कुलपति प्रो0 गोयल ने कहा कि विश्वविद्यालय के प्रत्येक अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को पूरे मनोयोग से समर्थ पोर्टल पर कार्य करने होंगे। सभी सावधानी के साथ डेटा भरने का कार्य करें। समर्थ पार्टल ने कार्यालयीय प्रणाली को आसान कर दिया है। इसमें डेटा हमेशा सुरक्षित रहेगा और आसानी से फाइलों को टैऊक किया जा सकता है। इस बैठक के दौरान कुलपति प्रो0 गोयल ने समर्थ के कई माड्यूल पर प्रभारियों द्वारा क्रियान्वयन किए जाने का निर्देश दिया। कहा कि समर्थ से कार्यालयीय प्रणाली में पारदर्शी व्यवस्था बनेगी। इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। इस बैठक में वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ल, कुलसचिव उमानाथ, समर्थ नोडल् अधिकारी प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, प्रो0 एसके रायजादा, प्रो0 सिद्धार्थ शुक्ल, प्रो0 शैलेन्द्र वर्मा, उपकुलसचिव डॉ0 रीमा श्रीवास्तव व दिनेश कुमार मौर्य, प्रोग्रामर रवि प्रकाश मालवीय, प्रभारी लेखा संजय सिंह, प्रभारी भण्डार विष्णु यादव, अभियन्ता आरके सिंह, कृतिका निषाद, आशीष मौर्य सहित कई विभागों के प्रभारी मौजूद रहे।

## दो अलग-अलग घटनाओं में एक यात्री और दो बाराती गंभीर रूप से घायल

**अयोध्या।** दो अलग-अलग घटनाओं में एक यात्री और दो बाराती गंभीर रूप से घायल हो गए। ये घटनाएं हैदरगंज थाना क्षेत्र में घटीं। पहली दुर्घटना कस्बे के पास की है, जहां एक यात्री पप्पू पुत्र संतराम (उम्र लगभग 35 वर्ष) प्रयागराज से स्नान कर बस से लौट रहा था। रास्ते में वह बस के गेट से सड़क पर गिर पड़ा, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। घटना की जानकारी मिलते ही हेड कांस्टेबल कृष्ण कुमार यादव ने तुरंत पप्पू को इलाज के लिए भेजा। उसकी हालत गंभीर होने पर उसे दर्शन नगर ट्रामा सेंटर भेजा गया।दूसरी घटना सोमवार की भोर लगभग 2֊00 बजे की है, जब कुचेरा बाजार से बारात से लौट रही एक कार खपराडीह मोड़ पर पलट गई।

# एडी ने जिला चिकित्सालय का किया गहन निरीक्षण

### फिजिशियन कक्ष में पहुंचे एडी ने चिकित्सक को लगाई फटकार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** जिला चिकित्सालय अयोध्या में चल रही खबरों को लेकर सोमवार को अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ. एपी भार्गव ने अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। अपराह्न 12֊50 बजे डॉ. भार्गव ओपीडी कक्ष संख्या 15 में पहुंचे, जहां उन्होंने देखा कि फिजिशियन डॉ. प्रशांत द्विवेदी बिना एप्रेन के मरीजों की जांच कर रहे थे। इस पर उन्होंने डॉ. द्विवेदी को कड़ी फटकार लगाते हुए उनसे पूछा कि क्या यहां एक्सरे बाहरी संस्थान से करने की सलाह दी जाती है और क्या मरीजों को दवाइयां बाजार से लाने का दबाव डाला जाता है?एडी ने डॉक्टर से यह भी कहा कि ऐसी खबरें समाचार पत्रों में आ रही हैं, जो आपके और अस्पताल दोनों के लिए सही नहीं हैं। उन्होंने डॉ. द्विवेदी को भविष्य में इन मुद्दों पर विशेष ध्यान रखने की ताकीद दी। इसके बाद, डॉ. भार्गव ने अन्य ओपीडी कक्षों का भी निरीक्षण किया और अस्पताल के विभिन्न वार्डों का दौरा किया।मेडिकल वार्ड में तीमारदारों से बातचीत के दौरान उन्होंने सुना कि फिजिशियन डॉ. प्रशांत द्विवेदी समय पर राउंड पर नहीं आते, जिसके कारण मरीजों की जांच में देरी होती है और कई बार मरीजों को लंबे समय तक अस्पताल में रहना पड़ता है। इस पर एडी ने प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमरेंद्र सिन्हा से ऐसे चिकित्सकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया।आखिरकार, एडी ने आयुष्मान वार्ड का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्था की सराहना करते हुए सीएमएस को आभार भी व्यक्त किया।

# मांगलिक समारोह के वाहनों को अयोध्या में मिलेगी छूट



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** मांगलिक समारोह के मद्देनजर अयोध्या में वाहनों को प्रवेश की छूट दी जाएगी। यह निर्णय महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नै द्यय्यर के साथ हुई बैठक में लिया गया। इस मौके पर तय किया गया कि यात्रियों के सुविधा के लिए पोस्ट ऑफिस, देवकली, तुलसी उद्यान की गलियों को जाने वाले रास्ते पर लगाई गई वैरिकेडिंग को भी अधिक से अधिक खोलने का प्रयास किया जाएगा।

महापौर ने बताया कि गोंडा, बस्ती व आसपास के जिलों से शादी-विवाह के लिए अयोध्या आने वाले लोगों से अनुरोध है कि जिनका विवाह स्थल सड़क के पश्चिमी तरफ है, वे गुप्तार घाट, बंधा होते समारोह स्थल तक जाये तथा संबंधित गाड़ियों की सूचना पहले से प्रशासन को सुनिश्चित करा दें, जिससे समारोह स्थल तक जाने में असुविधा न हो।

उन्होंने बताया कि अयोध्या वासियों के लिए राम पथ पर स्थित (तुलसी उद्यान, पोस्ट ऑफिस तिरहा, छोटी देव काली मंदिर) बैरियरो को भीड़ की प्रवाह को देखते हुए अधिक से अधिक समय खोलने का प्रयास किया जाएगा।उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि कुम्भ मेले के दृष्टिगत अयोध्या में परीक्षार्थी, चिकित्सा सहायता या अन्य किसी प्रकार की आकस्मिक सहायता के लिए इन मोबाईल नंबरों 9415140105, 6386038499, 9125969281 पर संपर्क कर सकते हैं।

## गौहनिया गांव में बने एमआरएफ सेंटर का सभासदों ने किया निरीक्षण, कमियों को दूर करने की मांग

**गोसाईगंज (अयोध्या)।** शासन द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत गौहनिया गांव में लाखों रुपए की लागत से निर्मित एमआरएफ (मटीरियल रीसाइक्लिंग फैसिलिटी) सेंटर का बुधवार को पक्ष और विपक्ष के आधा दर्जन से अधिक सभासदों ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एमआरएफ सेंटर के बाहर ताला लगा हुआ पाया गया और अंदर कोई कर्मचारी ड्यूटी पर तैनात नहीं था।सभासदों के बुलाने पर रात्रि ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी लवकुश ने जब सेंटर का अंदर से निरीक्षण कराया, तो कंप्यूटर रूम सहित अन्य उपकरणों पर धूल की परत जमी हुई थी। इसके बाद यह स्पष्ट हुआ कि एमआरएफ सेंटर पर 4 कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई थी, लेकिन मौके पर कोई भी कर्मचारी नहीं था।इसकी शिकायत गोसाईगंज नगर पंचायत के सभासदों ने अधिशासी अधिकारी और अध्यक्ष को शिकायती पत्र भेजकर की। पत्र में भाजपा नेता रविन्द्र यादव, अवधेश स्वर्णकार, इम्तियाजुल हक उर्फ कल्लू कुरैशी, करुणाकर वर्मा, ध्रुव भोजवाल, मीनू गुप्ता, सोनम कनौजिया, आरती जयसवाल, प्रवीण कुमार कसौधन सहित अन्य सभासदों ने आरोप लगाया कि एमआरएफ सेंटर के नाम पर पंचायत प्रशासन द्वारा भारी गबन किया जा रहा है और सेंटर का रखरखाव ठीक से नहीं हो रहा।

सभासद रविन्द्र यादव ने बताया कि उन्होंने ईओ से मांग की है कि एक सप्ताह के भीतर एमआरएफ सेंटर से संबंधित सभी जरूरी दस्तावेज, जैसे जेनरेटर से संबंधित लॉगबुक, कर्मचारियों के ड्यूटी भुगतान की लॉगबुक और इस वित्तीय वर्ष में सेंटर के नाम पर किए गए भुगतान के रिकॉर्ड, 1 अप्रैल 2024 से 31 जनवरी 2025 तक की उपलब्ध कराई जाए।

## अवध विवि में हैंडीक्राफ्ट ऑफ अयोध्या पर कार्यशाला शुरू

### विद्यार्थी हैंडीक्राफ्ट की विभिन्न विधाओं से परिचित हुए



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर पीएम-उषा योजनान्तर्गत सोमावार को प्रौढ़ एवं सतत शिक्षा विभाग द्वारा संचालित फैशन डिजाइनिंग पाठ्यक्रम में 'हैंडीक्राफ्ट ऑफ अयोध्या' विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कला एवं मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो0 आशुतोष सिंन्हा, मुख्य अतिथि राजा मोहन पीजी कालेज की डॉ0 नेहा त्रिपाठी, प्रो0 फर्रूख जमाल, प्रो0 अनूप कुमार, विभागाध्यक्ष डॉ0 सुरेंद्र मिश्र द्वारा मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस पांच दिवसीय कार्यशाला के प्रथम दिन प्रतिभागियों को मैक्रेम आर्ट, लिप्पन आर्ट, कैण्डिल मेकिंग, रेसिन आर्ट, मधुबनी पेंटिंग, टेक्सचर आर्ट जैसी विधाओं से छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षित किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ0 सुरेंद्र मिश्र ने बताया कि कुलपति के निर्देश पर प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत विद्यार्थियों में हैंडीक्राफ्ट से प्रशिक्षित किया जायेगा। हैंडीक्राफ्ट वर्तमान में रोजगार के सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस समय हैंडीक्राफ्ट का विकासशील देशों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। कार्यशाला का संचालन डॉ0 विनीता मोटवानी द्वारा किया गया। इस अवसर पर शालिनी पाण्डेय, रत्नेश कुमार, अमित मिश्रा, डॉ0 प्रतिभा त्रिपाठी, डॉ0 सरिता पाठक विभागीय शिक्षक एवं प्रतिभागी मौजूद रहे।

## 330/ पर हुआ एक और सड़क हादसाएक नवयुवक की मृत्यु एक गंभीर घायल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुमारगंज -अयोध्या।** नेशनल हाईवे 330/ पर कुमारगंज के पास हुआ एक और सड़क हादसा जिसमें मोटरसाइकिल सवार गुलशन यादव पुत्र वंश राम निवासी सराय हेमराज [नेवाज का पुरवा] और आदित्य कुमार पुत्र संदीप कुमार निवासी सराय हेमराज नेवाज का पुरवा के रहने वाले शाम करीब 7֊15 बजे के लगभग घर जा रहे थे। बताया गया कि बरई पारा कुमारगंज के पास पहुंचे ही थे की सामने से उसी दिशा में ट्रैक्टर जा रहा था। अंधेरे में कुछ समझ ना पाने की वजह से पीछे से ट्राली में तेजी के साथ टकरा गए और गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगों ने दोनों बाइक सवारों को 100 सैया संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया जहां डाज़ अनमोल पाठक की टीम ने प्राथमिक इलाज कर हालत गंभीर देख गुलशन यादव को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वही दूसरे घायल आदित्य कुमार को मृत घोषित किया। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी कुमारगंज अमरजीत सिंह अपने सहयोगियों के साथ विधिक कार्यवाही में जुटे। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल।

# श्री अयोध्या न्यास द्वारा संचालित भण्डारा तीसरे चरण के सातवें दिन भी अनवरत जारी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** पूर्व सांसद लल्लू सिंह की संस्था श्री अयोध्या न्यास द्वारा भाजपा कार्यालय सिविल लाइन में संचालित भण्डारे के तीसरे चरण में सातवें दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। भण्डारा प्रात 10 बजे से प्रारम्भ होकर देर रात्रि 2 बजे तक अनवरत चल रहा है। भण्डारे का पहला चरण मौनी अमावस्या स्नान के समय 29, 30 तथा 31 जनवरी को चलाया गया था। बसंत पंचमी पर 3 व 4 फरवरी तथा माघ पूर्णिमा स्नान से अनवरत भण्डारे का संचालन किया जा रहा है।भण्डारे में देश की विभिन्न राज्यों समेत अन्य देशों के नागरिक भी पहुंच रहे है। भण्डारा स्थल पर आने वालों लोगों का अभिवादन किया जा रहा है। भक्तिमय संगीत की धुनों पर भक्ति मे लीन कुछ श्रद्धालुओं के पांव थिरकने लगते है। सब के मन में आराध्य के दर्शन की आस लिए श्रद्धालु भक्ति में लीन है। प्रभु श्री राम की मातृ भूमि पहुंचने पर उनका उल्लास अपने शीर्ष पर है। भण्डारे स्थल पर ही विश्रामालय की व्यवस्था की गई है। जहां श्रद्धालु रात्रि प्रवास भी कर रहे हैं। पार्टी कार्यकर्ता व भण्डारे की व्यवस्था में लगे स्वंयसेवक श्रद्धालुओं का स्नान व दर्शन को लेकर गाइडेंस कर रहे हैं। भण्डारे की व्यवस्था में लगे स्वंयसेवक रात से ही अगले दिन की व्यवस्था में जुट जाते हैं। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि जब तक श्रद्धालुओं का आवागमन सामान्य नही हो जाता है तब तक भण्डारे का अनवरत संचालन चलता रहेगा। अतिथि देवो भव के भाव के साथ सभी श्रद्धालुओं की सेवा की जा रही है।भण्डारे की व्यवस्था ओम प्रकाश सिंह, गिरीश पांडे डिप्पुल, वीरेंद्र बहादुर सिंह, दीपक पाठक, पंकज कनौजिया, सूरज सोनकर, राम धीरज पांडे, जिला जीत सिंह, अंकित दुबे, अनूप पांडे, आकाश गुलानी, अंकुर सिंह, सौभाग्य श्रीवास्तव, शिवम श्रीवास्तव, राज वर्मा, नन्हे गुप्ता, जय नारायण सिंह रिंकू, पार्षद संतोष सिंह, श्री कृष्ण, बृजेन्द्र सिंह, सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी देख रहे हैं।

# पर्यावरण को स्वस्थ एवं स्वच्छ रखने के लिए पौधों का संरक्षण जरूरी- अनवर जहां

## पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय देवरिया मुबारकपुर में इको क्लब दिवस पर पौधों की लगी प्रदर्शनी





**बलरामपुर।** सोमवार को शिक्षा क्षेत्र श्री दत्त गंज के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय देवरिया मुबारकपुर में यूथ इको क्लब दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को पर्यावरण के महत्व से अवगत कराते हुए स्कूल को हरा भरा रखने के लिए प्रेरित कियागया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रधानाध्यापिका अनवर जहां ने किया है। उन्होंने कहा कि यूथ इको क्लब के आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को पर्यावरण को स्वच्छ एवं स्वस्थ रखने के लिए जानकारी देना है इसके साथ-साथ पर्यावरण में पेड़ों के महत्व को बताना है। उन्होंने कहा कि इको क्लब के माध्यम से विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं को विविध हतरह के औषधि फल फूलों के पौधे लगाना है इसकी देखरेख की जिम्मेदारी विद्यालय में गठित एक क्लब पदाधिकारी करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों में जो पौधा लगाया उसे अपना नाम दिया है। कार्यक्रम में विद्यालय सहायक अध्यापक सुबोध मिश्रा ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित है तो मानव जीवन संरक्षित है ऐसे में हम सभी को वातावरण को हरा-भरा रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाकर उसका संरक्षण करना होगा ताकि भविष्य में पेड़ के अभाव में ऑक्सीजन की कमी न होने पाए। विद्यालय सहायक अध्यापिका सविता पांडे सौम्या मिश्रा सरफराज एवं अंकित चौधरी ने भी बच्चों सहित अभिभावकों से अपील किया है कि इको क्लब के सहयोगी बनकर पर्यावरण को हरा-भरा रखें विद्यालय अनुदेशक मिथिलेश कुमारी एवं वैभव त्रिपाठी , शिक्षामित्र गायत्री देवी ने बच्चों को औषधीय पौधों के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी देकर उनका रोपण करते हुए संरक्षण के लिए प्रेरित किया है उन्होंने कहा कि पर्यावरण के लिए स्वच्छता भी जरूरी है कचरा प्रबंधन के माध्यम से घरों एवं आसपास सफाई रखा जाए ताकि पर्यावरण प्रदूषण न होने पाए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न फल फूल एवं औषधि सहित छायादार पौधे लगाकर इको क्लब के उद्देश्यों को मूर्त रूप देने का कार्य किया है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं इको क्लब के पदाधिकारी ने फलदार छायादार औषधि पौधों की प्रदर्शनी लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया है।

# छात्रवृत्ति स्वीकृत समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में जनपदीय छात्रवृत्ति स्वीकृत समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

उक्त बैठक में सभी वर्गो के पूर्वदशम् छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत सन्देहास्पद डाटा पर कार्यवाही के सम्बन्ध में चर्चा की गई। सभी वर्गा के पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में पूर्वदशम् छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत राज्य इकाई, एन0आई0सी0, लखनऊ द्वारा प्राप्त कराये गये सन्देहास्पद डाटा पर कार्यवाही हेतु बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा पिछड़े वर्ग के कुल 6466 डाटा, सामान्य वर्ष के कुल 4418 डाटा, अनुसूचित वर्ग के कुल 1403 डाटा, अनुसूचित जनजाति के कुल 5 डाटा एवं अल्पसंख्यक वर्ग के कुल 549 डाटा को जिलाधिकारी द्वारा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का निर्णय लिया गया।

उक्त बैठक में मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, जिला पिछड़ावर्ग कल्याण अधिकारी नरेंद्र कुमार विश्वकर्मा, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला समाज कल्याण अधिकारी, सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कांग्रेसियों ने पुण्यतिथि पर कर्पूरी ठाकुर को किया याद



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** भारतरत्न व पूर्व मुख्यमंत्री स्व कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि कांग्रेसियों ने जिला कार्यालय में मनाई। कांग्रेस जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा शहर अध्यक्ष शकील अंसारी समेत दर्जनों नेताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। तत्पश्चात संगोष्ठी आयोजित कर उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने उनके विचारों और सिद्धांतों, सादगी, ईमानदारी एवं विकास कार्यों को याद करते हुए उनको भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि कर्पूरी ठाकुर जी ने जीवनपर्यंत शोषित व दलित समाज के उत्थान के लिए संघर्ष किया था।

उन्होंने मुख्यमंत्री पद ग्रहण करने के बाद अनेकों महत्वाकांक्षी योजनाएं लागू की जिसका लाभ सभी वर्ग के लोगों को मिला, लेकिन आज के समय में देश के अंदर संप्रदायिक ताकते हावी है,

जो महापुरुषों के सम्मान करने की बजाय उनको अपमानित करने का काम कर रही है। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कर्पूरी ठाकुर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें अपने बच्चों को उच्च शिक्षा देनी चाहिए। जब बच्चे शिक्षित होंगे तो आने वाले समय में यह आईएएस, वरिष्ठ पत्रकार, डॉक्टर, इंजीनियर, राजनेता, जज बनकर एक अच्छे भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएंगे। इस मौके पर अपरबल सिंह,नफीस फारुकी, तेज बहादुर पाठक, सुब्रत सिंह सनी, सलाउद्दीन हाशमी, शीतला साहू, कुर्बान अंसारी,डी.एन सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं की कार पलटी, पांच घायल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बल्दीराय/सुल्तानपुर।** महाकुंभ मेला से लौट रहे पर्यटकों की कार मांयग रोड मझवारा के निकट पलट गई जिसमें 5 लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने चोटिलों को इलाज के लिये सीएचसी धनपतगंज पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

ज्ञात रहे की सोमवार की सुबह धनपतगंज थाना क्षेत्र के मझवारा गांव के निकट महाकुंभ से लौटकर बस्ती के लिए जा रही कार पलट गई जिसमें पांच लोग घायल हो गए। कार पर सवार खुशी, राम सुमिरन राम प्रवेश, साबिती देवी, अमरनाथ निवासी जिला बस्ती को चोट लगी। घटना स्थल पर पहुंचे ग्रामीणों ने तत्काल चोटिलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनपतगंज पहुंचाया। वहां पर प्राथमिक उपचार के बाद सभी को वापस भेज दिया गया। चोटिलो का इलाज कर रहे सीएचसी प्रभारी डा अरुणेश ने बताया कि सभी चोटिलो का समुचित इलाज किया गया। सभी चोटिल खतरे से बाहर हैं।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के शैक्षिक माहौल को देखकर गदगद हुए पीएम श्री स्कूल के नौनिहाल

## शैक्षिक भ्रमण में छात्रों ने विज्ञान प्रयोगशाला व पुस्तकालय का जाना सच





**बलरामपुर।** सोमवार को सदर शिक्षा क्षेत्र के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय सिंघवापुर के छात्रों का एकदिवसीय शैक्षिक भ्रमण सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित हुआ। विद्यालय के बच्चों ने सरस्वती शिशु मंदिर के शैक्षिक गतिविधियों सहित विज्ञान लैब पुस्तकालय एवं शैक्षिक कक्षाओं का भ्रमण करते हुए विभिन्न गतिविधियों से रूबरू हुए हैं।

भ्रमण के दौरान कंपोजिट विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजय कुमार मिश्रा ने सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रबंधक डॉक्टर सतीश सिंह एवं प्रधानाचार्य बृजेश नारायण सिंह से मुलाकात करके बच्चों का परिचय कराया। प्रधानाचार्य ने बच्चों को विद्यालय का भ्रमण करते हुए सर्वप्रथम उनका अभिनंदन किया।

विद्यालय में कराई जा रही सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियों को अवगत कराते हुए स्मार्ट क्लास में ले जाकर वहां के सुविधाओं से अवगत कराया कंपोजिट विद्यालय के बच्चों को सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य ने पुस्तकालय भौतिक रसायन एवं जीव विज्ञान के प्रयोगशाला में रखे उपकरण से अवगत कराते हुए उन्हें विभिन्न जिज्ञासाओं को शांत किया प्रयोगशाला में उपलब्ध रसायन उपकरण एवं जीव जंतुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी विजिट के दौरान सदर खंड शिक्षा अधिकारी अशोक पाठक उपस्थित रहे जो बच्चों के जिज्ञासाओं को साझा करते हुए विस्तार से जानकारी दी।

प्रधानाचार्य ने सरस्वती शिशु मंदिर में कार्यरत अध्यापकों से कपोजिट विद्यालय के बच्चों एवं अध्यापकों से परिचय कराते हुए आगे की पढ़ाई के संबंध में जानकारी दीहै। विद्यालय के बच्चों ने इंटर के बच्चों से मिलकर खुशी का इजहार किया है। विद्यालय प्रबंधक डॉक्टर सतीश सिंह ने पीएम श्री के बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए निरंतर पढ़ाई के क्षेत्र में आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया है।

इस दौरान पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजय कुमार मिश्रा अध्यापिका खुशबू देवी, शिखा सिंह आदि ने बच्चों के विद्यालय स्थापना से लेकर इंटर कक्षा संचालन सहित अन्य जानकारी दी है। विद्यालय के शैक्षिक माहौल को देखते हुए कक्षा कक्षों का भ्रमण कर कंपोजिट विद्यालय के छात्र छात्राओं के खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

# खेलकूद से बच्चों की प्रतिभा में निखार आता है- मोनी बाबा

**सुल्तानपुर।** जिले के गोराबारिक के प्रांगण में क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। टूर्नामेंट का गोराबारिक के ग्राम प्रधान जामिन ने फीता काटकर शुभारंभ किया समाजसेवी एवं एवन फर्नीचर के प्रोपराइटर मोनी बाबा ने टूर्नामेंट के शुभारंभ के पश्चात कहा कि खेल प्रतियोगिताओं से बच्चों की प्रतिभा में निखार आता है ऐसे आयोजनों को किया जाना अति आवश्यक है समाजसेवी मोनी बाबा ने टूर्नामेंट में प्रतिभागी विजेता उपविजेता टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को टी-शर्ट भेंट करने की घोषणा की। टूर्नामेंट में कई टीमों ने प्रतिभाग किया टूर्नामेंट में उद्घाटन मैच अमहट की आकिब एलेवन टीम तथा तुराबखानी एलेवन के बीच खेला गया जिसमें तुराबखानी 11 टीम के द्वारा आकिब 11 को जोरदार झटका देते हुए चार रनों से हरा दिया इस अवसर पर अली खान, जुहैर अली, अली जाफर, अली मेंहदी, ग़दीर, चाँद अब्बास, अज़ादार हुसैन, सिराज बाली, सोनू व क्षेत्र के बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# सचित्र सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल गेट पर परीक्षा के दौरान छात्रों की तलाशी लेते परीक्षक

## इंटर शारीरिक शिक्षा में तीन छात्रों ने छोड़ी परीक्षा, बोर्ड के दूसरे दिन हाई स्कूल में 74 इंटर में 469 ने दी परीक्षा





**बलरामपुर।** सोमवार को सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के दूसरे दिन तीन केंद्र पर परीक्षा आयोजित की गई दो केंद्र पर हाई स्कूल एवं तीन केंद्र पर हाई स्कूल के साथ इंटरमीडिएट की परीक्षा संपन्न हुई है।

हाई स्कूल में 74 के सापेक्ष सभी उपस्थित रहे हैं इंटरमीडिएट में 472 के सापेक्ष 3 ने परीक्षा छोड़ दी है।जिले में सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल केंद्र पर हाई स्कूल में शारीरिक गतिविधि विषय में 39 छात्र पंजीकृत थे सभी उपस्थित रहे हैं

वहीं शारदा पब्लिक स्कूल केंद्र पर हाई स्कूल में 40 पंजीकृत छात्र में सभी ने परीक्षा दी है। इसी क्रम में सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल केंद्र पर इंटरमीडिएट में शारीरिक शिक्षा विषय में 198 में 195 उपस्थित रहे हैं तीन छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी है। विद्यालय केंद्र व्यवस्थापक मोहम्मद आसिम रूमी ने बताया कि केंद्र पर नकल विहीन शांतिपूर्ण परीक्षा जारी है। केंद्रीय विद्यालय केंद्र पर इंटरमीडिएट शारीरिक शिक्षा में 142 छात्र पंजीकृत रहे हैं सभी छात्र उपस्थित होकर परीक्षा दी है कोई भी छात्र अनुपस्थित नहीं रहा है। केंद्र व्यवस्थापक वीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि इस केंद्र पर हाई स्कूल शारीरिक शिक्षा की परीक्षा नहीं थी इंटरमीडिएट में 142 पंजीकृत थे सभी उपस्थित रहे हैं शारदा पब्लिक स्कूल व्यवस्थापक सुदीपा बोस ने बताया कि इंटरमीडिएट में 132 छात्र शारीरिक शिक्षा परीक्षा में पंजीकृत रहे हैं सभी उपस्थित रहे हैं। केंद्र पर शांतिपूर्ण परीक्षा जारीहै। इन तीनों केंद्रों पर जिले के 11 सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त इंग्लिश मीडियम विद्यालय के परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं।

### जिम्मेदार के बोल

केंद्रीय विद्यालय के केंद्र व्यवस्थापक वीरेंद्र सिंह की माने तो सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के दूसरे दिन तीन केंद्र पर इंटरमीडिएट शारीरिक शिक्षा विषय पर आयोजित हुई है। वही हाई स्कूल शारीरिक शिक्षा में सिर्फ दो केंद्र पर परीक्षा हुई है इनमें सेंट जेवियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवं शारदा पब्लिक स्कूल शामिल है। अभी केंद्र पर शांतिपूर्ण नकल विहीन परीक्षा हो रही है।

# इंटर अंग्रेजी साहित्यिक विषय में 224 ने दी परीक्षा

## जीसस मैरी स्कूल एंड कॉलेज केंद्र पर चल रही आईसीएस की परीक्षा



**बलरामपुर।** सोमवार को जीसस मैरी स्कूल एंड कॉलेज में आईसीएस इंटर अंग्रेजी साहित्यिक विषय की परीक्षा आयोजित की गई परीक्षा में 224 पंजीकृत छात्रों में सभी उपस्थित रहे हैं। परीक्षा शांतिपूर्ण नकल विहीन आयोजित होने की बात केंद्र व्यवस्थापक क्रेग बटरफील्ड ने दी है।

केंद्र व्यवस्थापक ने बताया कि सोमवार को आईसीएस इंटर अंग्रेजी साहित्य विषय की परीक्षा आयोजित हुई है इस केंद्र पर स्टार वर्ड्स पब्लिक स्कूल तुलसीपुर के 69, यशमय स्कूल गोंडा के 6 एवं जीसस मैरी स्कूल एंड कॉलेज के 149 छात्र परीक्षा दी है इस परीक्षा में सभी छात्र उपस्थित रहे हैं। केंद्र व्यवस्थापक ने बताया कि इस केंद्र पर तीन विद्यालय के परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं। हाई स्कूल की परीक्षा मंगलवार से शुरू होगी। परीक्षा सीसीटीवी एवं पुलिस सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी में आयोजित की जा रही है।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा बैठक हुई



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने बैंकवार लोन स्वीकृति की समीक्षा की और सभी बैंकों को निर्देश दिया कि अधिक से अधिक लोन स्वीकृत किया जाए। इसके संबंध में उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने ब्रांच वार सीडी रेशियों की रिपोर्ट देने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी के द्वारा स्वयं समीक्षा की जा रही है जिसके लिए सुहानुभूतिपूर्वक कार्य करते हुए लोगों को अधिक से अधिक लोन दे जिससे नए नए उद्यम लगे तथा जनपद का सीडी रेशियों बढ़ सके।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, उपायुक्त उद्योग संदीप कुमार एलडीएम शंकर सामंत एवं अन्य बैंकों के जिला समन्वयक सहित बैंकों के प्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

# सभागार लोकार्पण को मची रार, बीडीओ के हटने के बाद लंभुआ प्रमुख प्रतिनिधि और विधायक आमने सामने

**सुल्तानपुर।** जिले की पूर्व सांसद व केंद्रीय मंत्री मेनका संजय गांधी की सांसद निधि से निर्मित पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार के लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर दो माननीय आमने-सामने हो गए हैं। सोशल मीडिया पर प्रहार किए जाने और अचानक प्रतापपुर कमैचा के खंड विकास अधिकारी के ट्रांसफर के बाद स्थानीय विधायक और ब्लॉक प्रमुख पति व प्रतिनिधि के बीच जुबानी जंग सामने आ गई है। जहां एक तरफ 3 साल तक बी डी ओ के जमे रहने और कार्यकाल के दौरान हुए विकास कार्यों की गुणवत्ता की जांच की शिकायत सूबे के उपमुख्यमंत्री से हुई है, तो प्रमुख प्रतिनिधि भी विधायक से हो रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह खड़े कर उसके जांच की भी मांग कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि 11 फरवरी को सांसद निधि 17.5 लाख से निर्मित सभागार का लोकार्पण ब्लॉक प्रमुख सुषमा जयसवाल द्वारा दिया गया था। लोकार्पण कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ आरए वर्मा और काशी क्षेत्र के महामंत्री सुशील त्रिपाठी भी शामिल रहे थे। लोकार्पण कार्यक्रम में स्थानीय भाजपा विधायक सीताराम वर्मा को आमंत्रित नहीं किया गया था, जिसकी शिकायत दूसरे दिन लंभुआ विधायक और एक अन्य भाजपाई दिग्गज नेता ने डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से मिलकर की और तत्काल बीडीओ के स्थानांतरण की मांग की। डिप्टी सीएम के आदेश पर बीडीओ पीपी कमैचा देव नायक सिंह को रातों-रात हटाकर भदैया में तैनात कर दिया गया। इसकी जानकारी मिलते ही ब्लॉक प्रमुख प्रति व प्रतिनिधि अरुण जायसवाल ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर हलचल मचा दी कि स्थानीय विधायक किसी और के नाम पर सभागार का नाम चाह रहे थे ऐसा न होने पर बीडीओ का स्थानांतरण कर दिया।

**बीडीओ के पूरे कार्यकाल के कार्यों की होगी जांच - विधायक**

सोशल मीडिया पर प्रमुख प्रतिनिधि अरुण जायसवाल के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए स्थानीय विधायक सीताराम वर्मा ने कहा कि आरोप निराधार है मैं किसी भी परिवार के सदस्य के नाम पर सभागार के नामकरण को लेकर दबाव नहीं बनाया था। 11 फरवरी को क्षेत्रीय विधायक होने के बावजूद मुझे वीडियो देवनायक सिंह द्वारा आमंत्रित नहीं किया गया। पिछले 3 साल से प्रतापपुर कमैचा में कार्यरत बीडीओ को काफी समय से शिकायत मिल रही थी। जिसके बाद उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक से मिलकर पूरी जानकारी मैंने दी और पिछले 3 साल में हुए विकास कार्यों की गुणवत्ता की उच्च स्तरीय जांच की मांग भी मैने की है ।भाजपा लंभुआ विधायक सीताराम वर्मा ने आगे कहा कि उन्हें अन्य किसी जनप्रतिनिधि से कोई शिकायत नहीं है, पर विधानसभा में विकास कार्यों में धांधली को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**खुद के विकास कार्य की धांधली पर पर्दा डाल रहे विधायक-अरुण**

सांसद निधि से जारी साढ़े 17 लाख की धनराशि से बने सभागार के लोकार्पण कार्यक्रम के बाद ब्लॉक प्रमुख सुषमा जायसवाल के पति और प्रतिनिधि अरुण जायसवाल ने भी स्थानीय विधायक के खिलाफ आक्रामक रुख अख्तियार कर लिया है।बीडीओ देवनायक के अचानक हटाए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि लगातार क्षेत्र पंचायत बैठक में विधायक को आमंत्रित किया गया, पर वह बैठक में शामिल नहीं हुए। इतना ही नहीं दिसंबर में मेरे ब्लॉक परिसर में विधायक द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया और ब्लॉक प्रमुख को निमंत्रण भी नहीं दिया गया। इतना ही नहीं अगर बीडीओ की कार्यशैली ठीक नहीं थी तो उन्हें विधानसभा के बाहर भेजना था पर भदैया में बीडीओ की तैनाती कर कर उन्होंने खुद ही अपने आप बचाव कर दिया। प्रमुख प्रतिनिधि ने आगे कहा कि विधायक निधि से हो रहे विकास कार्य की गुणवत्ता की जांच हो जाए तो हकीकत से पर्दा उठ जाएगा।